सूर्योदय 7:03 सूर्यास्त 5:20

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 6 न्यू | 17 अधि |
| धर्मशाला | 10 न्यू | 19 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 85,106 |
| निफ्टी | 25,986 |
| सोना | 1,29,260 |
| चांदी | 1,75,600 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | वीरवार, 4 दिसंबर 2025 | 19 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 337, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### ट्रैकिंग पर गए कर्नाटक के पर्यटक की मौत

**अनंत ज्ञान, मैक्लोडगंज।** ट्रैकिंग स्थल त्रियूंड में ट्रैक पर गए कर्नाटक के युवक की मौत हो गई। युवक की पहाड़ी से नीचे गिरने के कारण मौत होने की बात कही जा रही है। मृतक की पहचान आयुष कुमार जैन पुत्र दिलीप कुमार जैन निवासी फोर्ट मेयर तेलगू चर्च, कर्नाटक के रूप में हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आयुष अपने 3-4 अन्य दोस्तों के साथ दो दिसंबर को त्रियूंड गया था। बताया जा रहा है कि वह त्रियूंड से आगे की पहाड़ी पर ट्रैक को निकल गया था। इस दौरान वह पहाड़ी से नीचे गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस थाना प्रभारी मैक्लोडगंज दीपक कुमार ने बताया कि शव को धर्मशाला अस्पताल में पहुंचाया गया है।

### पुतिन आज से भारत के दो दिवसीय दौरे पर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के न्योते पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 4 और 5 दिसंबर को भारत का दौरा करेंगे। दो दिवसीय यात्रा के दौरान पुतिन 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे। इस साल पुतिन की यह उनकी पहली भारत यात्रा होगी। मौका बड़ा है तो तैयारी भी बड़ी होगी। पुतिन दुनिया की सबसे शक्ति शाली हस्तियों में से एक हैं। वह रूसी खुफिया एजेंट केजीबी के एजेंट रहे हैं। ऐसे में अपनी सुरक्षा को लेकर बेहद सतर्क रहते हैं। (अनंत ज्ञान)

### सीएम हेमंत सोरेन को हाईकोर्ट से बड़ी राहत

**एजेंसी, रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। ईडी के समन की अवहेलना से जुड़े मामले में हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री को सशरीर उपस्थिति से छूट दे दी है। न्यायाधीश जस्टिस अनिल चौधरी की कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई करते हुए मेरिट के आधार पर याचिका निष्पादित कर दी। बता दें कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ट्रायल कोर्ट में सुनवाई के दिन सशरीर उपस्थित नहीं रहना होगा। हेमंत सोरेन की तरफ से वरीय अधिवक्ता । अरूणव चौधरी और अधिवक्ता । दीपांकर राय ने पक्ष रखा। (अनंत ज्ञान)

### दीया न जलाने पर तमिलनाडु सरकार को कोर्ट की फटकार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै बेंच ने तमिलनाडु सरकार को जान-बूझकर बात न मानने के लिए फटकार लगाई है। ऐसा इसलिए क्योंकि 1 दिसंबर को जारी साफ निर्देश के बावजूद मदुरै के थिरुप्परनकुंद्रम में पुराने दीपाथून पिलर पर कार्तिगई दीपम (पवित्र दीया) नहीं जलाया गया था। कन्टेम्प्ट पिटीशन रामा रविकुमार ने फाइल की थी, जिन्होंने कोर्ट को बताया कि मंदिर एडमिनिस्ट्रेशन ने दीपाथून पर दीया जलाने के लिए कोई भी इंतजाम नहीं किया था। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- तीन साल के कार्यकाल को लेकर भाजपा जोरावर स्टेडियम में आज करेगी प्रदर्शन-पेज 2
- मुख्यमंत्री ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की क्षेत्रीय प्रयोगशाला की लोकार्पित -पेज 5
- खज्जियार में एचआरटीसी बसों की अनियमितता से ग्रामीणों में रोष -पेज 7
- सहकारी सभाओं ने साझा की सफलता की कहानियां -पेज 10
- जिला सोलन में 124 प्राइवेट स्कूल के मापदंड कसौटी पर -पेज 12

# रेरा पर हंगामा, विपक्ष का वॉकआउट

## अथॉरिटी के मुखिया की नियुक्ति में हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को हटाने के बिल का किया विरोध

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** भारतीय जनता पार्टी विधायक दल ने सुक्खू सरकार द्वारा लाए गए विधेयक भू-संपदा (विनियमन और विकास) हिमाचल प्रदेश संशोधन विधेयक 2025 पर मुख्यमंत्री के जवाब से असंतुष्ट होकर सदन से वॉक आउट किया।

मीडिया से बात करते हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार न तो संविधान को मानती है और न ही सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों को महत्व देती है, इसलिए सरकार आज यह ऐसा कानून लेकर आई है जो रेरा चीफ की नियुक्ति में हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की भूमिका को समाप्त कर दे। सरकार को न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पर भी भरोसा नहीं है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। इस पर सवाल किया गया तो मुख्यमंत्री ने हर बार की तरह विपक्ष पर न पढ़कर आने की टिप्पणी की। वह स्वयं कितना पढ़ते हैं और कितने ज्ञानी हैं, वह पूरा देश देख चुका है। हिमाचल प्रदेश 3 साल से उनके पढ़ने-लिखने का खामियाजा भुगत रहा है।



रेरा चीफ की नियुक्ति में हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को हटाने के बिल के विरोध में विधानसभा से वॉक आउट करते विपक्ष के नेता।

जयराम ठाकुर ने कहा कि 2021 में माननीय सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि संवैधानिक पदों की नियुक्ति में न्यायपालिका के अधिकारों को कम करने के प्रयास किए जाएंगे तो वह किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होंगे। दूसरा यह केंद्रीय कानून है जो राज्यपाल महोदय के माध्यम से राष्ट्रपति तक जाएगा, लेकिन केंद्रीय कानून को इस तरीके से बदलने का अधिकार राज्य सरकार के पास नहीं है। इसके बाद भी सरकारी है बिल लाकर संविधान की धज्जियां उड़ा रही है और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवहेलना कर रही है।

### रेरा के बारे में फैसला सुप्रीम कोर्ट से नहीं बल्कि ट्रिब्यूनल में आया : सीएम सुक्खू



**मुख्यमंत्री** सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि विपक्ष के नेता नैतिकता का पाठ पढ़ाते है। उन्होंने कहा कि उनके सलाहकार को रेरा चेयरमैन बनाया गया था। सीएम ने कहा कि भाजपा के समय में भी एनडीपीएस व अन्य एक्ट में भी संशोधन लाया गया है। रेरा के बारे में सुप्रीम कोर्ट की ओर से फैसला नहीं आया है, मात्र ट्रिब्यूनल में आया है।

उन्होंने कहा कि सुधारात्मक कार्य किया जा रहा है। शेड्यूल छठे में दिए गए अधिकारों के तहत संशोधन किया जा रहा है। नगर नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि पहले से मुख्य सचिव ही रेरा के अध्यक्ष बनते रहे हैं। उन्होंने कहा कि अन्य कमीशन में भी राज्य सरकार की नियुक्ति की ओर से ही की जाती है। नेता विपक्ष जयराम ठाकुर ने भी संशोधन को लेकर कड़े सवाल उठाया है कि किस आधार पर यह कदम उठाया जा रहा है, जिसमें हाईकोर्ट व केंद्र की ओर से ही इसमें अधिकार है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि वह पिछले 28 वर्ष से इस सदन में हैं, जबकि मुख्यमंत्री की ओर से कहा जा रहा है कि पढ़कर नहीं आते, आपने कानून की पढ़ाई नहीं कि ऐसी बातें करना पूरी तरह अशोभनीय है। उन्होंने कहा कि एबीवीपी के कार्यकर्ता अपनी मांग को लेकर आए थे, जिसमें लाठीचार्ज करते हुए 10 कार्यकर्ता घायल हो गए हैं।

### दो साल पूरे करने वाले कर्मचारी होंगे पक्के प्रमोशन जैसी परीक्षा होगी : मुख्यमंत्री

**धर्मशाला** के तपोवन विधानसभा में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि दो साल की सेवा पूरी करने वाले कर्मचारियों को नियमित किया जाएगा और किसी को बाहर नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नियमितीकरण से पहले केवल पदोन्नति के समान एक परीक्षा ली जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाई कोर्ट द्वारा अनुबंध प्रणाली को बंद किए जाने के बाद सरकार ने 'कॉन्ट्रैक्ट' शब्द के स्थान पर 'जॉब ट्रेनी' शब्द अपनाया है, जबकि प्रणाली वही रहेगी। उन्होंने यह भी बताया कि हमीरपुर चयन बोर्ड में फैले भ्रष्टाचार के चलते उसे भंग कर राज्य चयन आयोग बनाया गया है, जिसके तहत पुलिस विभाग की आगामी भर्ती होगी। इस मुद्दे पर सदन में विपक्ष ने प्रश्नों के जवाब न मिलने को लेकर आपत्ति जताई। विधायक सुधीर शर्मा और रणधीर शर्मा ने जॉब ट्रेनी नीति और दोबारा परीक्षा को लेकर सवाल उठाए।

### अवैध कब्जाधारियों के हकों की लड़ी जाएगी लड़ाई

**अवैध** कब्जों के मुद्दे पर हिमाचल विधानसभा में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकार लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए 1.60 लाख अवैध कब्जाधारियों की लड़ाई लड़ेगी और उन्हें उजड़ने नहीं दिया जाएगा।

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने बताया कि 2002-03 में भाजपा सरकार के समय एफिडेविट के आधार पर अवैध कब्जों को नियमित करने के लिए आवेदन मांगे गए थे, जिसमें 1.25 लाख से अधिक आवेदन आए। बाद में वन भूमि से जुड़े मामलों पर भाजपा सरकार ने संशोधन का प्रयास किया, जबकि एफआरए के तहत राज्य सरकार के अधिकार सीमित हैं। मामला अब सुप्रीम कोर्ट में है और राज्य सरकार भी याचिका दायर करेगी।

नेता विपक्ष जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार ने हाई कोर्ट में मामले को प्रभावी ढंग से नहीं रखा, जिसके कारण लोगों के घर हटाए जाने का खतरा बढ़ा। उन्होंने पूछा कि जनता के हित में सरकार बड़े वकील क्यों नहीं नियुक्त कर रही। विधायक सुखराम चौधरी ने कहा कि घर और अन्य श्रेणी के कब्जों का अलग रिकॉर्ड होना जरूरी है।

# शीतकालीन सत्र : दो दिनों के गतिरोध के बाद तीसरे दिन बिना हंगामे के चली संसद



**एजेंसी, नई दिल्ली**

शीतकालीन सत्र के पहले दो दिनों का भारी हंगामा तीसरे दिन आते-आते ठहर गया। मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) पर विपक्ष के जोरदार विरोध और लगातार बाधित कार्यवाही के बाद बुधवार को लोकसभा और राज्यसभा ने ऐसी तस्वीर पेश की, जिसकी उम्मीद थी।

वंदे मातरम और चुनाव सुधारों पर अगले सप्ताह व्यापक चर्चा कराने पर सहमति बनने से विपक्ष तेवर नरम पड़ा और सदन पटरी पर आ गया। प्रश्नकाल बिना व्यवधान पूरा हुआ और दिनभर की गतिविधियों ने स्पष्ट संकेत दिया कि राजनीतिक विवादों के बीच भी कार्यवाही को सुचारु रखना संभव है बशर्ते पक्ष और विपक्ष दोनों इसकी जरूरत समझें।

### लोकसभा में सर्वदलीय बैठक का दिखा असर


**लोकसभा** की शुरुआत स्वर्गीय सदस्यों के प्रति श्रद्धांजलि से हुई और उसके बाद सीधे प्रश्नकाल आया। यह वह क्षण था जिसने स्पष्ट कर दिया कि मंगलवार स्पीकर ओम बिरला की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक का असर दिखाई दे रहा है। यहां तक कि सदन के भीतर नियमों की अनदेखी कर तस्वीरें खींचने पर औरंगाबाद के सांसद अभय कुमार को स्पीकर ने तत्काल फटकार लगाई और कहा कि आज तो फोटो खींच लिया है, आइंदा ऐसा हुआ तो कार्रवाई करेंगे। सदन इस दौरान कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी केंद्रित रहा। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने फर्जी खबरों और एआई-जनित डीपफेक पर सख्त कानूनों की जरूरत को रेखांकित किया और नए नियम लाए जाने की बात कही। पंजाब के बाढ़ग्रस्त किसानों के लिए विशेष पैकेज की मांग भी जीरो आवर में जोरदार तरीके से उठी। हालांकि इसके पहले विपक्ष ने सदन के बाहर श्रम संहिताओं और केंद्र-राज्य संबंधों के सवालों पर विरोध प्रदर्शन जारी रखा, किंतु सदन के भीतर रुख संयमित रहा।

### पश्चिम बंगाल के भाजपा सांसदों से मिले पीएम मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र का बुधवार को तीसरा दिन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुबह 11 बजे दोनों सदनों की कार्यवाही से पहले संसद परिसर में पश्चिम बंगाल के भाजपा सांसदों से मुलाकात की। उन्होंने सांसदों से कहा कि राज्य के मौजूदा हालात को लेकर जनता से बातचीत की जरूरत है। पीएम ने कहा कि जमीनी स्तर पर जो कुछ हो रहा है, उसका कड़ा विरोध करना चाहिए। 2026 विधानसभा चुनाव को लेकर, प्रधानमंत्री ने सांसदों से डिटेल में प्रेजेंटेशन तैयार करने, पॉलिटिकल प्लानिंग और लोगों को संगठित करने के लिए ग्राउंड वर्क पर काम पूरा करने का निर्देश दिए।

# हाईकोर्ट ने संजौली मस्जिद की 3 मंजिलें हटाने के दिए आदेश

**अनं ज्ञान, शिमला**





हिमाचल हाईकोर्ट ने संजौली मस्जिद मामले में वक्फ बोर्ड की याचिका पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने मस्जिद के ऊपर की तीन मंजिलें हटाने का आदेश दोहराए। जस्टिस अजय मोहन गोयल ने कहा कि वक्फ बोर्ड और मस्जिद कमेटी ने स्वयं इन मंजिलों को हटाने का वादा किया था, इसलिए इन्हें हटाना अनिवार्य है।

यदि ऐसा नहीं किया गया तो नगर निगम इन्हें गिराने के लिए स्वतंत्र होगा। वक्फ बोर्ड ने कोर्ट को बताया कि तीन में से दो मंजिलें हटा दी गई हैं और आखिरी मंजिल भी हटाई जाएगी। वहीं, मस्जिद की निचली दो मंजिलों को लेकर हाईकोर्ट ने 5 अक्तूबर 2024 के आदेश के अनुसार यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

बता दें कि वक्फ बोर्ड ने बीते सप्ताह हाईकोर्ट में शिमला निगम कमिश्नर के आदेशों के खिलाफ रिट याचिका दायर की थी। बीते शुक्रवार को यह याचिका वापस लेकर दोबारा फाइल करने की अनुमति मांगी। बुधवार को दोबारा वक्फ बोर्ड की सीएमपीएमओ याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने 9 मार्च 2026 को होने वाली अगली सुनवाई तक निगम कमिश्नर के 5 अक्तूबर 2024 के ऑर्डर की अनुपालना करने के आदेश दिए।

# लातेहार में जेजेएमपी के दो उग्रवादी गिरफ्तार

**एजेंसी, लातेहार**



लातेहार एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना पर पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाकर झारखंड उग्रवादी संगठन जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के दो उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार उग्रवादियों में दो लाख का इनामी एरिया कमांडर सुनील उरांव लातेहार थाना क्षेत्र के नवागढ़ का रहने वाला है, जबकि एरिया कमांडर मुकेश लोहरा मनिका का रहने वाला है। दोनों की गिरफ्तारी लातेहार के नवागढ़ से हुई। बुधवार को प्रेस वार्ता करते हुए लातेहार एसपी कुमार गौरव ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि जेजेएमपी के उग्रवादी सदर थाना क्षेत्र के नवागढ़ गांव के पास देखे गए हैं। सूचना के बाद लातेहार डीएसपी अरविंद कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम गठित की गई और उग्रवादियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की गई। (अनंत ज्ञान)

# पीड़िता बोली-विधायक हंसराज को भाजपा-कांग्रेस सरकार दोनों बचा रहे

**अनंत ज्ञान, चंबा**

हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले की एक नाबालिग के कथित यौन शोषण से जुड़े मामले ने फिर तूल पकड़ लिया है। चुराह से भाजपा विधायक हंसराज के खिलाफ दर्ज पॉक्सो मामले की पीड़िता एक बार फिर सोशल मीडिया पर लाइव आई है।

पीड़िता ने भाजपा और कांग्रेस सरकार पर भी विधायक हंसराज के साथ खड़े होने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने सोशल मीडिया पर भावुक होकर अपनी बात रखी। पॉक्सो के इस मामले में हंसराज को चंबा कोर्ट से पहले ही जमानत मिल चुकी है। पीड़िता ने 9 मिनट, 52 सेकेंड का वीडियो जारी कर कई सवाल खड़े किए हैं।

### गवाह को डराने और सबूत नष्ट करने की आशंका

चंबा कोर्ट ने विधायक हंसराज को जमानत दे दी है। इसका मतलब यह है कि अब वह खुलेआम घूम रहा है। उन्होंने (पीड़ित पक्ष) मेहनत करके जो सबूत दिए हैं, गवाहों को डराएगा-धमकाएगा। उन्हें मिटाने की कोशिश करेगा। हमने जो किया, उस चीज का कोई फायदा नहीं है। मैंने सुना है कि हिमाचल सरकार और भाजपा सब विधायक के साथ खड़े है। ऐसे में हम कहा जाएंगे। किसके पास जाएंगे, कोर्ट ने तो अपना डिसीजन दे दिया, ये भी नहीं सोचा कि जिस लड़की के साथ गलत हुआ, उसका क्या होगा?

# देशभर के कई एयरपोर्ट पर चेक इन सिस्टम में गड़बड़

**एजेंसी, नई दिल्ली/बेंगलुरु**

देश के कई एयरपोर्ट में बुधवार सुबह से चेक इन सिस्टम में दिक्कत आ रही है। इससे फ्लाइट ऑपरेशन प्रभावित हुआ है। बेंगलुरु एयरपोर्ट में 42 फ्लाइट को कैंसिल करना पड़ा। वहीं, हैदराबाद में एयरपोर्ट पर भारी भीड़ जमा हो गई। दिल्ली में चेक इन प्रोसेस को मैन्युअल कर दिया गया है। वाराणसी एयरपोर्ट पर यात्रियों को बताया गया कि माइक्रोसॉफ्ट विंडोज ने दुनियाभर में

### बेंगलुरु में 42 फ्लाइट कैंसिल

बड़ी सर्विस आउटेज की रिपोर्ट दी है। इससे एयरपोर्ट पर आईटी सर्विस पर असर पड़ा है। हालांकि, माइक्रोसॉफ्ट ने इस खबर को झूठ बताया है। कंपनी ने कहा कि विंडोज पर कोई टेक्निकल समस्या नहीं आई। माइक्रोसॉफ्ट का विंडोज सिस्टम एयरपोर्ट और इन फ्लाइट सर्विसेस के लिए इस्तेमाल किया जाता है। (अनंत ज्ञान)

# कर्नाटक हाईकोर्ट ने प्रज्वल रेवन्ना की जमानत याचिका की खारिज

**एजेंसी, नई दिल्ली।** जनता दल (एस) से निष्कासित और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना को कर्नाटक हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट ने महिला मजदूर से दुष्कर्म के मामले में निचली अदालत द्वारा दी गई उम्रकैद की सजा को रद्द करने से इनकार कर दिया। जस्टिस केएस मुद्गल और जस्टिस वेंकटेश नाइक की बेंच ने कहा कि प्रज्वल के खिलाफ दर्ज तीन एफआईआर और आरोपों की गंभीरता को देखते हुए सजा पर रोक या अंतरिम जमानत देना उचित नहीं है। कोर्ट ने टिप्पणी की कि दोषसिद्धि के बाद आरोपी के पक्ष में बेगुनाही का अनुमान लागू नहीं होता। (अनंत ज्ञान)



# दिल्ली यूनिवर्सिटी के 2 कॉलेजों को मिली बम की धमकी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



दिल्ली यूनिवर्सिटी के दो कॉलेजों को बुधवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी ईमेल की जरिए भेजी गई। इसके तुरंत बाद कई एजेंसियां सुरक्षा जांच के लिए मौके पर पहुंचीं। हालांकि, दिल्ली पुलिस का कहना है कि अभी तक जांच में कुछ संदिग्ध नहीं मिला है।

एक अधिकारी ने बताया कि उत्तरी दिल्ली में स्थित रामजस कॉलेज और दक्षिण दिल्ली में स्थित देशबंधु कॉलेज को ई-मेल के जरिए यह धमकी दी गई। उत्तरी जिले के डीसीपी राजा बंथिया ने बताया कि रामजस कॉलेज की प्रिंसिपल ने अधिकारियों को जानकारी दी कि रात 1:59 बजे धमकी भरा ई-मेल मिला। इसके बाद दिल्ली पुलिस और बम निरोधक दस्ता कैंपस पहुंचे और जांच शुरू की। डीसीपी ने कहा कि पुलिस ने पूरे क्षेत्र की घेराबंदी करके कैंपस के सभी भवनों और खुले स्थानों की जांच शुरू की। उन्होंने बताया कि अब तक कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है।

बता दें कि यह पहली बार नहीं है, जब कॉलेज को बम की धमकी मिली हो। इससे पहले भी दिल्ली में एयरपोर्ट, स्कूल और कई संस्थानों को इस तरह की धमकियां मिल चुकी हैं। हालांकि, हर बार ये धमकियां फर्जी निकली हैं। (अनंत ज्ञान)

# छत्तीसगढ़ में 12 नक्सली ढेर, तीन जवान शहीद

**एजेंसी, बीजापुर**



छत्तीसगढ़ में दंतेवाड़ा-बीजापुर बॉर्डर पर जवानों ने 12 नक्सलियों को मार गिराया है। सभी के शव बरामद कर लिए गए हैं। मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ सकती है। इस एनकाउंटर में डीआरजी के 3 जवान शहीद और 2 घायल हो गए हैं। बस्तर रेंज के आईजी सुंदरराज पी. ने पुष्टि की है।

आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि एनकाउंटर में बीजापुर डीआरजी के जवान हेड कांस्टेबल मोनू वडारी, रमेश सोड़ी और कांस्टेबल दुकारू गोंडे शहीद हो गए। गंगालूर थाना इलाके के जंगलों में जवानों की टीम लगातार सर्चिंग कर रही है। एसपी जितेंद्र यादव ने बताया कि डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा और सीआरपीएफ की जॉइंट टीम बुधवार सुबह 9 बजे से बीजापुर-दंतेवाड़ा बॉर्डर के वेस्ट बस्तर डिवीजन इलाके में सर्च ऑपरेशन पर थी। जंगल में सर्च ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों ने अचानक फायरिंग शुरू की। जवाबी कार्रवाई में नक्सली मारे गए। (अनंत ज्ञान)

## सियासत

# नई कार्यकारिणी से पहले पदों की जद्दोजहद बढ़ी

# कांग्रेस में 'एक व्यक्ति, एक पद' को लेकर उहापोह तेज

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नए अध्यक्ष विनय कुमार के लिए कार्यकारिणी का गठन सबसे मुश्किल चुनौती बनकर खड़ा है। पंचायत और शहरी निकाय चुनाव करीब हैं, ऐसे में संगठन के भीतर पद पाने की दौड़ पहले से अधिक तेज हो गई है। कई नेता चाहते हैं कि उन्हें संगठन में स्थान मिले, जबकि कुछ नेता पहले ही सरकारी पदों पर बैठे हैं। ऐसे में खींचतान और अंदरूनी रस्साकशी उभरकर सामने आ रही है, जो प्रदेशाध्यक्ष के लिए पहली बड़ी परीक्षा मानी जा रही है।

जानकारी के अनुसार नई कार्यकारिणी में 'एक व्यक्ति, एक पद' सिद्धांत लागू होगा या नहीं, इसे

### अध्यक्ष विनय कुमार के सामने सबसे बड़ी परीक्षा



लेकर गहरा संशय बना हुआ है। बीते दिनों कांग्रेस सेवादल प्रमुख अनुराग शर्मा को निगम में तैनाती मिलने के बाद यह चर्चा और गहरी हो गई है कि इस बार भी यह सिद्धांत शायद लागू न हो। सेवादल और युवा कांग्रेस में ऐसे कई नेता हैं जो संगठन और सरकार दोनों जगह अपनी पकड़ बनाए हुए हैं। अब सबकी निगाह इस बात पर है कि क्या ये नेता नैतिक आधार पर किसी एक पद से त्यागपत्र देंगे या फिर विनय कुमार की ओर से शुरू की गई इस पहल को नजरअंदाज किया जाएगा।

विनय कुमार के सामने दूसरी बड़ी चुनौती क्षेत्रीय और जातीय संतुलन साधने की है। उन्हें ऐसी टीम तैयार करनी है जिसमें सभी क्षेत्रों और वर्गों की बराबर भागीदारी दिखे। संगठन के भीतर कई धड़े सक्रिय हैं जो अपने-अपने नेताओं को कार्यकारिणी में स्थान दिलाने की कोशिश में जुटे हैं। विनय कुमार की पहचान एक संतुलित नेता की रही है, लेकिन यह संतुलन इस बार कितना टिकता है, यह देखने वाली बात होगी।

### आगामी निकाय चुनावों के दृष्टिगत मजबूत संगठन बनाने की जरूरत

**प्रदेश** कांग्रेस में छह दर्जन से ज्यादा ब्लॉक अध्यक्षों का चयन होना है और कुछ नए ब्लॉक बनाए जाने की भी योजना तैयार है। ऐसे में विनय कुमार के सामने चुनौती सिर्फ पदों का वितरण नहीं, बल्कि आगामी निकाय चुनावों के लिए संगठन को सशक्त रूप में खड़ा करना भी है। यदि वे सभी धड़ों को साथ रखकर एक प्रभावी और समन्वित टीम बना पाते हैं, तभी कांग्रेस संगठन आगामी चुनावी जंग में मजबूत स्थिति के साथ उतर सकेगा।

# केंद्र ने संचार साथी ऐप प्री-इंस्टॉल आदेश लिया वापस

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने मोबाइल फोनों में संचार साथी ऐप को अनिवार्य रूप से प्री-इंस्टॉल करने का अपना आदेश वापस ले लिया है। दूरसंचार विभाग ने बताया कि ऐप की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए यह अनिवार्यता हटा दी गई है। विभाग के अनुसार बुधवार दोपहर तक ऐप के 1.40 करोड़ डाउनलोड दर्ज किए जा चुके थे और दो दिनों में स्वेच्छा से डाउनलोड की संख्या में 10 गुना वृद्धि हुई है।

लोकसभा में केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने स्पष्ट किया कि संचार साथी ऐप से किसी भी तरह की जासूसी संभव नहीं है और न ही भविष्य में इसकी गुंजाइश है। उन्होंने कहा कि जनता से मिले फीडबैक के आधार पर मंत्रालय ने आदेश में बदलाव किया है।

### विपक्ष ने कहा था इससे हो सकती है जासूसी

यह विवाद 28 नवंबर को शुरू हुआ था, जब दूरसंचार विभाग ने मोबाइल निर्माताओं को सभी नए फोनों में ऐप प्री-इंस्टॉल करने और मौजूदा फोनों में अपडेट के जरिए इंस्टॉल सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था। विपक्ष ने इस कदम को नागरिकों की गोपनीयता पर हमला बताते हुए सरकार पर "जासूसी" की मंशा का आरोप लगाया।

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने कहा कि यह कदम लोगों की निजता का सीधा उल्लंघन है और सरकार नागरिकों पर निगरानी बढ़ाना चाहती है। उन्होंने कहा कि साइबर धोखाधड़ी रोकने के लिए व्यवस्था मजबूत होनी चाहिए। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### राष्ट्रीय जंबूरी में चमके स्काउट्स एंड गाइड्स

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** जिला हमीरपुर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंबोह के स्काउट्स और गाइड्स ने 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का मान बढ़ाया। उत्तर प्रदेश के लखनऊ में 23 से 29 नवंबर 2025 तक आयोजित जंबूरी से लौटा दल आज विद्यालय पहुंचा, जहां छात्रों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस जंबूरी का उद्घाटन राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने किया, जबकि समापन समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्यातिथि रहीं और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहे। हमीरपुर से शामिल 20 स्काउट्स और 17 गाइड्स ने पायनियरिंग, रंगोली, सस्टेनेबल डेवलपमेंट ग्लोबल विलेज, नृत्य, परेड, स्किल-ओ-रामा, लोक परिधान फैशन शो और हस्तशिल्प प्रदर्शनी सहित अनेक गतिविधियों में बेहतरीन प्रदर्शन किया। चंबोह स्कूल से संजना ठाकुर, कावेरी, राघव, मुकुंद, मोहित और अंकुश विशेष रूप से शामिल रहे। विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्य डॉ. रण सिंह चौहान ने प्रतिभागियों को सम्मानित किया। जिला संगठन आयुक्त नरेंद्र गुलरिया और विद्यालय स्टाफ ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें विद्यालय को गौरवान्वित करने वाले इन प्रतिभाशाली छात्रों पर गर्व है।

### छात्रों से नशे से दूर रहने की अपील की

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टिहरा में ड्रग एब्यूज कमेटी द्वारा नशा निवारण पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सिविल अस्पताल सुजानपुर टिहरा के डॉ. पंकज मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में छात्रों को नशे से दूर रहने की सलाह देते हुए नशे के प्रकार, कारणों और उससे होने वाले शारीरिक व मानसिक दुष्प्रभावों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि युवा अक्सर कुसंगति के कारण नशे की ओर बढ़ रहे हैं, जिसका दुष्प्रभाव न केवल व्यक्ति पर बल्कि परिवार व समाज पर भी पड़ता है। डॉ. पंकज ने कविता के माध्यम से भी छात्रों को जागरूक किया और महाविद्यालय प्रशासन का धन्यवाद किया। कार्यक्रम के अंत में उप-प्राचार्य डॉ. जितेंद्र कुमार भनवाल ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया और छात्रों से नशे से दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि परिसर में किसी भी प्रकार की नशे से संबंधित गतिविधि दिखाई दे तो छात्र इसकी गोपनीय सूचना प्रशासन को दें। कार्यक्रम में प्रो. राजीव ठाकुर, कार्यक्रम अधिकारी प्रो. शशि शर्मा, प्रो. निर्मला, एनएसएस यूनिट व अन्य छात्र उपस्थित रहे।

### हिमाचल की बैडमिंटन टीम ने किया बेहतरीन प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित 37वीं अंडर-15 और अंडर-17 राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंडर-15 लड़कियों वर्ग में हिमाचल की तास्वी ने शानदार खेल दिखाते हुए देश की टॉप-16 खिलाड़ियों में स्थान बनाया और प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर इतिहास रच दिया। टीम प्रबंधक बलवंत झोटा, कोच राजेंद्र शर्मा और दातुल चौहान ने बताया कि तास्वी का प्रदर्शन पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन रहा। उन्होंने पांडिचेरी की मनीषा को 2-0, छत्तीसगढ़ की सिमिया साहू को 2-1 से हराया, जबकि अगले दौर में उत्तर प्रदेश की कुहू से वॉकओवर मिला, जिससे वह प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं। अब तास्वी का मुकाबला पंजाब की सीडेड खिलाड़ी इनायत से होगा। तास्वी की इस उपलब्धि पर हिमाचल प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय ठाकुर, महासचिव रमेश ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारियों ने बधाई दी और उम्मीद जताई कि खिलाड़ी भविष्य में भी राज्य का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगी।

### भरेड़ी-सुलगवान सड़क एक माह के लिए बंद

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज उपमंडल प्रशासन ने भरेड़ी-भौर-सुलगवान सड़क को मरम्मत कार्य व भौर व वालदू के बीच पुली निर्माण के चलते 6 दिसंबर से 5 जनवरी 2026 तक एक माह के लिए पूर्ण रूप से बंद करने का आदेश जारी किया है। यह निर्णय लोक निर्माण विभाग भोरंज के प्रस्ताव और थाना प्रभारी की रिपोर्ट के आधार पर लिया गया। पीडब्ल्यूडी उपमंडल भोरंज के सहायक अभियंता ने सड़क की दयनीय स्थिति को ध्यान में रखते हुए मार्ग बंद करने की अनुमति मांगी थी। उपमंडल अधिकारी शशि पाल शर्मा ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 के तहत आदेश जारी किए। यातायात को सुलगवान-सरकाघाट वाया बड़ैहर तथा सुलगवान-बरसी-बहादी मार्गों की ओर डायवर्ट किया गया है। पीडब्ल्यूडी को डायवर्जन साइनबोर्ड लगाने और आपातकालीन वाहनों के लिए मार्ग उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए गए हैं। एसएचओ भोरंज को भी आवश्यक पुलिस प्रबंध सुनिश्चित करने कहा गया है। प्रशासन ने कहा कि जरूरत पड़ने पर यह अनुमति किसी भी समय वापस ली जा सकती है।

### शिक्षकों के लंबित मानदेय जारी करे शिक्षा बोर्ड

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय टीजीटी कला संघ ने प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष और सचिव से आग्रह किया है कि मार्च 2025 की बोर्ड परीक्षा का पेपर चेकिंग मानदेय शीघ्र जारी किया जाए। संघ ने बताया कि परीक्षा कार्य समाप्त हुए कई महीने हो चुके हैं, लेकिन अभी तक भुगतान नहीं हुआ है। इसके अलावा मार्च 2024 की बोर्ड ड्यूटी का यात्रा भत्ता और मार्च 2025 की स्पॉट इवैल्यूएशन का भुगतान भी लंबित है, जिससे शिक्षकों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि बोर्ड परिणाम रिकॉर्ड समय में इसलिए जारी हो पाते हैं क्योंकि शिक्षक पूरी तत्परता और निष्ठा के साथ मूल्यांकन करते हैं। ऐसे में उनका मानदेय समय पर भुगतान करना अनिवार्य है। संघ ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला से सभी लंबित भुगतान तुरंत जारी करने की मांग की है, ताकि शिक्षक आगामी परीक्षा कार्य में पूर्ण समर्पण के साथ सहयोग कर सकें।

### कौशल विकास के बारे में मिला मूल्यवान मार्गदर्शन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकास नगर में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के सहयोग से एक व्यापक करियर काउंसलिंग सेमिनार आयोजित किया। इस सत्र का नेतृत्व एलपीयू के असिस्टेंट डायरेक्टर पंकज विज ने किया, साथ में करियर काउंसलिंग हेड अनूप रांगड़ा व हरीश शर्मा भी उपस्थित थे। छात्रों को उभरते करियर अवसरों, उद्योग की अपेक्षाओं और आवश्यक कौशल विकास के बारे में मूल्यवान मार्गदर्शन मिला। इस इंटरैक्टिव सेमिनार ने छात्रों को भविष्य के करियर पथ को स्पष्ट करने व अपने पेशेवर सफर की तैयारी करने में मदद की। इस पहल की सराहना छात्रों व संकाय दोनों ने की, जिससे यह कार्यक्रम स्कूल के निरंतर प्रयासों में एक सफल व ज्ञानवर्धक आयोजन बन गया, जो छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की ओर मार्गदर्शित करता है। विद्यालय प्रबंधन ने एलपीयू टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम ऐसे अपने छात्रों को आधुनिक समय की आवश्यकताओं के अनुरूप मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं, ऐसे आयोजन उन्हें सही दिशा, आत्मविश्वास और करियर चयन में स्पष्टता प्रदान करते हैं।



भारतीय जनता पार्टी आयुष प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. अशोक शर्मा ने प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल से की शिष्टाचार भेंट।

### 11 तक बिजली बिल जमा करवा दें लंबलू के उपभोक्ता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बिजली उपमंडल लंबलू के उपभोक्ताओं को बिजली के बिल जमा करवाने के लिए 11 दिसंबर तक का समय दिया गया है। सहायक अभियंता ज्ञान चंद भटिया ने कहा कि उपमंडल के जिन विद्युत उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने बिलों का भुगतान नहीं किया है, वे इनका भुगतान 11 दिसंबर तक उपमंडल कार्यालय के काउंटर पर या ऑनलाइन माध्यम से कर दें। उन्होंने बताया कि इस तिथि तक बिल जमा न करवाने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन पूर्व सूचना के बगैर ही काट दिए जाएंगे। सहायक अभियंता ने उपमंडल के सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### एसडीएम ने शिक्षण संस्थाओं का किया दौरा

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** एसडीएम बड़सर का कार्यभार संभालने के बाद स्वाति डोगरा ने बाबा बालक नाथ मंदिर ट्रस्ट के अधीन चलाए जा रहे शिक्षण संस्थाओं का दौरा किया। उन्होंने शिक्षण संस्थानों से संबंधित स्टाफ तथा छात्रों के साथ मुलाकात तथा बातचीत की। शिक्षण संस्थाओं के दौरे के बाद उन्होंने बाबा नाथ मंदिर पहुंचकर व्यवस्थाओं पर बारीकी से नजर दौड़ाई है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर न्यास द्वारा क्या-क्या और प्रबंध किए जा सकते हैं इस बारे में संबंधित अधिकारियों के साथ विस्तार पूर्वक विचार विमर्श किया गया। बाबा बालक नाथ डिग्री कॉलेज चकमोह प्रिंसिपल नरेश ठाकुर ने बताया कि एसडीएम द्वारा सभी शिक्षण संस्थाओं का दौरा किया गया है।

# तीन साल के कार्यकाल को लेकर भाजपा जोरावर स्टेडियम में आज करेगी प्रदर्शन

अनिल कुमार, अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** प्रदेश में कांग्रेस सरकार के तीन साल पूरे होने के अवसर पर मंडी में सरकार जश्न मनाने जा रही है, लेकिन भोरंज, चबूतरा और अन्य प्रभावित क्षेत्रों में आपदा से हुए नुकसान अब तक ठीक नहीं हुए हैं। इसी को लेकर हिमाचल प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता और सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने धर्मशाला के जोरावर स्टेडियम में विशाल धरना प्रदर्शन करने का ऐलान किया। राणा ने हमीर होटल में प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि इस रैली में हमीरपुर जिले से 2500 कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे और जनता के सामने प्रदेश सरकार की नाकामियों को उजागर करेंगे।

राणा ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार लगातार यह दावा कर रही है कि खजाना खाली है, जबकि असल में जनता का पैसा मित्रों और चहेतों को दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विभिन्न बोर्डों के अध्यक्ष और उपाध्यक्षों को भारी वेतन दिया जा रहा है, जबकि कर्मचारियों और पेंशनर्स को डीए और अन्य लाभ नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री विपक्षी नेताओं पर राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के चलते मुकदमे दर्ज करवा रहे हैं, लेकिन नशाखोरी और अन्य गंभीर मुद्दों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। राणा ने चबूतरा में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों को राहत राशि नहीं मिलने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार के 'व्यवस्था परिवर्तन' के एजेंडे से कर्मचारी, पेंशनर और आम जनता परेशान हैं। उन्होंने कहा कि राज्य का टैक्स और अन्य संसाधन राज्य हित के बजाय निजी मित्रों और उनके चहेतों पर खर्च हो रहे हैं, जिससे जनता का विश्वास टूट रहा है और विकास केवल दिखावा बनकर रह गया है। उन्होंने प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि फायरिंग और अपराध की घटनाएं बढ़ रही हैं, जो राज्य सरकार द्वारा समर्थित माफिया और अवैध तत्वों को संरक्षण देने का संकेत हैं। राणा ने मुख्यमंत्री पर सनातन धर्म और हिमाचल की संस्कृति के प्रति नकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने का भी आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री अक्सर अन्य राज्यों की यात्रा कर निजी मित्रों के होटल में ठहरते हैं, जबकि राज्य के गेस्ट हाउस में ठहर सकते हैं। राणा ने यह भी कहा कि सरकार झूठ बोलने और अपने विफल शासन को छुपाने में लगी है। उन्होंने आरोप लगाया कि डिजास्टर एक्ट का हवाला देकर पंचायत और नगर निकाय चुनावों को टालने की योजना लोकतंत्र और जनता की आवाज़ का दमन करने के बराबर है। भाजपा का यह धरना प्रदर्शन प्रदेश सरकार की नाकामियों, जनता के साथ अन्याय और लोकतांत्रिक अधिकारों की अवहेलना के खिलाफ चेतावनी स्वरूप आयोजित किया जा रहा है।



हमीर होटल में प्रेस वार्ता को संबोधित करते सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा।

## सीएम के गृह जिले में अव्यवस्था का आलम दियोटसिद्ध सड़क मार्ग की हालत चिंताजनक

एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान



**बड़सर।** मुख्यमंत्री के गृह जिले में सड़कें अपनी बदहाली की कहानी खुद बयां कर रही हैं। दियोटसिद्ध-सलोनी सड़क मार्ग पर चलना लोगों के लिए एक नई चुनौती बन गया है। हालात ऐसे हैं कि यदि इस मार्ग से गुजरना हो, तो मास्क लगाना अनिवार्य हो जाता है, वरना राहगीर धूल व मिट्टी से फैलने वाली किसी गंभीर बीमारी की चपेट में आ सकते हैं।

इस सड़क पर विभागीय जेसीबी मशीन से नालियों और सड़क किनारे बनी करीब एक फुट गहरी खाइयों को मिट्टी डालकर भरा जा रहा है, लेकिन यह काम जिस लापरवाही से किया जा रहा है, उससे विभाग की कार्यशैली व जेसीबी ऑपरेटर की समझ पर सवाल खड़े होते हैं। सोहारी के पास लोक निर्माण विभाग की जेसीबी द्वारा नालियों की सफाई के दौरान मिट्टी, बजरी व पत्थर सड़क के बीचों-बीच फेंक दिए गए, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। इस धूल-मिट्टी ने आम लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालना शुरू कर दिया है। सबसे ज्यादा दिक्कत स्कूटर और मोटरसाइकिल चालकों को पेश आ रही है। भारी वाहनों से पास लेते समय सड़क पर उड़ती धूल के कारण यह पहचानना मुश्किल हो जाता है कि कपड़े नए हैं या पुराने और चेहरा भी धूल से ढक जाता है। सड़क के बीच फैली रेत-बजरी दोपहिया चालकों के लिए गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है। यदि कोई वाहन चालक स्किड होकर घायल हो जाए, तो इसकी जिम्मेदारी आखिर किसकी होगी? यह मार्ग उत्तरी भारत के प्रसिद्ध सिद्धपीठ बाबा बालक नाथ दियोटसिद्ध मंदिर का मुख्य मार्ग है, जहां रविवार के दिन सैकड़ों वाहन गुजरते हैं। ऐसे में सड़क पर फैली रेत-मिट्टी विभाग की लापरवाही को उजागर करती है और लोगों की सुरक्षा से खिलवाड़ है। एसडीओ पीडब्ल्यूडी प्यार सिंह धीमान का कहना है कि जेसीबी से नालियों व खाइयों को भरा जा रहा है। यदि मिट्टी या पत्थर सड़क पर गिर गए हैं तो विभागीय मजदूरों को भेजकर मार्ग को जल्द साफ करवाया जाएगा।

## बोर्ड प्रबंधन के रवैये पर जताई चिंता

**अनंत ज्ञान, नादौन।** बिजली बोर्ड पेंशनर्स फोरम इकाई नादौन की बैठक इकाई अध्यक्ष राज कुमार चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में बोर्ड प्रबंधन द्वारा पेंशनर्स के साथ पक्षपातपूर्ण व्यवहार की कड़ी भर्त्सना की गई। 2016 के बाद सेवानिवृत्त पेंशनर्स को बकाया राशि व संशोधित ग्रेच्यूटी का भुगतान आज तक नहीं मिल पाया है। 70-75 वर्ष आयु वर्ग के पेंशनर्स को 30 प्रतिशत बकाया किस्तों में दिया जा रहा है।प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह खरवाड़ा ने कहा कि बोर्ड प्रबंधन की गलत नीतियों से पेंशनर्स को नुकसान हो रहा है और बिजली बिलों के बकाया राशि की वसूली में कोई गंभीर प्रयास नहीं किए जा रहे। उन्होंने चेयरमैन प्रबोध सक्सेना से पेंशनर्स फोरम की प्रतिनिधि बैठक बुलाने की मांग की, ताकि समस्याओं का समाधान बातचीत के माध्यम से किया जा सके।

## व्यवसाय विविधीकरण व समितियों को औपचारिक बैंकिंग से जोड़ने पर रहा जोर

अनंत ज्ञान, नादौन

ग्रामीण सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने और अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 को चिह्नित करने के लिए नादौन में बुधवार को नाबार्ड द्वारा रणनीतिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रशासन, बैंकिंग और कृषि क्षेत्रों के प्रमुख हितधारकों ने भाग लिया और डेयरी सहकारी समितियों की विकासात्मक और वित्तीय आवश्यकताओं पर चर्चा की।

शिविर में पशुपालन विभाग हमीरपुर के उप निदेशक सतीश कपूर ने समितियों से आग्रह किया कि वे केवल दूध संग्रह तक सीमित न रहें, बल्कि मूल्य वर्धित उत्पाद, फीड आपूर्ति और वन-स्टॉप समाधान केंद्र जैसे व्यापार विविधीकरण योजनाओं को अपनाएं। मिल्कफेड जलाड़ी प्लांट की दूध खरीद सहायक सुनीता ने एमएसपी और दूध संग्रह वैन के माध्यम से विभिन्न समितियों से दूध खरीदने की प्रक्रियाओं पर चर्चा की। डीडीएम नाबार्ड हमीरपुर नरेश कुमार ने सहकारी समितियों को औपचारिक सहकारी बैंकिंग में लाने की आवश्यकता पर जोर दिया और डिजिटल लेनदेन के माध्यम से पारदर्शिता व बेहतर वित्तीय प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय खाते खोलने का आग्रह किया। एक प्रमुख पहल के रूप में समितियों को बैंक मित्र बनाने का प्रस्ताव रखा गया, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में माइक्रो-एटीएम और अन्य बैंकिंग सेवाएँ उपलब्ध होंगी। शिविर का समापन समितियों द्वारा सदस्यता विस्तार, संचालन का आधुनिकीकरण और वित्तीय समावेशन में सक्रिय भागीदारी की प्रतिबद्धता के साथ हुआ। शिविर में कांगड़ा जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक, सहकारी समिति विभाग के ब्लॉक निरीक्षक और विभिन्न डेयरी सहकारी समितियों के अध्यक्ष, सचिव और सदस्य उपस्थित रहे।

## हमीरपुर में भी चिट्टे के खिलाफ 16 दिसंबर को मेगा वॉकथॉन की अगुवाई करेंगे मुख्यमंत्री

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

चिट्टे जैसे नशीले पदार्थ के सेवन एवं तस्करी के खिलाफ आम लोगों को जागरूक एवं लामबंद करने के लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू अपने गृह जिले हमीरपुर में भी स्वयं मेगा वॉकथॉन की अगुवाई करेंगे।

शिमला और धर्मशाला में मैगा वॉकथॉन के बाद हमीरपुर में भी इसी तरह का बड़ा आयोजन किया जाएगा। संभवत: 16 दिसंबर को आयोजित की जाने वाले इस मैगा वॉकथॉन के लिए हिमाचल प्रदेश पुलिस ने जिला प्रशासन एवं अन्य विभागों के सहयोग से तैयारियां आरंभ कर दी हैं। इसकी तिथि शीघ्र ही फाइनल कर दी जाएगी। हिमाचल प्रदेश पुलिस के आईजी विमल गुप्ता और उपायुक्त अमरजीत सिंह ने बुधवार को शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा मेमोरियल बॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के मैदान में मेगा वॉकथॉन की तैयारियों की समीक्षा की। विमल गुप्ता ने बताया कि यह आयोजन शिमला और धर्मशाला की तर्ज पर ही किया जाएगा और मुख्यमंत्री स्वयं इसकी अगुवाई करेंगे। इसमें ब'चों, युवाओं और आम नागरिकों सहित हजारों लोग भाग लेकर चिट्टा मुक्त हिमाचल अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने अधिकारियों को ब्वायज स्कूल के मैदान में सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए। आईजी ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जिले भर से आने वाले लोगों को चिट्टा का विरोध करने की शपथ दिलाएंगे और अपना संदेश देंगे। इस मेगा वॉकथॉन में हजारों लोग पैदल स्कूल मैदान से होते हुए गांधी चौक, मुख्य बाजार, अस्पताल चौक और बस स्टैंड से वापस स्कूल मैदान पहुंचेंगे। इस अवसर पर पुलिस के प्रसिद्ध आर्केस्ट्रा 'हारमनी ऑफ पाइन्स' और बैंड का शो भी होगा। विमल गुप्ता ने आयोजन स्थल पर पेयजल, रिफ्रेशमेंट, सफाई व्यवस्था और अन्य आवश्यक प्रबंधों को लेकर जिला के अधिकारियों के साथ व्यापक चर्चा की। मैगा वॉकथॉन के रूट पर यातायात और सफाई व्यवस्था को लेकर भी उन्होंने दिशा-निर्देश जारी किए। इस अवसर पर एसपी बलवीर सिंह, एडीसी अभिषेक गर्ग, एएसपी राजेश कुमार, एसडीएम संजीत सिंह, नगर निगम के आयुक्त राकेश शर्मा, अतिरिक्त आयुक्त रामप्रसाद शर्मा, उपायुक्त के सहायक आयुक्त चिराग शर्मा, उ'चतर शिक्षा उपनिदेशक डॉ. मोही राम चैहान, एचआरटीसी के डीएम राजकुमार पाठक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।





एनजीओ भवन में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस का जिला स्तरीय समारोह।

## सरकारी योजनाओं व सुविधाओं का लाभ उठाएं दिव्यांगजन : अभिषेक गर्ग

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस का जिला स्तरीय समारोह बुधवार को यहां एनजीओ भवन में आयोजित किया गया, जिसमें एडीसी अभिषेक गर्ग ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

इस अवसर पर सभी दिव्यांगजनों को बधाई देते हुए अभिषेक गर्ग ने कहा कि यह दिन हमें दिव्यांगजनों के प्रति समानता, सम्मान और संवेदनशीलता का संदेश देता है। यह दिन हमें दिव्यांगजनों की क्षमताओं, अधिकारों और उनकी संभावनाओं को पहचानने तथा इन्हें सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन प्रतिदिन अनेक चुनौतियों से जूझने के बावजूद साहस, आत्मविश्वास और मेहनत के साथ आगे बढ़ रहे हैं। इस जज्बे के लिए वे बधाई के पात्र हैं। ये हमारे समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने कहा कि जब समाज समावेशी होता है तो प्रत्येक व्यक्ति अपनी क्षमता के अनुसार आगे बढ़ता है। इसलिए, दिव्यांगजनों को समावेशी और सुलभ माहौल तथा उनकी क्षमताओं के प्रदर्शन के पर्याप्त अवसर प्रदान किए जाने चाहिए। एडीसी ने कहा कि दिव्यांगजनों के अधिकारों की रक्षा तथा उनके कल्याण एवं उत्थान के लिए सरकार ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के माध्यम से विभिन्न योजनाएं चलाई हैं और कई विशेष प्रावधान किए हैं।

## डिपो धारकों के वेतन संबंधी मुद्दे को उठाने के लिए विधायक का समिति ने किया धन्यवाद

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

शीतकालीन विधानसभा सत्र में झंडूता के विधायक जीत राम कटवाल द्वारा प्रदेश के निजी डिपो धारकों और सहकारी सभाओं के विक्रेताओं के मासिक वेतन मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाने पर प्रदेश डिपो संचालक समिति ने उनका आभार व्यक्त किया है।

समिति के अध्यक्ष अशोक कवि ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि कांग्रेस पार्टी ने विधानसभा चुनावों से पूर्व डिपो धारकों और सहकारी सभाओं के विक्रेताओं को 20 हजार रुपये मासिक वेतन देने और वन टाइम लाइसेंस व्यवस्था लागू करने का वादा किया था, जिसे अपने चुनावी घोषणा पत्र में भी शामिल किया गया था। लेकिन सरकार के तीन वर्ष बीत जाने के बावजूद यह वादा अभी तक पूरा नहीं हुआ है। अशोक कवि ने कहा कि निजी डिपो धारक और सहकारी सभाएं निगम के गोदामों से स्वयं पैसे लगाकर राशन लाते हैं और इसकी अग्रिम अदायगी भी उन्हीं को करनी पड़ती है। दुकानों का किराया, लाइसेंस नवीनीकरण पर 800 रुपये वार्षिक खर्च, बिजली बिल, स्टेशनरी, माप-तौल विभाग के शुल्क एवं खाद-बीज लाइसेंस नवीनीकरण का खर्च भी डिपो धारकों को अपनी जेब से वहन करना पड़ता है। विभाग द्वारा स्थापित मशीनों को चलाने के लिए इंटरनेट पर प्रति माह 470 रुपये भी खर्च करने पड़ते हैं। इसके बावजूद एपीएल और एपीएलटी राशन पर मात्र 4 प्रतिशत कमीशन मिलता है। उन्होंने बताया कि एनएफएसए कार्डों पर पहले 143 रुपये प्रति क्विंटल कमीशन मिलता था, लेकिन केंद्र सरकार के नए मानदंडों से लगभग 85 प्रतिशत उपभोक्ता इस श्रेणी से बाहर हो गए हैं, जिससे कमीशन में भारी कमी आएगी। ऐसे हालात में डिपो संचालकों के लिए डिपो चलाना भी मुश्किल होता जा रहा है। अशोक कवि ने कहा कि चुनावों से पूर्व समिति ने कांग्रेस को खुला समर्थन दिया था, परंतु वादे पूरे न होने से डिपो संचालक स्वयं को ठगा महसूस कर रहे हैं। उन्होंने सरकार से जल्द से जल्द किए गए वायदे पूरा करने की मांग की है।

## आज होगा भाजपा का विशाल धरना : सोमदत्त

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी सोमदत्त ने कहा प्रदेश भाजपा नेतृत्व के आह्वान पर 4 दिसंबर को धर्मशाला में कांग्रेस सरकार के कुशासन, भ्रष्टाचार और अव्यवस्था के खिलाफ विशाल धरना आयोजित किया जा रहा है। प्रदेश में कांग्रेस सरकार आने के बाद कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। मंडी में तेजाब हमला, हमीरपुर में बढ़ते आपराधिक मामले और अवैध खनन जैसे मामलों ने स्पष्ट कर दिया है कि प्रदेश में माफिया राज हावी है, और कई मामलों में कांग्रेस नेताओं से जुड़े नाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। नई भर्तियाँ लगभग बंद हैं तथा आउटसोर्स के माध्यम से पिछली दरवाजे से भर्ती कर बेरोजगार युवाओं का शोषण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की नीतियाँ पूरी तरह विफल सिद्ध हो रही हैं। सोम दत्त ने बताया कि सरकारी संस्थानों में अव्यवस्था, बिगड़ती व्यवस्था और विकास कार्यों की धीमी गति इस बात का प्रमाण है कि कांग्रेस सरकार हर मोर्चे पर नाकाम रही है। भाजपा इस धरने को सफल बनाने के लिए बूथ स्तर तक व्यापक तैयारियां कर रही है और बड़सर सहित पूरे क्षेत्र से भारी संख्या में कार्यकर्ता धर्मशाला पहुंचेंगे।

## जाहू बाजार में ट्रक व कार की भिड़ंत, लगा जाम

**अनंत ज्ञान, जाहू।** जाहू बजार में ट्रक और कार की भिड़ंत होने से कुछ समय के लिए जाम लग गया। ट्रक और कार दोनें एक ही दिशा में जा रहे थे। परन्तु दोनों वाहनों की भिड़ंत में किसी को भी कोई चोट नहीं पहुंची है। जाहू बजार में कार के द्वारा पास लेने के उपरांत ट्रक व कार की भिड़ंत हो गई। जाहू पुलिस के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और दोनें वाहनो को मौके पर हटाने से यातायात बहाल किया गया। काफी समय तक दोनों वाहन चालकों के द्वारा आपस में समझौता करने की बात चलती रही, लेकिन बाद में दोनें पक्षों में आपस में बात न बनने पर मामला पुलिस में पहुंच गया। जाहू पुलिस चौकी प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि दोनें वाहन चालकों का पक्ष सुना जा रहा है और मामले की जांच की जा रही है।

## विद्यार्थियों ने दिखाई उत्कृष्ट खेल प्रतिभा



**अनंत ज्ञान, धनेटा।** राजकीय महाविद्यालय धनेटा में वार्षिक एथलेटिक मीट का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहायक आचार्य प्रो. मदन सिंह और विशेष अतिथि सेवानिवृत्त प्रो. राजेंद्र कुमार शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में अनुशासन, मेहनत और समर्पण से सफलता प्राप्त की जा सकती है। मीट में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़, गोला फेंक, ऊंची कूद और लंबी कूद जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। लड़कियों में वंशिका, पलक, महक और निधि ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जबकि लड़कों में अभिषेक, आर्यन, गौरव और इंद्रजीत ने विभिन्न स्पर्धाओं में शीर्ष स्थान हासिल किया। विजेताओं को पुरस्कार और मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर डॉ. रजनीश कुमार, डॉ. अजय, डॉ. प्रीतम चंद, डॉ. अंजना, प्रो. राकेश कुमार तथा महाविद्यालय के कार्यालय और पुस्तकालय स्टाफ विशेष रूप से उपस्थित रहे। यह आयोजन विद्यार्थियों में खेल भावना और प्रतिस्पर्धात्मक उत्साह बढ़ाने में सफल रहा।

## स्काउट-गाइड का विद्यालय में हुआ भव्य सम्मान

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** स्वर्ण जयंती राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी के विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर की 19वीं जम्बूरी में सक्रिय भागीदारी निभाकर विद्यालय, जिला और प्रदेश का नाम रोशन किया। जम्बूरी में आदित्य, संतोष, अनिरुद्ध, चेतना, रिद्धिमा और प्रिया ने साहसिक गतिविधियों, ट्रेकिंग, रोप क्लाइम्बिंग, आपदा प्रबंधन और स्किल-ओ-रामा जैसी प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उद्घाटन और समापन समारोह में राज्यपाल और राष्ट्रपति ने प्रतिभागियों की प्रशंसा की। विद्यालय में उनका स्वागत समारोह आयोजित किया गया, जिसमें प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने विद्यार्थियों और मार्गदर्शकों कुसुम लता व राजेश कुमार को बधाई दी। इस अनुभव ने छात्रों में आत्मविश्वास, नेतृत्व, अनुशासन, सहयोग और सेवा भावना को बढ़ावा दिया। 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी से लौटकर विद्यार्थी विद्यालय के गौरव और प्रेरणा स्रोत बने।

# दुकानों की सबलेटिंग पर कसा शिकंजा

अनंत ज्ञान, सुजानपुर

नगर परिषद द्वारा सब लैटिंग के मुद्दे पर दुकानों के निरीक्षण की कार्रवाई दूसरे दिन बुधवार को भी जारी रही। इस अवसर पर नगर परिषद के ईओ रमन शर्मा भी मौजूद रहे। इससे पहले मंगलवार को राजस्व विभाग, नगर परिषद और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने शहर की 132 दुकानों में से कई दुकानों की औचक जांच कर रिकॉर्ड खंगालना शुरू कर दिया था।

इस कार्रवाई से सब्जेक्ट के धंधे में शामिल लोगों की नींद उड़ गई है।जो नगर परिषद की दुकानों को अंदरखाते दूसरों को देकर मोटी रकम कमा रहे । बुधवार को कार्रवाई के दौरान टीम ने आगामी दुकानों का रिकॉर्ड जांचा। टीम ने दुकानों पर जाकर सबलेटिंग से जुड़े संदेहास्पद मामलों की तुरंत जांच करना शुरू कर दिया। उधर नगर परिषद अधिकारियों द्वारा सभी दुकानों में जाकर उनसे लंबित किराए को तुरंत भरने की बात भी कही। कई दुकानदारों द्वारा लंबे समय से नगर परिषद द्वारा तय किए गए की राय को नहीं भरा जा रहा है, जिससे यह रकम एक करोड़ के करीब पहुंच गई है। नगर परिषद ईओ रमन शर्मा ने बताया कि बुधवार को विभिन्न दुकानों की जांच की गई। दुकानदारों को लंबित किराए को देने को भी कहा गया है।



नगर परिषद की दुकानों को सबलेटिंग मामले में गठित संयुक्त टीम कार्रवाई के दौरान।

### टीम 45 दिनों में सौंपेगी रिपोर्ट

**नगर** परिषद के कनिष्ठ अभियंता तिलक राज ने बताया कि कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि विभिन्न पहलुओं की जांच कर सबलेटिंग से जुड़े सभी सबूत जुटाए जा रहे हैं। पौने दो महीने के भीतर संपूर्ण रिपोर्ट उपमंडल अधिकारी (नागरिक) के कार्यालय में प्रस्तुत कर दी जाएगी।

### शहर में चर्चा, कितने होंगे बेनकाब?

**शहर** में इस कार्रवाई को लेकर व्यापक चर्चा है। लोगों का कहना है कि वर्षों से चल रहे सबलेटिंग के इस अवैध धंधे में अब कई चेहरे बेनकाब होंगे। कई दुकानदार पिछले लंबे समय से नगर परिषद की दुकानों को आगे किराए पर देकर मोटा पैसा कमा रहे हैं, जबकि नियमों के अनुसार यह पूर्णतः प्रतिबंधित है। स्थानीय लोगों के अनुसार जब सुजानपुर नगर पंचायत हुआ करता था, उस समय भी सबलेटिंग के एक मामले में एक दुकानदार को दुकान से हाथ धोना पड़ा था। कार्रवाई में नगर परिषद के कनिष्ठ अभियंता तिलकराज, अतिरिक्त थाना प्रभारी दिलदार सिंह, राजस्व विभाग के कानूनगो अविनाश शर्मा, सफाई निरीक्षक आर्यन मिन्हास और निरीक्षक कुलदीप ठाकुर शामिल रहे।

## कश्मीर बने धर्मशाला के नए मंडलीय योजना अधिकारी

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** हिमाचल प्रदेश सरकार के नगर एवं ग्राम योजना विभाग ने कश्मीर सिंह को पदोन्नत कर मंडलीय योजना अधिकारी नियुक्त किया है। उन्हें धर्मशाला में नए पद पर तैनात किया गया है। कश्मीर सिंह मूल रूप से हमीरपुर जिले के भोरंज ब्लॉक के गांव हयोड के निवासी हैं। विभाग में वर्ष 2011 में शिमला में जूनियर इंजीनियर के रूप में सेवाएं शुरू करने वाले कश्मीर सिंह ने पिछले 14 वर्षों में विभिन्न जिलों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं। वे वर्ष 2013 में बिलासपुर, 2017 में हमीरपुर और 2023 में पुन: शिमला में नियुक्त रहे। अपनी मेहनत, ईमानदारी और तकनीकी दक्षता के कारण उन्होंने विभाग में विशेष पहचान बनाई है। कश्मीर सिंह की पदोन्नति पर उनके परिवार, मित्रों तथा गृहक्षेत्र भोरंज सहित पूरे हमीरपुर जिला में हर्ष व्यक्त किया जा रहा है। वे ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन योगदाता भोरंज के सक्रिय सदस्य भी हैं और सामाजिक गतिविधियों में निरंतर भागीदारी करते रहे हैं।

## सत्ती ने उठाया बायोमीट्रिक हाजिरी का प्रश्न

**प्रश्नकाल** में ऊना के विधायक सत्तपाल सिंह सत्ती ने बायोमिट्रिक हाजिरी पर सवाल उठाया है। जिस पर जवाब आया कि सूचना एकत्रित की जा रही है, इस पर सतपाल सत्ती ने कहा कि बार-बार सूचना एकत्रित किये जाने की बात कही जा रही है।

## ठियोग में धारा 118 की 17 स्वीकृतियां: नेगी



**राजस्व** मंत्री जगत सिंह नेगी ने सदन में बताया कि ठियोग में धारा-118 में 17 स्वीकृतियां प्रदान की गई हैं। उन्होंने कहा कि 118 में अनुमति देने पर टीसीपी लागू रहता है, जबकि पंचायत में भी शक्तियां प्रदान की गई है, जोकि उचित कार्रवाई भी कर सकते हैं। कुछ अन्य नियम भी धारा-118 में जोड़े जाएंगे। ठियोग के विधायक कुलदीप राठौड़ ने सदन में सवाल पूछा है। जिसमें उन्होंने होटल निर्माण, स्थानीय युवाओं को रोजगार देने, सीएसआर फंड, प्राकृतिक संसाधनों को नुकसान हो रहा है, जबकि लगातार लड़ाई झगड़े भी हो रहे हैं।

## पांच साल के लिए बन रहा हिम बस कार्ड

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने कहा कि हिम बस कार्ड पूरी तरह से निःशुल्क से बन रहा है, सिर्फ कार्ड की कीमत ली जा रही है। कार्ड पांच साल के लिए बनाया जा रहा, इसमें तीन हजार दिव्यांगों ने बना लिया है। केबिनेट मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि निशुल्क यात्रा के तहत 28 वर्ग निर्धारित है, जिसमें कई बार दुरपयोग हो रहा है। इसे देखते हुए हिम बस कार्ड को चलाने की व्यवस्था की गई। इसमें हिम परिवार में रेडीयो फ्रेक्वेंसी को भी जोड़ा जा रहा है। अब कार्ड व फ़ोटो भी एक व्यक्ति के होने पर उसे पूरी तरह से सुचारू रूप से चलाया जाएगा। योजना को एक जनवरी 2026 से लागू होगा। अब तक राज्य में 17 हजार बन चुके हैं।

## राज्य में 950 लोगों को मिले वन अधिकार

**राजस्व** मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि वन अधिकार अधिनियम-2006 एफआरए के तहत नजायज कब्जों को नियमित किए जाने का प्रावधान नहीं है। इसमें मात्र पुशतैनी घरों को वन भूमि जोकि 2005 से पहले से जीवन निर्वाह कर रहा है, तो उसे आवेदन देना है। जिसमें दो बुजुर्ग गवाही देंगे, मौके का राजस्व अधिकारियों का दौरा किया जाएगा। इसके आधार पर वन अधिकार समितियों को 18 साल के ऊपर लोग शामिल होने पर सहमति मिलने पर प्रदान की जाएगी। इसमें जनजातीय क्षेत्र में 800 व अन्य क्षेत्रों में 150 के करीब अधिकार जारी किए गए हैं। भूमिहीन आवासहीन का सदन में झड्डूता के विधायक जीत राम कटवाल ने सवाल उठाया है। वन अधिकार अधिनियम-2006 के तहत वर्कशॉप व अभियान चलाए जा रहे हैं, जबकि इसमें भूमि ही अब तक अलॉट ही नहीं हुए।

## मलेंद्र ने उठाया आउटसोर्स कर्मियों का मुद्दा

**तपोवन** में चल रहे विधानसभा के शीत सत्र के छठे दिन बुधवार को शून्यकाल के दौरान विधायकों ने अपने अपने क्षेत्रों सहित अन्य मुद्दों को सदन में उठाया। इस दौरान इंदौरा के विधायक मलेंद्र राजन ने बिजली बोर्ड में आउटसोर्स कर्मियों के बारे में बात रखी। उन्होंने कहा कि तकनीकी कर्मचारियों का कार्य जोखिमपूर्ण है, ऐसे में कई बार दुर्घटनाएं गंभीर सामने आ रही हैं। उन्होंने कर्मियों के दुर्घटनाग्रस्त होने व मृत्यु होने पर मुआवजा राशि कितनी प्रदान की जाती है। इसके लिए उचित पॉलिसी बनाए जाएं। विस अध्यक्ष ने उचित कार्यवाही की बात कही।

## 232 डॉक्टरों को जल्द मिलेगी नियुक्ति: शांडिल

**स्वास्थ्य** मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल ने कहा कि 232 डॉक्टरों को जल्द ही नियुक्ति दी जाएगी। चौपाल के विधायक बलबीर सिंह वर्मा ने कहा कि नीरव में मात्र तीन ही डॉक्टर सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। साथ ही अल्ट्रासाउंड की भी सुविधा नहीं मिल पा रही है, सिविल अस्पताल में पद पूरी तरह से खाली चल रहे हैं।

## रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम पर नहीं हुई कार्रवाई: लखनपाल

**बड़सर** के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के लिए रूसा के तहत एक करोड़ रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए जारी हुआ था। 11 वर्षों के बाद भी इसमें कोई उचित कार्रवाई नहीं की गई है। विधानसभा की ओर से उचित कार्रवाई के लिए लिखा जाएगा।

## लटकाया जा रहा पंचायत घर का काम: रणधीर



**नयनादेवी** के विधायक रणधीर शर्मा ने सदन में कहा कि उनके क्षेत्र में सोलदा में आठ अक्तूबर 2024 को 35 लाख पंचायत घर बनाने को राशि मिली थी, लेकिन अबतक काम नहीं हो पाया है। दूसरे विषय में रणधीर शर्मा ने मुख्यमंत्री खेल प्रोत्साहन योजना के तहत 15 लाख की राशि 24 फरवरी 2025 को स्वीकृति दी गई थी, जबकि कार्य अब भी लधर में लटका हुआ है। इसमें लोगों ने डीसी से भी बात उठाई थी। इसमें संबंधित मंत्री यादवेंद्र गोमा ने बताया कि विधायक के अधिकार के तहत 15 लाख जारी किया जाता है। उक्त कार्य को जल्द से जल्द उचित कार्रवाई कर कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

## स्कूल भवन में चल रहा कॉलेज: सुरेंद्र शौरी

बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि डिग्री कॉलेज में निर्माण कार्य लधर मे लटका है। सैंज डिग्री कॉलेज भी स्कूल के भवन में चल रहा है। बंजार अस्पताल में भी बजट की कमी चली हुई है। आर्युवेदिक अस्पताल व आईटीआई भवन भी अधर में लटका हुआ है, जिसे जल्द बजट प्रदान करने की बात कही है। आयुर्वेदिक मंत्री यादवेंद्र गोमा ने कहा कि अस्पताल बजौरा का निर्माण कार्य चल रहा था, जबकि पानी की बजह से नुकसान हुआ था, जिसमें नदी में हिस्सा जाने से उसकी प्रोटक्शन वर्क कार्य चल रहा हैं। अब नदी की तरफ के हिस्से को काटा जाएगा, जिसके लिए 45 लाख का बजट जरूरत है। जल्द ही छह माह में कार्रवाई की जाएगी।

## 6 उपजातियों से गद्दी शब्द जोड़ने का मामला

**शाहपुर** के विधायक केवल सिंह पठानिया ने शून्यकाल में कांगड़ा-चम्बा के गद्दी समुदाय की छह उपजातियों के साथ गद्दी शब्द न जोडने् का विषय उठाया है। इसमें छह उपजातियों में स्तलेमेंट में गद्दी शब्द जुड़ा हुआ था। जिसमें हाली, सीपी, लोहार, वाड़ी, धोगरी व अन्य को राजस्व रिकॉर्ड की त्रुटि को दरूस्त करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जिला कांगड़ा-चंबा की डीसी की ओर से भी जांच रिपोर्ट कर सरकार को भेजी गई है, जिसमें गद्दी शब्द जुड्ना उचित पाया गया है। केवल सिंह पठानिया ने कहा कि इस विषय पर उचित कार्रवाई की जाएगी। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि इसमें राज्य राजस्व मंत्री व विभागों को निर्देश जारी किए जाएंगे।

## राजस्व विभाग में भरे जाएं रिक्त पद

**झंडूता** के विधायक जीत राम कटवाल ने कहा कि राजस्व विभाग के रिक्त पदों की बात रखी। उन्होंने बताया कि झड्डूता में तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य कई पद खाली पड़े हुए हैं, जिन्हें जल्द से जल्द भरा जाए। उन्होंने कहा कि नए तहसीलदार अधिकारी को हटाए जाने को लेकर भी एक आर्डर कोर्ट आ गया था, जिसपर उचित विचार किया जाए।

## जरूरत अनुसार नहीं मिल पा रहा बालन

**लाहौल-स्पीति** की विधायक अनुराधा शर्मा ने कहा कि स्पीति को शीत मरुस्थल कहा जाता है। सर्दियों में तापमान शून्य से भी कई नीचे माइंस तक जाता है। इसके लिए सर्दियों में बालन की बड़ी आवश्यकता रहती है, जबकि इस बार समय पर जरूरत मुताबिक मिल नहीं पाया है। हालांकि आपदा में इसमें देरी हुई है, जबकि ठेकेदार की ओर से भी इसमें देरी की जा रही है। इसमें तीन मई को कुल्लू से बालन न मिलने की बात सामने आई थी। विधायक ने कहा अब तक मात्र 50 फीसदी ही बालन मिल पाया है। स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल ने कहा किन्ही कारणों से देरी हुई है, जल्द ही इसमें उचित कार्यवाही की जाएगी।

## फर्नीचर व मेडिकल उपकरणों का काम हो जल्द

**चंबा** के विधायक नीरज नैय्यर ने मेडिकल कॉलेज के लिए 175 करोड़ जारी किया गया है। जिसका निर्माण कार्य चल रहा है, अब मेडिकल उपकरणों, फर्नीचर व अन्य के लिए भी बजट आया है। जबकि इसमें लगातार देरी हो रही है। मेडिकल कॉलेज में गेट ऊपर की तरफ से भी रखने की बात कही थी। सरोल के ऊपर से रास्ता चाह रहे है, तो जल्द ही इसके लिए बजट उपलब्ध कराया जाए।

## सड़क को पक्का करने की मांग को लेकर पहुंचे लोग

**विधानसभा** परिसर तपोवन में चल रहे शीतकालीन सत्र के दौरान बुधवार को विधानसभा क्षेत्र बड़सर की ग्राम पंचायत घंगोटा के वॉर्ड नंबर-सात के लोग 500 मीटर कच्ची सड़क को पक्का करवाने की फरियाद लिए तपोवन पहुंचे। इस दौरान पूर्व प्रधान आशा रानी व नेकराम ने बताया कि गांव के लोगों ने 15 साल पहले सड़क सुविधा के लिए 500 मीटर सड़क के हिस्से को अपनी जमीन प्रदान की थी, यही नहीं यह जमीन लोक निर्माण विभाग के नाम भी करवा दी गई है, लेकिन आज तक यहां के बाशिंदे पक्की सड़क का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने सीएम से गुहार लगाई है कि उक्त सड़क को पक्का करवाकर राहत प्रदान की जाए।

# सत्ता पक्ष का विपक्ष के खिलाफ प्रदर्शन

## केंद्र ने नहीं लौटाया एनपीएस कर्मियों का पैसा: सुरेश



तपोवन विधानसभा परिसर के बाहर सत्ता पक्ष के विधायक भाजपा के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला**

कांग्रेस विधायकों ने बुधवार को तपोवन विधानसभा परिसर में भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया है। कांग्रेस विधायकों ने भाजपा पर जनता को गुमराह करने के आरोप लगाए। इस दौरान कांग्रेस विधायक सुरेश कुमार ने आरोप लगाया कि भाजपा जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने 1 लाख 36 हजार कर्मियों को ओपीएस दिया और आगे भी ओपीएस लागू रहेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता ओपीएस को लेकर जनता को गुमराह कर रहे हैं और केंद्र सरकार द्वारा एनपीएस कर्मियों का पैसा हिमाचल को नहीं लौटाया जा रहा है। उन्होंने ये भी दावा किया कि हिमाचल सरकार कर्मचारियों को वेतन और पेंशनरों को पेंशन समय पर दे रही है, जबकि भाजपा कर्मचारियों को गुमराह करने का काम कर रही है।

## देश में न्यूनतम समर्थन मूल्य जारी करने वाला पहला राज्य हिमाचल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्राकृतिक खेती के लिए जमीनी स्तर पर काम किया जा रहा है। बजट में भी प्रावधान किया गया है, जिसमें आत्मा प्रोजेक्ट से भी लोग दोबारा जुड़ रहे हैं। देश में पहली बार हिमाचल में प्राकृतिक खेती के लिए एमएसपी निर्धारित किया गया है। हम मक्की की रोटी भी बनाते है और सर्दियों में उसे खाते हैं। मक्की में 30 से 40 किया गया, गेंहू 60, कच्ची हल्दी को 90 रुपये किलो के हिसाब से ले रहे हैं। इसके लिए देश के गृह मंत्री व गुजरात सीएम ने भी सराहना की है। सिक्किम के बाद हिमाचल में सबसे अधिक प्राकृतिक खेती पर काम हो रहा है।

सीएम ने बताया कि मक्की का आटा एक्सपायर डेट के साथ 100 रुपये किलो के हिसाब से बेचा जा रहा है। राजीव गांधी प्राकृतिक खेती के नाम से अभियान को आगे बढ़ाया जा रहा है। ऊना में तैयार हो रहे आलू की प्रोसेसिंग की जाएगी। इस पर जवाब देते हुए कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा कि उत्पादों को डिपो में भी भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि मॉडल टेस्टिंग लैब हमीरपुर में भी बनाई जाएगी। उत्पादों को टेस्ट के लिए सोलन में भेजा जा रहा है, साथ ही अन्य निजी लेबो में भी भेजे, जोकि सभी ठीक निकले हैं। हाल ही में विट के 57 में से छह सेंपल फेल हुए हैं। उन्होंने कहा कि शिमला में आउटलेट खोला गया, जबकि राज्य में भी खोले जाएंगे। सभी डिपो में मक्की का आटा व दलिया बेचने के लिए भेजा गया है। प्राकृतिक खेती को लेकर सदन में विधायक बिक्रम ने सवाल पूछा। इसमें उन्होंने किसानों के शहद, दलिया, बेसन, घी व अन्य की खरीद करने व सेंपल सहित अन्य विषय उठाए।

## धारा 118 को कमजोर करके हिमाचल ऑन सेल के मिशन पर चली है सरकार: जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विधानसभा सत्र के दौरान मीडिया के प्रतिनिधियों से बात करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार ने पहले दिन से ही हिमाचल ऑन सेल की योजना चलाई हुई है। उन्होंने कहा कि विधानसभा में धारा 118 को लेकर जो संशोधन लाया गया है वह हिमाचल प्रदेश के हितों को बेचने की एक साजिश है। उन्होंने आरोप लगाया कि हम पहले दिन से कह रहे हैं सरकार की मित्र मंडली में बहुत सारे ऐसे लोग हैं जो देश भर में घूम-घूम कर धारा 118 में छूट दिलवाने का ठेका लेते फिर रहे हैं। मीडिया के माध्यम से भी ऐसी कई बार बातें सामने आई हैं। अब सरकार ऐसा सिस्टम बनाने में लगी है जो लोगों को हिमाचल में जमीन ने खरीदने का रास्ता निकाल सके। सरकार हर तरीके से हिमाचल प्रदेश के हितों को बेचने पर अमादा है। लेकिन जो लोग पिछली सरकार में 118 को छूने पर हाथ जल जाने और हाथ कट जाने की धमकी दे रहे हैं, वह नेता कहीं नजर नहीं आ रहे हैं। सुखविंद्र सिंह सुक्खू हिमाचल प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री हैं इन्होंने सत्ता में आते ही प्रदेश में सुविधाओं को छीनने और संसाधनों को बेचने में ही रुचि दिखा रहे हैं।

## संगठन की मांगों को लेकर सीएम से करेंगे बात: गोमा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** एकल नारी शक्ति संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को राष्ट्रीय सदस्य राधा रघवाल के नेतृत्व में तपोवन मुख्यमंत्री से अपनी मांगों को लेकर मिलने पहुंचा था। इस दौरान आयुष मंत्री यादविंदर गोमा ने एकल नारी शक्ति संगठन को आश्वासन दिया कि वह स्वयं उनकी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से बात करेंगे और इनका समाधान कराया जाएगा। इससे पहले प्रतिनिधिमंडल में शामिल राष्ट्रीय सदस्य राधा रघवाल के अलावा रजनी, कारजू देवी, शिमलो देवी, इंदु बाला ने बताया कि एकल नारियों की मांगों में परित्यक्त महिलाओं को परिभाषित किया जाए। एकल महिलाओं की पेंशन बढ़ाई जाए। एकल महिलाओं को सभी स्वास्थ्य संस्थानों में निशुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाया जाए। अपनी सामूहिक आजीविका कमाने के लिए एकल महिलाओं को लीज पर जमीन दी जाए। महंगाई को देखते हुए सरकार एकल महिलाओं साल में एक बार निशुल्क सिलेंडर दिया जाए। गरीब एकल महिलाओं को बी.पी.एल सूची में शामिल किया जाए। महिलाओं को न्याय पाने में दिक्कत न इसके लिए भी उचित कदम उठाया जाए।

## बरसात में 47 बार फटे बादल : नेगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विधानसभा के शीतकालीन सत्र के छठे दिन बुधवार को भी नियम-130 पर दूसरे दिन 27 दिंसबर की चर्चा जारी रही। इसका जबाव देते हुए राज्य के राजस्व मंत्री ने कहा कि एक हजार 223 मिलीलीटर वर्षा हुई जोकि 43 प्रतिशत अधिक है। मानसून में 47 बादल फटे, 58 में बाढ़ की स्थिति बनी। भूस्खलन की भी 500 से अधिक घटनाएं हुई। एक हजार 817 घर, आठ हजार 23 घर आंशिक, 518 दुकानें, ढाबा 700, 25 हजार 755 मुर्गियां व अन्य पक्षी नुकसान हुआ। सडक़ों, बिजली व पानी, कृषि, बागबानी, 468 की मृत्यु हुई है, 36 लापता है। 198 की सडक़ दुर्घटना से हुई है, मृत्यु को निर्धारित करने के लिए केंद्र की कर एफआईआर दर्ज हुई होनी चाइए, इसमें एसडीएम की ओर से जांच किए जाने के बाद पब्लिकेशन होने पर राहत प्रदान की जा सकती है।

# एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने बोला हल्ला, लाठीचार्ज

## पुलिस ने रोका, दोनों पक्षों में धक्का-मुक्की, बनी रही तनावपूर्ण स्थिति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कांगड़ा इकाई द्वारा आयोजित विधानसभा घेराव के आह्वान के बीच कार्यकर्ताओं की खासी भीड़ उमड़ी। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने विधानसभा की ओर जाने का प्रयास किया, जिन्हें पुलिस ने रोका, इस दौरान पुलिस व एबीवीपी कार्यकर्ताओं में धक्का-मुक्की भी हुई, जिसमें कुछ घायल हुए हैं। छात्र संगठन ने यहां गेट खोलने को जोर लगाया तो वहीं पुलिस पर भी बल प्रयोग के आरोप जड़े। धूप की तपिश के बीच विद्यार्थी परिषद तथा पुलिस के बीच गेट खोलने सहित दूसरे मुद्दों पर गहमागहमी से तप गया। परिषद के छात्रों ने पुलिस पर बल प्रदर्शन करने के आरोप भी लगाए। कई घंटे चले हाई वाल्टेज प्रदर्शन के दौरान परिषद के कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर मारपीट का भी आरोप लगाया। हिमाचल प्रदेश में विधानसभा के शीतकालीन सत्र के बीच धर्मशाला के जोरावर स्टेडियम में हंगामा होता रहा। जानकारी के अनुसार, एबीवीपी कार्यकर्ता हिमाचल प्रदेश में बेरोजगारी और कानून व्यवस्था समेत 11 मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे और विधानसभा में सीएम से मुलाकात करना चाहते थे। इस दौरान पुलिस गेट के अंदर घुसी और फिर वहां पर लाठियां चलाई। बाद में पुलिस ने गेट को बंद कर दिया। पुलिस जवान छात्रों से पीछे हटने की अपील भी करते नजर आए। विधानसभा तक घेराव की कोशिश पर पुलिस और छात्रों के बीच तीन घंटे तक तनावपूर्ण स्थिति बनी रही । हाल ही में दो दिन पूर्व मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान धर्मशाला में एबीवीपी कार्यकर्ताओं को पुलिस द्वारा नजरबंद किया गया था।



जोरावर स्टेडियम में प्रदर्शन के दौरान पुलिस व एबीवीपी कार्यकर्ताओं में धक्का-मुक्की।

# बिना परमिशन जोरावर मैदान पहुंचे थे एबीवीपी कार्यकर्ता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि एबीवीपी के कार्यकर्ता बिना अनुमति के जोरावर मैदान में पहुंचे थे। साढ़े 12 बजे के बाद पहुंचकर सड़क रास्ता भी बंद कर दिया। कार्यकर्ताओं ने बेरिगेट तोड़क र विधानसभा की तरफ आने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि तीन पुलिस महिला जवानों को भी चोट आई है, जिसमें पुलिस की ओर से कानून व्यवस्था बनाने के प्रयास किए। इसमें 10 की बजाय मात्र चार से पांच लोग हल्के घायल हुए हैं। सीएम ने बताया कि कानून के तहत कार्रवाई की गई है। भाजपा की रैली भी कल है, ऐसे में तीन हजार की जोरावर मैदान में अनुमति दी गई है। उन्होंने कहा कि स्वर्ण आयोग में पुलिस भी जख्मी हुए थे, यहां पर भी लाठीचार्ज नहीं हुआ, दोनों तरफ से धक्का-मुक्की हुई है। परमिशन मार्च पास की मांगी थी, जोकि नहीं दी गई थी। इसके बावजूद जोरावर सिंह मैदान में पहुंच गए।

## परमिशन को डिनाई क्यों किया: जयराम

**इस** पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने परमिशन को अप्लाई किया था, तो उसे डीनाई क्यों किया गया। उन्होंने कहा पूर्व सरकार के समय मे भी अपनी बात रखते थे, यहां तक कि स्वर्ण आयोग के लोग परिसर तक पहुंचे और वहां उनसे बात की। उन्होंने कहा कि राजनीतिक रूप से रैली को बदलने की बात कही जा रही है, तो आंदोलन को उसी तर्ज पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमने परमिशन मांगने पर पैसे जमा करवाये गए, जबकि बाद में चिटठी डालकर पुलिस मैदान में भेजने की बात कही।



# ट्रेड फेयर को लेकर बनेगी पॉलिसी: सीएम

## विक्रमादित्य ने व्यापारियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि मेले सदियों से हिमाचल में चले आ रहे हैं। पहले छोटे स्तर पर कोरबारी आते थे, अब ये कर्मशियल हो गए हैं। उन्होंने कहा कि जब अनुमति प्रदान कर दी गई है, तो उसे दो माह नहीं होने देंगे। सीएम ने कहा कि इस विषय को लेकर विचार-विमर्श कर कार्य किया जाएगा। लिखित आदेश को जांचने के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि नियम-62 की चर्चा का जबाव देते हुए कहा कि ये संवेदनशील विषय है। राज्य एक देवभूमि है, इसमें हर मेले का अपना इतिहास रहा है। विभिन्न मेलों का आयोजन राज्य भर में किया जाता है, जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित व्यापारियों को आगे बढने् का मौका दिया जाता है। जबकि अब राज्य में ट्रेड फेयर लगाने की प्रक्रिया नगर निकायों में आमदनी बढ़ाने को लग रहे हैं।



पीडब्ल्यूडी मंत्री ने कहा कि ऑनलाइन ऐप से भी स्थानीय व्यापारियों को बड़ा नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि सुदरंगर सहित राज्य भर के लिए इसके लिए पॉलिसी बनाई जाएगी। जिसके लिए इसमें व्यपारियों को भी शामिल किया जाएगा। साथ ही बाहरी राज्यों से आने वाले कारोबारियों की भी बात सुनी जाएगी। हालांकि क्षेत्र में हो रहे व्यपारियों के नुक्सान को लेकर भी उचित कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सुंदरनगर में ट्रेड फेयर के लिए तीन लाख 41 हजार के करीब राशि आ चुकी है, लेकिन उचित कदम इस संबंध में उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मामला आगे जा चुका है, जबकि भविष्य में उचित कदम उठाए जाएंगे। सुंदरनगर के विधायक राकेश जंबाल ने कहा कि इस तरह के मेले के लिए भविष्य की योजना सही कदम है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद सुदरंगर की ओर से 20 लाख मैदान में हरी घास लगाई गई है। उन्होंने कहा कि हाउस में पास किए बिना अनुमति दी गई है, ऐसे में उसे रिजेक्ट किया जाना चाइए। उन्होंने मुख्यमंत्री से तुरंत प्रभाव से मेले को रद्द किया जाए। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था की स्थिति भी इससे खराब हो सकती है। उन्होंने कहा कि एक करोड़ से एक माह के लिए जाने वाले मैदान को मात्र तीन लाख 41 हजार में क्यों प्रदान किया जाए।

# उच्च शिक्षण संस्थानों में ओबीसी के छात्रों को मिले 27 प्रतिशत हिस्सेदारी



ओबीसी संघर्ष समिति ने शांति मार्च निकालकर प्रदेश सरकार को चेताया।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला**

प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों में ओबीसी के स्टूडेंटस को 27 फीसदी हिस्सेदारी दी जाए, जो कि प्रदेश में नहीं दी जा रही है। यदि इस वर्ष मांगों को नहीं माना गया तो अगले वर्ष तपोवन में शीतकालीन सत्र दो दिन के लिए नहीं होने दिया जाएगा। इस संदर्भ में ओबीसी संघर्ष समिति ने बुधवार को शांति मार्च निकालकर सरकार को चेताया है। ओबीसी संघर्ष समिति के अध्यक्ष सौरभ कौंडल ने कहा कि यदि इस साल ओबीसी वर्ग की मांगें नहीं मानीं तो अगले साल तपोवन में होने वाले विधानसभा सत्र दो दिन के लिए नहीं होने दिया जाएगा।

फतेहुपर से शुरू हुआ यह शांति मार्च साढ़े 12 बजे जोरावर पहुंचा जहां इन लोगों द्वारा अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की गई।

## पटवारियों के भरे जाएंगे 345 पद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजस्व मंत्री ने कहा कि पटवारियों की पद काफी खाली है, इसमें 345 पद जल्द ही भरे जाएंगे। जिसके लिए राज्य चयन आयोग को भेज दिए गए है, रिक्त पदों को जल्द भरा जाएगा। मंत्री ने कहा कि भूमि सुधार को लेकर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मात्र छह महीने व तीन महीने का समय निशानदेही के लिए रखा गया है। माह के अंतिम दो दिनों में भूमि इंतकाल सहित अन्य कार्यों को निपटाया जा रहा है। उन्होंने बताया सेटेलमेंट में 10 से 15 साल का समय लग रहा है। 2123 पटवारी के मुकाबले मात्र 628 ही पद भरे गए है। इसमें गड़बड़ करने वालो को जल्द हटाने सहित सख्त कार्रवाई की जाएगी। बड़सर के विधायक पटवार सर्कल में खाली पदों को लेकर सवाल उठाया।

**दौरा** 500 स्कूली छात्र-छात्राओं ने विधानसभा में देखा लोकतंत्र का वास्तविक स्वरूप

# पठानिया ने स्टूडेंट्स का समझाई संसदीय प्रणाली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला महनुता, रायपुर, रैत, डाढ़, ज्वालामुखी, बरबाटा, आधुनिक पब्लिक स्कूल धर्मशाला, हिमालयन पब्लिक स्कूल चुवाड़ी और राजकीय उच्च विद्यालय बलूही खास के लगभग 500 छात्र-छात्राओं ने हिमाचल प्रदेश विधानसभा सचिवालय का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से मुलाकात की और सदन की कार्यवाही को देखा।

मुलाकात के दौरान छात्रों ने संसदीय प्रणाली, विधान सभा की कार्यवाही, पीठासीन अधिकारी की भूमिका और सत्र संचालन के तरीकों से संबंधित कई प्रश्न पूछे। विधानसभा अध्यक्ष ने छात्रों को लोकतंत्र की आधारभूत संरचना, विधायक चुनाव की प्रक्रिया, संविधान में कानून निर्माण का प्रावधान और संसद एवं विधान सभा की भूमिका विस्तार से समझाई। उन्होंने कहा कि डॉ. भीम राव अंबेडकर ने विभिन्न देशों के संविधानों का अध्ययन करने के बाद भारतीय संविधान की रचना की, जिसके तहत आज 140 करोड़ भारतीय एकजुटता, सद्भाव और सहयोग से जीवन यापन कर रहे हैं।

पठानिया ने छात्रों से कहा कि वे अब लोकतंत्र के प्रहरी हैं और संसद की कार्यप्रणाली को समझकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि देश में जनता के पास सरकार चुनने और बदलने का अधिकार है। छात्रों को सदन की कार्यवाही देखने का अवसर दिया गया और उन्हें लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक अधिकारों और उत्तरदायित्वों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर उप-मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया और विधायक संजय रत्न भी उपस्थित थे। उन्होंने छात्रों को लोकतंत्र की कार्यप्रणाली और संविधान के महत्व के प्रति जागरूक किया। छात्र-छात्राओं ने सदन की कार्यवाही का अनुभव प्राप्त किया और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी के महत्व को समझा। इस प्रकार का अनुभव युवा वर्ग के लिए लोकतांत्रिक मूल्यों को आत्मसात करने और भविष्य में सक्रिय नागरिक बनने की प्रेरणा देने वाला साबित हुआ।



तपोवन विधानसभा में चल रहे शीतकालीन सत्र के दौरान सदन की कार्यवाही देखने आए स्कूली बच्चों के साथ कुलदीप सिंह पठानिया।

# कांगड़ा में पीएमजीएसवाई के 5 सड़कों के ठेकेदार टर्मिनेट, दोबारा होंगे टेंडर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

फतेहपुर के विधायक भवानी सिंह पठानिया ने नियम-62 के तहत क्षेत्र की पांच से छह सड़कों के निर्माण कार्य की गुणवत्ता और देरी को लेकर सवाल उठाए। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तीसरे चरण के कार्यों में देरी और अनियमितताएं हुई हैं। उन्होंने बताया कि कांगड़ा जिले में 57 सड़कें बनाई जा रही हैं, जिनमें 23 पुरानी तकनीक, सात सीमेंट आधारित और 27 एफडीआर तकनीक के तहत हैं।

मंत्री ने कहा कि चार सड़कों का कार्य पूरा हो चुका है, 15 मार्च तक पूरी हो जाएंगी, जबकि 14 का लगभग 50 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। पांच सड़कों के ठेके चीफ इंजीनियर की सिफारिश पर टर्मिनेट कर दिए गए हैं—चार एफडीआर और एक सीवीटी तकनीक वाली। इन कार्यों के लिए दोबारा टेंडर किए जाएंगे।

विक्रमादित्य सिंह ने स्पष्ट किया कि नई तकनीक के तहत ही निर्माण कार्य किया जाएगा और क्वालिटी से समझौता नहीं होगा। समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए भी कई दिक्कतें दूर की जा रही हैं। ठेकेदारों द्वारा काम लटकाने पर उन्हें ब्लैकलिस्ट किया जाएगा और भविष्य में एक ठेकेदार को अधिकतम दो सड़कें ही दी जाएंगी। विधायक पठानिया ने कहा कि गलत ठेकेदारों के कारण सड़कें लगातार उखड़ रही हैं और बरसात के बाद दुर्घटनाएं बढ़ गई हैं। उन्होंने कड़ी कार्रवाई और जुर्माने की मांग की। इस प्रकार सरकार और स्थानीय प्रतिनिधि दोनों ही सड़क निर्माण की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय हैं। इससे पहले विधायक भवानी सिंह पठानिया ने कहा कि सडक़ों के निर्माण को लेकर गलत कॉन्ट्रेक्टर को लगाया गया है। इसमें ऐसे ठेकेदारों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाने व ब्लैक लिस्ट करने की बात रखी है। उन्होंने कहा कि आठ महीनों से सडक़ें उखड़ती रही है, जबकि कार्य सुचारू नहीं हो पाया है। बरसात के बाद लगातार दुर्घटनाएं हो रही है, कई तरह की परेशानियां स्थानीय लोगों को झेलनी पड़ रही है।

# पंचायतन शैली में भारत का दूसरा एकादश रुद्र मंदिर

**47** सालों से निरंतर चल रहा अन्न यज्ञ और मंत्र जप

**छोटी काशी** में गूंजती है ऊं नमः शिवाय की ध्वनि

**श्रवण** में पूरे माह 24 श्रद्धालु दिन-रात कर रहे जाप

*मंडी मंदिरों का शहर है और इसीलिए इसे छोटी काशी भी कहा जाता है। इसमें एक से बढ़कर एक अद्भुत मंदिर राजाओं ने बनवाए और मंडी की पहचान बन गए हैं। ऐसा ही एक मंदिर है एकादश रुद्र मंदिर। एकादश रुद्र मंदिर वास्तुकला में ओडिशा प्रांत के भुवनेश्वर नगर में स्थित ब्रह्मेश्वर मंदिर के बाद पंचायत शैली का दूसरा मंदिर है, जिसके चारों कोनों में चार मंदिर और 6 देवी-देवता प्रतिष्ठित हैं। मंदिर के गर्भगृह 11 रुद्र व मंदिर के मुख्य द्वार पर परिया व गंधर्व और चारण वीणा बादन तथा स्वागत मुद्रा में स्थापित हैं। मंदिर के द्वार पर काल भैरव और बटुक भैरव कोतवाल की मुद्रा में प्रतिष्ठित हैं। यही विष्णु भगवान के दशावतारों की मूर्तिया हर प्रकोष्ठ में स्थापित है।*



एकादश रुद्र मंदिर में किया गया मनमोहक श्रृंगार का अद्भुत दृश्य।

## क्या है खास बात

**एकादश** रुद्र मंदिर की खास बात यह है कि यहां पिछले कई दशकों में कोई कमेटी काम नहीं कर रही है। यह हर व्यक्ति के लिए कौतूहल का विषय बना हुआ है कि यहा वर्षभर निरंतर धार्मिक आयोजन होते रहते हैं और बिना किसी कमेटी के ही सफल संचालित होते हैं। इस मंदिर और भंडारे की सारी व्यवस्था पुजारी सत सुंदरम द्वारा की जाती है, जिन्होंने कोरोनाकाल में भी प्रशासन की मदद करते हुए कई लोगों को भोजन प्रदान किया था।



"47 वर्ष पहले एकादश रुद्र मंदिर में अन्न यज्ञ का आरंभ किया था, सब कार्य ईश्वर की कृपा से संचालित हो रहा है, मानव केवल निमित मात्र है। मंदिर में भगवती शीतला और भगवती धुआं देवी भी शिवरात्रि महोत्सव के दौरान आतिथ्य ग्रहण कर अपने भक्तों को आशीर्वाद देती हैं।

**सत सुंदरम, पुजारी, एकादश रुद्र मंदिर मंडी**

## 47 सालों से निरंतर चल रहा अन्न यज्ञ और मंत्र जप

**एकादश** रुद्र मंदिर में पिछले 47 वर्षों से श्रवण मास में अन्न यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, जिसके चलते हर वर्ष श्रवण मास में आठों पहर निरंतर के उं नमः शिवाय का जाप चलता रहता है। इस जाप की विशेषता यह है कि अढ़ाई घड़ी पूर्ण होते ही अगला व्यक्ति जप आसन पर विराजमान होकर जाप आरंभ करता है और उसकी अढ़ाई घड़ी पूर्ण होते ही अलग पात्र व्यक्ति जाप के लिए बैठता है। यह प्रक्रिया दिन-रात निरंतर चलती रहती है। अंतरराष्ट्रीय महोत्सव व महाशिवरात्रि आदि पर्वों पर भी यहां निरंतर पंचाक्षर मंत्र का जाप चलता रहता है। छोटी काशी मंडी में यह एक ऐसा मंदिर है, जहां प्रांत के मुख्यमंत्री से लेकर हर न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारी शीश नवाने और पूजा-अर्चना करने आते हैं। इसके साथ ही यहां श्रावण मास में प्रतिदिन भंडारे का आयोजन किया जाता है जहां विद्यार्थियों से लेकर हर वर्ग के लोग प्रसाद ग्रहण करते हैं।

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**

# एकता के सूत्र में बांधते तीज-त्योहार



अश्वनी कौंडल, चौकी खलेट, पालमपुर

**त्योहार** मानव जीवन में ऊर्जा, उत्साह और आत्मीयता का संचार करते हैं। हमारे जीवन में विकल्प और विविधता दोनों ही बहुत अधिक हैं, लेकिन इसी विविधता को सुंदर और सार्थक बनाते हैं तीज-त्योहार। आज का मनुष्य अपनी दिनचर्या और दायित्वों में इतना व्यस्त रहता है कि स्वयं के लिए समय निकाल पाना भी कठिन हो जाता है। ऐसे में त्योहार हमारे जीवन में सुखद बदलाव लाते हैं-मनोरंजन, मेल-मिलाप और खुशी का अवसर प्रदान करते हैं। यह सिर्फ आनंद का माध्यम ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पहचान, सामाजिक एकजुटता और परंपराओं की जीवंतता का प्रतीक भी हैं। त्योहार हमारे इतिहास, सांस्कृतिक धरोहर और आध्यात्मिक विश्वासों से जुड़े होते हैं। ये हमें बीते हुए कल की याद दिलाते हैं, महत्वपूर्ण घटनाओं का स्मरण कराते हैं और जीवन में अच्छाई की विजय का संदेश देते हैं। भारत विविधताओं की भूमि है, और यहां प्रत्येक धर्म, समुदाय एवं क्षेत्र के अपने विशिष्ट त्योहार हैं, जिनका उद्देश्य एक ही होता है-समाज में प्रेम, सद्भाव और भाईचारे को बढ़ावा देना। भारत में अलग-अलग राज्यों में एक ही पर्व विभिन्न नामों और रीतियों के अनुसार मनाया जाता है। जैसे जनवरी माह में मनाया जाने वाला पर्व-उत्तर भारत में मकर संक्रांति और लोहड़ी, तो दक्षिण भारत में पोंगल के रूप में प्रसिद्ध है। इसी प्रकार भारतवर्ष के विभिन्न क्षेत्रों में जुड़-शीतल, पोहेला बैशाख, बोहाग बिहू तथा पुथंडु जैसे नववर्ष पर्व भी बड़े उल्लास से मनाए जाते हैं। हर त्योहार की एक विशिष्ट परंपरा होती है, और उससे जुड़े लोग मिलजुलकर उसे मनाते हैं। त्योहारों के आने से पहले ही घरों में सफाई, सजावट और अन्य तैयारियां शुरू हो जाती हैं। यह सब मिलकर समाज में एकता और साथ रहने की भावना को मजबूत करते हैं। हिमाचल में वर्ष की शुरुआत लोहड़ी से मानी जाती है, जो सर्दियों के अंत और बसंत के आगमन का प्रतीक है। इसके अगले दिन मकर संक्रांति मनाई जाती है, जिसमें खिचड़ी खाने और पवित्र नदियों में स्नान करने की परंपरा है। फाल्गुन माह की चतुर्दशी को महाशिवरात्रि का पर्व अत्यंत धूमधाम से मनाया जाता है। मंडी की शिवरात्रि अपनी अंतरराष्ट्रीय ख्याति रखती है, जिसमें लगभग 200 देवताओं का आगमन होता है। रंगों का पर्व होली भी हिमाचल में विशेष उत्साह के साथ मनाया जाता है। कांगड़ा जिले के पालमपुर और हमीरपुर के सुजानपुर की होली तो दूर-दूर तक प्रसिद्ध है। सितंबर माह में मनाया जाने वाला सायर पर्व हिमाचल के कई जिलों कांगड़ा, हमीरपुर, सोलन, मंडी आदि में खुशी और नई फसल का प्रतीक माना जाता है। बड़े भंगाल और छोटे भंगाल क्षेत्रों में इसे मनाने का अपना अलग ही अंदाज है, जहां खिचड़ी, खीर, अखरोट और मक्की की पहली फसल ईष्ट देवताओं को अर्पित की जाती है।

## धार्मिक और सांस्कृतिक विविधता

**भारत** में हर धर्म के त्योहार समान उत्साह से मनाए जाते हैं। ईद सौहार्द और भाईचारे का संदेश देती है। गुरुनानक जयंती, बैसाखी और दीवाली सिख धर्म के लिए महत्वपूर्ण हैं। क्रिसमस प्रेम, दया और सद्भाव का प्रतीक है। महिलाओं से जुड़े पर्व-हरियाली तीज, करवाचौथ, अहोई अष्टमी–स्त्री-शक्ति, सौभाग्य और प्रेम का प्रतीक माने जाते हैं। भारत में नवरात्रे भी विशेष रूप से मनाए जाते हैं। गुजरात का गरबा नवरात्र की पहचान बन चुका है, जो वहां की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को पूरी दुनिया में परिचित कराता है। छठ पूजा बिहार और झारखंड का सबसे प्रमुख त्योहार है, जो अब पूरे भारत और विदेशों में भी मनाया जाता है। यह सूर्योपासना का महान पर्व है, जिसमें कठिन नियमों और शुद्धता का पालन किया जाता है।

# चमत्कारों का संगम शिरगुल और बिजट महाराज मंदिर



**हिमाचल** प्रदेश देवभूमि के नाम से दुनियाभर में जाना जाता है। यहां के पर्वत, घाटियां, जंगल और नदियां देवी-देवताओं की कथाओं और आस्था से जुड़े हुए हैं। प्रदेश के हर क्षेत्र में देवी-देवताओं का अपना इतिहास, अपनी परंपराएं और विश्वास प्रणालियां हैं। इन्हीं में से एक है जिला सिरमौर का धनला गांव, जो अपनी विलक्षण धार्मिक मान्यताओं और अनूठी परंपराओं के कारण राज्यभर में विशेष पहचान रखता है। सामान्यतः देवी-देवताओं के मंदिर एक-दूसरे से दूरी पर स्थित होते हैं, लेकिन धनला गांव इस परंपरा से बिल्कुल अलग और अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत करता है। यहां शिरगुल महाराज और बिजट महाराज के दो पवित्र और ऐतिहासिक मंदिर एक ही परिसर में साथ-साथ स्थित हैं। हिमाचल प्रदेश में ऐसे दुर्लभ धार्मिक स्थल बहुत कम ही देखने को मिलते हैं, जो इस स्थान को और भी पवित्र और विशिष्ट बनाते हैं। स्थानीय धार्मिक विद्वानों और बुजुर्गों के अनुसार, मान्यता है कि चूड़धार में शिरगुल महाराज का शीश विराजमान है, जबकि उनके चरण धनला गांव के मंदिर में स्थापित हैं। इस अद्भुत मान्यता के कारण यहां आने वाले श्रद्धालु अत्याधिक भक्ति और विश्वास के साथ नमन करते हैं। लोग मानते हैं कि इस मंदिर में पहुंचकर उन्हें शिरगुल महाराज के चरणों का प्रत्यक्ष दर्शन प्राप्त होता है। धनला गांव की प्रसिद्धि केवल शिरगुल महाराज के कारण ही नहीं, बल्कि बिजट महाराज की अनोखी परंपरा के लिए भी है। यहां हर वर्ष बिजट महाराज के मुख्य मंदिर सराहन से सैकड़ों की संख्या में बिजट महाराज के बकरे प्रवास के लिए लाए जाते हैं। ये बकरे कई महीनों तक आसपास के घने जंगलों में चरते हैं और स्थानीय लोग तथा पुजारी उनका पूरा ध्यान रखते हैं। कई महीनों बाद इन्हें फिर से सराहन के मुख्य मंदिर वापस ले जाया जाता है। यह परंपरा राजा-महाराजाओं के समय से चली आ रही है और आज भी उतनी ही श्रद्धा के साथ निभाई जाती है। इस अनूठी रस्म को देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं, क्योंकि यह किसी सामान्य पर्व या आयोजन से कहीं अधिक अध्यात्म और विश्वास से जुड़ी परंपरा है।

**स्वतंत्र लेखकः ठाकुर हेमराज राणा, सिरमौर।**

### नबद का चमत्कार : बिना वाद्य के गूंजती धुन

**धनला** गांव के इस मंदिर से जुड़ा सबसे अद्भुत और रहस्यमय चमत्कार है-नबद का स्वयं बजना। रोज प्रातःकालीन समय में बिना किसी वादक या वाद्य यंत्र के स्वयं नबद (ढोल जैसी ध्वनि) बजने की धुन सुनाई देती है। पुजारियों और श्रद्धालुओं के अनुसार यह ध्वनि वर्षों से सुनाई देती आ रही है और इसे देवता की दिव्य उपस्थिति तथा शक्ति का चिह्न माना जाता है। इस चमत्कार ने मंदिर की लोकप्रियता को और बढ़ा दिया है, और लोग इसे अद्भुत आध्यात्मिक अनुभव मानते हैं।


### प्राकृतिक सौंदर्य और आध्यात्मिक वातावरण

**धनला** गांव प्रकृति की गोद में बसा शांत, हरियाली से आच्छादित और मनोहारी स्थल है। यहां का शांत वातावरण, पर्वतों की श्रृंखला और देवदार के वृक्ष मंदिर की पवित्रता और शांति को और भी गहराई प्रदान करते हैं। श्रद्धालु यहां सिर्फ दर्शन के लिए नहीं, बल्कि मन की शांति और आत्मिक सुकून की तलाश में भी आते हैं।

# काली का टिब्बा : महाकाली की जागृत शक्ति व आत्मिक शांति का पवित्र धाम


**मां आदि शक्ति करती हर भक्त की मनोकामना पूरी**

**भय से मुक्ति व शांति का स्थल**



***हिमालय** की शांत चोटियों, देवदार के घने वनों और पहाड़ों की नीरव लय के बीच शिमला और सोलन की सीमा पर स्थित चैल में काली का टिब्बा एक ऐसा पवित्र स्थल है, जहां पकृति और अध्यात्म एक-दूसरे में घुलकर एक अनूठी अनुभूति उत्पन्न करते हैं। तीसरी पहाड़ी की ऊंची चोटी पर स्थित यह सिद्ध पीठ श्रद्धालुओं को उस दिव्य शक्ति का आभास कराती है, जिसे स्थानीय लोग सदा से अपनी अधिष्ठात्री देवी मानते आए हैं। काली का टिब्बा मां का वह स्थान है, जहां मनुष्य अपने भीतर की विकलता, भय और क्लेश को प्रकृति की गोद में छोड़ आता है और शांति, निश्चय और ऊर्जा के साथ लौटता है। काली का टिब्बा क्षेत्र प्रमुख अधिष्ठात्री देवी महाकाली को समर्पित है। मान्यता है कि यहां देवी जागृत रूप में निवास करती हैं और उनके चरणों में पहुंचकर श्रद्धालु स्वयं को एक अदृश्य सुरक्षा कवच से घिरा हुआ महसूस करते हैं। मंदिर में प्रवेश करते ही हवा में एक गहन आध्यात्मिक स्पंदन महसूस होता है, जो मन को सहज ही शांत कर देता है। मंदिर के वर्तमान पुजारी पवन शर्मा बताते हैं कि यहां आने वाले भक्तों की मनोकामनाएं देवी की कृपा से पूर्ण होती हैं। यह स्थान केवल दर्शन का स्थल नहीं, बल्कि आंतरिक शुद्धि और मन के संतुलन का भी केंद्र है। लगभग चार वर्ष पहले इस मंदिर का व्यापक जीर्णोद्धार किया गया। राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में स्थित होने के कारण कई प्रशासनिक चुनौतियों के बावजूद, पूर्व पुजारी शंभू भारती ने अपने सेवाभाव और संकल्प के बल पर इस पुनरुद्धार को सफलतापूर्वक पूरा किया। उनका उद्देश्य इस सिद्ध पीठ को उसकी संपूर्ण गरिमा और पवित्रता के साथ संरक्षित रखना था, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इस चोटी की दिव्यता का अनुभव कर सकें। काली का टिब्बा जिस पहाड़ी श्रृंखला पर स्थित है, वह स्वयं हिमाचल के इतिहास का एक आकर्षक अध्याय संजोए हुए है। वर्ष 1891 में जब पटियाला के महाराजा भूपिंदर सिंह को अंग्रेजों द्वारा शिमला से निष्कासित किया गया, तब उन्होंने चैल को अपनी नई ग्रीष्मकालीन राजधानी बनाने का निर्णय लिया। यहीं पहाड़ी की एक चोटी पर वैभवशाली चैल पैलेस का निर्माण कराया गया, जो आज भी स्थापत्य कला की दृष्टि से एक अनूठा उदाहरण माना जाता है। महल से फैली राजसी संस्कृति की छाप आज भी इन पहाड़ियों में महसूस की जा सकती है।*

## काली का टिब्बा चोटी से दिखाई देता विहंगम दृश्य



**काली** का टिब्बा जिस तीसरी चोटी पर स्थित है, वहां से सोलन, राजगढ़, कंडाघाट, कसौली और शिमला तक का विस्तृत विहंगम दृश्य दिखाई देता है। सामने दूर तक फैली चूड चांदनी चोटी अपनी भव्यता से इस स्थल को और भी पौराणिक बनाती प्रतीत होती है। इस क्षेत्र के लोग बताते हैं कि इस पर्वतमाला की एक ऊंची चोटी को 'राजमाता की कुटिया' के नाम से जाना जाता है, जो कभी शाही परिवार के निजी अवकाश स्थल का संकेत थी। इतिहास और लोककथाओं का यह अद्भुत मेल काली का टिब्बा को केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक रूप से भी अत्यंत महत्वपूर्ण बनाता है।

## प्रकृति की गोद में स्वर्णिम सूर्यास्त का मौन जादू

**काली** का टिब्बा अपनी अद्वितीय प्राकृतिक सुंदरता के लिए भी प्रसिद्ध है। चोटी से दिखने वाली शिवालिक पर्वतमाला, चूड चांदनी, और दूर-दूर तक फैला हिमालय प्रकृति का एक विशाल चित्रपट रचते हैं। जब सूरज डूबने लगता है, तो आकाश एक स्वर्णिम-गुलाबी आभा से भर उठता है और परिवेश मानो स्वयं देवी काली की आरती के रंगों से सजा हुआ प्रतीत होता है। इस समय मंदिर परिसर में खड़े होकर जो दृश्य सामने खुलता है, वह मन में ऐसी शांति और विस्मय भर देता है, जिसकी स्मृति जीवनभर साथ रहती है।

## पर्वतीय राह की थकान में छिपी आध्यात्मिक ऊर्जा

**काली** का टिब्बा तक पहुंचने का मार्ग भी उतना ही रोमांचकारी है, जितना कि यहां पहुंचने का अनुभव। चैल से गौड़ा रोड होते हुए वाहन द्वारा लगभग आधे घंटे में मंदिर पहुंचा जा सकता है और टैक्सियों की सुविधा भी सरलता से उपलब्ध रहती है। लेकिन प्रकृति-प्रेमियों और उत्साही यात्री अक्सर दो घंटे की पैदल यात्रा को अधिक पसंद करते हैं। यह पगडंडी शांत जंगलों, ठंडी हवाओं और सुरम्य दृश्यों से भरी है, जहां हर मोड़ पर प्रकृति अपनी नई छवि दिखाती है। यह पैदल यात्रा न केवल शरीर को थकाती है, बल्कि मन को निर्मल करती हुई उस आध्यात्मिक ऊर्जा की ओर ले जाती है, जो काली का टिब्बा पहुंचकर प्राप्त करती है।

**विशेष रिपोर्ट : सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

# आस्था का केंद्र नीलकंठ महादेव मंदिर

**हिमाचल प्रदेश अपनी विविध संस्कृति, पुरातन परंपराओं और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए विश्वभर में विख्यात है। यहां स्थित अनगिनत ऐतिहासिक मंदिर इस प्रदेश की आध्यात्मिक समृद्धि के प्रतीक हैं। इन्हीं पवित्र धरोहरों में से एक है जिला मंडी के धर्मपुर उपमंडल के कांढापत्तन में अवस्थित प्राचीन नीलकंठ महादेव मंदिर, जो अपनी अलौकिक दिव्यता, अद्भुत प्राकृतिक छटा और पौराणिक महत्व के कारण श्रद्धालुओं व पर्यटकों का प्रमुख आकर्षण बना हुआ है। नीलकंठ महादेव मंदिर भगवान शिव को समर्पित एक अत्यंत प्राचीन धार्मिक स्थल है। किंवदंतियों के अनुसार, पांडवों ने अपने अज्ञातवास के दौरान इस क्षेत्र में विश्राम किया था। कहा जाता है कि उन्होंने यहां हरिद्वार जैसा पवित्र स्थान बनाने का संकल्प भी लिया था और रातों-रात सोने की अढ़ाई पौड़ियां निर्मित कर दी थीं। किंतु भोर होने से पूर्व ही उन्हें यहां से प्रस्थान करना पड़ा। मान्यता है कि आज भी यह सोने की पौड़ियां विरले एवं परम भक्तों को ही दिखाई देती हैं। नीलकंठ महादेव मंदिर न केवल एक धार्मिक धरोहर है, बल्कि प्रकृति और अध्यात्म का ऐसा अनूठा संगम है जो हर आगंतुक के मन को शांति, सुकून और दिव्यता का अनुभव कराता है। यदि सरकार इस क्षेत्र को और विकसित करे, तो यह निश्चित रूप से हिमाचल प्रदेश का एक प्रमुख धार्मिक-पर्यटन केंद्र बन सकता है।**



## मंदिर की वास्तु और प्राकृतिक सौंदर्य

**शिवालिक** पर्वत श्रृंखला की गोद में स्थित यह मंदिर सचमुच प्रकृति की अनुपम देन प्रतीत होता है। मंदिर परिसर के चारों ओर चीड़, देवदार तथा शीशम के घने पेड़ों का आच्छादन इसकी रमणीयता को कई गुना बढ़ा देता है। मंदिर के भीतर स्थित शिवलिंग शेषनाग से लिपटा हुआ है और उसके ऊपर से गागर से निरंतर टपकती जलधारा अत्यंत दिव्य एवं अलौकिक अनुभूति प्रदान करती है। दीदार के लिए प्रतिवर्ष दूर-दूर से लाखों श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। बरसात के समय जब मंदिर के समीप से बहती ब्यास नदी (जेठी गंगा ब्यास) अपने उफान पर होती है, तो उसका दृश्य मन मोह लेता है। इस बार आई भारी वर्षा में नदी का जल मंदिर तक पहुंच गया, जिसे लोगों ने भोलेनाथ के अभिषेक के रूप में दैवीय संकेत माना।

## कांढापत्तन 'त्रिवेणी' के नाम से भी प्रसिद्ध

**मंदिर** के बिलकुल सामने ब्यास, गंत्रायालू और ब्यास सोन नदियों का अद्भुत संगम है, जिसके कारण कांढापत्तन 'त्रिवेणी' के नाम से भी प्रसिद्ध है। तीनों नदियों के संगम का यह दृश्य बरसात में अत्यंत मनोहारी हो जाता है और इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। दशहरा और शिवरात्रि के अवसर पर यहां विशाल मेलों का आयोजन होता है। नदी में स्नान की परंपरा सदियों पुरानी है, जिसे भक्त धार्मिक आस्था से जोड़कर देखते हैं। इन अवसरों पर पूरा क्षेत्र शिवमय हो उठता है और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। स्थानीय लोग इस पवित्र स्थल को 'मिनी हरिद्वार' भी कहते हैं, क्योंकि कई लोग अस्थि विसर्जन के लिए इसी त्रिवेणी का चयन करते हैं।

## नौकाविहार और झूला पुल

**ब्यास** नदी में नौकायन यहां आने वाले पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र है। पहले लोग लकड़ी की किश्ती से नदी पार करते थे, लेकिन अब आधुनिक और सुरक्षित नौकाएं उपलब्ध हैं। हरिद्वार के लक्ष्मण झूले की तर्ज पर बनाया गया झूला पुल यहां के सौंदर्य को और भी भव्य बनाता है। झूले से बहती नदी और आस-पास की पर्वतमालाओं का दृश्य अतुलनीय सुख प्रदान करता है। यहां मत्स्य आखेट (मछली पकड़ना) भी किया जाता है, जिसके लिए विभागीय अनुमति आवश्यक है। मंदिर के पास स्थित दिव्य फव्वारा भी दर्शनार्थियों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र है। नीलकंठ महादेव मंदिर से थोड़ी दूरी पर स्थित बाबा कमलाह और



आवाही माता जैसे प्रसिद्ध धार्मिक स्थल इस क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक विविधता को और समृद्ध करते हैं। यहां भक्तों और पर्यटकों के लिए सभी सुविधाओं से युक्त धर्मशाला उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त धर्मपुर-सरकाघाट मार्ग पर अनेक होटल भी उचित दरों पर मिल जाते हैं। यहां बस या टैक्सी के माध्यम से धर्मपुर, सरकाघाट, जोगिंद्रनगर और बैजनाथ से आसानी से पहुंचा जा सकता है। मंदिर सड़क मार्ग से सटा हुआ है, जिससे पहुंचना बेहद आसान है।

**- तुलसी राम डोगरा (पालमपुर)**

## न्यूज ब्रीफ

### एनईपी 2020 पर आधारित शोध पुस्तक का विमोचन

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** साई कॉलेज ऑफ एजुकेशन बधानी में 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020: उच्च शिक्षा में एक नया परिवर्तन' पुस्तक का भव्य विमोचन ग्रुप की चेयरमैन इंजीनियर एसके पुंज द्वारा किया गया। पुस्तक के मुख्य संपादक प्रिंसिपल डॉ. नवदीप सवाल और सह-संपादक डॉ. अलका डोगरा ने इसे शोधोन्मुख एवं शैक्षणिक दृष्टि से समृद्ध बनाया है। इसमें देशभर के शिक्षाविदों के लेख शामिल हैं, जो एनईपी 2020 की विशेषताओं, उद्देश्यों, चुनौतियों और उच्च शिक्षा पर इसके प्रभावों का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत करते हैं। कार्यक्रम में तृप्ता पुंज, कंवर तुषार पुंज तथा रिया पुंज सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। प्रबंधन ने इस प्रकाशन को संस्थान की महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि बताया, जो शोध-उन्मुख शिक्षा को बढ़ावा देता है।

### माइम टीम ने एचपीयू युवा महोत्सव में किया कमाल

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय, पालमपुर के छात्रों ने 27 से 30 नवंबर तक राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में आयोजित हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय युवा महोत्सव (समूह-4: थिएटर) में माइम प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। प्रदेश के 25 महाविद्यालयों की भागीदारी वाली इस प्रतियोगिता में पालमपुर की टीम ने प्रभावशाली प्रस्तुति देकर निर्णायकों को प्रभावित किया। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने टीम को बधाई देते हुए इसे विद्यार्थियों की निष्ठा और सृजनात्मकता का परिणाम बताया। सांस्कृतिक समिति की समन्वयक प्रो. कल्पना ऋषि ने टीमवर्क और निरंतर अभ्यास की सराहना की। विजेता टीम में दिशांत, दिव्या, अंशिका, पारस, सनी, आकाश, अभिषेक, मुस्कान, सृष्टि, अमन, अनिका, अदिति और शाम्भवी शामिल रहे। यह टीम अब अंतर-विश्वविद्यालय युवा महोत्सव में एचपीयू का प्रतिनिधित्व करेगी।

### बैजनाथ में फिल्म से विद्यार्थियों को किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पंडित संत राम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में स्नातक छात्रों के लिए गणित विभाग द्वारा प्रेरक फिल्म A Beautiful Mind का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार कौंडल की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अमित कौड़ा और प्रो. अनिल कुमार ने किया। फ़िल्म महान गणितज्ञ जॉन नैश के जीवन, उनकी गणितीय प्रतिभा और मानसिक संघर्ष को दर्शाती है। विद्यार्थियों ने इसे रुचि और उत्साह के साथ देखा। प्राचार्य डॉ. कौंडल ने कहा कि इस प्रकार की फ़िल्में रचनात्मक सोच, तार्किक दृष्टि और सकारात्मकता विकसित करने में मदद करती हैं। डॉ. अमित कौड़ा ने भी विद्यार्थियों को ज्ञानवर्धक पहल के महत्व पर प्रकाश डाला और विभाग की भविष्य की प्रेरक गतिविधियों की घोषणा की।

### रेबीज से सुरक्षा व सावधानियों की दी जानकारी



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म महाविद्यालय, राजपुर, पालमपुर में 'रेबीज़ की रोकथाम एवं नियंत्रण' विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता के रूप में थुरल पशु चिकित्सालय से डॉ. मंजीत कुमार और कंडवाड़ी पशु चिकित्सालय से डॉ. मनीष खरवाल उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को भारत में रेबीज़ नियंत्रण के नवीन दिशानिर्देशों, राष्ट्रीय रेबीज़ नियंत्रण कार्यक्रम और सामुदायिक जागरूकता के महत्व के बारे में जानकारी दी। छात्रों को बताया गया कि काटने या खरोंच की स्थिति में तुरंत घाव धोना, चिकित्सकीय परामर्श लेना और समय पर टीकाकरण कराना आवश्यक है। महाविद्यालय के निदेशक एवं प्रधानाचार्य डॉ. विवेक शर्मा ने इस जागरूकता कार्यक्रम को ज्ञानवर्धक और जनस्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदारी विकसित करने वाला बताया। सहायक प्राध्यापक अरविंद कुमार और अनुराग शर्मा भी उपस्थित रहे।

### नावर क्षेत्र के प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री से की भेंट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जुब्बल-कोटखाई विधानसभा के नावर क्षेत्र के प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से धर्मशाला में भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने हाल के प्रगतिशील निर्णयों के लिए मंत्री का आभार व्यक्त किया, जिससे क्षेत्र शिक्षा हब बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। राजकीय महाविद्यालय टिक्कर में चार वर्षीय एकीकृत बीएड कार्यक्रम, राजकीय महाविद्यालय सावड़ा में पीजी पाठ्यक्रम और एलबीएस महाविद्यालय सरस्वती नगर में बी.पी.एड. कोर्स की स्वीकृति पर उन्होंने प्रसन्नता जताई। नए केंद्रीय विद्यालय और अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी प्रगति नगर में नए बी-टेक और पॉलिटेक्निक कोर्सों के लिए मंत्री को धन्यवाद दिया। मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया।

### विधानसभा में मांगें उठाने पर जताया आभार

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** सेवानिवृत्त पैरामिलिट्री संगठन लंबे समय से सेना की तर्ज पर कल्याण बोर्ड के गठन की मांग प्रदेश सरकार के समक्ष रखता आया है। जिला कांगड़ा अध्यक्ष एवं प्रदेश चीफ पैट्रन एमएल ठाकुर ने विधायक केवल सिंह पठानिया का धन्यवाद व्यक्त किया है, जिन्होंने पैरामिलिट्री परिवार की इस महत्वपूर्ण मांग को विधानसभा में प्रमुखता से उठाया। एमएल ठाकुर ने कहा कि यह मुद्दा पैरामिलिट्री परिवारों के हितों से जुड़ा हुआ है और पठानिया द्वारा इसे प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया जाना बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस प्रयास से संगठन की मांगों के समाधान की दिशा में जल्द सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। पैरामिलिट्री परिवार ने निरंतर समर्थन के लिए पठानिया के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### रेबीज की रोकथाम पर किया जागरूक



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नगरोटा बगवां में रेबीज रोकथाम तथा कुत्तों एवं अन्य पशुओं के प्रति सुरक्षित व्यवहार पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सर्वेश गुप्ता ने छात्रों को पशुओं से अनावश्यक टकराव से बचने और सुरक्षित सह-अस्तित्व के तरीकों की जानकारी दी। यह कार्यक्रम 7 नवंबर को जारी माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की अनुपालना में आयोजित किया गया, जिसमें पशुओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया है। कार्यक्रम में रेबीज ग्रस्त पशुओं के वीडियो दिखाए गए तथा बताया गया कि रेबीज 100 प्रतिशत मृत्युदायी लेकिन टीकाकरण से 100 प्रतिशत रोकी जा सकने वाली बीमारी है। कुत्ते के काटने या खरोंच लगने पर तुरंत साबुन-पानी से 15 मिनट घाव धोना आवश्यक है। डॉ. विशाल पाटिल ने हिमाचल में रेबीज से संबंधित आंकड़े साझा किए और छात्रों के प्रश्नों के उत्तर दिए। स्कूल प्रशासन ने इस पहल को युवाओं के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

### सक्षम बच्चों ने दी आकर्षक प्रस्तुतियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में ठेहड़, धर्मशाला में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस का आयोजन जिला कल्याण अधिकारी के सौजन्य से किया गया। कार्यक्रम में निदेशालय ईसोमसा हिमाचल प्रदेश के उप निदेशक सुरेश कुमार शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने सहयोगी संस्थाओं और सहभागियों का धन्यवाद करते हुए भविष्य में भी जनहितकारी कार्यक्रमों को जारी रखने की अपील की। जिला कल्याण अधिकारी साहिल मांडला ने कहा कि इस दिवस का उद्देश्य दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना, उनकी प्रतिभा को मंच देना और समान अवसर उपलब्ध करवाना है। कार्यक्रम में सक्षम बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना, मंत्रोच्चार, पहाड़ी नाटी और भांगड़ा जैसी प्रस्तुतियों ने माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। तहसील कल्याण अधिकारी दीपाली तोमर ने उपस्थित जनसमूह को विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। सूर्या उदय चैरिटेबल ट्रस्ट की संचालक अनुराधा भी अपने सदस्यों व छात्रों सहित मौजूद रहीं।

# मुख्यमंत्री ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की क्षेत्रीय प्रयोगशाला की लोकार्पित

## नई प्रयोगशाला एनएबीएल मानकों के अनुरूप, प्रदूषण नियंत्रण में बढ़ाएगी तकनीकी क्षमता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को धर्मशाला के निकट दाड़ी में हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के 3.5 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित क्षेत्रीय प्रयोगशाला भवन का लोकार्पण किया। यह प्रयोगशाला 938.44 वर्ग मीटर में फैली हुई है, जिसमें 234.61 वर्ग मीटर में प्रयोगशाला भवन का निर्माण किया गया है। इसके बेसमेंट का उपयोग पार्किंग के लिए किया जाएगा।

इस बहुमंजिला भवन में बिजली, जल आपूर्ति के साथ अन्य आधुनिक सुविधाएं भी उपलब्ध हैं, जिससे इस प्रयोगशाला के संचालन में सहायता मिलेगी। प्रयोगशाला में पानी और अपशिष्ट जल की गुणवत्ता जांच, वायु गुणवत्ता निगरानी व सूक्ष्मजीव परीक्षण के लिए अलग-अलग अनुभाग बनाए गए हैं, जिससे विभिन्न पर्यावरणीय परीक्षण और निगरानी कार्य गुणवत्तापूर्ण सुनिश्चित किए जा सकेंगे। भवन में सैंपल संग्रहण कक्ष, रसायन व कांच सामग्री भंडारण कक्ष, रिकॉर्ड कक्ष, मीटिंग हॉल और कर्मचारियों के लिए समुचित व्यवस्था की गई है, जिससे कार्यों का निष्पादन सुगमतापूर्वक किया जा सकेगा।



प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की क्षेत्रीय प्रयोगशाला का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री सुक्खू।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रयोगशाला के निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए पर्याप्त बजट का प्रदान किया है। इसे एनएबीएल मानकों के अनुरूप बनाया गया है। आधुनिक संरचना, उन्नत विश्लेषण क्षमता और बेहतर सुरक्षा प्रावधानों के साथ यह नया भवन प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की तकनीकी क्षमता, कार्यकुशलता और सेवा स्तर को और अधिक बेहतर करेगा। इस अवसर पर आयुष मंत्री यादवेंद्र गोमा, राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष भवानी सिंह पठानिया, विधायक संजय अवस्थी, हरीश जनारथा एवं सुरेश कुमार, कांग्रेस नेता देवेंद्र जग्गी, एपीएमसी कांगड़ा के अध्यक्ष निशु मोंगरा, नगर निगम धर्मशाला की महापौर नीनू शर्मा, मुख्य सचिव संजय गुप्ता, उपायुक्त हेमराज बैरवा, पुलिस अधीक्षक अशोक रतन, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव प्रवीण गुप्ता और अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

**3.5 करोड़ से निर्मित आधुनिक बहुमंजिला प्रयोगशाला में जांच व निगरानी की सुविधा**

# नेता प्रतिपक्ष को आज आने लगा है बहुत गुस्सा: सीएम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि जयराम ठाकुर वैसे तो शांत स्वभाव के माने जाते हैं, आजकल पूर्व मुख्यमंत्री को विपक्ष में जाने पर बहुत गुस्सा आने लगा है, हालांकि उनके स्वभाव में गुस्सा नहीं है।

राजस्व मंत्री के खिलाफ आज उन्होंने अच्छी टिप्पणी नहीं की, ऐसा अच्छा नहीं लगता है, एक नेता विपक्ष के रूप में, कांग्रेस विधायक दल इसकी निंदा करता है। वाद-विवाद होता है, तर्क-वितर्क होता है, बहस भी होती है, लेकिन इस तरह के शब्दों का नेता विपक्ष को प्रयोग नहीं करना चाहिए, हमने इस तरह के शब्दों का कभी प्रयोग नहीं किया। कई बार सभा पटल पर तंज कस जाते, इसका बुरा नहीं मानना चाहिए, मेरा मानना है कि इस तरह की भाषा का प्रयोग उन्हें नहीं करना चाहिए। मुख्यमंत्री शीत सत्र में छठे दिन की कार्यवाही समाप्त होने उपरांत पत्रकारों से बातचीत में बोल रहे थे। नेता प्रतिपक्ष द्वारा एनपीएस को लेकर दिए गए बयान पर सीएम ने कहा कि एनपीएस कर्मियों का जो शेयर होता है, उसमें सरकार का भी योगदान होता है। एनपीएस के पैसे से हम सरकार के अंशदान को मांग रहे हैं।

**प्रदर्शन को शांतिपूर्वक रखा जाए तो अच्छा**

**एबीवीपी** के प्रदर्शन को लेकर सीएम ने कहा कि एबीवीपी को मार्च की कोई प्रदर्शन की परमिशन नहीं मिली थी, फिर भी उन्होंने तीन घंटे तक रास्ता रोका। जबकि एबीवीपी के कार्यकर्ता वेरीगेट तोड़कर विधानसभा की ओर आ रहे थे तो एक महिला पुलिस कर्मी को चोट लगी, जिस पर उन्हें पीछे धकेला है। पुलिस का दायित्व कानून व्यवस्था बनाने का भी है, यदि कानून व्यवस्था बनाने वालों पर ही आक्रामक हो जाएं तो उसका कौन ध्यान रखेगा। छात्र जीवन में ऐसा होता रहता है, शांतिपूर्वक प्रदर्शन करते, इस तरह का प्रदर्शन करके संघर्ष की बात की, हम भी छात्र राजनीति से निकले हैं, इस तरह के प्रदर्शन को शांतिपूर्वक रखा जाए तो अच्छा रहता है।

## आयुर्वेदिक कॉलेज पपरोला को अपग्रेड करने की सांसद भारद्वाज ने उठाई मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा लोक सभा सांसद डॉक्टर राजीव भारद्वाज ने केंद्र सरकार से राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज पपरोला को अपग्रेड करके नैशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ आयुर्वेद के स्तर पर विकसित करने का अनुरोध किया है। बुधवार को लोक सभा में बोलते हुए उन्होंने केन्द्रीय आयुष मंत्री प्रताप राव जाधव से अनुरोध किया कि इस संस्थान को केन्द्र सरकार के आयुष मंत्रालय की पहाड़ी राज्यों में राष्ट्रीय महत्व के संस्थान खोलने की योजना के अन्तर्गत कवर किया जाए। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने इस सिलसिले मे एक विस्तृत परियोजना पहले ही आयुष मंत्रालय को भेजी है तथा इस परियोजना को स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि इस कॉलेज को केन्द्रीय आयुष मंत्रालय द्वारा विशेष संस्थान का दर्जा प्रदान करके पांच करोड़ रुपए की विशेष निधि प्रदान की गई है और कहा कि इस कॉलेज को नैशनल इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद का दर्जा प्रदान करने से संस्थान में केन्द्रीय सहायता राशि बढ़ेगी जिससे आयुर्वेद में अनुसंधान कार्य बढ़ेंगे और कार्यकुशलता बढ़ेगी। राजीव भारद्वाज ने बताया कि यह कॉलेज प्राकृतिक वनस्पतियों से पूरी तरह समृद्ध है और हर्बल जड़ी बूटियों का खजाना है।

## गद्दी समुदाय के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रत्येक व्यक्ति दे योगदान: मनोज ठाकुर



गद्दी वेलफेयर एसोसिएशन के पपरोला कार्यक्रम के दौरान वूल फेडरेशन अध्यक्ष मनोज कुमार व अन्य।

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** वूल फेडरेशन के अध्यक्ष मनोज कुमार ठाकुर ने कहा है कि गद्दी समुदाय के संरक्षण और संवर्धन के लिए समुदाय के प्रत्येक व्यक्ति को अपना योगदान सुनिश्चित करना चाहिए। वूल फेडरेशन अध्यक्ष उप मंडल बैजनाथ के पपरोला में गद्दी वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि समुदाय के प्रत्येक व्यक्ति को आने वाली पीढ़ी को परंपरागत भेड़ पालन व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करना चाहिए। इसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा लागू की गई योजनाओं का भरपूर लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि भेड़ पलकों की सबसे बड़ी दिक्कत चोरी की घटनाएं होती हैं जिसकी रोकथाम के लिए प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न जिला पुलिस प्रमुखों को विशेष दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। इसी के मद्देनजर हाल ही में भेड़ पालकों की चोरी की घटनाओं को पता लगाया है। गद्दी वेलफेयर एसोसिएशन का मकसद भी यही है कि समुदाय द्वारा सदियों से चली आ रही परंपराओं और परंपरागत भेड़ पालन व्यवसाय को आगे बढ़ाया जा सके।

इस मौके पर वूल संगठन के अध्यक्ष पृथी करोटी ने संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आने के लिए मुख्य अतिथि और अन्य का आभार जताया। गद्दी वेलफेयर एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी बली कपूर, निदेशक पशुपालन विभाग डॉ मुंशी कपूर, सुरेश ठाकुर, दिनेश कपूर गोकुल ठाकुर राजकुमार उपप्रधान पवन कपूर, देशराज कपूर, सुभाष कपूर, सरूप कपूर, कैप्टन त्रिलोक, मनी भारद्वाज, रमेश नवालिया सहित संगठन के तमाम सदस्य मौजूद रहे।

### कैंपस इंटरव्यू में 42 अभ्यर्थियों का चयन

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) बड़ोह में बुधवार को स्वराज इंजिन्स लिमिटेड, एसएएस नगर, मोहाली द्वारा एक कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया गया। कंपनी की भर्ती टीम ने विभिन्न ट्रेडों फिटर, मैकेनिक, इलेक्ट्रिशियन, मोटर मैकेनिक आदि के अभ्यर्थियों का तकनीकी मूल्यांकन करते हुए साक्षात्कार लिया। इस कैंपस ड्राइव में संस्थान के अनेक अभ्यर्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चयन प्रक्रिया के उपरांत कुल 42 अभ्यर्थियों का चयन स्वराज इंजिन्स लिमिटेड में विभिन्न पदों के लिए किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी द्वारा नियुक्ति संबंधी आवश्यक निर्देश और जानकारी भी प्रदान की गई। संस्थान के प्रधानाचार्य एवं स्टाफ सदस्यों ने स्वराज इंजिन्स लिमिटेड की भर्ती टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कैंपस इंटरव्यू स्थानीय युवाओं को उद्योगों में रोजगार के लिए उत्तम अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी चयनित अभ्यर्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बड़ोह भविष्य में भी उद्योगों के सहयोग से इसी प्रकार रोजगारपरक कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा, जिससे क्षेत्र के अधिक से अधिक युवाओं को लाभ मिल सके।

### मुख्यमंत्री सुख आश्रय कोष के लिए अंशदान



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** नगर नियोजन, आवास एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने धर्मशाला में हिमुडा की ओर से मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू को सुख आश्रय कोष के लिए 11 लाख रुपये का चेक भेंट किया। मुख्यमंत्री ने इस पुनीत कार्य के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के योगदान की अनाथ बच्चों, निराश्रित महिलाओं और अन्य जरूरतमंद लोगों के हित में सुख आश्रय कोष के तहत की जा रही विभिन्न कल्याणकारी पहलों को संबल प्रदान करने में दूरगामी भूमिका है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हर लाभार्थी को सुरक्षित और सम्मानपूर्ण जीवन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में हर संभव प्रयास किए जा रहे है। इस अवसर पर ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, विधायक राम कुमार और मुख्य सचिव संजय गुप्ता, हिमुडा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. सुरेन्द्र वशिष्ठ भी उपस्थित थे।

### हाई कोर्ट में कांगड़ा एयरपोर्ट की सुनवाई आज

**अनंत ज्ञान, गग्गल।** उच्च न्यायालय शिमला में चल रहे कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार के मामले की सुनवाई आज हुई बहस लंबे समय तक चली, जिस कारण अब सुनवाई चार दिसंबर को होगी। जानकारी देते हुए एयरपोर्ट विस्तार संघर्ष समिति के अध्यक्ष रजनीश मोना ने बताया आज भी एयरपोर्ट विस्तार के मामले की सुनवाई लगभग 1 घंटा तक चली जिस पर माननीय उच्च न्यायालय के न्याय मूर्ति का फोकस भी एयरपोर्ट के केस पर दिलचस्प से रहा अब यह एयरपोर्ट का केस मेरिट के आधार पर आ गया है और जल्द फैसला होने वाला है रजनीश मोना ने कहा कि हमें उच्च न्यायालय के आदेश पर पूर्ण विश्वास है के फैसला जनता के हक में ही होगा। बहस के चलते सुनवाई अब वीरवार यानी चार दिसंबर को होगी।

### कांगड़ा एयरपोर्ट पर नियमित 4 विमान हुए लैंड

**अनंत ज्ञान, गग्गल।** कांगड़ा एयरपोर्ट पर बुधवार को चार विमान लैंड हुए जिनमें से दो इंडिगो के और दो स्पाइसजेट के। जानकारी देते हुए कांगड़ा एयरपोर्ट के निदेशक अमित सकलानी ने बताया की आज नियमित चार विमान सेवाएं दे रहे हैं क्योंकि सर्दियों के चलते आजकल यात्री कम होते हैं तो इसी के चलते विमानों की संख्या भी कम होती है जिनमें से दो स्पाइस जेट और दो इंडिगो के विमान अपनी सेवाएं दे रहे हैं और जैसे ही गर्मियों का सीजन शुरू होता है तो पर्यटकों की तादाद भी बढ़ जाती है और बिमानो की फ्लाइटें भी ज्यादा हो जाती है।

## डिजिटल युग में स्टार्टअप्स की भूमिका व कौशल विकास के महत्व पर दिया जोर



शिवनगर कॉलेज में दो दिवसीय व्याख्यान शृंखला का सफल आयोजन किया गया।

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में 1 व 2 दिसंबर को हिंदी विभाग व आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय व्याख्यान शृंखला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के पहले दिन का विषय 'लोक साहित्य में राम' रहा। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह ने राम के मर्यादावादी स्वरूप को युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बताया। मुख्य वक्ता और कस्तूरी संस्था के सचिव विशाल पांडेय ने लोक साहित्य की समृद्ध परंपरा पर प्रकाश डालते हुए राम के लोकवादी रूप तथा शिव-शक्ति से उनके संबंध का विस्तृत वर्णन किया। दूसरे दिन का विषय 'उच्च शिक्षा और रोजगार के अवसर' रहा। मुख्यातिथि डॉ. संगीता सिंह ने डिजिटल युग में स्टार्टअप्स की भूमिका तथा कौशल विकास के महत्व पर जोर दिया। मुख्य वक्ता विशाल पांडेय ने उच्च शिक्षा से संबंधित विभिन्न फेलोशिप, छात्रवृत्तियों और रोजगार के नए अवसरों की जानकारी दी।

कार्यक्रम के अंत में संयोजक प्रो. राजेश कुमार और डॉ. योगेश ने प्राचार्या व मुख्य वक्ता को स्मृति चिन्ह भेंट कर धन्यवाद किया। इस अवसर पर प्रो. शिखा धरवाल, डॉ. उज्ज्वल सिंह, डॉ. नीतिका शर्मा, प्रो. विवेकानंद शर्मा सहित अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की वेबसाइट का लोकार्पण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला में 13 से 15 फरवरी 2026 तक आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ट्रांसलेशनल रिसर्च इन बीम टेक्नोलॉजी एंड प्लाज़्मा की वेबसाइट और फेयर का लोकार्पण विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल द्वारा किया गया। कुलपति इस सम्मेलन के मुख्य संरक्षक हैं, जबकि बीएआरसी की पूर्व निदेशक और पीएसआई अध्यक्ष एवं भाभा पारमाणविक केन्द्र के विटीजी ग्रुप की पूर्व निर्देशक डॉ. अर्चना शर्मा संरक्षिका की भूमिका निभा रही हैं।

उक्त सम्मेलन के अंतरराष्ट्रीय परामर्श मंडल में कई प्रतिष्ठित वैज्ञानिक शामिल हैं, जिनमें पूर्व कुलपति तथा भाभा पारमाणविक केन्द्र के प्लाज्मा ग्रुप के पुर्व मुख्य डॉ. अशोक कुमार दास, ड्रेक्सल विश्वविद्यालय (यूएसए) के प्रो. वन्दना मिलर, इवाटे विश्वविद्यालय (जापान) के प्रो. कोइची टाकाकि, आईआईटी जोधपुर के प्रो. राम प्रकाश तथा बीएआरसी के विटीजी ग्रुप के निर्देशक डॉ. मासकारेनहास प्रमुख हैं। यह सारे वैज्ञानिक सम्मेलन में वक्ता के रूप में भाग लेंगे। क्षेत्रीय परामर्श मंडल में विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. प्रदीप कुमार, वरिष्ठ प्रो. अंबरीश कुमार महाजन, प्रो. ओ एस के एस शास्त्री, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. सुनील कुमार, प्रो. सुमन शर्मा और राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार पठानिया प्रमुख शामिल हैं।

सम्मेलन के दौरान छात्रों को देश-विदेश के वैज्ञानिकों से संवाद का अवसर मिलेगा, जिससे वैश्विक शोध संभावनाओं के नए द्वार खुलेंगे। शोध परियोजनाओं के लिए सरकारी अनुदान हासिल करने की प्रक्रिया पर दो विशेष सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। फिलहाल केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला को कुलपति के कुशल नेतृत्व से एनआरएफ से 10 करोड़ रुपये की ड्रीम परियोजना प्राप्त हुई है, जिसके प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर प्रो. राजेश कुमार हैं।

### जिला पुनर्वास केंद्र धर्मशाला में विश्व दिव्यांगता दिवस का आयोजन

# दिव्यांगजनों को दिए सहायक उपकरण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला रेडक्रॉस सोसायटी कांगड़ा द्वारा बुधवार को रेडक्रॉस प्रयास भवन धर्मशाला में संचालित जिला पुनर्वास केंद्र में विश्व दिव्यांगता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में पात्र दिव्यांगजनों को विभिन्न सहायक उपकरण प्रदान किए गए। कार्यक्रम में संतोष कटोच और उर्मिल राणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव ओ.पी. शर्मा ने बताया कि प्रयास भवन में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश के सहयोग से जिला पुनर्वास केंद्र संचालित किया जा रहा है, जहाँ दिव्यांग व्यक्तियों को एक ही स्थान पर सभी आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध करवाई जाती हैं। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से हर शुक्रवार क्षेत्रीय अस्पताल धर्मशाला, प्रत्येक शनिवार (दूसरे शनिवार को छोड़कर) सिविल अस्पताल पालमपुर तथा महीने के तीसरे मंगलवार को सिविल अस्पताल नूरपुर में मेडिकल बोर्ड कैंप आयोजित किए जाते हैं। इन कैंपों में पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही आवश्यक सहायक उपकरण नि:शुल्क उपलब्ध करवाए जाते हैं।

इसके अतिरिक्त, जिले के अन्य क्षेत्रों में भी मुख्य चिकित्सा अधिकारी कांगड़ा के मार्गदर्शन में ऐसे मेडिकल बोर्ड कैंप आयोजित किए जाते हैं। जरूरतमंद व्यक्ति व्हीलचेयर, बैसाखियां, तिपहिया साइकिल, चलने की छड़ी, श्रवण यंत्र, स्मार्ट केन, सीपी चेयर, वॉकर तथा कृत्रिम अंग आदि दस्तावेज पूर्ण कर नि:शुल्क प्राप्त कर सकते हैं। केंद्र में अत्याधुनिक फिजियोथेरेपी क्लिनिक भी संचालित है, जहाँ मांसपेशियों, हड्डियों और जोड़ों से संबंधित विभिन्न बीमारियों का उपचार मैनुअल थैरेपी, इलेक्ट्रोथैरेपी, हीट थैरेपी, अल्ट्रासाउंड, आइस थैरेपी आदि तकनीकों से किया जाता है। सामान्य मरीजों के लिए उपचार न्यूनतम दरों पर तथा दिव्यांगजनों के लिए पूरी तरह निशुल्क उपलब्ध है। इसके साथ ही प्रयास भवन में जिला नशा निवारण केंद्र भी संचालित किया जा रहा है, जहाँ नशाग्रस्त व्यक्तियों को भर्ती कर उपचार, दवाइयां तथा काउंसलिंग बिल्कुल निशुल्क प्रदान की जाती हैं। केंद्र में मनोवैज्ञानिक और परामर्शदाता नियमित सेवाएं दे रहे हैं। अधिक जानकारी के लिए फोन नंबर 01892-224408 तथा 01892-224888 पर संपर्क किया जा सकता है। कार्यक्रम में झडू राम निवासी कुठारना और केश राज निवासी समीरपुर को श्रवण यंत्र तथा प्रशोतम सिंह निवासी देहरियां को व्हीलचेयर प्रदान की गई।



धर्मशाला स्थित रेडक्रॉस प्रयास भवन में पात्र लाभार्थियों को सहायक उपकरण वितरित करते हुए अधिकारी।

## भारत के समग्र विकास, औद्योगिक प्रगति का मजबूत आधार है परमाणु ऊर्जा: डॉ. एसके

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**धर्मशाला में आउटरीच कार्यक्रम में बोले बीएआरसी के वैज्ञानिक**

डिग्री कॉलेज धर्मशाला के प्रयास भवन में रमन सोसायटी द्वारा आयोजित डीएई (डिपार्टमेंट आफ अटोमिक एनर्जी) आउटरीच कार्यक्रम में मुंबई स्थित भारत के प्रतिष्ठित भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) से आए वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. एसके मंडल (साइंटिफिक ऑफिसर-एच) और डॉ. सतेन्द्र (साइंटिफिक ऑफिसर-जी) ने विद्यार्थियों को विज्ञान एवं अनुसंधान की दिशा में प्रेरित करने वाला उद्बोधन दिया। डॉ. मंडल ने परमाणु ऊर्जा की भूमिका पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि परमाणु ऊर्जा केवल ऊर्जा का स्रोत नहीं बल्कि भारत के समग्र विकास, स्वच्छ ऊर्जा, कृषि, चिकित्सा और औद्योगिक प्रगति का एक मजबूत आधार है, जो राष्ट्र को नई ऊंचाइयों तक ले जा रही है।

इसके बाद डॉ. सतेन्द्र ने विद्यार्थियों को डीएई एवं बार्क में उपलब्ध करियर अवसरों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी और बताया कि भारत विज्ञान व तकनीक के क्षेत्र में तेजी से वैश्विक नेतृत्व की ओर बढ़ रहा है, ऐसे में जिज्ञासु और प्रतिभाशाली युवाओं के लिए अनुसंधान के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. विक्रम श्रीवत्स ने प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों का महाविद्यालय में आगमन गौरवपूर्ण क्षण बताते हुए कहा कि ऐसे संवाद विद्यार्थियों के भविष्य को नई दिशा देते हैं और वैज्ञानिक सोच ही भारत के उज्ज्वल कल की आधारशिला है। इस अवसर पर डॉ. बलराज, डॉ. आशीष रंजन, प्रो. गोविंद, डॉ. सरिता, डॉ. शबू, डॉ. सोनम, डॉ. ज्योति, प्रो. राधेश्याम, तरसेम जरयाल सहित बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने वैज्ञानिकों से विभिन्न प्रश्न पूछे जिनके प्रेरणादायक उत्तरों ने सभी में विज्ञान और अनुसंधान के प्रति नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया। कार्यक्रम अपने उद्देश्य में पूर्णत: सफल रहा और मुंबई के प्रतिष्ठित अनुसंधान केंद्र से आए वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन ने छात्रों के लिए यह दिन अविस्मरणीय बना दिया।

# बिलासपुर के बहुचर्चित बैरी-दड़ोला पुल का कार्य 20 साल से अधर में

## बजट शून्य... जनता ठगी गई, नेताओं के वादे ढह गए

अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**बिलासपुर।** बैरी-दड़ोला पुल जिसका शिलान्यास पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह ने कुंगर हट्टी गांव के पास किया था, आज भी धरातल पर नहीं उतर सका है। दो दशक गुजर गए लेकिन विस्थापितों को राहत देने वाले इस पुल के लिए आज तक बजट में एक रुपये का भी प्रावधान नहीं हुआ। स्थिति यह है कि अब क्षेत्र के लोग पुल की मांग लुहणु के पास से उठाने लगे हैं, ताकि इसका मार्ग अधिक व्यावहारिक और उपयोगी हो सके।

विस्थापित परिवारों के प्रतिनिधि राम सिंह का कहना है कि पुल का वादा किया गया था। 20 साल बाद भी नेता वही पन्ना पलटते हैं, पर काम एक इंच भी आगे नहीं बढ़ा। अब चुनाव में वादा नहीं, तारीख चाहिए। कुंगर हट्टी से शिलान्यास कर फोटो खिंचाने वालों ने कभी मुड़कर नहीं देखा। स्थानीय लोग अब मांग कर रहे हैं कि आगामी बजट में पुल के लिए स्पष्ट राशि आवंटित हो। मार्ग का अंतिम निर्णय किया जाए और निर्माण की समयसीमा तय की जाए। बैरी-दड़ोला पुल केवल एक परियोजना नहीं, बल्कि विस्थापितों की उम्मीद और सरकारी जवाबदेही की कड़ी परीक्षा बन चुका है।

अनंत ज्ञान मुद्दा

### पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने पुल के लिए दिया था धरना

**गांव के बुजुर्ग शेर सिंह (78) कहते हैं...**

हमने तीन-तीन सरकारें देख लीं, पर पुल वहीं का वहीं है। शिलान्यास कुंगर हट्टी में हुआ था, अब लोग लुहणु से मांग रहे हैं, पर काम तो कहीं भी शुरू नहीं हुआ।

**पंचायत सदस्य मंजू देवी (45) कहती हैं...**

महिलाओं को बीमार परिजन को लेकर अस्पताल पहुंचने में दोगुना समय लगता है। पुल जीवन की जरूरत है, लेकिन नेताओं ने इसे सिर्फ भाषणों में रखा।

**युवा छात्रा दीक्षा ठाकुर (19) बताती हैं...**

कॉलेज जाने के लिए रोज लंबा चक्कर लगता है। पुल लुहणु की तरफ से बने तो पूरे क्षेत्र को फायदा होगा।

**युवक अंकित शर्मा (27) कहते हैं...**

नेताओं की रैलियों के लिए सड़कें चमका दी जाती हैं, पर हमारा पुल 20 साल में भी नहीं बना। इससे बड़ी उपेक्षा क्या होगी?

### बंबर ठाकुर का संघर्ष
### नलवाड़ी मेले में पूर्व सीएम धूमल का घेराव करने उतरे थे



पुल निर्माण को लेकर पूर्व विधायक बंबर ठाकुर सबसे मुखर रहे। वर्षों पहले उन्होंने नलवाड़ी मेले के समापन पर पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल के घेराव के लिए धरना दिया, जिससे सरकार पर व्यापक दबाव बना। उनका कहना है कि 'यह पुल विस्थापितों का अधिकार है। कुंगर हट्टी में शिलान्यास हुआ, फिर भी आज तक कोई कार्यवाही नहीं। लोगों की सुविधा देखते हुए अब मांग लुहणु से उठ रही है, पर सरकारें सिर्फ कागज चलाती रहीं।'

# हरनोडा वार्ड की शिकायत पर पांच दिसंबर की एजीएम पर हाईकोर्ट का स्टे

## पंजीयक सहकारी सभाएं बिलासपुर ने भी की कार्रवाई की पुष्टि

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

जिला बिलासपुर में सीमेंट व क्लिंकर की ढुलाई करने वाली एशिया की सबसे बड़ी ट्रक परिवहन सभा बीडीटीएस में कई दिनों से चल रहे विवाद में अब कानूनी स्थिति स्पष्ट होती दिख रही है। विपक्ष ने इसे 'कानून की जीत' बताया है, क्योंकि समाज के कुछ सदस्यों द्वारा 5 दिसंबर 2025 को प्रस्तावित वार्षिक साधारण सभा (एजीएम) पर हाईकोर्ट ने अंतरिम रोक लगा दी है।

### विपक्ष का आरोप

**सोसाइटी** के कुछ सदस्यों ने 5 दिसंबर को एजीएम बुलाने की प्रक्रिया पर गंभीर आपत्तियां उठाई थीं। विपक्ष का कहना है कि वर्तमान प्रबंधन ने बिना कानूनी प्रक्रिया और उपविधियों का पालन किए, अधिवेशन बुलाने की कोशिश की। इसी को लेकर विपक्ष ने नो कॉन्फिडेंस मोशन पारित कर मामले को सहायक पंजीयक सहकारी सभाएं, बिलासपुर के समक्ष प्रस्तुत किया। मामला अदालत में भी पहुंचा, जिसकी अगली सुनवाई 9 दिसंबर के लिए निर्धारित थी। विपक्ष के प्रतिनिधि जीत राम गौतम ने बताया कि न्यायालय में प्रस्तुत दलीलों के बाद हाईकोर्ट ने ष्ट्ठक्क हृश. 18667 में 28 नवंबर को स्टे ऑर्डर जारी कर 5 दिसंबर की एजीएम पर रोक लगा दी। उन्होंने कहा कि प्रबंधन द्वारा ट्रांसपोर्टरों को भ्रमित कर जबरन अधिवेशन बुलाने का प्रयास किया जा रहा था, जिसे अदालत ने गंभीरता से लिया।

### सहायक पंजीयक की जांच में सामने आए तथ्य

**बीडीटीएस** हरनोडा वार्ड सदस्य कुलदीप ठाकुर (वार्ड-14) की शिकायत पर सहायक पंजीयक सहकारी सभाएं, बिलासपुर ने जांच शुरू की। निरीक्षक कार्तिका ठाकुर व अखिलेश वशिष्ठ की रिपोर्ट में कई प्रमुख अनियमितताएं सामने आईं-

1. **प्रबंधन** समिति की बैठक की सूचना सभी 21 सदस्यों को विधिवत नहीं दी गई।
2. **नियम** 44, हिमाचल प्रदेश सहकारी सभाएं नियम 1971 के अनुसार तीन दिन पूर्व लिखित नोटिस अनिवार्य था, जबकि सचिव ने केवल 11 सदस्यों को फोन पर सूचना देने की बात कही।
3. **उपविधि** संख्या 33 के तहत बैठक की अधिसूचना समय पर जारी नहीं हुई और न ही सभी सदस्यों तक पहुंची।
4. **प्रस्तावित** एजीएम के एजेंडा में चुनाव प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक विवरण स्पष्ट रूप से दर्ज नहीं था।
5. **धारा** 32(c), सहकारी सभाएं अधिनियम 1968 के अनुसार अंकेक्षण रिपोर्ट को एजेंडा में शामिल होना चाहिए, जिसे 20 नवंबर को जारी नोटिस में नहीं जोड़ा गया।

*इन अनियमितताओं के आधार पर सहायक पंजीयक ने 5 दिसंबर की एजीएम की प्रक्रिया को नियमों के विपरीत मानते हुए उसे स्थगित करने का आदेश दिया।*

**सदस्यों** का मानना है कि इस निर्णय से सोसाइटी में पारदर्शिता और विधिसम्मत कामकाज को बढ़ावा मिलेगा और भविष्य में कोई भी सदस्य नियमों की अनदेखी नहीं कर सकेगा।

**जीत राम गौतम, पूर्व प्रधान**

## न्यूज ब्रीफ

### नशे के नाश के लिए आम जनमानस का सहयोग जरूरी: एमएस नायक

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** नशे के नाश के लिए आम जनमानस का सहयोग अति आवश्यक है। इसलिए सभी को इस नशे रूपी दानव को मिटाने के लिए एकजुट होना जरूरी है तभी हम इस दानव से छुटकारा पा सकते हैं, अन्यथा इसकी चंगुल में हमारी युवा पीढ़ी खत्म होती जा रही है। यह बात घुमारवीं पुलिस थाना के प्रभारी मस्तराम नायक ने औहर में नशा निवारण समिति को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में चिट्टा नामक नशा अपना पूरा जाल बिछा चुका है तथा इसमें हमारी युवा पीढ़ी फंसती जा रही है। इसके नाश के लिए पंचायत प्रतिनिधि, कर्मचारियों, अधिकारियों व समाजसेवी संगठनों के सतर्क रहने की नितांत आवश्यकता है तथा लोगों को जागरूक करने के लिए तत्पर रहने की जरूरत है।। इसके उपरांत औहर स्कूल की प्रधानाचार्य सिमरो देवी ने भी अपने विचार रखें। इस मौके पर सचिव अंबिका शर्मा, उपप्रधान रणजीत सिंह, महिला मंडल प्रधान सपना देवी, आशा वर्कर आशा देवी, गौरव शर्मा, कैप्टन विजय सिंह मौजूद थे।

### नाकाबंदी के दौरान तलाई में पकड़ी 15.614 किलो चूरा/डोडा पोस्त की खेप

**अनंत ज्ञान, बरठीं।** तलाई थाना में नए नियुक्त एसएचओ ने पदभार संभालते ही नशा तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। मंगलवार देर रात छियातर क्षेत्र में गश्त और नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने एक कार से 15.614 किलोग्राम चूरा/डोडा पोस्त बरामद किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम ने कल्लर से मलारी की ओर नाकाबंदी की हुई थी और गुजरने वाले वाहनों की सख्ती से जांच की जा रही थी। इसी दौरान मलारी की तरफ से आ रही एक कार को चेकिंग के लिए रोका गया। वाहन में बैठे दो लोग कागजात मांगने पर घबरा गए और संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। पुलिस को शक होने पर वाहन की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कार की डिक्की से तीन सफेद पोलीथीन बैग, एक नीला पिट्ठू बैग और एक भूरा बैग बरामद हुए। इनमें भारी मात्रा में चूरा/डोडा पोस्त भरा हुआ पाया गया। मौके पर ही दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया और तलाई थाना में मामला दर्ज किया गया।

### करियर काउंसलिंग पर विशेष व्याख्यान, विद्यार्थियों में बढ़ा उत्साह

**अनंत ज्ञान, नम्होल।** राजकीय महाविद्यालय जुखाला के प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह के निर्देशन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नम्होल में करियर काउंसलिंग पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। महाविद्यालय से पहुंचे विशेषज्ञों की टीम ने विद्यार्थियों को भविष्य की पढ़ाई, करियर विकल्पों और रोजगार अवसरों के बारे में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. देवेंद्र सिंह, डॉ. राजकुमार और डॉ. राजेश ठाकुर रहे। वक्ताओं ने उच्च शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों, बदलते रोजगार परिदृश्य, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी तथा करियर निर्माण में सही दिशा चुनने के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समय पर लिया गया सूझबूझ भरा निर्णय विद्यार्थियों को बेहतर भविष्य की ओर ले जाता है। सत्र में लगभग 110 विद्यार्थी, विशेषकर 12वीं कक्षा के छात्रों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रीत लाल शर्मा, स्कूल स्टाफ तथा महाविद्यालय जुखाला की पूरी टीम उपस्थित रही। विद्यालय प्रशासन ने महाविद्यालय की टीम का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे मार्गदर्शन सत्र आयोजित करने की बात कही।

### राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गेहड़वीं में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह संपन्न

**अनंत ज्ञान, घुमारवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गेहड़वीं में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विवेक कुमार पूर्व अध्यक्ष कृषि उत्पाद विपणन समिति बिलासपुर हिमाचल प्रदेश मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान विद्यार्थियों ने एकल गीत, समूह गान, लोक नृत्य, भांगड़ा, योगा पिरामिड, एनसीसी कैडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर, एन सी सी गीत सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इससे पहले प्रधानाचार्य चमन पुरी ने मुख्यातिथि का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। प्रधानाचार्य ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें शैक्षणिक, सह-शैक्षणिक गतिविधियों, खेलकूद और अन्य उपलब्धियों का विस्तृत ब्योरा दिया गया। समारोह में मुख्यातिथि ने विभिन्न कक्षाओं में पहले तीन स्थान प्राप्त करने वाले, खेलकूद और अन्य गतिविधियों में अव्वल रहने वाले मेधावियों को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्यातिथि ने छात्र-छात्राओं को मेहनत और अनुशासन पर जोर दिया। उन्होंने बच्चों को नशे से दूर रहने की सलाह दी और विद्यालय की प्रगति की प्रशंसा की। उन्होंने शिक्षकों और प्रधानाचार्य को भी बेहतर कार्य के लिए बधाई दी।

### कॉलेज में यूथ फेस्टिवल ग्रुप-4 के प्रतिभागियों व डायरेक्टर का सम्मान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में आज यूथ फेस्टिवल ग्रुप-4 में शानदार प्रदर्शन करने वाले सभी प्रतिभागियों और प्ले के डायरेक्टर अभिषेक डोगरा का विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। महाविद्यालय प्रशासन ने छात्रों की मेहनत, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रस्तुति को देखते हुए पूरे दल को पुष्पमालाएं पहनाकर तथा मिठाई बांटकर सम्मानित किया। समारोह के दौरान प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने कहा कि महाविद्यालय के लिए यह बड़े गौरव की बात है कि विद्यार्थियों ने हाल ही में संपन्न हुए युवा महोत्सव में शानदार उपलब्धियां हासिल कीं। छात्रों ने स्किट में द्वितीय स्थान, माइम में तृतीय स्थान, तथा ओवरऑल बेस्ट मेल एक्टर का खिताब जीतकर कॉलेज का नाम रोशन किया है। प्राचार्य ने कहा कि प्रतिभागियों की मेहनत और डायरेक्टर अभिषेक डोगरा के निर्देशन ने टीम को उत्कृष्ट स्तर तक पहुंचाया है। सम्मान समारोह के दौरान मंच पर महाविद्यालय की ग्रुप-3 टीम ने अपनी वह नृत्य प्रस्तुति भी दीं, जिसने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। इस अवसर पर आई क्यू ए सी कमेटी के सदस्य प्रो. प्रेमजीत (कोऑर्डिनेटर), डॉ. रंजीत (को-कोऑर्डिनेटर), डॉ. सुरेंद्र (ऑर्गनाइज़र), डॉ. श्रवण, डॉ. रितु शर्मा, डॉ. नम्रता (कन्वीनर) सहित प्रो. जमवाल, प्रो. विकास, प्रो. हितेश, प्रो. सोनिका, प्रो. राधे श्याम, प्रो. पदम विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# खाली पड़ी विद्युत विभाग की जमीन से नशेड़ियों का अड्डा हटाने की कार्रवाई शुरू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**दैनिक अनंत ज्ञान** में प्रकाशित खबर का बड़ा असर देखने को मिला है। बरठी में विद्युत विभाग की खाली पड़ी आवासीय कॉलोनी को नशेड़ियों द्वारा अड्डा बना लेने की शिकायतें सामने आने के बाद झंडूत्ता की उपमंडल अधिकारी अर्शिया शर्मा ने तत्परता दिखाते हुए मौके का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम को वहां से फॉयल पेपर, खाली शराब की बोतलें और अन्य नशीले पदार्थों के अवशेष मिले, जिससे स्पष्ट हुआ कि लंबे समय से यह क्षेत्र असामाजिक गतिविधियों का केंद्र बना हुआ था। उन्होंने कहा कि यहां से स्कूल के बच्चों और अस्पताल जाने वाले लोगों का लगातार आना-जाना रहता है, जिससे स्थानीय लोगों में असुरक्षा की भावना पैदा हो रही थी। एसडीएम अर्शिया शर्मा ने तुरंत कार्रवाई के लिए पुलिस विभाग और राजस्व विभाग को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि यहां सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

अनंत ज्ञान इंपैक्ट



निरीक्षण करती एसडीएम झंडूत्ता अर्शिया शर्मा, साथ हैं स्थानीय लोग।

### खबर प्रकाशित होते ही प्रभाव

**विद्युत** विभाग ने सक्रियता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर झाड़ियों की कटाई-छंटाई शुरू कर दी, जिससे लंबे समय से छिपे अंधेरे व कचरे वाले स्थान साफ होने लगे हैं।

# रोगी मित्र का शिगूफा छोड़ नर्सिंग कैडर को समाप्त करना चाहती है प्रदेश सरकार

## आउटसोर्स की बजाए, नियमित भर्तियां करे सरकार : रीना शर्मा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा रोगी मित्र के नाम पर आउटसोर्स नर्सिंग स्टाफ तैनात करने के निर्णय का नर्सिंग समुदाय ने कड़ा विरोध किया है। रीना शर्मा एमएससी नर्सिंग ने कहा कि यह फैसला नर्सिंग कर्मियों के भविष्य के साथ साफ तौर पर खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य संस्थानों में पहले से ही नर्सिंग स्टाफ की भारी कमी है और मौजूदा नर्सें अत्यधिक दबाव में काम कर रही हैं। ऐसे में 5 वर्ष तक रोगी मित्र रखने का प्रस्ताव नर्सिंग कैडर को कमजोर करेगा। रीना शर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में नर्सिंग पद लंबे समय से खाली पड़े हैं, परंतु नियमित भर्तिया शुरू नहीं हो रही।



रीना शर्मा ने स्वास्थ्य मंत्री, सचिव स्वास्थ्य एवं डायरेक्टर हेल्थ सर्विसेज पर आरोप लगाया कि नर्सिंग कैडर को जानबूझकर कमजोर किया जा रहा है। रीना शर्मा के साथ हर्षा, रंजना, प्रिया, प्रमिला, शिवानी, रेनू, अंजलि, ज्योति थापा, स्वाति, अल्पना, प्रियंका समेत कई एमएससी नर्सिंग ऑफिसर ने प्रदेश मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह से अनुरोध करते हुए कहा कि नर्सिंग भर्ती केवल कमीशन या बैचवाइज नियमित रिक्तियों के आधार पर की जाए।

### दान की गई भूमि पर अब तक अधूरा सपना

# पंद्रह सालों में नहीं बन पाया वेटरनरी डिस्पेंसरी का कमरा

अनंत ज्ञान, घुमारवी

ग्राम पंचायत डाहड में वेटरनरी डिस्पेंसरी की इमारत निर्माण को लेकर बड़ा लापरवाही का मामला सामने आया है। इंसानियत संस्था द्वारा उठाए गए इस मुद्दे ने पिछले 15 वर्षों में रही सरकारों और विभागीय कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इंसानियत संस्था के प्रधान पवन चंदेल ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत डाहड के वार्ड नंबर-3 में वेटरनरी डिस्पेंसरी (पशु औषधालय) के लिए तीन विस्वा भूमि गांववासियों द्वारा विधिवत दान की गई थी। भूमि दान हुए लगभग 15 वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन आज भी पशु औषधालय गांव वालों द्वारा उपलब्ध करवाए गए पुराने कमरे में ही चल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पशुओं के उपचार के लिए उचित भवन और बुनियादी सुविधाओं का लंबे समय से इंतजार किया जा रहा है, लेकिन विभाग और सरकार इस दिशा में कोई ठोस कदम उठाने में नाकाम रही हैं।

ग्रामीणों ने वर्तमान सरकार से मांग की है कि वेटरनरी डिस्पेंसरी के लिए शीघ्र ही उचित कमरों एवं भवन निर्माण की व्यवस्था की जाए, ताकि पशुपालकों को सुविधाजनक चिकित्सा सेवाएं मिल सके।

### कलोल की छात्रा सौम्या का एलआईसी गोल्डन जुबली स्कॉलरशिप के लिए चयन

**कार्तिक बंसल, अनंत ज्ञान, बरठीं।** उपमंडल झंडूता के कोटधार क्षेत्र स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कलोल की कक्षा 11वीं नॉन-मेडिकल की मेधावी छात्रा सौम्या का चयन प्रतिष्ठित एलआईसी गोल्डन जुबली स्कॉलरशिप के लिए हुआ है। सौम्या ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया। मेरा सपना इंजीनियर बनना है और इस स्कॉलरशिप की राशि का उपयोग मैं अपनी आगे की पढ़ाई में करूंगी। छात्रा के अभिभावकों ने बताया कि इस स्कॉलरशिप की जानकारी उन्हें सामाजिक कार्यकर्ता संजय शर्मा ने दी थी। स्कूल के प्रधानाचार्य देशराज शर्मा ने छात्रा की इस सफलता पर हर्ष जताया।

# घुमारवीं के कोठी में जिला स्तरीय विश्व दिव्यांगता दिवस समारोह

## डीसी राहुल कुमार बोले, समान अवसर व गरिमा ही सच्चे समावेशी समाज की नींव

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से बुधवार को आशा किरण संस्थान, घुमारवीं के अंतर्गत गांव कोठी में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए, जबकि उपमंडलाधिकारी घुमारवीं गौरव चौधरी भी शामिल रहे। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी समाज की प्रगतिशीलता इस बात से निर्धारित होती है कि वह अपने सभी नागरिकों को बराबरी का अवसर और सम्मान देने में कितना सक्षम है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगता किसी व्यक्ति की क्षमता या योगदान को सीमित नहीं करती, बल्कि उचित अवसर, संवेदनशीलता और सहयोग मिलने पर वह समाज के लिए प्रेरणा बन सकते हैं। जिला स्तरीय इस समारोह में लगभग 250 दिव्यांग बच्चों ने सहभागिता की।



# 13 पंजाब रेजीमेंट ( जिंद ) के वेटरंस ने मनाया 254वां रेजिंग-डे

अनंत ज्ञान, घुमारवी

पंजाब रेजीमेंट की गौरवशाली 13 पंजाब रेजीमेंट (जिंद) के वेटरंस ने 1 दिसंबर 2025 को अपने परिवारों और वीर नारियों सहित पूरे उत्साह और सैन्य जोश के साथ 254वां रेजिंग-डे मनाया। यह समारोह घुमारवीं के जग्गन पैलेस होटल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वैटरन कैप्टन रामदास रहे, जबकि वरिष्ठ विशेष अतिथि के रूप में हिमाचल प्रदेश वैटरन सैनिक कल्याण एवं विकास समिति के प्रदेशाध्यक्ष कैप्टन बालक राम शर्मा ने शिरकत की। दोनों अतिथियों का हार पहनाकर, तिरंगा स्कार्फ और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सभी आए वेटरंस, परिवारजनों और वीर नारियों का भी विशेष रूप से अभिनंदन किया गया। समारोह की शुरुआत कैप्टन रमेश चंद द्वारा की गई, जिन्होंने मंच से पंजाब रेजीमेंट के इतिहास और 13 पंजाब के शानदार सैन्य योगदान का विवरण देकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।




# जगी उम्मीद: ग्राम पंचायत रघुनाथपुरा के डुगली छांब में सड़क की मांग होगी पूरी : जितेंद्र चंदेल

अनंत ज्ञान, बिलासपुर

ग्राम पंचायत रघुनाथपुरा के डुगली छांब क्षेत्र में पिछले कई वर्षों से सड़क निर्माण की मांग लंबित चल रही थी। भारत के आजाद होने के बाद भी आज तक इस गांव के लोगों को सड़क सुविधा के अभाव का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने अपनी इस गंभीर समस्या को हिमुडा निदेशक मंडल सदस्य जितेंद्र चंदेल के समक्ष उठाया। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि आने वाले छह महीनों के भीतर गांव तक सड़क पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इस दौरान बलदेव, श्यामलाल, छोटाराम, रतनलाल, नंदलाल, सोमा देवी, फूला देवी, सोनी देवी, अंजू देवी, माया देवी, रितु देवी, रवि कुमार, रंजीत, शंकरी देवी, निकुरम, सुरेंद्र कुमार, नरोत्तम कुमार और प्रकाश समेत कई ग्रामीणों ने जितेंद्र चंदेल से मुलाकात की। चंदेल ने राजेश धर्माणी के समक्ष इस समस्या को रख कर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से सड़क निर्माण के लिए जल्द प्रावधान करवाने का भरोसा दिलाया। ग्रामीणों को अब उम्मीद है कि सरकार और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से जल्द ही सड़क निर्माण का सपना पूरा होगा।

**संकल्प** — हरीश नड्डा ने दिव्यांगों की क्षमता, संघर्ष और अधिकारों पर दिया जोर

# चेतना संस्था ने मनाया अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस

अनंत ज्ञान, बिलासपुर

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर चेतना संस्था द्वारा आयोजित विशेष कार्यक्रम में जिले भर से आए दिव्यांगजन, उनके परिजन तथा समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहे प्रख्यात समाजसेवी हरीश नड्डा, जिन्होंने अपने प्रभावशाली संबोधन से उपस्थित जनसमूह को प्रेरित किया। हरीश नड्डा ने दिव्यांगजनों की क्षमता, संघर्ष और अधिकारों पर दिया विशेष जोर मुख्य अतिथि हरीश नड्डा ने कहा कि दिव्यांगजन केवल सहानुभूति नहीं, बल्कि सम्मान, समझ और समान अवसर के हकदार हैं। उन्होंने कहा कि समाज में आज भी कई लोग दिव्यांगता को कमजोरी समझते हैं, जबकि वास्तविकता यह है कि दिव्यांगजन में अद्भुत प्रतिभा, धैर्य और संघर्ष क्षमता होती है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन बोझ नहीं, बल्कि प्रेरणा के स्रोत हैं। जरूरत इस बात की है कि हम उनकी क्षमताओं को पहचानें और उन्हें वह मंच दें, जिसके वे हकदार हैं। हरीश नड्डा ने सरकार और समाज दोनों से अपील की कि दिव्यांगजनों के लिए चल रही योजनाओं को जमीन पर उतारने में कोई कमी न छोड़ी जाए। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन तभी आगे



### संस्था ने दी योजनाओं और अधिकारों की जानकारी

**चेतना** संस्था के पदाधिकारियों ने दिव्यांगजनों को मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं, प्रमाणपत्र प्रक्रिया, सरकारी योजनाओं, पेंशन, स्कॉलरशिप, उपकरण वितरण आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान कई दिव्यांगजन सम्मानित किए गए। संस्था की ओर से जरूरतमंदों को व्हीलचेयर, छड़ी, शैक्षणिक सामग्री सहित आवश्यक सहायता वस्तुएँ भी प्रदान की गई।

### समावेशन का लिया संकल्प

**कार्यक्रम** के अंत में उपस्थित जनसमूह ने दिव्यांगजनों के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा का संकल्प लिया। चेतना संस्था ने आगे भी ऐसे जागरूकता अभियानों को निरंतर जारी रखने की बात कही। इस प्रेरणादायक कार्यक्रम में हरीश नड्डा की उपस्थिति और उनका उद्बोधन सभी के लिए ऊर्जा, संवेदना और सकारात्मक परिवर्तन का संदेश लेकर आया।

### विद्यार्थियों के लिए आयोजित होगी विशेष कार्यशाला

**बिलासपुर।** जिला प्रशासन बिलासपुर युवाओं को सिविल सेवाओं एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु प्रभावी तैयारी, करियर मार्गदर्शन करवाने के उद्देश्य से इस शुक्रवार एक विशेष कार्यशाला का आयोजन कर रहा है। यह कार्यक्रम सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक बिलासपुर कॉलेज परिसर में आयोजित होगा। इस कार्यशाला में उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार भी उपस्थित रहेंगे। कार्यशाला में सिविल स्टेप इंस्टिट्यूट के विशेषज्ञों द्वारा सिविल सेवाएं, हिमाचल एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विसेज, हिमाचल एलाइड सर्विसेज, एसएससी, बैंकिंग, पुलिस भर्ती और और आगामी परीक्षाओं की तैयारी की रूपरेखा पर जानकारी प्रदान की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### हिमाचल प्रांत ने आयोजित की 'नारी मन की संवेदना'

**अनंत ज्ञान, चंबा।** महिला साहित्यकार संस्था, हिमाचल प्रांत द्वारा 'नारी मन की संवेदना' भाग-7 का सफल आयोजन आभासी माध्यम से किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सोलन जिला के राजकीय डिग्री कॉलेज नालागढ़ के उप-प्रधानाचार्य पंकज विशिष्ट रहीं। संस्था की अध्यक्षा डॉ. रीता सिंह, विशिष्ट वक्ता डॉ. देवकला और कवयित्री श्रीमती शीला सिंह ने अपने अनुभव साझा कर प्रेरणादायक संदेश दिए। डॉ. देवकला ने जीवन में दृढ़ निश्चय और सकारात्मक सोच का महत्व बताया, जबकि श्रीमती शीला सिंह ने चुनौतियों का सामना कर लेखन में सफलता पाने की कथा साझा की। मुख्य अतिथि पंकज विशिष्ट ने मातृशक्ति की दिव्यता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन रेखा गखखड़ ने किया और वंदना रीनू ने प्रस्तुत की। अंत में डॉ. रीता सिंह और डॉ. कविता बिजलवान ने सभी सहभागी कवयित्रियों का आभार व्यक्त किया।

### भटियात में फोर्टिफिकेशन जागरूकता शिविर

**बबलू पठानिया, अनंत ज्ञान, भटियात।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, चंबा की ओर से भटियात ब्लॉक में फोर्टिफिकेशन विषय पर विशेष जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता फूड इंस्पेक्टर रणबीर सिंह ने की, जबकि कर्नाटक हेल्थ प्रमोशन ट्रस्ट की कांगड़ा डिविजनल को-ऑर्डिनेटर पिंकी भी उपस्थित रहीं। शिविर में थोक गोदाम केंद्र चुवाड़ी के अंतर्गत आने वाले उचित मूल्य दुकानदारों और सेल्समैन के लिए डबल फोर्टिफाइड नमक, चावल और आटे में मौजूद आवश्यक पोषक तत्वों जैसे आयरन, फोलिक एसिड और विटामिन-12 के महत्व पर जानकारी दी गई।पिंकी ने बताया कि आयरन हीमोग्लोबिन निर्माण में सहायक है और आयोडीन थायरॉइड स्वास्थ्य व शारीरिक विकास के लिए आवश्यक है। ग्रामीणों ने जानकारी मिलने के बाद डबल फोर्टिफाइड नमक का नियमित प्रयोग करने का संकल्प लिया। इस पहल को ग्रामीणों ने स्वास्थ्य शिक्षा और पोषण जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण बताया।

### आज होगा उद्यमिता संवेदनशीलता कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, चंबा।** हिमाचल प्रदेश उद्योग निदेशालय, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार की रेजिंग एंड एक्सेलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस योजना के तहत राज्य में उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने का प्रयास जारी है। इसी क्रम में 4 दिसंबर को मां ज्वाला निजी आईटीआई, भद्रम, चंबा में उद्यमिता संवेदनशीलता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम हिमाचल प्रदेश उद्यमिता विकास प्राधिकरण, शिमला के माध्यम से तथा क्षेत्रीय उद्यमिता विकास केंद्र, चंडीगढ़ के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यशाला का उद्देश्य उद्यमिता के इच्छुक युवाओं और नवाचारी व्यापारिक विचार रखने वाले प्रतिभागियों को मार्गदर्शन, प्रेरणा और सशक्तिकरण प्रदान करना है। कार्यक्रम में जिला उद्योग केंद्र, अग्रणी बैंक, क्षेत्रीय उद्यमिता विकास केंद्र और सफल उद्यमियों द्वारा मार्गदर्शन व व्याख्यान दिए जाएंगे। प्रतिभागियों को वित्तीय सहायता, उद्यम पोषण और व्यवसाय स्थापना से संबंधित जानकारी भी प्रदान की जाएगी। यह अवसर सभी इच्छुक युवाओं और विद्यार्थियों के लिए खुला है।

### रोप-वे निर्माण कंपनी पर वन भूमि नुकसान का आरोप

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चुराह उपमंडल की ग्राम पंचायत चांजू में निर्माणाधीन एसीएनसी रोप-वे कंपनी द्वारा वन भूमि में पेड़ों को नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। स्थानीय ग्रामीणों की शिकायत के बाद वन विभाग ने मौके पर निरीक्षण किया, जिसमें आरोप सही पाए गए। निरीक्षण में यह भी पता चला कि निर्माण कार्य के दौरान वन संरक्षण अधिनियम का उल्लंघन हुआ है। इसके बाद विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए कंपनी के खिलाफ नियमानुसार चालान काटा और कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी। वन विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि वन संपदा को किसी भी हालत में नुकसान नहीं पहुंचने दिया जाएगा और कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। स्थानीय ग्रामीणों ने विभाग की कार्रवाई का स्वागत किया और मांग की कि आगे भी ऐसे निर्माण कार्यों पर कड़ी निगरानी रखी जाए। विभाग फिलहाल नुकसान का आकलन कर रहा है और जांच पूरी होने के बाद कंपनी पर जुर्माना और अन्य दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

स्मार्ट बिजली मीटर ने स्वाह किया 8 लाख

### शॉर्ट सर्किट से दुकान में लगी आग, 8 लाख का नुकसान

**बालक राम, अनंत ज्ञान, पंडोह।** पंडोह के मैन बाजार में स्थित निलम जनरल स्टोर में आग लगने से दुकान में भरा 8 लाख का सामान स्वाह हो गया। पीड़ित दुकानदार खड़ेश्वर ने बताया कि वह हर रोज की तरह मंगलवार 8 बजे शाम को दुकान बंद करके अपने किराए के मकान तीन पीपल चला गया। रात 12 बजे के करीब मुझे पुलिस जवान का फोन आया और बताया कि आपकी दुकान में आग लग रही है। मैं मौका पर आया तो दुकान में धुआं ही धुआं था आग फेल रही थी। तभी बीबीएमबी की फायर ब्रिगेड आई उसने आग पर काबू पाया। मगर तब तक मेरा सारा माल सवाह हो गया था। जिसमें मेरा लैपटॉप भी था।उसने बताया कि दुकान में ज्यादा स्पोर्ट्स, स्टेशनरी और मनीयारी का सामान था। लगभग 7-8 लाख रुपए का माल दुकान में भरा हुआ था। मैंने कोऑपरेटिव बैंक से 3 लाख की सीसी लिमिट दुकान के नाम से बनाई है। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट हो सकता है। क्योंकि मैंने 5 दिन पूर्व ही स्मार्ट विद्युत मीटर लगवाया था। आग भी मीटर से ही लगनी शुरू हुई है। हालांकि मीटर का नामोनिशान मिट गया है। कारण कुछ भी हो मगर एक स्व-रोजगार युवा का रोजगार स्वाह हुआ है। बैंक का कर्ज सिर पर है। वह बहुत परेशान हैं। पुलिस चौकी के कार्यवाहक प्रभारी दीपक ने बताया कि आग की खबर गश्त कर रहे हमारे पुलिस जवानों को लगी उन्होंने ही फायर ब्रिगेड को फोर पर बुलया। मगर आग अंदर ही फैल चुकी थी। पुलिस आग के कारणों की जांच कर रही है। विद्युत विभाग पंडोह के कनिष्ठ अभियंता ई कमलेश ने बताया कि आग कैसे लगी यह तो जांच का विषय है। मगर हम पीड़ित दुकानदार के प्रति अपना दुःख व्यक्त करते हैं। उन्होंने बताया कि नोटिफिकेशन के अनुसार अब कोई भी विद्युत मिटर घर अथवा दुकान के अंदर नहीं लगाया जाएगा, जिससे ऐसी घटनाओं को रोका जा सके और मिटर रिडर को भी समस्या ना आए। व्यापार मंडल पंडोह के प्रधान कुलदीप आनंद ने इस घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आग लगने के कारणों की जांच होनी चाहिए, ताकि भविष्य ऐसी घटनाओं से बचाव हो सके।

# सुखदेव ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से ली राय


कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के चंबा प्रभारी और लोकसभा सदस्य सुखदेव भगत ने भरमौर का दौरा किया।

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के चंबा प्रभारी और लोकसभा सदस्य सुखदेव भगत ने जनजातीय क्षेत्र भरमौर का दौरा किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। दौरे के दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोली और उन्हें संबोधित भी किया।

उन्होंने बताया कि वे कांग्रेस जिला अध्यक्ष के चयन के लिए लोगों की राय जानने आए हैं। इसके लिए उन्होंने पार्टी के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों से अलग-अलग मुलाकात की। सुखदेव भगत ने कहा कि वे राहुल गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे की अनुमति से आए हैं और ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के अधिवेशन में निर्णय लिया गया है कि वर्करों की सहमति से कमेटी का गठन किया जाएगा। इसके तहत जिला अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा, जिसमें आम लोगों की राय को भी महत्व दिया जाएगा। जिला अध्यक्ष का नियंत्रण दिल्ली से होगा। इसके बाद कांग्रेस स्तर की कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। इस अवसर पर महिला कांग्रेस, भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन और यूथ कांग्रेस के पदाधिकारियों से भी राय-मशविरा लिया गया। उन्होंने अलग-अलग कांग्रेस कार्यकर्ताओं से जिला अध्यक्ष के लिए उनकी राय जानी। कुछ कार्यकर्ताओं ने सरकार में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के काम न होने की शिकायत भी की। इस मौके पर पूर्व वनमंत्री ठाकुर सिंह भरमौरी, एपीएमसी अध्यक्ष ललित ठाकुर, मुख्यमंत्री के ओएसडी सौरभ चौहान और युवा नेता सुरजीत भरमोरी भी उपस्थित रहे।

### संपूर्ण जिला अध्यक्ष चयन प्रक्रिया पारदर्शी व लोकतांत्रिक होगी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता और सांसद सुखदेव भगत ने परिधि गृह, चंबा में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि कांग्रेस अब संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए पारदर्शी और लोकतांत्रिक बदलाव की दिशा में कदम बढ़ा चुकी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगामी जिला अध्यक्ष की नियुक्ति अब जनता और कार्यकर्ताओं की राय के आधार पर तय होगी, न कि बंद कमरों में। सुखदेव भगत ने बताया कि हाल ही में गुजरात में संपन्न एआईसीसी अधिवेशन में यह निर्णय लिया गया था कि पूरे देश में जिला अध्यक्षों की नई नियुक्ति प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, लोकतांत्रिक और सहभागिता आधारित होगी। अब केवल वरिष्ठ नेताओं की आपसी सहमति से अध्यक्ष नहीं चुना जाएगा। पार्टी हाईकमान द्वारा भेजे गए प्रवक्ता जिले में जाकर ब्लॉक स्तर के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और आम जनता से राय एकत्र करेंगे। सभी विचार प्राप्त करने के बाद ही योग्य नाम चुने जाएंगे और अंतिम निर्णय हाईकमान द्वारा किया जाएगा। सुखदेव भगत ने कहा कि जिला अध्यक्ष चयन का नया ढांचा यह सुनिश्चित करेगा कि नया अध्यक्ष ऐसा व्यक्ति हो जो प्रदेश नेतृत्व और आम जनता के बीच मजबूत सेतु का कार्य करे– जिम्मेदार, अनुभवी, प्रतिबद्ध और संगठनात्मक क्षमता से संपन्न। इच्छुक दावेदार अपना संगठनात्मक अनुभव, सामाजिक भूमिका और कार्यकाल से जुड़ी जानकारी फॉर्म के माध्यम से प्रस्तुत करेंगे। छांटकर तैयार की गई संभावित छह नामों की सूची हाईकमान को भेजी जाएगी।

# आयुक्त रमन घरसंगी ने पंचायतों को किया सतर्क, पांगी में आपदा तैयारी तेज


आवासीय आयुक्त रमन घरसंगी किलाड़ स्थित लाइब्रेरी हॉल में आकलन करते हुए।

**अनंत ज्ञान, पांगी**

ग्लेशियर झील के बढ़ते खतरे को देखते हुए पांगी प्रशासन सतर्क हो गया है। आवासीय आयुक्त रमन घरसंगी ने किलाड़ स्थित लाइब्रेरी हॉल में पंचायत प्रतिनिधियों की बैठक बुलाई और हालात का व्यापक आकलन किया।

आयुक्त ने बताया कि घेपांग घाट स्थित हिमनद झील पिछले तीन दशकों में लगातार फैल रही है, जो क्षेत्र के लिए गंभीर संकेत है। उन्होंने चेताया कि झील के अचानक टूटने पर शौर, पुर्थी के अजोग, छाऊ, साच और फिंडरु सहित डाउनस्ट्रीम क्षेत्रों में बाढ़ जैसी आपदा आ सकती है। रमन घरसंगी ने कहा कि खतरे को कम करने और आपात स्थिति में प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय लोगों को शीघ्र विशेष आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें अलर्ट प्रणाली, सुरक्षित निकासी मार्ग, सामुदायिक समन्वय और प्राथमिक प्रतिक्रिया की जानकारियां शामिल होंगी। आयुक्त ने पंचायत प्रतिनिधियों से अपील की कि वे ग्रामीणों को जागरूक करें, संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान सुनिश्चित करें और प्रशासनिक दिशानिर्देशों का पालन कराने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि सजगता और समय पर की गई तैयारी से संभावित आपदा के प्रभाव को काफी हद तक कम किया जा सकता है। बैठक में खंड विकास अधिकारी योगेश वर्मा, अधिशासी अभियंता जल शक्ति विभाग राम रत्न और विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## 17 वर्षीय किशोरी का अपहरण

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला पुलिस चंबा ने बुधवार को एक गंभीर मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना महिला एवं बाल सुरक्षा इकाई चंबा में एफआईआर नंबर 45/2025, धारा 137(2) के तहत एक अभियोग दर्ज किया। शिकायतकर्ता घिरधारी लाल ने पुलिस को बताया कि अज्ञात व्यक्ति उनकी 17 वर्षीय बेटी का अपहरण कर ले गया है।

शिकायत मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक चंबा ने बताया कि मामले को संवेदनशीलता से देखते हुए पुलिस टीमों को तुरंत सक्रिय कर दिया गया है और संभावित स्थानों पर तलाशी जारी है। इसके अलावा, जांच में तकनीकी साक्ष्य और स्थानीय इनपुट भी जुटाए जा रहे हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस थाना या डायल 112 पर दें, ताकि पीड़ित लड़की को सुरक्षित वापस लाया जा सके।

# खज्जियार में एचआरटीसी बसों की अनियमितता से ग्रामीणों में रोष

**अनंत ज्ञान, चंबा**



फाइल फोटो।

ग्राम पंचायत खज्जियार में बुधवार को हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) की बस तय समय पर न चलने के कारण ग्रामीणों में भारी रोष देखने को मिला। खज्जियार से बस का निर्धारित प्रस्थान समय सुबह 8:15 बजे था, लेकिन यात्री लगभग 10:00 बजे तक बस का इंतजार करते रहे, जिससे उन्हें गंभीर असुविधा का सामना करना पड़ा।

बस के समय पर न आने से नाराज ग्रामीणों ने इसकी शिकायत ग्राम पंचायत प्रधान देस राज शर्मा से की। प्रधान ने तुरंत आरएम चंबा से दूरभाष के माध्यम से संपर्क किया, लेकिन ग्रामीणों के अनुसार वहां से निराशाजनक जवाब मिला, जिससे लोगों का गुस्सा और बढ़ गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस रूट पर बसों की अनियमितता आम बात बन चुकी है। स्कूल जाने वाले बच्चे, बुजुर्ग, मरीज और रोजमर्रा के यात्री लगातार परेशानियों का सामना कर रहे हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि खज्जियार रूट पर बसों का संचालन समय पर सुनिश्चित किया जाए और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में भी इसी तरह की अनदेखी हुई तो वे आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेंगे। इस दौरान पवन कुमार, अनिल कुमार, नाथी राम, प्रवीण कुमार, सोनू कुमार, हंस राज, नीलम देवी और रीता कुमारी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# जल संचयन व वाटरशेड कार्यों को प्रोत्साहन

**अनंत ज्ञान, चंबा**


अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा ने जलग्रहण व वाटरशेड विकास कार्यों में जनभागीदारी बढ़ाने के लिए 'वाटरशेड महोत्सव 2025' के आयोजन की जानकारी दी। यह महोत्सव भूमि संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार और राज्य सरकार के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

अमित मैहरा ने बताया कि महोत्सव में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिनमें पूर्ण हो चुके वाटरशेड कार्यों का लोकार्पण, नए कार्य के लिए भूमि पूजन, जनभागीदारी 2025 की विजेता परियोजनाओं को पुरस्कार वितरण, श्रमदान और अन्य वाटरशेड कार्य शामिल होंगे। इसके साथ ही, जन जागरूकता बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को जल संचयन संरचनाओं जैसे चेक डैम, एनीकट, सीमेंट नाला बांध, स्टॉप डैम, फार्म तालाब, गैबियन संरचनाएं आदि के साथ-साथ बागवानी, कृषि और वानिकी गतिविधियों से संबंधित रील और फोटोग्राफ बनाने होंगे। प्रतिभागी अपनी सामग्री सोशल मीडिया पर पोस्ट करेंगे और हैशटैग #वाटरशेडमहोत्सव2025 का उपयोग अनिवार्य होगा। प्रतिभागियों को 12 नवंबर से 31 दिसंबर 2025 तक ऑनलाइन पंजीकरण करना होगा। पंजीकरण सफल होने पर उन्हें पुष्टिकरण मेल मिलेगा। प्रतियोगिता समाप्त होने के बाद 31 जनवरी 2026 तक व्यू, कमेंट और लाइक का स्क्रीनशॉट जमा करना होगा। रील में 50,000 रुपए और फोटोग्राफी में 1,000 रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि आईडब्ल्यूएमपी-डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई-1 और डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई-2 के तहत विकसित जल संचयन संरचनाओं की जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है। यह महोत्सव जल संचयन और सतत विकास में युवाओं और आम जनता की भागीदारी को बढ़ावा देने का अवसर है। यह कार्यक्रम न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देगा, बल्कि स्थानीय समुदायों को जल प्रबंधन और प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग में सक्रिय रूप से शामिल करने में मदद करेगा।

# नगर निगम की सख्ती: खलियार व पड्डल मार्केट में 15 दुकानदारों के किए चालान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



नगर निगम मंडी की टीम ने मंगलवार को गैर-बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए खलियार तथा पड्डल मार्केट में 15 दुकानदारों के चालान किए, जिसके दौरान कुल 5 किलोग्राम प्लास्टिक सामग्री भी जब्त की गई। जब्त की गई सामग्री में प्लास्टिक कैरी बैग, प्लास्टिक कप, प्लास्टिक प्लेट सहित अन्य प्रतिबंधित प्लास्टिक उत्पाद शामिल थे।

टीम ने स्पष्ट किया कि शहर में एसपीयू के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध है, बावजूद इसके बाजारों में इसका उपयोग लगातार बढ़ रहा था, जिसे रोकने के लिए यह अभियान तेज किया गया है। इसके अलावा टीम ने आज विक्टोरिया पुल के आसपास अवैध रूप से लगाई गई पांच रेहड़ियों को भी हटाकर जब्त कर लिया। निगम अधिकारियों का कहना है कि शहर की अन्य जगहों पर अवैध व बेसाइज रेहड़ियों को हटाने की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी, ताकि यातायात व्यवस्था, स्वच्छता और शहरी सौंदर्य को बनाए रखा जा सके। उन्होंने बताया कि यह अभियान आने वाले दिनों में और भी सख्ती के साथ चलाया जाएगा और किसी भी दुकानदार, रेहड़ी संचालक या व्यापारी को नियमों का उल्लंघन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। नगर निगम ने नागरिकों और व्यापारियों से भी अपील की है कि वे प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करें और स्वच्छ तथा सुरक्षित शहर बनाने में प्रशासन का सहयोग करें।

## कन्सा खड्ड के बीच सुरक्षा दीवार लगाने पर रोक की मांग

**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सीताराम वर्मा व उपाध्यक्ष देवी रूप सैनी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री व राजस्व मंत्री से मांग की है कि बल्ह क्षेत्र के कन्सा खड्ड में डीएवी स्कूल द्वारा लगाई जा रही बाउंड्री वाल के निर्माण पर तुरंत प्रभाव से रोक लगाई जाए। किसान नेताओं ने कहा कि इस दीवार के लगने से कन्सा मैदान का अस्तित्व ही मिट जाएगा तथा हजारों किसानों की उपजाऊ भूमि बंजर हो जाएगी। उन्होंने कहा कि डीएवी स्कूल को लीज पर कन्सा खड्ड में ही स्वीकृत कर दी गई है उसे रद्द कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि डीएवी स्कूल प्रशासन स्कूल भवन की सीध में ही पुल के पहले पिल्लर के बराबर दीवार लगता है तो किसी को कोई आपत्ति नहीं होगी और स्कूल की सुरक्षा भी हो जाएगी। किसान नेताओं ने कन्सा मैदान और किसानों की जमीन सुरक्षित करने की मांग की।

# नाचन में होगा चहुंमुखी विकास रुके कार्यों को मिलेगी गति

**आदर्श, अनंत ज्ञान**

**नेरचौक।** अनुसूचित जाति जनजाति विकास निगम के अध्यक्ष पद का विधिवत कार्यभार संभालने के बाद लाल सिंह कौशल ने अपने गृह विधानसभा क्षेत्र नाचन में बुधवार को एसडीएम कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ-साथ बिजली बोर्ड, कृषि विभाग एवं जल शक्ति विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ अलग-अलग बैठकें कीं। इन बैठकों में नाचन विधानसभा क्षेत्र के विकास और विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

विश्राम गृह बग्गी में जल शक्ति विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में पेयजल और सिंचाई योजनाओं को लेकर विशेष विचार-विमर्श हुआ। इस दौरान लाल सिंह कौशल ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि नाचन के विकास को प्राथमिकता के आधार पर तेज गति से आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा उन्हें अध्यक्ष पद सौंपकर जो मान-सम्मान मिला है, वह नाचन के प्रत्येक कार्यकर्ता का भी सम्मान है और वे पूरी निष्ठा के साथ इसका निर्वहन करेंगे। कौशल ने आगे कहा कि चरणबद्ध तरीके से सभी विभागों के अधिकारियों से बैठकें करने के उपरांत वे घर-घर जाकर लोगों की समस्याओं को सुनेंगे और उनका समाधान सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से भी आग्रह किया कि किसी को हताश या निराश नहीं होना चाहिए। उन्होंने आश्वस्त किया कि आगामी दो वर्षों में नाचन विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को और गति दी जाएगी और आम जनता को घर द्वार पर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। इस अवसर पर सिद्धू राम भारद्वाज, गोविंद ठाकुर, भादर सिंह, हरि सिंह, मुंशी राम, अजय आनंद, बासा पंचायत के प्रधान नानक चंद और 20 सूत्री कार्यक्रम के सदस्य संतराम सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बच्चों की प्रतिभा और प्रयासों की सराहना की

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला कल्याण विभाग मंडी के सौजन्य से पड्डल मैदान में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने की। उन्होंने दिव्यांग बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने के अवसर के रूप में इस दिन का महत्व बताया और नशा मुक्ति विषय पर बनाए गए पेंटिंग कार्यों की सराहना की। उपायुक्त ने बच्चों के उत्साह और प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रशासन भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों को लगातार प्रोत्साहित करेगा। उन्होंने सुझाव दिया कि अन्य स्कूलों के बच्चों को भी शामिल किया जाए ताकि समाज में समावेशिता, पारस्परिक समझ और सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित हो सके। कार्यक्रम में बच्चों और संस्थाओं ने सक्रिय भागीदारी दिखाई।

# यशपाल का साहित्य क्रांतिकारी साहित्य आज का समय क्रांति का समय नहीं: रेखा


यशपाल जयंती के अवसर पर आयोजित लेखक एवं कवि गोष्ठी में शामिल साहित्यकार-कवि।

**अनंत ज्ञान, मंडी**

भाषा एवं संस्कृति विभाग की ओर क्रांतिकारी लेखक यशपाल जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय लेखक गोष्ठी एवं कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिला भाषा अधिकारी रेवती सैनी ने बताया कि इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार एवं हिमाचल कला संस्कृति भाषा अकादमी की सदस्य रेखा वशिष्ट ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

इस अवसर पर अपने संबोधन में रेखा वशिष्ट ने कहा कि यशपाल के साहित्य का विचार क्रांति है, जिनके मन में क्रांति के प्रति उत्साह रहा है। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद भी यशपाल को उतना नहीं पढ़ा गया जितना प्रेमचंद और अन्य साहित्यकारों को पढ़ा गया। इन कारणों को जानना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि साहित्य को लेकर दो विचार एक साथ चलते हैं। जिसमें एक विचार है कि साहित्य अपने आपमें पूर्ण है, जबकि दूसरा विचार साहित्य जीवन के लिए होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यशपाल घोषित रूप से वामपंथी विचार के लेखक थे। उन्होंने कहा कि जब किसी विचारधारा के साथ प्रतिबद्धता को अलग नजरिए से देखेगा वह नजरिया पूर्ण नहीं होता है। वहीं पर विचार गोष्ठी में आधार प्रपत्र प्रस्तुत करते हुए साहित्यकार मुरारी शर्मा ने कहा कि प्रेमचंद के बाद यशपाल हिंदी के सुप्रतिष्ठित, प्रगतिशील कथाकार रहे हैं। उन्होंने क्रांति के साथ-साथ लेखन को जारी रखते हुए एक हाथ में बंदूक थामी तो साही कलम का दामन भी नहीं छोड़ा। उन्होंने कहा कि विप्लव पत्र के संपादन करते हुए यशपाल ने समाज के शोषित, उत्पीड़ित तथा सामाजिक बदलाव के लिए संघर्षरत रहे।

## दिव्यांग बच्चों के अधिकारों की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय कसाकड़ा में बुधवार को विश्व दिव्यांग दिवस उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम समग्र शिक्षा चंबा एवं नागराज रिहैबिलिटेशन सेंटर चंबा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि युगल किशोर पुरी ने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शुभकामनाएं दीं और उनके हौसले की सराहना की। जिला उपशिक्षा निदेशक भाग सिंह और सेवानिवृत्त एनएचपीसी अधिकारी ओम प्रकाश ठाकुर ने केंद्र को भविष्य में समर्थन देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की शुरुआत छात्रों द्वारा निकाली गई जागरूकता रैली और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई। समग्र शिक्षा टीम ने दिव्यांग बच्चों के अधिकारों, उपलब्ध सुविधाओं और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बच्चों का स्वास्थ्य मूल्यांकन किया और आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए। विद्यालय स्टाफ ने दिव्यांग छात्रों के लिए समावेशी वातावरण बनाने का संकल्प लिया।

# मंडी में राजनीतिक दुर्दशा की भरपाई के लिए बनाया जाए डिप्टी स्पीकर: चमन राही

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव व राज्य प्रवक्ता चमन राही ने प्रेस को जारी ब्यान में कहा कि विधानसभा के रिक्त पड़े डिप्टी स्पीकर पद पर शीघ्र ही ताजपोशी होनी चाहिए।

चमन राही ने कहा कि मंडी जिला के दस विधानसभा क्षेत्रों में से एक नौ पर हार के कारण और एक पर जीत दर्ज करने वाले एकमात्र विधायक चंद्रशेखर को मंडी जिला के जनहित को देखते हुए विधानसभा का डिप्टी स्पीकर बनाया जाना चाहिए।



चमन राही ने कहा कि गत एक सप्ताह से दो दर्जन स्वयंसेवी सगठनों, राजनीतिक विशलेषकों और जनता से चर्चा करने पर यही बात सामने की कांगड़ा के बाद मंडी दूसरा सबसे बड़ा जिला है, लेकिन यहां कांग्रेस के 9 विधायक हार चुके हैं, ऐसे में एकमात्र विधायक की ताजपोशी होना जरूरी है। चमन राही ने यह भी कहा कि सरकार ने जो भी बोर्डों व निगमों में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष बनाए हैं वह संवैधानिक पद पर नहीं आते हैं, ऐसे में मंडी जिला को कम से कम एक संवैधानिक पद दिया जाना जरूरी है। चमन राही ने कहा कि जन संकल्प रैली या उससे पहले ही इसकी घोषणा हो जानी चाहिए। चमन राही ने कहा कि जनता के साथ मिलकर मंडी जिला के विकास के लिए वह हर तरह की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हैं। जबकि आज दिन तक मंडी जिला से बड़े बड़े दिग्गज पंडित सुखराम, कौल सिंह ठाकुर, कर्मसिंह ठाकुर, रंगीला राम राव, महेंद्र सिंह, नत्था सिंह, चौधरी पीरू राम, दिले राम, अनिल शर्मा, रूप सिंह ठाकुर, मनसा राम, गुलाब सिंह, प्रकाश चौधरी, पूर्व सीएम जयराम ठाकुर रहे हैं और उनका मंडी जिला के विकास में विशेष योगदान रहा है। इसके साथ ही मंडी से चुन कर सांसद बने पूर्व केंद्रीय मंत्री वीरभद्र सिंह और पंडित सुखराम, रानी अमृतकौर, ललित सेन, गंगा सिंह, प्रतिभा सिंह और कंगणा रणौत ने भी मंडी के जीत दर्ज कर मंडी का नाम रोशन किया है और आज एक संवैधानिक पद मांगने के लिए सरकार की याचना करनी पड़ रही है।

# ड्रग्स तस्करी में पकड़े जाने वाले सरकारी कर्मचारी तत्काल होंगे बर्खास्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने कहा कि जिला प्रशासन ने ड्रग्स तस्करी के खिलाफ प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस पॉलिसी पर बेहद सख्ती से कार्य करना शुरू कर दिया है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई सरकारी कर्मचारी ड्रग्स से जुड़ी किसी भी गतिविधि में संलिप्त पाया गया है या उसके विरुद्ध एनडीपीएस अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज है, तो ऐसे कर्मचारी को तत्काल सेवा से हटाया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि यह नीति मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में चल रहे नशा उन्मूलन अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा है और सरकारी तंत्र को पूरी तरह स्वच्छ और जवाबदेह बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है।

डीसी अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई जिसमें उन विभागों के जिला प्रमुखों ने भाग लिया जिनके कर्मचारियों के विरुद्ध एनडीपीएस अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज है या ड्रग्स से जुड़े मामलों में संलिप्तता पाई गई है। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि इन कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की प्रक्रिया तेजी से पूरी की जाए, ताकि शेष मामलों में बर्खास्तगी शीघ्र सुनिश्चित हो सके। उन्होंने बताया कि जिले में जो सरकारी कर्मचारी ड्रग्स से संबंधित गतिविधियों में संलिप्त पाए गए हैं या जिनके विरुद्ध एनडीपीएस अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की गई है, उनमें से दो कर्मचारियों को सेवा से बरखास्त किया जा चुका है। उपायुक्त ने कहा कि नशारोधी अभियान में किसी भी स्तर पर समझौता नहीं होगा।

**HIMACHAL PRADESH BOARD OF SCHOOL EDUCATION, DHARAMSHALA-176213**

**EXPRESSION OF INTEREST (EOI)**

Expression of Interest is hereby invited **from authorized Tally partners/dealers/distributors** for the installation of **Tally software** in the Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE), Dharamshala.

The detailed proposal must reach the office of the Secretary, HPBOSE on or before **26/12/2025 at 2:00 P.M.**

The prescribed bid formats, along with the terms and conditions, can be obtained from the office of the Secretary, HPBOSE on or before 24/12/2025 during office hours.

**SECRETARY**

अनंत Classifieds

**नाम परिवर्तन**

**मैं, शेर सिंह** पुत्र झावे राम निवासी गाँव मातला, डाकघर खुहण, तहसील बालीचौकी, जिला मंडी हि.प्र. 175106, घोषणा करता हूं कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम जितेंद्र कुमार दर्ज है, जोकि गलत है। मेरा सही नाम शेर सिंह है। सभी संबंधित नोट करें।

**पानी** पीने में पात्र का विचार रखा जा सकता है, पानी पीना ही बंद कर दिया जाए, यह नहीं हो सकता ।

–सर्वदानन्द

## संपादकीय

# रैगिंग का चलन

भारत में रैगिंग पर सुप्रीम कोर्ट के 2001 के ऐतिहासिक फैसले के बाद से सख्त प्रतिबंध लागू है। यह एक आपराधिक अपराध है और दोषी पाए जाने पर छात्रों को कारावास, भारी जुर्माना और शैक्षणिक संस्थानों से निष्कासन जैसे कठोर दंड भुगतने पड़ सकते हैं। इसके बावजूद देश के किसी न किसी हिस्से से रैगिंग की शिकायतें लगातार सामने आती रहती हैं। ऐसा ही एक मामला हिमाचल प्रदेश के चंबा मेडिकल कॉलेज में सामने आया है, जिसने एक बार फिर सवाल खड़ा कर दिया है कि सुप्रीम कोर्ट के इतने स्पष्ट और कड़े दिशा-निर्देशों के बावजूद रैगिंग को रोकने में आखिर दिक्कत कहां आ रही है? क्या रैगिंग करने वालों को कानून का कोई खौफ नहीं रह गया है?

चंबा मेडिकल कॉलेज में प्रथम वर्ष के एक एमबीबीएस ट्रेनी ने अपने सीनियर्स पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत सामने आते ही कॉलेज प्रबंधन में हड़कंप मच गया और एंटी-रैगिंग कमेटी को तुरंत जांच के आदेश दे दिए गए। मामला अत्यंत संवेदनशील है, इसलिए कमेटी ने 13 ट्रेनी छात्रों से अलग-अलग पूछताछ कर तथ्य जुटाने शुरू कर दिए हैं, ताकि आरोपों की वास्तविकता सामने आ सके। जिस ट्रेनी छात्र ने आरोप लगाए हैं, उसके माता-पिता बेहद चिंतित हैं और उनका परेशान होना स्वाभाविक भी है। हर माता-पिता अपने बच्चे को एक सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण में पढ़ाई करने की उम्मीद से शैक्षणिक संस्थान भेजते हैं, लेकिन जब ऐसे मामले सामने आते हैं तो अभिभावकों का मन व्यथित होना स्वाभाविक है।

हिमाचल में यह पहला रैगिंग का मामला नहीं है। राज्य में इससे पहले भी कई बार रैगिंग की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। कभी स्कूलों में, कभी कॉलेजों में और कभी विश्वविद्यालयों में। कुछ समय पहले सोलन जिले की एक निजी विश्वविद्यालय में भी रैगिंग का एक गंभीर मामला सामने आया था, जिसमें सीनियर छात्रों ने जूनियर के साथ बेरहमी से मारपीट की थी। इस मामले में पांच छात्रों को गिरफ्तार किया गया था और विश्वविद्यालय प्रशासन ने उन्हें सस्पेंड भी किया था। इससे यह साफ होता है कि रैगिंग के खिलाफ कानून और आदेश होने के बावजूद व्यवहार में सख्त व्यवस्था अब तक विकसित नहीं हो पाई है। हाल ही में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के गर्ल्स हॉस्टल में भी एक छात्रा ने सीनियर छात्रा पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। यह घटनाएं बताती हैं कि रैगिंग अब केवल शारीरिक हिंसा तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि मानसिक उत्पीड़न भी इसका एक बड़ा रूप बन चुका है, जो छात्र-छात्राओं के मन पर गहरा असर डालता है।

रैगिंग का सबसे खतरनाक पहलू यह है कि यह पीडि़त के आत्मविश्वास, मानसिक स्वास्थ्य और भविष्य को बुरी तरह प्रभावित करता है। कई मामलों में छात्र डिप्रेशन में चले जाते हैं, भय के कारण पढ़ाई पर ध्यान नहीं दे पाते और कई बार आत्महत्या जैसे कदम तक उठा लेते हैं। कुछ वर्ष पहले टांडा मेडिकल कॉलेज में हरियाणा के एक छात्र ने रैगिंग से तंग आकर आत्महत्या कर ली थी। उस घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया था। उस छात्र के माता-पिता पर क्या बीती होगी, यह शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। उनके सपने, उनका भरोसा और उनका भविष्य सब एक क्षण में बिखर गया। इस एक घटना ने यह साबित कर दिया था कि रैगिंग किसी मजाक, परंपरा या जूनियर को सीखाने का तरीका बिलकुल नहीं है, बल्कि एक अत्यंत क्रूर मानसिक उत्पीड़न है, जो किसी के जीवन को तबाह कर सकता है।

यदि हिमाचल में रैगिंग की घटनाएं इसी तरह बढ़ती रहीं तो इसका सीधा असर प्रदेश की शिक्षा प्रणाली और उसकी साख पर पड़ेगा। बाहरी राज्यों से आने वाले छात्र और उनके माता-पिता यहां की सुरक्षा व्यवस्था पर भरोसा खो देंगे। इससे न केवल संस्थानों की प्रतिष्ठा को नुकसान होगा बल्कि प्रदेश में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और विविधता भी प्रभावित होगी। रैगिंग का बढ़ना इस बात का संकेत है कि एंटी-रैगिंग कानून और समितियां स, िय तो हैं, लेकिन उनका भय पर्याप्त स्तर पर नहीं है। संस्थानों में सतत निगरानी, सख्त अनुशासन और पारदर्शी जांच जरूरी है। नियमों का अनुपालन केवल कागजों में नहीं बल्कि व्यवहार और वातावरण में दिखना चाहिए। रैगिंग रोकने का सबसे महत्वपूर्ण तरीका है जीरो टॉलरेंस पॉलिसी को वास्तविकता में लागू करना। हर संस्था में एंटी रैगिंग कमेटी केवल नाम भर की न हो, बल्कि सक्रिय रूप से काम करे। सीसीटीवी निगरानी, हेल्पलाइन, मनोवैज्ञानिक काउंसलिंग और शिकायतकर्ता की गोपनीयता सुनिश्चित की जाए। सीनियर्स को यह स्पष्ट संदेश मिले कि रैगिंग का छोटा से छोटा अपराध भी उनके करियर को खत्म कर सकता है। इसके साथ-साथ छात्रों और शिक्षकों का व्यवहारिक प्रशिक्षण भी जरूरी है। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र | **आज की प्रमुख हस्ती**

## सादगीपूर्ण जननेता और लोकसभा अध्यक्ष

**ओम** बिड़ला (जन्म : 4 दिसंबर 1962, कोटा, राजस्थान) भारतीय राजनीति के उन नेताओं में शामिल हैं जिन्होंने संगठन से लेकर संसद तक अपने कार्यों की एक अलग पहचान बनाई है। वे 17वीं लोकसभा के अध्यक्ष हैं और कोटा-बूंदी लोकसभा सीट से तीन बार सांसद चुने जा चुके हैं। इससे पहले वे 2003, 2008 और 2013 में कोटा दक्षिण से विधायक रहे। उन्होंने एम कॉम की शिक्षा राजकीय कॉमर्स कॉलेज, कोटा और महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर से प्राप्त की। उनके पिता श्रीकृष्ण बिड़ला और माता स्व. शकुंतला देवी थीं। उनकी पत्नी डॉ. अमिता बिड़ला हैं और उनके चार बच्चे हैं।



**ओम बिड़ला**
**जन्म :** 4 दिसंबर,1962

उनका राजनीतिक जीवन 1978 में छात्र संघ अध्यक्ष बनने के साथ शुरू हुआ। इसके बाद वे भारतीय जनता युवा मोर्चा में सक्रिय हुए और कोटा जिले से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक विभिन्न पदों पर रहे। वे राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ, नई दिल्ली के वाइस चेयरमैन तथा वसुंधरा राजे सरकार में संसदीय सचिव भी रहे। 2014 में पहली बार सांसद बनने के बाद वे याचिका समिति, ऊर्जा संबंधी स्थायी समिति और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की सलाहकार समिति के सदस्य नियुक्त हुए।

सामाजिक क्षेत्र में ओम बिड़ला का योगदान उल्लेखनीय रहा है। उन्होंने विकलांग, कैंसर और थैलेसेमिया रोगियों के लिए सहायता कार्य, म चलाए। पर्यावरण संरक्षण हेतु 'ग्रीन कोटा अभियान' के अंतर्गत एक लाख से अधिक पौधे लगाने का अभियान शुरू किया। नेहरू युवा केंद्र के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को खेल और सांस्कृतिक मंच उपलब्ध कराने में उनका बड़ा योगदान रहा। 2019 में लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने के बाद उन्होंने सदन की कार्यवाही को अधिक व्यवस्थित, पारदर्शी और तकनीकी रूप से आधुनिक बनाने के प्रयास किए। अनुशासित बहस, जनभागीदारी और लोकतांत्रिक परंपराओं के सम्मान के लिए उनका कार्यकाल विशेष रूप से सराहा जाता है। ■



कविता

## अपने हैं

**मनीष कुमार, जयसिंहपुर**
**जिला कांगड़ा,हिमाचल प्रदेश**

**किश्ती** सबकी अपनी-अपनी और किनारे अपने हैं
ख्वाब सभी के अपने-अपने और सहारे अपने हैं
गम भी हैं तो गले लगा लें, भले बेचारे अपने हैं
लम्हा-लम्हा साथ सभी का मीठे खारे अपने हैं
रिश्तों से क्या करना शिकवा, सभी हमारे अपने हैं
रहकर दूर भी पास हैं लगते सूरज तारे अपने हैं
खून सभी में एक रंग का, मजहब सारे अपने हैं
समझो यारो बात समझ की यही इशारे अपने हैं।।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# उपेक्षित पुरातन धरोहरों का संरक्षण बेहद जरूरी

हिमाचल प्रदेश की समस्त देवभूमि पुरातन धार्मिक व पर्यटन स्थलों की दृष्टि से अटी पड़ी है। पश्चिमी हिमालय की गोद में स्थित हिमाचल प्रदेश प्राकृतिक सौंदर्य से लबालब देश के लिए एक अनूठा उपहार है, जहां सघन हरे-भरे जंगल, कलकल बहती नदियां,सुरम्य झरने, सुंदर व शांत झीलें, आकर्षक घाटियों के नयनाभिराम दृश्य व कुदरत द्वारा दिया गया स्वच्छ पर्यावरण,पुरातन धरोहरें और धार्मिक स्थल आदि देश-विदेश के पर्यटकों को अनायास ही अपनी ओर आकर्षित करतें हैं। इसलिए प्रतिवर्ष यहां सैलानियों की आवाजाही होतीं रहती हैं।



**तुलसी राम डोगरा**
**स्वतंत्र लेखक, पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

पुरातन धार्मिक,पर्यटन व अन्य धरोहरों को निहारने और उनका दीदार कर सैलानी अपने यादगार के लम्हों को बेशकीमती पन्नों में समेट लेते हैं। हिमाचल प्रदेश में अनेक पुरातन धरोहरें अपने कई दशकों के प्राचीन वजूद को आज भी यथावत बनाएं रखें हुए हैं। लेकिन, कुछ धरोहरों का अस्तित्व आज उनकी समुचित रख -रखाव और अनदेखी से महरूम होतीजा रही हैं। फलस्वरूप जिसके अनेक ऐसी पुरातन धरोहरें वर्तमान में जिस क्षितिज पर हैं वह जीर्ण- शीर्ण हो रही हैं। कुछ वर्ष पूर्व ऐतिहासिक इमारतों में शुमार गार्टन कैसल भवन की दो मंजिलें आग की भयानक लपटों से धू-धू कर थी। ब्रिटिश काल के समय 1904 में शिमला में बनी इस ऐतिहासिक भवन को शिमला की शान कहा जाता है।125 कमरे वाली इस इमारत को आग लगने से जहां भारी क्षति हुई थी, वहीं कला प्रेमियों को सही मायनों में इसके जल जाने से अत्याधिक दु:ख भी पहुंचा था। इस भयावह आग ने समस्त शिमला शहर को झकझोर कर रख दिया था। शायद यह घटना पिछले कई दशकों में शिमला शहर की सबसे बड़ी घटना थी। उस दौरान हेरिटेज भवनों की आग की सुरक्षा को लेकर कई सवाल उठने शुरू हो गए थे। गौथिक शैली के इस भवन की बालकनी में राजस्थानी शैली की नक्काशी की गई है। इसकी एक मंजिला में रोजवुड इस्तेमाल की गई थी,जिसे अंडमान से लाया गया था। उक्त इमारत से 1947 तक ब्रिटिश हुकूमत चलती रही। ब्रिटिश सरकार की ग्रीष्मकालीन राजधानी भी इसी इमारत में हुआ करती थी। यही नहीं, भारत सरकार का सचिवालय भी इसी भवन में हुआ करता था। 1947 के बाद एजी पंजाब व 1971 के पश्चात एजी हिमाचल का इस भव्य तथा कलात्मक इमारत में कार्यालय हुआ करता था। यह धरोहर देश की



सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। 19वीं शताब्दी में निर्मित गार्टन कैसल भवन में किसी समय देश की सरकार चला करती थी। इस भवन का नामकरण इसके मालिक गार्टन आईसीएस ने 1840 में किया था। उनकी मृत्यु के पश्चात यह भवन सर जेम्स वॉकर के पास रहा। लेकिन, शिमला की यह पुरातन बेशकीमती धरोहर कुछ वर्ष पूर्व आग की भेंट चढ़ गई।

आमिर खान की चर्चित फिल्म थ्री इडियट्स में गार्टन कैसल चांचड भवन के रूप में दिखा था। फिल्म में स्कैंडल पॉइंट पर चने बेचने वाले ने जिस इमारत की ओर इशारा कर चांचड भवन को दिखाया था, यह वही भवन है। सेना का वॉकर अस्पताल, केंद्रीय विद्यालय भवन, सेना की पुरातन मेस, पश्चिम कमान की इमारत व अन्य कुछ ऐतिहासिक व पुरातन धरोहरों आज भी विद्यमान हैं, जिन्हें सहेज के रखने की अति महत्ता है। कुछ वर्ष पूर्व इन इमारतों को संरक्षित रखने के लिए हेरिटेज कमेटी का गठन तो हुआ, मगर यह कमेटी कितनी कारगर सिद्ध हो पाई,यह आज भी यक्ष की तरह प्रश्न खड़ा हुआ है तथा भविष्य के गर्भ में समाहित है। हिमाचल प्रदेश में सैकेंडो ऐतिहासिक व प्राचीन किले, मंदिर, तालाब, महल और संग्रहालय हैं, जो सैलानियों के आकर्षण के केंद्र बिंदु हैं, जिन्हें देखकर देश-विदेश के पर्यटक एक अद्भुत सुकून-सा महसूस करते हैं। राज्य में अन्य कई ऐसे ऐतिहासिक व अनूठे पुरातन स्थल हैं जो राज्य की पारंपरिक कला- संस्कृति से न केवल जुड़े हुए हैं अपितु अपने साथ कई स्मृतियों, इतिहास, संस्कृतियों व अनूठी कला को भी अक्षुण्ण रखे और संजोए हुए हैं। प्राचीन शैली में निर्मित अनेक पुरातन मंदिर,भवन व महल भित्ति कीमती लकड़ी से बने हुए हैं और आज भी यथावत विद्यमान हैं। कला प्रेमी तो यहां यकायक इनके आच्छादित व अद्भुत नैसर्गिक सौन्दर्य के दीवाने हो जाते हैं। प्रदेश में स्थापित भूरी सिंह संग्रहालय, चंबा तथा कांगड़ा कला संग्रहालय में कई सदियों पुरानी कलाकृतियों, अभिलेखों व शिल्प वस्तुओ से सैलानी-शोधार्थी रू- ब-रू होते हैं। शिमला में ब्रिटिश शासन काल के दौरान बने हेरिटेज भवन इस दौरान भी पर्यटन की दृष्टि से अतीव महत्त्व रखते हैं,जिसका जीता- जागता उदाहरण विश्व प्रसिद्ध गेयटी थियेटर जो 1837 में केवल ड्रामा क्लब के रूप में स्थापित हुआ था और उस समय वायसराय इसमें बैठकें लिया करते थे,यह आज भी अपने अस्तित्व को बनाये हुए है। अधिकांश विदेशी जहां पहाड़ों की रानी शिमला के दीदार के लिए आते हैं, वहीं इन प्राचीन विरासतों को निहार कर आनंदित हो जाते हैं। लेकिन, पहाड़ों की रानी शिमला में ब्रिटिशकाल की ऐतिहासिक इमारतें जिनमें एडवांस स्टडी, गेयटी थिएटर और रेलवे बोर्ड आदि इमारतों को सहेज कर रखने की आज समय की पुकार है। क्योंकि इससे पूर्व कनेडी हाउस, क्लब लाज, जानकीदास भवन, वॉकर अस्पताल, रीगल सिनेमा जैसी अनेकों इमारतें किसी कारणवश आग की भेंट चढ़ चुकी हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# अब स्वदेशी ध्वज के साथ मनाया जाता है भारतीय नौसेना दिवस

शं नो वरुण: का तात्पर्य है, जल के देवता वरुण हमारे लिए मंगलकारी रहें। यह भारतीय नौसेना का आदर्श वाक्य है, जो %तैत्तिरीय उपनिषद्% से लिया गया है। वरुण देव को जल का देवता माना जाता है। बांग्लादेश लिबरेशन वॉर (बांग्लादेश मुक्ति संग्राम) में 4 दिसंबर सन् 1971 को भारतीय नौसेना ने आपरेशन ट्राइडेंट के अंतर्गत पाकिस्तान के कराची नौसैनिक अड्डे पर भयंकर आ, मण करके ध्वस्त कर दिया था, साथ ही 4 जहाज समुद्र में डुबो दिए एवं 2 जहाज नष्ट कर दिए थे, भारतीय नौसेना को कोई क्षति नहीं पहुंची थी। गौरतलब है कि इस आ, मण में न केवल पाकिस्तान की आधी नौसेना का विध्वंस हुआ था, वरन् अर्थव्यवस्था की भी कमर टूट गई थी। इसलिए 4 दिसंबर को भारतीय नौसेना दिवस के रूप में चुना गया, जिसे ऑपरेशन ट्राइडेंट के नाम से जाना जाता है। सन् 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के समय इसी दिन भारतीय नौसेना ने अपने सबसे बड़े अभियानों में से एक को अंजाम दिया और युद्ध में जीत सुनिश्चित की। 3 दिसंबर, 1971 की शाम पाकिस्तानी वायुसेना ने छह भारतीय हवाई अड्डों पर हमला किया। रात को तीन भारतीय युद्धक जहाजों- आईएनएस निर्घाट, आईएनएस निपाट और आईएनएस वीर ने मुंबई से कराची की ओर प्रस्थान किया। इन जहाजों ने दो पनडुब्बी रोधी युद्धपोतों- आईएनएस किल्तान और आईएनएस कैट्चाल के साथ मिलकर ट्राइडेंट टीम बनाई।



**डॉक्टर मयंक**
**इतिहास के प्रवक्ता**

4 दिसंबर सन् 1971 की रात इस अभियान के तहत भारतीय बेड़े ने चार पाकिस्तानी जहाजों को डुबो दिया और दो जहाजों को नष्ट कर दिया। कराची बंदरगाह और ईंधन डिपो को भारी नुकसान पहुंचाया। खास बात यह रही कि भारतीय नौसेना को किसी तरह की क्षति नहीं हुई। इसलिए आज का दिन जल सेना दिवस के रुप में नियत किया गया है। युद्ध आगे बढ़ा, पाकिस्तान ने अमेरिका से 10 वर्षों के लिए उधार ली पनडुब्बी पीएनएस गाजी को भारत के जहाजी बेड़े आईएनएस वि, ांत को नष्ट करने के लिए भेजा तब आईएनएस राजपूत को वि, ांत का स्वरुप देकर आगे बढ़ाया गया। आखिरकार राजपूत ने गाजी को खोज लिया और काल की तरह ऐसा टूटा कि गाजी पनडुब्बी स्वाहा हो गई।




आपरेशन ट्राइडेंट और आपरेशन पायथन के अंतर्गत एडमिरल कुरुविल्ला और वाइस एडमिरल कोहली के नेतृत्व में नेवी ने कहर बरपाया। 10 पाकिस्तानी युद्धपोत दफन कर कराची बेस के चिथड़े उड़ा दिए थे। पाकिस्तान की आधी नेवी तबाह हो गयी थी। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था की कमर टूट गई थी। सन 1972 से प्रतिवर्ष 4 दिसंबर को जल सेना दिवस मनाया जाने लगा था परंतु नौसेना का ध्वज तो विदेशी ही था, इसलिए सन 2022 में स्वाधीनता के अमृत महोत्सव के आलोक में स्वाधीनता से स्वतंत्रता की ओर प्रस्थान करते हुए, एक और दासता के प्रतीक को समाप्त कर दिया गया है। भारतीय नौसेना को मिला नया ध्वज।

भारतीय नौसेना को 2 सितम्बर 2022 क़ो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नया ध्वज प्राप्त हुआ और औपनिवेशिक रायल नेवी का अंतिम प्रतीक समाप्त कर दिया गया। ध्वज का अनावरण कोच्चि में स्वदेशी विमान वाहक- 1(आई.ए.सी.) को आईएनएस विक्रांत को नौसेना में सम्मिलित करने दौरान हुआ है। एक सेंट जार्ज के , स को दर्शाने वाली लाल पट्टी को अब छत्रपति शिवाजी महाराज की राजकीय मुहर के निशान से बदला गया है। नए ध्वज के ऊपरी कोने पर भारत के राष्ट्रीय तिरंगे झंडे और अशोक चिन्ह को यथास्थिति रखा गया है। छत्रपति शिवाजी महाराज की राजकीय मुहर को नीले और सोने के अष्टकोण के साथ दर्शाया गया है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# लार्ड इरविन पर बम फेंकने वाला हिमाचल का लाल क्रांतिकारी यशपाल

प्रसिद्ध क्रांतिकारी साहित्यकार यशपाल का जन्म 3 दिसंबर, 1903 को माता प्रेम देवी व पिता हीरा लाल खत्री के यहां पंजाब के फिरोजपुर छावनी में हुआ था।

पिता उस समय कांगड़ा जिले के अंतर्गत आने वाले हमीरपुर के भूंपल गांव में दुकानदारी के साथ तहसील स्तर के हर कार्य करते थे और रोजी रोटी के लिए उन्हें अक्सर घर से बाहर भी जाना पड़ता था।

माता घर के कार्य के साथ स्कूल में अध्यापिका का कार्य भी करती थी। पिता की आकस्मिक मृत्यु के पश्चात परिवार की देखभाल का सारा बोझ माता प्रेम देवी पर ही आ गया था, फलस्वरूप दोनों बेटों की देखभाल का जिम्मा इन्हीं (माता) पर आ गया था।



**डॉ. कमल के प्यासा**
**लोअर समखेतर, मंडी**

इसी कारण घरेलू आर्थिक स्थिति को देखते हुए पढ़ाई के लिए यशपाल को हरिद्वार के गुरुकुल कांगड़ी पाठशाला में पढ़ने को भेज दिया गया था। गुरुकुल कांगड़ी पाठशाला से ही यशपाल में देश भक्ति की भावना व क्रांतिकारी विचारों की लौ प्रज्वलित हुई थी, क्योंकि यहीं पर उन्होंने अंग्रेजों के अत्याचारों की कहानियों के साथ ही साथ उनके द्वारा किए जाने वाले हीन व्यवहारों के बारे में कई तरह की जानकारियां हासिल की थीं, जिनसे उनके अंदर अंग्रेजों के प्रति विद्रोह की भावना पैदा हो गई थी।

लाहौर नेशनल कॉलेज में अपनी शिक्षा के मध्य ही, यशपाल का परिचय कॉलेज के अन्य साथियों के साथ ही साथ अपनी रुचि के साथियों में सरदार भगत सिंह, सुखदेव थापर भगवती चरण बोहरा से भी हो गया था, क्योंकि यशपाल की विचारधारा भी इन सभी मित्रों की समाजवादी व मार्क्सवादी विचारों से मेल खाती थी।

यशपाल शुरू से ही राष्ट्रीय चेतना से प्रेरित रहे और किशोरावस्था में ही बड़े नेताओं के भाषण सुनने लगे थे। वर्ष 1921 में, मात्र 18 वर्ष की आयु में वे महात्मा गांधी के संपर्क में आए और असहयोग आंदोलन में सक्रिय रूप से शामिल हुए, किंतु 1922 में आंदोलन वापस लेने पर उन्हें यह निर्णय स्वीकार नहीं हुआ और वे गर्म दल के क्रांतिकारियों के साथ जा जुड़े। वर्ष 1928 में गठित हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन (एचएसआरए) में वे सदस्य बने। 1929 में लाहौर स्थित एचएसआरए कार्यालय पर छापे के बाद कई क्रांतिकारी पकड़े गए। यशपाल कुछ समय अपने गांव गए, फिर पुन: लाहौर लौटकर संगठन के मुखिया बने और वकील बनकर भगत सिंह से जेल में मिले। सहारनपुर की बम फैक्टरी पकड़े जाने और विश्वासघात की घटनाओं के बीच, 23 सितंबर 1929 को उन्होंने लार्ड इरविन पर बम फेंका, परंतु इरविन बच गया। इसका परिणाम यह हुआ कि भगत सिंह और सुखदेव गिरफ्तार हुए तथा आजाद शहीद हो गए। 1932 में यशपाल भी मुठभेड़ के बाद पकड़ लिए गए और उन्हें 14 वर्ष की सजा मिली। छह वर्ष बाद रिहा हुए, पर उनके पंजाब प्रवेश पर प्रतिबंध लगा रहा। जेल में ही उनकी भेंट क्रांतिकारी प्रकाशवती से हुई और 7 अगस्त 1936 को दोनों ने विवाह किया। जेल में उन्होंने अनेक भाषाएं सीखीं और साहित्य लेखन प्रारंभ किया, जो रिहाई के बाद और अधिक विकसित हुआ। उनकी विचारधारा मार्क्सवादी थी; उन्होंने 'कर्मयोगी', 'विप्लव' तथा अन्य पत्रों का संपादन किया। 1941 में 'विप्लव कार्यालय' और 1944 में 'साथी प्रेस' की स्थापना की। स्वतंत्रता के बाद 'विप्लव' पुन: निकाला गया, पर 1949 में फिर प्रतिबंधित हुआ और वे गिरफ्तार हुए। यशपाल ने कहानी, उपन्यास, यात्रा-वृतांत, निबंध, वैचारिक साहित्य, डायरी आदि अनेक विधाओं में उल्लेखनीय लेखन किया। उनकी भाषा खड़ी बोली पर आधारित होते हुए भी देशज, विदेशी और बोलचाल के शब्दों से सजी है, और उनकी रचनाओं में सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक प्रश्नों का मार्क्सवादी विश्लेषण दिखाई देता है। उनकी साहित्यिक और क्रांतिकारी सेवाओं के लिए उन्हें पद्म भूषण (1970), साहित्य अकादमी पुरस्कार (1976) सहित अनेक सम्मान प्राप्त हुए। क्रांतिकारी साहित्यकार यशपाल को उनकी जयंती पर सादर नमन।



**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# मानवाधिकारों के लिए अभूतपूर्व बलिदान का एक स्वर्णिम अध्याय

17वीं शताब्दी में मुगल बादशाह औरंगजेब के शासनकाल में हिंदुओं का जबरन इस्लाम में धर्मांतरण, मंदिरों का विध्वंस और जजिया (गैर-मुसलमानों पर कर) लगाना आम बात थी। औरंगजेब भारत को एक इस्लामी राज्य बनाने पर तुला हुआ था और उसने आदेश दिया था कि अगर हिंदू इस्लाम स्वीकार नहीं करते हैं तो उन्हें सताया जाएगा।

उसके आदेश पर, जब कश्मीर के मुगल गवर्नर इफ्तिखार खान ने कश्मीरी पंडितों को चेतावनी दी कि वे या तो इस्लाम अपना धर्म स्वीकार कर लें या फिर मौत के घाट उतर जाएं, तो पंडित कृपा राम के नेतृत्व में कश्मीरी पंडित सिखों के नौवें गुरु, गुरु तेग बहादुर साहिब से मदद मांगने आनंदपुर साहिब गए।



**हरप्रीत कौर बवेजा**
**एसोसिएट प्रोफेसर, अंग्रेजी**

शक्तिशाली लोगों के अत्याचारों और उत्पीड़न के विरुद्ध कमजोरों का साथ देना और उनकी रक्षा करना, प्रथम गुरु, गुरु नानक देव जी के समय से ही सभी सिख गुरुओं का सिद्धांत रहा है।

कश्मीरी पंडितों की जीवन-रक्षा की सारी आशाएं गुरु नानक देव जी के दर पर टिकी थीं, इसलिए जब उन्होंने आनंदपुर साहिब में गुरु तेग बहादुर जी के समक्ष अपनी धार्मिक पहचान खोने या मुगलों द्वारा नस्लीय सफाई का सामना करने की अपनी पीड़ा और भय व्यक्त किया, और गुरु से हस्तक्षेप और सहायता की याचना की, तो गुरु तेग बहादुर जी गंभीर चिंतन और चिंता में डूब गए।

उन्हें इस अवस्था में देखकर उनके नौ वर्षीय पुत्र गोबिंद राय ने उनकी चिंता का कारण जानने की इच्छा जाहिर की; गुरु साहब ने अपने पुत्र से कहा कि कश्मीरी पंडितों की रक्षा के लिए एक अत्यंत महान आत्मा के बलिदान की आवश्यकता होगी, जिस पर गोबिंद राय ने तुरंत कहा कि इस बलिदान को देने के लिए स्वयं गुरु तेग बहादुर से अधिक महान आत्मा कोई नहीं हो सकती। एक नौ वर्षीय बालक द्वारा अपने पिता को दूसरों के जीवन की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने के लिए प्रेरित करना साहस और बलिदान का एक अभूतपूर्व कार्य है। गुरु तेग बहादुर जी ने अपने पुत्र गोबिंद राय के सुझाव पर कश्मीरी पंडितों की रक्षा हेतु स्वयं बलिदान देने का निश्चय किया और संदेश भिजवाया कि यदि औरंगजेब उन्हें धर्म बदलवा सके तो वे इस्लाम स्वीकार कर लेंगे, अन्यथा पंडितों को छोड़ना होगा। गुरुपद अपने पुत्र को सौंपकर वे पांच सिख साथियों के साथ आनंदपुर साहिब से रवाना हुए और जुलाई 1675 में रोपड़ के पास गिरफ्तार कर लिए गए। महीनों कैद रखने के बाद उन्हें चांदनी चौक लाया गया जहां औरंगजेब ने उन्हें प्रलोभनों और तर्कों के माध्यम से धर्म परिवर्तन के लिए बाध्य करना चाहा, पर गुरु जी न्याय और मानवता की रक्षा के अपने संकल्प पर अटल रहे।




भय उत्पन्न करने के लिए उनके तीन शिष्यों-भाई मति दास, भाई सती दास और भाई दयाला को क्रूर यातनाओं के साथ शहीद किया गया, फिर भी गुरु जी अपने सिद्धांतों से नहीं डिगे। 11 नवंबर 1675 को उन्होंने शांत भाव से फांसी स्वीकार कर ली। भाई जैता जी उनका पवित्र शीश आनंदपुर पहुंचा लाए, जबकि लखी शाह वंजारा ने शरीर को बचाकर चिता का संस्कार किया।

उनकी शहादत ने न केवल पंडितों को निर्दय धर्मांतरण से बचाया बल्कि विश्व को धार्मिक स्वतंत्रता, मानवाधिकार, साहस, सत्य और कमजोरों की रक्षा का अमर संदेश दिया। शीश गंज, रकाब गंज और आनंदपुर साहिब में बने गुरुद्वारे आज भी उनके अद्वितीय बलिदान की स्मृति में मानवता को प्रेरणा देते हैं।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
**ई-मेल :** anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### बच्चों ने विभिन्न स्पर्धाओं में दिखाया कौशल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला बनांदर में शिक्षा खंड चौंतड़ा-द्वितीय के तहत अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड प्राथमिक शिक्षा अधिकारी बलवंत सिंह ने की। इस अवसर पर प्री-प्राइमरी से वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं तक के 13 विशेष आवश्यकता वाले बच्चों ने पेंटिंग, नृत्य, चम्मच दौड़ और म्यूजिकल चेयर जैसी विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का सराहनीय प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि ने सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाया। आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय विद्यालय के स्टाफ, अन्य स्कूलों से आए मिड-डे मील कार्यकर्ताओं और बुनियादी शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

### चौंतड़ा में प्रीमियर लीग सीजन-2 का आगाज

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** स्थानीय खेल मैदान में बुधवार को चौंतड़ा प्रीमियर लीग सीजन-2 का भव्य शुभारंभ हुआ। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन जिला मंडी के अध्यक्ष अजय राणा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। आयोजकों ने मुख्य अतिथि का सम्मान कर उनका स्वागत किया।प्रतियोगिता के आयोजक नीरज शर्मा ने बताया कि इस बार लीग में लगभग आठ टीमें भाग ले रही हैं। विजेता टीम को 2 लाख रुपए जबकि रनरअप टीम को 1 लाख रुपए की नगद राशि प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अजय राणा ने कहा कि खेल को हमेशा खेल भावना से खेलना चाहिए। उन्होंने युवाओं को खेल गतिविधियों में अधिक से अधिक भाग लेने, नशे से दूर रहने और समाज के जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान क्रिकेट आयोजकों ने चौंतड़ा में क्रिकेट का सब-सेंटर स्थापित करने की मांग मुख्यातिथि के समक्ष रखी। अजय राणा ने इस मांग को स्वीकार करते हुए आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने का आश्वासन दिया।

### छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मोहा मन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुठेहड़ा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में जोगिंद्रनगर के तहसीलदार रजत सेठी मुख्य अतिथि रहे। दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रधानाचार्या सरिता ठाकुर ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। छात्रों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी को प्रभावित किया। मुख्य अतिथि ने शैक्षणिक व सह-शैक्षणिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों और शिक्षकों को पुरस्कृत किया। अपने संबोधन में तहसीलदार रजत सेठी ने विद्यालय को गोद लेने की घोषणा की, जिस पर उपस्थित अभिभावकों, स्टाफ और समिति सदस्यों में खुशी की लहर दौड़ गई। सभी ने उम्मीद जताई कि इस पहल से विद्यालय को और बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

### लाभार्थियों व परिवहन व्यवस्थाओं की ली समीक्षा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** एसडीएम सरकाघाट राजेन्द्र कुमार गौतम ने 11 दिसंबर को मंडी में आयोजित होने वाले आत्मनिर्भर हिमाचल जन संकल्प सम्मेलन के लिए उपमंडल के लाभार्थियों तथा उनकी परिवहन व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सम्मेलन में भाग लेने वाले सभी लाभार्थियों के लिए सुविधाजनक परिवहन और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। एसडीएम ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार अपने तीन वर्ष पूरे करने जा रही है और इसी उपलक्ष्य में आयोजित सम्मेलन में आत्मनिर्भर हिमाचल के आगामी दो वर्षों के विज़न को साझा किया जाएगा। बैठक में विभागाध्यक्षों ने तैयारियों, लाभार्थियों के लिए विशेष राहत पैकेज 2025 तथा विभिन्न विभागीय योजनाओं पर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। बैठक में कई विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### एनएसएस युवा नेतृत्व शिविर में चमकी छाया देवी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नबाही की कक्षा 12वीं की प्रतिभावान छात्रा कुमारी छाया देवी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के युवा नेतृत्व शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और आत्मविश्वास का परिचय दिया। यह शिविर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बाल) सुंदरनगर में आयोजित हुआ, जिसमें मंडी जिला के लगभग 450 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर छाया देवी का चयन प्रतिष्ठित पूर्व गणतंत्र शिविर के लिए किया गया है, जो 14-15 दिसंबर को ऊना में आयोजित होगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश पठानिया ने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों अमिता शर्मा व राजेंद्र वर्मा के मार्गदर्शन को श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय और क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।

### प्यार चंद को दूसरी बार मिली अध्यक्ष की कमान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** इंडियन एक्स-सर्विस लीग आईईएसएल सरकाघाट यूनिट का चुनाव निजि होटल सरकाघाट में संपन्न हुआ। यह चुनाव आईईएसएल एसपी धर्मशाला के आदेशानुसार लेफ्टिनेंट कर्नल खेम सिंह मंधोत्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आईईएसएल धर्मशाला की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। चुनाव में लगभग 200 पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण और पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई। सभी सदस्यों की एक राय होने के बाद ऑनरेरी कैप्टन प्यार चंद को निर्विरोध चेयरमैन, ऑनरेरी कैप्टन हुकम चंद को वरिष्ठ वाईस चेयरमैन ऑनरेरी कैप्टन हुकम चंद को कोषाध्यक्ष, ऑनरेरी कैप्टन रघुवीर सिंह को सचिव, ऑनरेरी कैप्टन बलदेव राज को सचिव चुना गया। चुनाव के समापन पर अध्यक्षता कर रहे ले. कर्नल मंधोत्रा ने सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी और संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया।

### दिव्यांग प्रशिक्षुओं ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर आईटीआई पीडब्ल्यूडी सुंदरनगर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जेपी निदेशक तकनीकी शिक्षा ललित कुमार शर्मा रहे। उन्होंने दिव्यांगजन की क्षमताओं को निखारने में तकनीकी शिक्षा के महत्व पर जोर दिया और आईटीआई सुंदरनगर द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं की प्रशंसा की। प्रधानाचार्य विजय कुमार चौधरी ने बताया कि यह उत्तर भारत का एकमात्र आईटीआई है जो दिव्यांग बच्चों को तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करता है। कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं ने नाटी, लुड्डी, भांगड़ा और ग्रुप सॉन्ग जैसी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से अपनी प्रतिभा दिखाई। इस अवसर पर आईएमसी अध्यक्ष गुरु देवेंद्र पाल सिंह और अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### माहूंनाग तरौर के देवता का किया स्वागत



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** दो दिसंबर की रात को माहूंनाग तरौर पहुंचे श्री देव माहूंनाग तरौर का लोगों ने रात 7 बजे फूल-मालाओं सहित भव्य स्वागत किया। देवता के स्वागत उपरांत श्रद्धालुओं के घर में जागरण का आयोजन हुआ, जिसमें माहूंनाग भजन मंडली के कलाकारों ने भेंटों और भजनों का रसपान कराया। भजन मंडली के मुख्य कलाकार दीनानाथ शर्मा, सुंदर ठाकुर, शुभम नेगी और लाभचंद ने अपने सुरों और प्रस्तुति से लोगों को नाचने पर मजबूर कर दिया। श्रद्धा और उल्लास से भरी यह रात्रि भक्तों के लिए अविस्मरणीय बनी रही। देवता के गूर डिकपाल शर्मा ने बताया कि देवता इस घर में तीसरी बार पहुंचे हैं और उनका आगमन परिवार तथा गांव के लिए शुभ माना जाता है। आज देवता अपने मूल स्थान के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां वापसी पर साहल में उन्हें चाय-पान कराया जाएगा।

### एकादश रुद्र मंदिर घाट पर ब्यास आरती आज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** ब्यास घाट के पास स्थित एकादश रुद्र मंदिर मंडी की ओर से वीरवार को पूर्णिमा व्रत के पावन अवसर पर ब्यास आरती का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह धार्मिक आयोजन शाम पौने छह बजे (5:45 बजे) रुद्र मंदिर की ओर से रुद्रघाट पर आयोजित होगा। मंदिर के पुजारी सत्युंजय ने बताया कि यह आयोजन हर महीने पूर्णिमा के दिन ब्यास घाट पर किया जाता है। आरती के दौरान डोनों (छोटे पत्तों के पात्र) में दीपक जलाकर आरती की जाती है। उन्होंने बताया आरती के पश्चात डोने में जलते हुए दीपक को ब्यास नदी की जल धारा में प्रवाहित करने का विशेष महत्त्व रहता है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से इस धार्मिक आयोजन में दीप दान करने का आह्वान किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आरती के लिए डोने का प्रबंध मंदिर की ओर से ही किया जाता है, इसलिए श्रद्धालुओं को अपने साथ डोने लेकर आने की आवश्यकता नहीं है। आरती और दीप दान के इस कार्यक्रम के संपन्न होने के बाद मंदिर में फलों का प्रसाद वितरित किया जाएगा।

# गंदगी की मार झेल रहा महादेव

## प्राचीन शिव मंदिर परिसर में बढ़ती अव्यवस्था से श्रद्धालुओं में रोष

**भीम बसेडू राजपूत, अनंत ज्ञान**

अनंत ज्ञान मुद्दा

**महादेव।** आध्यात्मिक शांति और प्राचीन सांस्कृतिक वैभव के लिए विख्यात शिव भूमि महादेव इन दिनों गंदगी, अव्यवस्था और गंभीर प्रदूषण की चपेट में आकर अपनी पहचान खोने के कगार पर पहुंच गई है। महादेव के नाम से जानी जाने वाली इस ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थली पर तरह-तरह की बदबू मारती गंदगी ने मानो ग्रहण लगा दिया है।

मंदिर परिसर का बाहरी बड़ा हिस्सा प्लास्टिक, सड़ रहे कचरे और हवा में जहर घोलती सामग्री के ढेरों से पट चुका है, जिससे पूरा वातावरण दूषित हो गया है। शिव मंदिर गेट के साथ बहती दुर्गंधयुक्त नाली रोजाना मुख्य मार्ग पर आने-जाने वालों को नाक ढककर गुजरने पर मजबूर कर रही है। वहीं खाली पड़े स्थानों पर जमा कूड़े-कचरे पर आवारा पशु और अन्य जानवर मुंह मारते रहते हैं, जिससे गंदगी और अधिक फैल रही है। लगातार पहुंचने वाले श्रद्धालु इस बदहाली को देखकर हैरान और दूषित वातावरण से परेशान हैं, क्योंकि स्वच्छता बनाए रखने की दिशा में कोई प्रयास नजर नहीं आ रहा, जिससे स्थिति दिन-प्रतिदिन चिंताजनक होती जा रही है। श्रद्धालु—केशव, तारापति, अजय कुमार, भावना चौहान, ज्योति, बिहारी, अंजना, करतार सिंह आदि का कहना है कि महादेव में पहले कभी ऐसी दुर्दशा नहीं देखी गई थी। जहां कूहल में ताम्रकूट पर्वत स्थित प्राकृतिक जल स्त्रोत जन्मजोगी का निर्मल जल बहा करता था, वहां अब संबंधित विभाग की नाली से मात्र तरल गंदगी बह रही है। मंदिर परिसर और मुख्य मार्ग पूरी तरह कूड़े-कचरे से अटा पड़ा है, और उठती बदबू ने पूरे वातावरण को नरक जैसा बना दिया है। श्रद्धालुओं का कहना है कि इस स्थिति को सुधारने के लिए संबंधित विभागों को तुरंत प्रभावी कदम उठाने की सख्त जरूरत है। लोगों ने उपायुक्त मंडी से मांग की है कि बढ़ती प्लास्टिक और अन्य गंदगी डालने वालों पर शीघ्र कठोर कार्रवाई की जाए तथा इस पवित्र स्थल की गरिमा और स्वच्छता को पुन: स्थापित किया जाए।



महादेव मंदिर परिसर में फैली गंदगी और अव्यवस्था से श्रद्धालु परेशान।

> **प्लास्टिक** का कचरा फैलाने पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। मंदिर कमेटी इस पर विशेष ध्यान दे और गंदगी फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाए।
>
> **-अपूर्व देवगन, डीसी मंडी।**

# उत्तराखंड सचिव ने हिमाचल में किया एनएचएआई के कार्यों का निरीक्षण



एनएचएआई के कार्यों का निरीक्षण करती हुई उत्तराखंड से आई टीम।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**मंडी।** हिमाचल में एनएचएआई द्वारा किए जा रहे महत्वपूर्ण फोरलेन निर्माण कार्यों का उत्तराखंड लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. पंकज कुमार पांडे ने दो दिवसीय दौरे के दौरान निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने परवाणू-शिमला और कीरतपुर-मनाली फोरलेन मार्ग का दौरा कर निर्माण कार्यों और तकनीकी उपायों का अध्ययन किया।

टीम ने पहाड़ी क्षेत्रों में राजमार्ग, फ्लाईओवर और टनल निर्माण में इस्तेमाल होने वाली अत्याधुनिक तकनीक को देखा और समझा कि एनएचएआई किस प्रकार चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में कार्य कर रहा है। मंडी-मनाली मार्ग पर ब्यास नदी के साथ-साथ निर्माण कार्य की कठिनाइयों और उनके समाधान पर भी चर्चा हुई। डॉ. पंकज ने एनएचएआई के अधिकारियों का धन्यवाद करते हुए कार्यों की सराहना की।

इस अवसर पर उत्तराखंड और हिमाचल दोनों राज्यों के वरिष्ठ इंजीनियर और प्रोजेक्ट डायरेक्टर उपस्थित रहे। एनएचएआई की टीम ने हिमाचल में चल रहे फोरलेन, पुल और टनल निर्माण की पूरी जानकारी साझा की।

# राष्ट्रीय क्राफ्ट मेले की हिमाचली संध्या में अनुज शर्मा और खुशबू भारद्वाज ने बिखेरा सुरों का जादू



चंडीगढ़ में 15वें राष्ट्रीय क्राफ्ट मेले की पांचवीं संध्या के दौरान कलाकारों को सम्मानित करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

15वें राष्ट्रीय क्राफ्ट मेले की हिमाचली संध्या में मंगलवार शाम कला ग्राम चंडीगढ़ का माहौल तब संगीत की सरगम में डूब गया जब इंडियन आइडल सीजन-2 के रनरअप और बॉलीवुड सिंगर अनुज शर्मा तथा कुल्लवी स्वर कोकिला पंडित खुशबू भारद्वाज ने अपने पहाड़ी, बॉलीवुड, हिंदी गीतों और नाटियों से समां बांध दिया। उत्तर क्षेत्र संस्कृति केंद्र पटियाला व चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा आयोजित इस संध्या में दोनों युवा कलाकारों ने हिमाचल की मिट्टी, पहाड़ों की खुशबू और स्थानीय लोक संस्कृति को अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से मंच पर जीवंत कर दिया। इंडियन आइडल फेम अनुज शर्मा ने मुंबई की चमक से लेकर हिमाचली गीतों की दमदार प्रस्तुतियों तक अपनी रेशमी आवाज से दर्शकों को झूमने पर मजबूर किया, वहीं खुशबू भारद्वाज ने कुल्लवी, लाहौली, किन्नौरी और महासू क्षेत्रों के गीतों और नाटियों से श्रोताओं को मनाली, शिमला और धर्मशाला की आबोहवा का एहसास कराया।

मंच संचालन वरिष्ठ एंकर संस्कृति कर्मी कुलदीप गुलेरिया ने अपनी प्रभावशाली शैली से संभाला, जबकि गोगी आर्केस्ट्रा बैंड और हिमाचली डांस ग्रुप ने ऊर्जा से भरपूर प्रस्तुतियों के साथ शाम को यादगार बनाया। हिमाचली कलाकारों व चंडीगढ़ में रहने वाले हिमाचलियों ने इस संध्या के सफल आयोजन के लिए उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला के निदेशक एम. फुरकान खान और संयुक्त निदेशक रवींद्र शर्मा का आभार व्यक्त किया।

## हिमालय स्कूल के विद्यार्थियों को किया नशे के खिलाफ जागरूक

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** नशा मुक्ति अभियान के तहत एसएचओ सरकाघाट रजनीश ठाकुर ने अपने सहयोगियों एएसआई मनोज ठाकुर तथा कांस्टेबल नवीन के साथ बुधवार को हिमालयन स्कूल सरकाघाट के प्रांगण में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, प्रधानाचार्य प्रेमलता डोगरा, अध्यापक व गैर अध्यापक वर्ग और समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे। एसएचओ रजनीश ठाकुर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नशे के दुष्परिणामों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने विद्यार्थियों को शराब, अफीम, चिट्टा आदि नशों से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि नशे की लत न केवल व्यक्तियों के शरीर को नुकसान पहुंचती है, बल्कि पारिवारिक और सामाजिक जीवन को भी तहस-नहस कर देती है। नशे के दुष्परिणामों के साथ-साथ उन्होंने बच्चों को साइबर क्राइम तथा रोड सेफ्टी के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। बच्चों ने भी अपने परिवार, समाज, देश और स्वयं अपनी सुरक्षा को लेकर एसएचओ रजनीश ठाकुर से अनेक प्रश्न पूछे। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस विभाग की टीम, हिमालयन स्कूल के अध्यक्ष, प्रधानाचार्या,स्टाफ और समस्त विद्यार्थियों ने बाल विवाह के खिलाफ शपथ ली। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष राजकुमार शर्मा तथा प्रधानाचार्य प्रेमलता डोगरा ने विद्यार्थियों को बहुमूल्य जानकारी दी तथा प्रेरित करने के लिए रजनीश ठाकुर और उनकी टीम का आभार जताया तथा धन्यवाद किया।

# निजी व्यापारिक मेलों से स्थानीय व्यापार तबाह, खतरे में परंपरा : राकेश जम्वाल

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

> कहा- स्थानीय व्यापारियों को ताक में रख इस तरह के आयोजन नहीं होंगे बर्दाश्त

विधायक राकेश जम्वाल ने सदन में नियम 62 के तहत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लाते हुए सुंदरनगर सहित पूरे प्रदेश में लगाए जा रहे निजी व्यापारी मेलों को स्थानीय व्यापार के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने हर किसी समय बाहरी राज्यों के व्यपारियों के लिए मेले आयोजन पर सरकार को कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन मार्केट के भारी दबाव में पहले से जूझ रहे हिमाचल के व्यापारी अब इन निजी मेलों के कारण पूरी तरह नुकसान में जा रहे हैं और सरकार तमाशबीन बनी बैठी है।

जम्वाल ने स्पष्ट कहा कि सुंदरनगर के जवाहर पार्क में एक निजी व्यापारी मेले को पूरे एक महीने की अनुमति देना पूरी तरह तर्कहीन और व्यापारी-विरोधी फैसला है। व्यापार मंडल, दुकानदार और मजदूर संगठन इसका तीखा विरोध कर रहे हैं और स्वयं विधायक को ज्ञापन सौंप चुके हैं। उन्होंने बताया कि जहां नलवाड़ जैसे पारंपरिक मेलों की नीलामी एक करोड़ से अधिक धनराशि में होती, वहीं निजी मेले को 3.41 लाख में पूरा महीना दे दिया गया—जिससे न सरकार को कोई ठोस राजस्व लाभ, न स्थानीय बाजार को सुरक्षा मिल रही है। उन्होंने सदन में चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसे निजी मेलों से न केवल व्यापारिक गतिविधियां ध्वस्त हो रहीं हैं बल्कि प्रदेशभर में व्यापार मंडलों में भारी रोष है और कानून-व्यवस्था पर भी संकट पैदा हो रहा है। बाहर से आए व्यापारी होटल किराये पर लेकर 'सेल बाजार' खोल देते हैं, जबकि स्थानीय व्यापारी टैक्स, किराया और नियमों का बोझ उठाता है। सदन में मंत्री द्वारा भविष्य में नीति बनाने के आश्वासन पर जमवाल ने कहा कि केवल बयान देने से काम नहीं चलेगा—सुंदरनगर मेले की अनुमति तुरंत रद्द की जाए और पूरे प्रदेश में निजी व्यापारिक मेलों को रोकने के लिए कड़े नियम लागू हों। पारंपरिक और धार्मिक मेले जारी रहें, लेकिन व्यापारी-विरोधी निजी मेलों की आड़ में स्थानीय बाजार को बर्बाद नहीं होने दिया जाएगा।

# लक्ष्य ठाकुर का भारत की एफएक्ससी वर्ल्ड कप टीम में चयन, क्षेत्र में खुशी की लहर



धर्मपुर तहसील के रियूर गांव के लक्ष्य ठाकुर को सम्मानित करते हुए।

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** जिला मंडी के धर्मपुर तहसील के गांव रियूर के उभरते खिलाड़ी लक्ष्य ठाकुर ने अंतरराष्ट्रीय खेल जगत में नया इतिहास रच दिया है। लक्ष्य का चयन भारत की आधिकारिक एफएक्ससी (फायरबाल एक्स्ट्रीम चैलेंज) वर्ल्ड कप टीम में हुआ है, जो 4 से 8 दिसंबर 2025 तक इटली के लिन्यानो सब्बियादोरो में आयोजित किया जाएगा।

इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में डीएवी पब्लिक स्कूल मनाली में विशेष समारोह आयोजित किया गया, जहां विद्यालय प्रबंधन ने लक्ष्य का सम्मान किया। स्कूल की प्रिंसिपल अनीता वर्मा ने बताया कि जमा दो कक्षा में अध्ययन कर रहे लक्ष्य ने अनुशासन, मेहनत और समर्पण के बूते अंतरराष्ट्रीय मंच पर स्थान बनाया है। लक्ष्य के चयन से परिवार और क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। पिता रमेश ठाकुर, माता अनीता ठाकुर और चाचा पंकज ने इसे वर्षों की मेहनत का परिणाम बताया। दादा सेवानिवृत्त कैप्टन नागी राम ने कहा कि लक्ष्य क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। रियूर गांव, धार, धर्मपुर और पूरे मंडी जिले में लोग आशान्वित हैं कि लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत और हिमाचल का नाम रोशन करेंगे।

## खिलाड़ियों से भेदभाव कर रही सुक्खू सरकार: सीमा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** प्रदेश भाजपा प्रवक्ता डॉ. सीमा ठाकुर ने कहा कि जिन हिमाचली महिला खिलाड़ियों ने भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए क्रिकेट और कबड्डी विश्व कप में स्वर्ण पदक तथा हैंडबॉल विश्व कप में कांस्य पदक जीतकर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया है, उन खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने की बजाय प्रदेश की सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार उनके साथ भेदभाव कर रही है। डॉ. सीमा ठाकुर ने मांग उठाई कि कबड्डी और हैंडबॉल खिलाड़ियों को भी क्रिकेट खिलाड़ियों की तरह मान-सम्मान, उचित पुरस्कार तथा सरकारी नौकरी दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वर्तमान समय में 30 से अधिक खेल मान्यता प्राप्त हैं और सरकार को सभी खिलाड़ियों के साथ समान व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियों में खेल कोटे के तहत तीन प्रतिशत आरक्षण प्रदान कर उनके सम्मान और करियर को नई दिशा दी है जो आज भी खिलाड़ियों के लिए मील का पत्थर साबित हो रहा है।

# सब्जी विक्रेता के बेटे ने आईसीएन में जीते तीन गोल्ड व प्रो कार्ड, अब इंटरनेशनल में लेगा भाग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी शहर के 23 वर्षीय सोमेश राणा ने आईसीएन यानी आई कॉम्पीट नेचुरल चैंपियनशिप में तीन गोल्ड मेडल और दो प्रो कार्ड जीतकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। सोमेश राणा के पिता भूप सिंह मंडी शहर में सब्जी विक्रेता का काम करते हैं। यह चैंपियनशिप 27 से 29 नवंबर तक गोवा में आयोजित हुई थी जिसमें विश्वभर से आए 1200 बॉडी बिल्डरों ने भाग लिया था। सोमेश ने एमेच्योर में मैन फिजिक और मैन क्लासिक फिजिक में तीन गोल्ड मेडल जीते जबकि यहीं पर प्रोफेशनल में अपना डेब्यू करते हुए ओवरऑल में थर्ड और सेकेंड प्लेस हासिल करके दो प्रो कार्ड भी जीते।

इन प्रो कार्ड के दम पर अब सोमेश 2026 तक किसी भी वर्ल्ड चैंपियनशिप में भाग ले सकता है। सोमेश बीते 8 वर्षों से बतौर बॉडी बिल्डर प्रैक्टिस कर रहा है। मौजूदा समय में वह क्लब 55 जिम में प्रैक्टिस कर रहा है। मेडल जीतने के बाद वापस मंडी पहुंचने पर सोमेश का जिम में जोरदार स्वागत किया गया। सोमेश ने बताया कि उसका अगला टारगेट किसी भी वर्ल्ड चैंपियनशिप में भाग लेकर मेडल जीतने का है, ताकि अपने शहर, प्रदेश और देश का नाम दुनिया भर में रोशन कर सके।



मंडी शहर के सोमेश राणा के साथ राजा सिंह मल्होत्रा व अन्य।

### सोमेश को सरकार के सहयोग की दरकार

**क्लब** 55 जिम के फाउंडर अमित शर्मा और सोच फाउंडेशन के संस्थापक राजा सिंह मल्होत्रा सहित शहर के लोगों ने सोमेश को इस कामयाबी के लिए बधाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। सोच फाउंडेशन के संस्थापक राजा सिंह मल्होत्रा ने कहा कि सोमेश ने जो मुकाम हासिल किया है वो दूसरे युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने भविष्य में सोमेश को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाते हुए प्रदेश सरकार से भी ऐसे प्रतिभाशाली युवाओं को सहयोग करने की अपील की।

**ऑपरेशन ट्राइडेंट** भारतीय नौसेना ने कराची में हमला कर कई जहाजों और तेल भंडारों को किया था नष्ट

# 1971 में भारत-पाक युद्ध आज ही की तारीख में हुआ था शुरू

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**मंडी।** भारत-पाकिस्तान 1971 का युद्ध 3 दिसंबर को पाकिस्तान द्वारा भारतीय छावनियों के कई हवाई अड्डों पर हमले के बाद शुरू हो गया था, जिसके पश्चात 4 दिसंबर 1971 के दिन 'ऑपरेशन ट्राइडेंट' के लॉन्च का दिन था। भारतीय नौसेना ने कराची में पाकिस्तानी नौसेना अड्डे पर हमला किया और कई जहाजों और तेल भंडारों को नष्ट कर दिया था।

यह हमला भारत के सैन्य इतिहास में एक महत्वपूर्ण जीत मानी जाती है और इसी की याद में हर साल 4 दिसंबर को भारत में नौसेना दिवस मनाया जाता है। पाकिस्तान द्वारा भारतीय हवाई अड्डों पर हमले के बाद भारतीय नौसेना ने इस हमले का जवाब देने के लिए 4 दिसंबर की रात को ऑपरेशन ट्राइडेंट शुरू किया, जिसके तहत भारतीय नौसेना ने कराची के नौसैनिक अड्डे पर हमला किया जिसमें पाकिस्तान नौसेना के कई जहाज डूब गए या क्षतिग्रस्त हो गए। पाकिस्तान के तेल टैंकर भी तबाह हो गए थे और कराची बंदरगाह पर कई दिनों तक आग की लपटें उठती रहीं। इस सफल अभियान के कारण भारत को कोई नुकसान नहीं हुआ और यह भारतीय नौसेना के इतिहास में एक साहसिक एवं निर्णायक जीत साबित हुई। भारत-पाकिस्तान 1971 के युद्ध में शामिल तथा बाड़मेर क्षेत्र में तैनात सेवानिवृत्ति कैप्टन जगदीश वर्मा, चेयरमैन ऑफ संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन (जेसीओ एवं ओ आर) हिमाचल प्रदेश ने 54 वर्ष पहले हुए इस युद्ध के संस्करणों को याद करते हुए बताया कि इसी दिन पश्चिम क्षेत्र में लॉन्गेवाला की लड़ाई की शुरुआत भी हुई थी, जो सात दिसंबर तक चली थी। 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान पश्चिमी क्षेत्र में पहली बड़ी लड़ाइयों में से यह एक लड़ाई थी जो राजस्थान के थार क्षेत्र में लॉन्गेवाला की भारतीय सीमा चौकी पर हमलावर पाकिस्तान सेना और भारतीय रक्षकों के बीच लड़ी गई थी। यह लड़ाई चार हाकर हंटर और तीन लड़ाकू बमवर्षकों के साथ 120 भारतीय सैनिकों और 40 टैंकों के साथ 2000 एवं 3000 पाकिस्तानी सैनिकों के बीच लड़ी गई थी। इसे भारतीय सेना के इतिहास की सबसे बड़ी लड़ाइयों में से एक और विपरीत परिस्थितियों के बावजूद एक सैन्य जीत माना जाता है।

### मेजर कुलदीप सिंह की रणनीति ने बदला युद्ध का रुख

अनंत ज्ञान स्पेशल

**लोंगेवाला** की लड़ाई के बारे में बताते हुए कैप्टन जगदीश वर्मा ने कहा कि मेजर कुलदीप सिंह चांदपुरी की कमान वाली भारतीय सेना की 23वीं बटालियन पंजाब रेजीमेंट की एक कंपनी के सामने दो विकल्प थे, या तो वह अतिरिक्त बल न मिलने तक डटे रहें या फिर पाकिस्तानी मशीनीकृत पैदल सेना से पैदल ही लड़ा जाए। पहला विकल्प चुनकर चांदपुरी ने सुनिश्चित किया कि उनकी सभी सामग्रियां सही ढंग से तैनात हों और उन्होंने अपनी मजबूत रक्षात्मक स्थिति तथा दुश्मन की रणनीति में गलतियों से पैदा हुई कमजोरी का भरपूर लाभ उठाया। वे इस बात से भी भाग्यशाली थे कि भारतीय वायु सेवा का एक अग्रिम वायु नियंत्रक 6 घंटे बाद अतिरिक्त बल आने तक चौकी की सुरक्षा में विमानों को सुरक्षित रूप से निर्देशित करने में सक्षम रहा। इसके साथ ही पाकिस्तानी कमांडरों ने कई संदिग्ध निर्णय लिए, जिसमें लॉन्गेवाला क्षेत्र में भारतीय लड़ाकू बमवर्षकों की उपलब्धता का पूर्वानुमान लगाने में उनकी खुफिया विफलता भी शामिल थी, जिसके कारण उन्हें बहुत जल्दी ही हार का सामना करना पड़ा।



मेजर कुलदीप सिंह चांदपुरी।

### ऑपरेशन ट्राइडेंट

**भारतीय** नौसेना का 4 दिसंबर 1971 को कराची पर किया गया ऐतिहासिक हमला, जिसमें पाकिस्तान को भारी क्षति पहुंची और भारत को निर्णायक सफलता मिली।

### लोंगेवाला युद्ध

**120** भारतीय सैनिकों बनाम 2000-3000 पाकिस्तानी सैनिक – मेजर कुलदीप सिंह चांदपुरी और भारतीय वायुसेना के साहस ने रचा इतिहास।

## राजनीतिक मित्रताओं को प्राथमिकता दे रही सुक्खू सरकार : संजय

**अनंत ज्ञान, पधर।** भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री संजय ठाकुर ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार का तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने जा रहा है, किंतु यह अवधि प्रदेश के लिए उपलब्धियों की बजाय असफलताओं और निराशाओं का प्रतीक बनकर सामने आई है। उनका कहना है कि सरकार हर क्षेत्र में विफल रही है और एक नाकाम सरकार के रूप में स्वयं को साबित किया है। उन्होंने कहा कि अच्छा होता यदि सरकार अपनी कमियों और विफलताओं पर आत्ममंथन कर उन्हें सुधारने की दिशा में प्रयास करती। परन्तु इसके विपरीत, सरकार आलोचनाओं से बचने और जनता का ध्यान भटकाने के लिए जश्न जैसे आयोजन कर रही है। एक ओर आर्थिक संकट और डिज़ास्टर एक्ट का हवाला देकर पंचायत चुनावों से दूरी बना रही है और दूसरी ओर आपदा प्रभावित लोगों के घावों पर मरहम लगाने के स्थान पर उन पर नमक छिड़कने जैसा व्यवहार कर रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर जश्न किस बात का, उन परिवारों की पीड़ा का जिन्होंने अपने घर खोए।

## न्यूज ब्रीफ

### आशु पुरी हत्याकांड से जुड़े तीन वांछित काबू

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना जिले के बहुचर्चित आशु पुरी हत्या के बाद दो लोगों पर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए तीन आरोपियों को पंजाब के रोपड़ से काबू किया है। पुलिस ने आरोपियों के साथ उनकी एक कार भी जब्त की है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान दीपांशु शर्मा, अभी पुरी, नितिश सभी निवासी संतोषगढ़ जिला ऊना के तौर पर हुई है। आरोपी कब से वहां छिपे थे और किसकी मदद से इतने दिन रोपड़ में रुके, पुलिस इसकी जांच कर रही है। आरोपियों के तीन साथी अभी फरार हैं। सभी पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है।

### दो पक्षों में मारपीट, महिला को आईं गंभीर चोटें

**अनंत ज्ञान, अंब।** पुलिस थाना अंब के अंतर्गत दो पक्षों के बीच हुए झगड़े में एक महिला के गंभीर रूप से घायल होने का मामला सामने आया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को हुए विवाद के बाद दोनों पक्षों के घायल व्यक्तियों की सिविल अस्पताल अंब में चिकित्सीय जांच करवाई गई तथा उनके मेडिकल सैंपल प्राप्त किए गए। शिकायतकर्ता अंजली पत्नी अमित कुमार, निवासी कोहाड़छन्न (सलोई, तहसील अंब) ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि वह व उनकी सास पुष्पा रानी घर पर मौजूद थीं। इसी दौरान पड़ोसी भूपेंद्र सिंह पुत्र शिव सिंह, उसकी पत्नी रेणु, उसकी माता शारदा देवी तथा अश्वनी कुमार घर के पीछे डंगा निर्माण कर रहे थे, जब वे वहां अपना काम करने गईं, तो आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज की और मारपीट की, जिससे दोनों घायल हो गईं। चिकित्सा अधिकारी की अंतिम राय में पुष्पा रानी को गंभीर चोट लगना प्रमाणित किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज कर लिया है।

### थ्रोबॉल नेशनल चैंपियनशिप के लिए टीमें रवाना

**अनंत ज्ञान, लठियानी।** मुंबई में आयोजित होने जा रही 35वीं जूनियर थ्रोबॉल नेशनल चैंपियनशिप इस वर्ष खेल जगत का एक बड़ा आकर्षण बनने जा रही है। थ्रोबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में तथा थ्रोबॉल एसोसिएशन ऑफ महाराष्ट्र के सौजन्य से होने वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर की प्रमुख टीमें शिरकत करेंगी। इसी क्रम में हिमाचल प्रदेश की जूनियर लड़कों और लड़कियों की टीमें भी पूरे जोश और आत्मविश्वास के साथ प्रदेश से रेल मार्ग द्वारा मुंबई के लिए रवाना हुईं, जहां वे अपने हुनर का लोहा मनवाने को तैयार हैं। ऊना रेलवे स्टेशन से हिमाचल थ्रोबॉल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष शाम मुरारी ने टीमों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि हिमाचल की टीमें पिछले वर्षों में शानदार प्रदर्शन करती आई हैं और इस बार भी खिलाड़ी अपनी तकनीक, फिटनेस और आत्मविश्वास के दम पर प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर चमकाएंगे। जूनियर लड़कों की टीम में कृष शर्मा, वरिंदर कुमार, अभिनव भाटिया, अनिकेत, अनुराग राणा, आदर्श, आशीष, रूपेश, जशनदीप भार्गव, पुष्पित, विवेक, जतिन, आर्यन और रोहन ठाकुर शामिल हैं। ये सभी खिलाड़ी जिला और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन कर चयनित हुए हैं। जूनियर लड़कियों की टीम में मुस्कान, नीतिका, गरिमा, दिया शर्मा, प्रिया, हर्षिता, ममता, बरौनी, पलक और यशिका शामिल हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर खेलना अपने आप में गर्व की बात है। प्रतिष्ठित प्रतियोगिता मुंबई में 5 दिसंबर से शुरू होगी, जहां विभिन्न राज्यों की टीमें जूनियर वर्ग में खिताब के लिए अपनी प्रतिभा दिखाएंगी।

### जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम शुरू

**अनंत ज्ञान, ऊना।** भू-जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन के महत्व को जन आंदोलन बनाने के उद्देश्य से राज्यभर में एक माह का वाटरशेड महोत्सव आयोजित किया जाएगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम 11 से 16 नवंबर तक हुए और जिला-खंड स्तर के कार्यक्रम 17 नवंबर से 16 दिसंबर तक चलेंगे। यह जानकारी एडीसी ऊना महेंद्र पाल गुर्जर ने तैयारियों की समीक्षा बैठक में दी। उन्होंने कहा कि महोत्सव का उद्देश्य प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 की प्रगति की समीक्षा करना, भविष्य की वाटरशेड योजनाओं पर मंथन करना और जन-सहभागिता बढ़ाना है। महोत्सव के तहत कार्यों का लोकार्पण, भूमि पूजन, श्रमदान, पौधरोपण और टूल किट वितरण गतिविधियां आयोजित होंगी। बंगाणा, गगरेट व ऊना ब्लॉकों में पूर्व गतिविधियां आयोजित की जा चुकी हैं। एडीसी ने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत राज्यस्तरीय सोशल मीडिया प्रतियोगिता आयोजित होगी। 30-60 सेकेंड की रील बनाकर सोशल मीडिया पर निर्धारित हैशटैग के साथ पोस्ट करने वाले शीर्ष 4 प्रतिभागियों को 50-50 हजार रुपए और 50 श्रेष्ठ फोटोग्राफ को 1-1 हजार रुपए दिए जाएंगे। प्रतिभागी 12 नवंबर से 31 दिसंबर, 2025 के बीच सामग्री अपलोड कर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकेंगे। प्रतियोगिता की अंतिम तिथि के बाद 31 जनवरी 2026 तक व्यू, लाइक और कमेंट का स्क्रीनशॉट पोर्टल पर जमा करवाना होगा। विभागीय वेबसाइट पर योजनाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी उपलब्ध है। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### यशपाल को साहित्यकारों व छात्रों ने दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, ऊना।** भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा सुप्रसिद्ध क्रांतिकारी साहित्यकार यशपाल की जयंती बुधवार को लता मंगेशकर कला केंद्र, ऊना में दो सत्रों में आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रथम सत्र में यशपाल के जीवन पर आधारित वृत्तचित्र दिखाया गया तथा रविंद्र भारती विश्वविद्यालय, कोलकाता के प्रो. हितेंद्र पटेल ने 'यशपाल की राजनीतिक दृष्टि' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। डॉ. हेमराज कौशिक और डॉ. ओ.पी. शर्मा ने उस पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम में आईआईटी के निदेशक प्रो. मनीष गौर और यशपाल के सुपुत्र आनंद यशपाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रथम सत्र की अध्यक्षता प्रख्यात साहित्यकार डॉ. सुशील कुमार फुल्ल ने की। दूसरे सत्र में कवि सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें लगभग 40 कवियों ने काव्य पाठ किया। सत्र की अध्यक्षता डॉ. हेमराज कौशिक और मंच संचालन डॉ. शंकर वशिष्ठ ने किया। आईआईटी ऊना के छात्रों ने यशपाल के जीवन पर आधारित लघु नाटिका प्रस्तुत की। इस दौरान वरिष्ठ साहित्यकार शांति कुमार स्याल की पुस्तक 'हिमाचल की जसवा-दून घाटी ऊना' का विमोचन भी किया गया। विभाग द्वारा छायाचित्र प्रदर्शनी भी लगाई गई। अंत में जिला भाषा अधिकारी निक्कू राम शर्मा ने सभी अतिथियों और साहित्यकारों का आभार जताया।

### पेंशनरों की लंबित बकाया राशि पर भड़का रोष

**अनंत ज्ञान, अंब।** हिम आंचल पेंशनर शाखा अंब की मासिक बैठक देवी मंदिर परिसर में प्रधान कैलाश चंद्र की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें बड़ी संख्या में पेंशनर्स ने भाग लिया। बैठक में पेंशनर्स ने सरकार के प्रति गहरा रोष व्यक्त करते हुए आरोप लगाया कि 1 जनवरी, 2016 से 31 जनवरी, 2022 के बीच सेवानिवृत्त कर्मचारियों को ग्रेच्युटी, लीव एनकैशमेंट, कम्यूटेशन और जीपीएफ सहित लंबित बकाया राशि अब तक जारी नहीं की गई है। पेंशनर नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द समाधान नहीं किया, तो वे संघर्ष का मार्ग अपनाने को मजबूर होंगे। बैठक में यह भी बताया गया कि वे धर्मशाला में 17 यूनियनों द्वारा उठाई गई मांगों के समर्थन में हैं। महासचिव देवराज शांडिल ने बताया कि राज्य स्तरीय कोर कमेटी की बैठक 17 दिसंबर को घुमारवीं में होगी। इसमें आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि लंबित मांगों को लेकर एसडीएम अंब के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा।

### खाद्य सुरक्षा मानकों के कड़ाई से पालन के निर्देश

**अनंत ज्ञान, ऊना।** डीसी जतिन लाल ने जिले में खाद्य सुरक्षा मानकों के कड़ाई से पालन के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को खाद्य सैंपलिंग बढ़ाने और नियमों का उल्लंघन करने वाले खाद्य व्यवसाय संचालकों पर सख्त कार्रवाई करने को कहा। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि राज्य कर व आबकारी विभाग के नियंत्रण क्षेत्र में आने वाले सभी शराब विक्रेताओं के लिए खाद्य लाइसेंस अनिवार्य किया जाए, अन्यथा जुर्माना लगाया जाए। जिले में 482 फूड लाइसेंस ऑपरेटर सक्रिय हैं, जबकि 3985 पंजीकृत हैं। अप्रैल से 28 नवंबर 2025 तक 144 नए लाइसेंस जारी कर 6.92 लाख रुपए तथा 1017 पंजीकरणों से 6.03 लाख रुपए शुल्क प्राप्त हुआ। इस वर्ष लिए गए 88 नमूनों में से 14 मानकविहीन पाए गए, जिन पर 12.59 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया। दिवाली के दौरान 1500 किलो पनीर भी जब्त किया गया।

### सिलाई मशीन व तीन स्वरोजगार किट्स दीं

**अनंत ज्ञान, ऊना।** अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के उपलक्ष्य में नेशनल कैरियर सर्विस सेंटर (एनसीएससी) ऊना में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका आयोजन श्रम व रोजगार मंत्रालय, वर्धमान टेक्सटाइल बद्दी, आश्रय देहलां व ऑटिज्म वड्स के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर वर्धमान टेक्सटाइल ने सामाजिक उत्तरदायित्व प्रदर्शित करते हुए दिव्यांगजन लाभार्थियों को 10 सिलाई मशीनें व 3 स्वरोजगार किट प्रदान कीं, ताकि उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा सके। कार्यक्रम में वर्धमान के विरेंद्र शर्मा व संदीप गुलेरिया ने बताया कि यह पहल दिव्यांगजनों को कौशल विकास और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए महत्वपूर्ण कदम है। केंद्र में दिव्यांगजनों के लिए खेलकूद, चित्रकला और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इनमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वालों को सम्मानित किया गया। सहायक निदेशक रंजन चंकाकटी ने सभी अतिथियों व प्रतिभागियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि भविष्य में भी दिव्यांगजनों के सामाजिक व आर्थिक सशक्तिकरण के लिए ऐसी पहलें जारी रहेंगी।

## अंब थाना क्षेत्र में यातायात नियमों को लेकर पुलिस सख्त, भैरा में चला विशेष अभियान

# नाबालिग वाहन चालकों पर कड़ी कार्रवाई की दी चेतावनी, 30 के किए चालान

**अनंत ज्ञान, बड़ूही/ऊना**

अंब थाना पुलिस ने क्षेत्र में बढ़ रहे यातायात नियमों की उल्लंघनों पर लगाम लगाने के लिए सख्त रुख अपनाया है।

लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस लगातार विशेष अभियान चला रही है। इसी कड़ी में थाना प्रभारी अंब रूप सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम ने भैरा में विशेष नाका लगाया। नाके के दौरान पुलिस टीम ने बिना कागजात, बिना लाइसेंस तथा बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चला रहे कई युवाओं को रोका। मौके पर ही कुल 30 चालान काटे गए। पुलिस ने दोपहिया चालकों को समझाया कि लापरवाही न केवल कानूनन गलत है, बल्कि यह जान से खिलवाड़ करने जैसा है। थाना प्रभारी रूप सिंह ने मौके पर मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा यातायात नियम आपकी सुरक्षा के लिए बनाए गए हैं। बिना हेलमेट या बिना कागजात वाहन चलाना गंभीर उल्लंघन है। नियमों की अवहेलना करने वाले किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने सभी वाहन चालकों से अपील की कि वे गति सीमा का पालन करें, आवश्यक दस्तावेज हमेशा साथ रखें और वाहन चलाते समय सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करें। थाना प्रभारी ने अभिभावकों को कड़े शब्दों में चेताते हुए कहा कि वे अपने नाबालिग बच्चों को किसी भी परिस्थिति में वाहन न चलाने दें। यदि नाबालिग वाहन चलाते पकड़े गए तो कानून अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी और अभिभावकों की जिम्मेदारी भी तय की जाएगी। नाका अभियान के बाद थाना प्रभारी रूप सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुसाड़ा पहुंचे। यहां उन्होंने प्रधानाचार्य व शिक्षकों से मुलाकात कर स्कूल प्रबंधन से आग्रह किया—बिना लाइसेंस दोपहिया चलाकर स्कूल आने वाले छात्रों को रोका जाए। सभी बच्चों को ट्रैफिक नियमों के महत्व के बारे में जागरूक किया जाए। बिना हेलमेट व बिना कागजात वाहन चलाने के खतरों से विद्यार्थियों को अवगत करवाया जाए,विद्यालय प्रबंधन ने पुलिस की पहल का स्वागत किया और छात्रों में जागरूकता फैलाने का भरोसा दिया। थाना प्रभारी रूप सिंह ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से अंब से धुसाड़ा तक कई स्थानों पर बैरिकेडिंग लगाकर लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है। यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई और भी सख्त की जाएगी। यह अभियान आने वाले दिनों में भी जारी रहेगा, जिससे क्षेत्र में सुरक्षित और अनुशासित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित हो सके।



अंब पुलिस यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए।

## बंगाणा में नो पार्किंग-वेंडिंग जोन निर्धारित यात्री उतारने और चढ़ाने के स्टॉपेज भी तय

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

ऊना जिले में अतिक्रमण और बेतरतीब पार्किंग से हो रही परेशानियों को कम करने के लिए जिला प्रशासन ने ऊना शहर में विशेष व्यवस्था लागू करने के बाद अब बंगाणा उपमंडल के मुख्य बाजार और प्रमुख मार्गों के लिए भी 'नो पार्किंग-नो वेंडिंग जोन' निर्धारित किए हैं।

जिलादंडाधिकारी जतिन लाल ने बताया कि कुछ महत्वपूर्ण मार्गों पर वाहनों की अनियंत्रित पार्किंग और अतिक्रमण गतिविधियों को रोकने के लिए मोटर व्हीकल्स एक्ट, 1988 की धारा 115 एवं 117 के तहत नया आदेश जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि बेतरतीब पार्किंग और अवैध वेंडिंग गतिविधियों से सड़कों पर यातायात बाधित होने के साथ साथ पैदल यात्रियों को भरी असुविधा हो रही थी । साथ ही इससे संभावित सुरक्षा खतरे उत्पन्न हो रहे थे। इसे देखते हुए लोगों की सुविधा, सुरक्षा और सुव्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए यह आदेश जारी किया गया है। आदेश के अनुसार, ऊना-अघार-मंडी रोड़ पर बंगाणा बाजार में आशीर्वाद होटल से गणपति हैंडलूम (कलवर्ट के पास) तक 280 मीटर का मार्ग नो पार्किंग और नो वेंडिंग जोन घोषित किया गया है। इस मार्ग में तीन स्टॉपेज बनाए गए हैं, जिनमें एक रेन शेल्टर के पास, ऊना जाने वाली बसों के लिए बिहारी स्वीट शॉप के पास और बड़सर की ओर जाने वाली बसों के लिए जगदंबा इलेक्ट्रॉनिक्स के पास होगा। प्रत्येक स्टॉपेज पर एक समय में केवल एक बस यात्री उतारने और चढ़ाने के लिए रुक सकेगी। इसके अलावा, बंगाणा-शांतला रोड़ पर बंगाणा चौक से सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बंगाणा तक का मार्ग भी नो पार्किंग और नो वेंडिंग जोन घोषित किया गया है। यहां रेन शेल्टर के पास एक स्टॉपेज की अनुमति दी गई है, जहां एक समय पर दो परिवहन वाहन और एक टैक्सी ही यात्री उतारने-चढ़ाने के लिए ठहर सकते हैं। जतिन लाल ने स्पष्ट किया कि आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ मोटर व्हीकल्स एक्ट और अन्य लागू कानूनों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय पुलिस और परिवहन अधिकारी आदेश के पालन को सुनिश्चित करेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा और अगले आदेश तक वैध रहेगा।

## बाजारों में व्यावसायिक गतिविधियों के सुव्यवस्थित संचालन और अतिक्रमण रोकने को कड़े आदेश

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना जिले में बाजारों में व्यावसायिक गतिविधियों को सुव्यवस्थित रखने, अतिक्रमण रोकने और कानून-व्यवस्था मजबूत करने के उद्देश्य से जिला दंडाधिकारी जतिन लाल ने महत्वपूर्ण आदेश जारी किए हैं। व्यावसायिक सीजन में बढ़ती भीड़, अवैध अस्थायी दुकानों और सार्वजनिक व्यवस्था पर संभावित प्रभाव को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं।

डीसी ने बताया कि यह देखा गया है कि अन्य जिलों और राज्यों से आए कई दुकानदार बिना पूर्व अनुमति के दुकानें किराए पर ले रहे हैं तथा अस्थायी शेड व ढांचे खड़े कर रहे हैं। इनकी निगरानी आवश्यक है। ऐसी अव्यवस्थित गतिविधियां न केवल भीड़भाड़ और यातायात अवरोध बढ़ाती हैं, बल्कि विवाद व सुरक्षा संबंधी जोखिम भी खड़े करती हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सार्वजनिक व्यवस्था व सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाली किसी भी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जारी आदेशों में कहा गया है कि ऊना में दूसरे जिलों व राज्यों से आकर कारोबार कर रहे सभी दुकानदारों का स्थानीय पुलिस द्वारा पूर्ण सत्यापन किया जाएगा। बिना अनुमति स्थापित सभी अस्थायी शेड व ढांचे तुरंत प्रभाव से हटाए जाएंगे। अब से कोई भी बाहरी दुकानदार संबंधित एसडीएम की पूर्व लिखित अनुमति के बगैर न तो दुकान किराये पर ले सकेगा और न ही किसी प्रकार का अस्थायी ढांचा स्थापित कर सकेगा। ऐसी अनुमति केवल पुलिस वेरीफिकेशन के बाद ही दी जाएगी। डीसी ने चेतावनी दी कि आदेशों का उल्लंघन करने वालों पर संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। ये आदेश तुरंत प्रभाव से लागू हो गए हैं और अगले निर्देशों तक प्रभावी रहेंगे।

## दुलैहड़ में शुरू हुआ जूट बैग बनाने का कोर्स

**अनंत ज्ञान, ऊना।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, ऊना द्वारा दुलैहड़ गांव में 2 दिसंबर से जूट बैग उत्पादन के लिए दो सप्ताह के लिए प्रशिक्षण कोर्स शुरू किया गया है। कोर्स का आरंभ अग्रणी जिला प्रबंधक संजीव सक्सेना की द्वारा किया गया। यह जानकारी निदेशक पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, ऊना सुधीर कुमार शर्मा ने दी। यह संस्थान ऊना जिले का एकमात्र प्रशिक्षण केंद्र है, जो भारतीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देशों के तहत व हिमाचल प्रदेश सरकार के समन्वय से बेरोजगारी की समस्या को दूर करने व स्वावलंबन की दृष्टि से कौशल विकास कार्यक्रम के तहत लोगों को लघु अवधि के प्रशिक्षण कोर्स उलब्ध करवा रहा है। इस प्रशिक्षण में सफल उद्यमी बनने के लिए प्रशिक्षुओं को बैंकिंग, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, बाजार सर्वेक्षण विश्लेषण तकनीकों के बारे में भी जानकारी दी जाती है।

# डीसी-एसपी ने टाहलीवाल में यातायात व सुरक्षा व्यवस्था का किया औचक निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल**

जिलाधीश जतिन लाल और पुलिस अधीक्षक अमित यादव ने टाहलीवाल नगर पंचायत क्षेत्र का दौरा कर यातायात और सुरक्षा व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र और मुख्य बाजार का दौरा कर स्थिति का मूल्यांकन किया।

मौके पर एएसपी संजीव भाटिया, एसडीएम विशाल शर्मा, नगर पंचायत के प्रधान प्रकाश चंद, उपप्रधान गुरनाम सिंह और अन्य सदस्य तथा स्थानीय व्यापार मंडल के सदस्य उपस्थित रहे। जतिन लाल ने अधिकारियों को मुख्य बाजार में सुव्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बाजार में पार्किंग और रेडी फड़ी के लिए उचित स्थान निर्धारित करने कहा। साथ ही, लोगों की सुविधा के लिए मुख्य बाजार में एक हिस्से को 'नो पार्किंग-नो वेंडिंग जोन' के रूप में चिन्हित करने का निर्देश दिया। उन्होंने बसों के ठहराव के लिए समय और स्थान तय करने को कहा, ताकि यातायात जाम की समस्या न उत्पन्न हो।

डीसी जतिन लाल ने लोगों से भी सहयोग की अपील की, ताकि बाजारों को तंगी रहित और सुव्यवस्थित बनाया जा सके। पुलिस अधीक्षक अमित यादव ने बताया कि जिले के पंजाब सीमा से सटे क्षेत्रों में आवाजाही पर विशेष निगरानी रखी जा रही है और ट्रैफिक नियंत्रण पर भी फोकस किया जा रहा है। स्थानीय दुकानदारों ने यातायात और सुरक्षा से जुड़ी अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिन्हें डीसी ने गौर से सुना और जायज मामलों में सहयोग का आश्वासन दिया।



डीसी और एसपी टाहलीवाल नगर पंचायत में व्यापारियों से बातचीत करते हुए।

# बाबा सिद्ध महाराज की निकाली शोभायात्रा



बाबा सिद्ध चानो जी महाराज की मूर्ति स्थापना व दहाजे के उपलक्ष्य पर बुधवार को शोभायात्रा में शामिल गणमान्य लोग।

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल**

बाबा सिद्ध चानो जी महाराज की मूर्ति स्थापना व दहाजे के उपलक्ष्य पर बुधवार को बाबा सिद्ध चानो मंदिर कमेटी संतोषगढ़ द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया।

बैंड-बाजों के साथ निकाली गई यह शोभायात्रा संतोषगढ़ से प्रारंभ होकर पुबोवाल स्थित बाबा सिद्ध चानो मंदिर पहुंची। यहां बाबा सिद्ध चानो जी महाराज के स्वरूप का इशनान कराकर उन्हें सुसज्जित वाहन में स्थापित करते ही शोभायात्रा की विधिवत शुरुआत हुई। शोभायात्रा पुबोवाल से कुंगड़त, हीरां, ललड़ी व टाहलीवाल से होते हुए पुनः संतोखगढ़ पहुंची। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं व स्थानीय लोगों द्वारा शोभायात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

टाहलीवाल बाजार में कमेटी सदस्यों ने पूरे बाजार में पैदल चलकर जनता का अभिनंदन स्वीकार किया। कमेटी के प्रधान नानक चंद ने बताया कि आगामी 6 दिसंबर को वार्ड नंबर 5 स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क के साथ रहन बसेरा में दहाजे का आयोजित किया जाएगा, जिसमें ऊना के जखेड़ा से दहाजा पार्टी अपनी टीम सहित दहाजे का कार्यक्रम करेगी। रात 12 बजे बाबा सिद्ध चानो जी की बड़ी सवारी बैंड बाजे के साथ के संतोषगढ़ के बसीमे पर छोड़ी जाएगी। इस अवसर पर प्रधान नानक चंद, उपप्रधान महादेव, महासचिव सिकंदर सिंह, कोषाध्यक्ष रिक्की, अजय, कृष्ण देव, राहुल, बलवीर, मिंटू, दिनेश सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## धर्मशाला विधानसभा घेराव पर भाजपा ने कांग्रेस सरकार के लाठीचार्ज की निंदा की

**अनंत ज्ञान, ऊना**

भाजपा जिला प्रवक्ता विनय शर्मा ने प्रेस नोट जारी करते हुए कहा कि प्रदेश की बिगड़ती शिक्षा व्यवस्था और चरमराती कानून व्यवस्था के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा आयोजित धर्मशाला विधानसभा घेराव कार्यक्रम में जिस तरह प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने शांतिपूर्वक आंदोलन कर रहे छात्रों पर बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज करवाया है, वह लोकतंत्र पर सीधा कुठाराघात है।



कांग्रेस सरकार का यह चेहरा साबित करता है कि छात्रों की समस्याओं पर संवाद की जगह दमन लोकतांत्रिक अधिकारों की जगह डर और धमकी युवाओं की आवाज दबाने की खुली कोशिश ही उनका असली शासन मॉडल बन चुका है। प्रदेश के विश्वविद्यालयों में फीस वृद्धि, सीटों की कमी, भर्ती घोटालों, कॉलेजों में सुविधाओं के अभाव और सुरक्षा व्यवस्था की बिगड़ती हालत के खिलाफ जब छात्र शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने निकले, तो सरकार ने उनसे बातचीत करने की बजाय लाठियां चलाकर अपने तानाशाही का परिचय दिया। भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस सरकार की इस गुंडागर्दी की कठोर शब्दों में निंदा करती है और मांग करती है कि छात्रों पर की गई लाठीचार्ज की न्यायिक जांच हो। दोषी अधिकारियों पर तुरंत कार्रवाई की जाए। घायल छात्रों को बिना देरी उचित उपचार व मुआवजा दिया जाए।शिक्षा व्यवस्था को सुधारने के लिए तत्काल ठोस कदम उठाए जाएँ। कांग्रेस सरकार छात्रों से इतनी डर गई है कि वह अब उनके हाथों में किताबें नहीं, बल्कि उनकी आवाज़ में अपनी हार देख रही है। प्रदेश की जनता और युवा सब देख रहे हैं कि यह सरकार न शिक्षा बचा पा रही है, न कानून व्यवस्था, और न ही लोकतांत्रिक अधिकार।

## शस्त्र लाइसेंसों की समीक्षा को लेकर एसडीएम ने ली बैठक

**अनंत ज्ञान, ऊना।** एसडीएम ऊना अभिषेक मित्तल की अध्यक्षता में शस्त्र लाइसेंसों की समीक्षा को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में तहसीलदार ऊना, डीएसपी ऊना, थाना प्रभारी सदर ऊना, थाना प्रभारी मैहतपुर तथा रेंज फॉरेस्ट अधिकारी ऊना सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान उपमंडल में जारी शस्त्र लाइसेंसों की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। एसडीएम ने बताया कि वर्तमान में उपमंडल ऊना में 600 लाइसेंसधारकों द्वारा अपने शस्त्र जमा करवाए जा चुके हैं। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि शस्त्र लाइसेंसों की समीक्षा प्रक्रिया को और कड़ाई से लागू किया जाए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जिन व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर, कलंद्रा या राजस्व न्यायालयों में मामले लंबित हैं, उनके शस्त्र लाइसेंसों को स्थगित किया जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके तहत यह कदम उठाए जा रहे हैं।

**आयोजन** ऊना में अंतरराष्ट्रीय सहकारी वर्ष 2025 पर प्रेरक सेमिनार का आयोजन

# सहकारी सभाओं ने साझा की सफलता की कहानियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

ऊना स्थित अंबेहड़ा सभा के सभागार में ऊना जिला सहकारी विकास संघ के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय सहकारी वर्ष 2025, जो कि यूनेस्को द्वारा घोषित किया गया है। उसके निर्धारित उद्देशों के अनुरुप जिले में सहकारी सभाओं को प्रेरित करने व भारत सरकार व प्रदेश सरकार के सहकारिता मंत्रालय द्वारा निर्देशित योजनाओं व व्यवसाय विस्तार की मार्गदर्शिका पर जागरूकता पैदा करने हेतू चर्चा से सेमिनार का आयोजन किया गया है।

इसमें जिले की बड़ी सख्या में सहकारी सभाओं के प्रतिनिधियों, सहकारिता विभाग सहायक पंजीयक संदेश बाला व उनके साथ स्टाफ, उपनिदेशक पशुपालन विभाग वीरेंद्र पटियाल, उपनिदेशक बागवानी विभाग कमलेश कुमार, हिमकेप्स लॉ व नर्सिंग कॉलेज के चेयरमैन विक्रमजीत, हिमफैड के डायरेक्टर प्रकाश चंद, सहकारी सभाएं कर्मचारी संघ प्रदेशाध्यक्ष विजय शर्मा व उपाध्यक्ष प्रवीण शर्मा मुख्यरूप से भाग लिया। ऊनकोफैड के चेयरमैन राजेंद्र शर्मा ने आए हुए सभी लोगों का अभिनंदन किया व सेमिनार में सार्थक चर्चा सें उद्देश्य की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। ऊनकोफैड के वाइस चेयरमैन रविंद्र जसवाल ने मंच संचालन के माध्यम से देश में सहकारिता व लोगों के समूहक सफल प्रयासों से बेहतरीन उदाहरणों की प्रस्तुति दी। सेमिनार में सहकारिता क्षेत्र जिला में बेहतरीन प्रदर्शन करनें वाली सहकारी सभाओं के प्रवक्ताओं नें अपनी सफलता की कहानी ब्यान की। हिमकेप्स के चेयरमैन विक्रमजीत ने अपने संबोधन में सहकारिता क्षेत्र में लॉ व नर्सिंग कॉलेज के सफल संचालन पर पर प्रकाश डाला। इस संस्था में 114 सदस्य सहकारी सभाओं का उल्लेख किया, जिन्होंने इसमें अपना भरपूर वित्तिय सहयोग दिया है। इस संस्था का गठन सन 2002 में हुआ था। आज यह संस्था देश व उत्तर भारत की माडॅल संस्था के रुप में चिन्हित हुई है। अब संस्था ने आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के (बीएमएस) कॉलेज शुरू करने की योजना है। इसमें इस कॉलेज में आगामी शैक्षणिक वर्ष सें दाखिला शुरू हो जाएगा। इलावा इससे संबंधित दूसरे कोर्सिस भी शुरू करने की अगामी बनाई गई है। अमबेहड़ा कृषि सहकारी सभा के सचिव विजय शर्मा ने बताया कि ऊना में सभा ने शांपिग कांप्लैक्स, होटल व रैसटोरैंट के निर्माण व संचालन की सफल कहानी का वर्णन किया है। जिसपर लगभग 6 करोड़ की लागत आई है। आज यह प्रोजेक्ट एक सफल सहकारिता की कहानी बना हैं। धुसाड़ा कृषि सहकारी सभा के सचिव सोमनाथ ने बताया कि आयुष्य मंत्रालय की योजना से जैनरीक दवाइयों का बिक्री केंद्र शुरू किया है। इसमें केंद्र सरकार 2 लाख की वित्तीय सहायता सभा को दे रही हैं। उन्होंने अपने अनुभवों का वर्णन करते हुए बताया कि जेनरिक दवाई कई गुणा सस्ती हैं और गुणवत्ता भी प्रमाणित हैं, लेकिन इसका प्रचलन सरकारी चिकित्सा केंद्रों पर करनें के लिए सरकारी निर्देशों की पालना सुनिश्चित करनें की जरूरत हैं। उपनिदेशक पशुपालन विभाग डॉ. वीरेंद्र पटियाल नें अपने संबोधन में बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा दुग्ध प्रोत्साहन योजना शुरू की गई हैं। इसमें दुग्ध सहकारी सभाओं के पंजीकरण करने के लिए निर्देशित किया गया है। सरकार प्रति लीटर 3 रुपए प्रोत्साहन व दुग्ध संग्रह व परिवहन पर 3 रुपए प्रति लीटर की अतिरिक्त सब्सिडी घोषित की गई है। पशुपालकों की सहकारी सभाओं के पंजीकरण के लिए विभागीय प्रयासों की जरूरत हैं।




सहकारिता पर आधारित व्यवसाय विस्तार की मार्गदर्शिका कार्यक्रम में विशेषातिथि व अन्य।

# संजय ठाकुर की नियुक्ति पर समर्थकों में खुशी की लहर

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ की पंचायत लाठियानी के गांव त्यासर के संजय ठाकुर को प्रदेश राजपूत कल्याण बोर्ड का सदस्य नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति की खबर जैसे ही क्षेत्र में पहुंची, समर्थकों और स्थानीय लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई।

संजय ठाकुर लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं और स्थानीय स्तर पर उनकी एक साफ-सुथरी और जनसेवाभावी छवि रही है। यही कारण है कि उनकी नियुक्ति को लोग समाज के हित में एक सकारात्मक कदम मान रहे हैं। नियुक्ति की सूचना मिलने के बाद कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा, कुटलैहड़ कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष विवेक मिंका, आबकारी एवं कराधान विभागीय सदस्य दिनेश खत्री तथा वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुदेश शर्मा ने संजय ठाकुर को हार्दिक बधाई दी। नेताओं का कहना है कि संजय ठाकुर एक समर्पित समाजसेवी हैं, जिन्होंने हमेशा जरूरतमंदों की मदद और समाज के उत्थान के लिए काम किया है। उनका अनुभव और जनता से जुड़ाव निश्चित रूप से राजपूत समुदाय के मुद्दों को मजबूती से आगे रखने में सहायक होगा विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि संजय ठाकुर की नियुक्ति न केवल त्यासर गांव बल्कि पूरे कुटलैहड़ क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है।



उन्होंने विश्वास जताया कि ठाकुर अपने नए दायित्वों को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राम आसरा शर्मा ने कहा कि संजय ठाकुर की कार्यशैली हमेशा पारदर्शी और जनहित में रही है, और यही गुण उन्हें इस महत्वपूर्ण पद के लिए उपयुक्त बनाते हैं।दिनेश खत्री और सुदेश शर्मा ने भी अपनी प्रतिक्रियाओं में कहा कि बोर्ड में संजय ठाकुर की मौजूदगी से राजपूत समाज की समस्याओं और आवश्यकताओं को सरकार तक बेहतर ढंग से पहुंचाया जा सकेगा। वहीं, कार्यकारी अध्यक्ष विवेक मिंका ने कहा कि यह नियुक्ति युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है और इससे सामाजिक कार्यों में सक्रियता को बढ़ावा मिलेगा।

# मौसम पर निर्भर रहेगी रोहतांग दर्रा की बहाली : तोरुल रवीश

एम बोकटापा, अनंत ज्ञान



**मनाली।** विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल रोहतांग दर्रा अभी फिलहाल पर्यटकों के लिए खुला रहेगा।

डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने बुधवार को दर्रे का निरीक्षण किया और हालातों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि फिलहाल दर्रा बहाली मौसम पर निर्भर रहेगी। यदि बर्फबारी हो गई तो दर्रा बहाली बंद कर दी जाएगी और यदि मौसम साफ रहा तो 10 दिसंबर तक पर्यटक रोहतांग दर्रा जा सकेंगे। लिहाजा, दो दिन जहां मरम्मत कार्य के चलते रोहतांग दर्रा बंद रहा वहीं, अब डीसी की ओर से फिलहाल बहाली की अधिसूचना जारी होते ही दो दिन बाद रोहतांग दर्रे में फिर से पर्यटक धमाल मचा पाएंगे। जिला प्रशासन ने 10 दिसंबर तक दर्रे को बहाल रखने की अधिसूचना जारी कर दी है। हालांकि पर्यटकों की आवाजाही मौसम पर निर्भर रहेगी लेकिन पर्यटक 10 दिसंबर तक बर्फ के दीदार के सकेंगे। इससे पहले प्रशासन ने दर्रा 30 नवंबर तक बहाल रखने की अधिसूचना जारी की थी। मंगलवार व बुधवार को दर्रा बीआरओ के सड़क निर्माण कार्य के चलते बंद रहा जबकि आज फिर से पर्यटक दर्रे के दीदार कर सकेंगे।

उपायुक्त तोरुल एस रवीश ने मनाली रोहतांग सड़क का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम मनाली रमन शर्मा भी उपस्थित रहे। कुल्लू, मनाली आने वाले हर पर्यटक की पहली पसंद रोहतांग ही रहता है। साथ ही इस समय बर्फ के दीदार भी आसानी से रोहतांग में ही हो रहे हैं। मनाली के समस्त पर्यटन कारोबारी भी प्रशासन से दर्रा बहाल रखने की मांग कर रहे थे। रोहतांग दर्रा बहाल करने के लिए होटल एसोसिएशन के निवर्तमान उपाध्यक्ष रोशन ठाकुर, टैक्सी यूनियन के प्रधान राजकमल, लग्जरी कोच एसोसिएशन के प्रधान कपिल सहित समस्त पर्यटन कारोबारियों ने प्रशासन का आभार जताया है। एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा ने बताया कि मौसम की स्थिति में वाहनों का आवाजाही निर्भर रहेगी। सुबह नौ बजे वाहन रोहतांग की ओर जाएंगे तथा सायं 3 बजे से पूर्व वापस लौटेंगे।

# किसी भी सूरत में नहीं बक्शे जाएंगे नशा माफिया : मदन लाल कौशल

## कहा- एक माह में 17 किलो 400 ग्राम चरस व 71 ग्राम से अधिक चिट्टे के साथ आरोपी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

पुलिस अधीक्षक कुल्लू मदन लाल कौशल ने कहा है कि चरस माफिया को किसी भी सूरत में नहीं बख्शा जाएगा। बुधवार को एसपी कुल्लू मदन लाल कौशल ने प्रेस वार्ता में यह बात कही।

उन्होंने कहा कि कुल्लू जिले से नशे को जड़ से खत्म करने के लिए जिला पुलिस लगातार प्रयासरत है और चरस, चिट्टा सहित अन्य सिंथेटिक नशे के कारोबार से जुड़े लोग जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे। उन्होंने कहा कि चाहे कोई भी हो कितना भी प्रभावशाली व्यक्ति क्यों न हो, जो इस धंधे में संलिप्त है उन्हें सलाखों के पीछे डाला जाएगा। उन्होंने कहा कि नशामुक्त अभियान में स्थानीय लोगों का सहयोग भी बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों को नशा मुक्त अभियान के साथ जोड़ा जा



रहा है और लोगों से अपील है कि पुलिस का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि नशे के ऊपर जीरो टोलरेंस की पॉलिसी बरकरार रहेगी। इसके लिए स्कूल-कॉलेजों को साथ लेकर जागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं। पंचायत प्रतिनिधियों को भी इस अभियान में जोड़ा है ताकि युवा पीढ़ी को नशे की गिरफ्त से दूर किया जाए और नशे को जड़ से खत्म किया जाए। हमारा प्रयास है कि जिला कुल्लू को पूर्णतया नशा मुक्त किया जाए। उन्होंने कहा कि सिंथेटिक नशे को खत्म करने के लिए हमारा खुफिया तंत्र पूरी तरह से मुस्तैद है।

### मणिकर्ण पुलिस थाना प्रभारी व उनकी टीम को दी बधाई

**एसपी** ने कहा कि जब से उन्होंने कार्यभार संभाला है करीब एक माह के कार्यकाल में कुल्लू पुलिस ने 17 किलो 400 ग्राम चरस और 71 ग्राम से अधिक चिट्टा के साथ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में बुधवार को मणिकर्ण पुलिस ने चरस की बड़ी खेप पकड़ कर नशे पर नकेल कसी है। उन्होंने मणिकर्ण पुलिस थाना प्रभारी व उनकी टीम को बधाई दी है।

### चोरी की घटनाओं पर कसा जा रहा शिकंजा

**उन्होंने** बताया कि जिले में बढ़ रही चोरी की घटनाओं को देखते हुए रात के समय पुलिस गश्त बढ़ाई जाएगी। हाल ही में हुई चोरी की घटना में पुलिस 90 प्रतिशत आभूषण बरामद कर चुकी है और बाकी सामान भी जल्द ही बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### क्रिसमस व न्यू ईयर को लेकर प्लान तैयार

**उन्होंने** कहा कि इसके अलावा ट्रैफिक व्यवस्था पर ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगे क्रिसमस व नव वर्ष आने बाले हैं जिसमें देशभर के पर्यटक कुल्लू, मनाली व लाहुल-स्पीति घूमने आते हैं,पर्यटकों को कोई असुविधा न हो इसके लिए ट्रैफिक प्लान तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि जिला के सभी पर्यटन स्थलों, विशेष रूप से पर्यटन नगरी मनाली में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष इंतज़ाम किए जा रहे हैं ताकि पर्यटकों को कोई समस्या न हो। इस दौरान पर्यटकों की संख्या में भारी बढ़ोतरी होने की संभावना को लेकर पुलिस ट्रैफिक व सुरक्षा को लेकर सतर्क है।

# दिव्यांग बच्चों ने सांस्कृतिक और खेलकूद गतिविधियों से कार्यक्रम को बनाया आकर्षक



विश्व दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान गणमान्य लोग।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

कुल्लू के नेचर पार्क मौहल में जिला कल्याण विभाग द्वारा विश्व दिव्यांगजन दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला उपायुक्त अश्वनी कुमार मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मुख्यातिथि ने कहा कि क्षेत्रीय अस्पताल ढालपुर में हर महीने दिव्यांगजनों के प्रमाण पत्र बनाए जाते हैं और रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से विभिन्न थेरेपी सेवाएं भी प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजन सही मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और अवसर मिलने पर आत्मनिर्भर बन सकते हैं और समाज की मुख्यधारा में सम्मानपूर्वक आगे बढ़ सकते हैं। दिव्यांगजनों के अधिकारों, मुद्दों और उनके सामाजिक-आर्थिक उत्थान के उद्देश्य से हर वर्ष 3 दिसंबर को विश्व दिव्यांग दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग बच्चों द्वारा सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियों का मनमोहक प्रस्तुतीकरण किया गया। एक समावेशी व न्यायसंगत समाज का निर्माण करने के उद्देश्य से विश्व स्तर पर 17 सतत विकास लक्ष्यों को अपनाया गया है। इसको साकार करने की दिशा में इस दिन को विशेष तौर पर आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर जिला कल्याण अधिकारी गिरधारी लाल शर्मा ने मुख्यातिथि सहित सभी उपस्थित लोगों का स्वागत किया तथा दिव्यांजनों के कल्याण के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि सरकार एवं विभाग का प्रयास प्रत्येक दिव्यांगजन तक इन योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

## न्यूज ब्रीफ

### कांग्रेस के नव नियुक्त अध्यक्ष को दी बधाई

**अनंत ज्ञान, मनाली।** इंटक प्रदेश प्रवक्ता डीआर जोशी ने कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार को बधाई देते हुए कहा कि हाईकमान ने नेतृत्व क्षमता वाले व्यक्ति को जिम्मेदारी सौंपी है। प्रेस को जारी बयान में उन्होंने कहा कि विनय कुमार एक अनुभवी, जमीनी और संगठनात्मक क्षमता से परिपूर्ण नेता हैं। जिन्होंने लंबे समय तक पार्टी को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई है। जोशी ने विनय कुमार को अध्यक्ष बनाने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी व प्रियंका गांधी सहित समस्त शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि विनय कुमार के अध्यक्ष की बागडोर संभालने पर कांग्रेस पार्टी में जोश भर गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार एवं संगठन में बेहतर तालमेल से संगठन मजबूत होगा। जोशी ने कहा कि विनय कुमार को राजनीति का लंबा अनुभव विरासत में मिला है। रेणुका विधानसभा क्षेत्र से उनके पिता छह बार विधायक रहकर जनता की सेवा कर चुके हैं और अब विनय कुमार ने विधायक के रूप में न केवल जनता के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया बल्कि संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। जोशी ने कहा कि विनय कुमार के पास तीन वर्षों तक कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में कार्य करने का अनुभव है, जिसका सीधा लाभ अब पार्टी को संपूर्ण प्रदेश में मिलेगा।

### 7 को जेएनवी बंदरोल में पूर्ण छात्र सम्मेलन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जवाहर नवोदय विद्यालय बंदरोल में 7 दिसंबर रविवार को पूर्ण छात्र सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अवगत करवाया कि जवाहर नवोदय विद्यालय बंदरोल कुल्लू हिप्र के प्रांगण में उन्होंने विद्यालय से उत्तीर्ण हो चुके सभी पूर्व विद्यार्थियों से आग्रह है, कि उक्त सम्मेलन में उपस्थित हो कर विदयालय के वर्तमान छात्र/छात्राओं को भविष्य उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान करें, उन्होंने कहा की पूर्व विद्यार्थियों के सुझाव अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को अपने कैरियर कि तैयारी करने अथवा उपयुक्त कैरियर का चुनाव करने में सहायक सिद्ध होंगें। इसके अतिरिक्त विद्यालय भी पूर्व विद्यार्थियों को पुनः विदयालय में पाकर गौरव व हर्ष का अनुभव करेगा।

### धूमधाम से मनाया पं. विद्या सागर का जन्मदिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** सूत्रधार कला संगम कुल्लू के सभागार में मंगलवार को सूत्रधार संगीत अकादमी के प्राचार्य पं. विद्या सागर का जन्मदिवस धूमधाम व सांस्कृतिक रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ मनाया गया। संस्था के सदस्यों व प्रशिक्षुओं ने आयोजन को यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इस अवसर पर कलाकारों व प्रशिक्षुओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मंच पर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों में निशांत गौतम, लाल सिंह, जीवन बुडाल, संजय पुजारी, विजय, तारा शर्मा, करिश्मा, धनवंती, अर्पिता ठाकुर, ट्विंकल, गौरी, खुशी, रेखा, रजनीश, लेकिषा और कौस्त्व शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान कुल्लवी लोकगीत 'बुडाल फोक सीरीज-1' का विमोचन भी किया गया, जिसे सूत्रधार कला संगम के अध्यक्ष दिनेश सेन एवं प्राचार्य पं. विद्या सागर ने जारी किया। इस गीत के बोल मोहिनी ठाकुर और संगीत तेजिन्द्र नेगी ने दिया है, जबकि जीवन बुडाल ठाकुर, भास्कर शर्मा, रोहित, तारा शर्मा, कनिका महंत और उर्मिला ठाकुर ने इसमें अभिनय किया है। संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन ने कहा कि संस्था पिछले पांच दशकों से युवाओं को कला और संस्कृति से जोड़ने तथा उन्हें सृजनात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, जिससे युवा समाज में बढ़ रहे दुर्व्यसनों से दूर रह सकें। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन, उपाध्यक्ष कंवर वीरेंद्र सिंह, महासचिव अतुल गुप्ता, वित्त सचिव जोगिंदर सिंह, भंडार प्रभारी तिलक राज चौधरी, विशेष आमंत्रित सुंदर श्याम, सदस्य जीवन, सनी व संजय, प्रबंधक उत्तम चंद समेत श्याम संगीत सम्मेलन समिति के अध्यक्ष डॉ. सुरत ठाकुर, कैप्टन रणधीर सिंह सल्हुरिया, शशि चौधरी, बंदना बौध, ऋतू सूद, करिश्मा शर्मा, रूपेंद्र शर्मा और चंद्रशेखर ठाकुर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कांग्रेस अध्यक्ष के लिए 'एक अनार सौ बीमार' की स्थिति

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

जनजातीय जिला लाहौल स्पीति की ठंडी वादियों में राजनीतिक पारा खूब गर्म है।

कांग्रेस के सृजन कार्यक्रम के बाद जनजातीय जिला में कांग्रेस की स्थिति एक अनार सौ बीमार वाली है। पिछले एक साल से जिले में कांग्रेस का कोई भी संगठन नहीं था। केंद्रीय हाईकमान ने लंबे जद्दोजहद के बाद हिमाचल कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर आखिर विनय कुमार के नाम पर सहमति जता दी है।अब राज्य कार्यकारिणी के साथ साथ जिला अध्यक्षों की नियुक्ति होनी है।जनजातीय जिला लाहौल स्पीति में सृजन कार्यक्रम के बाद अध्यक्ष पद के लिए दावेदारों की लंबी सूची सामने आई है। लाहौल स्पीति से ग्यालसन ठाकुर, डॉक्टर बिशन शाशनी, प्यारे लाल, दीपक, दोरजे लार्जे, राम कुमार, सोनम डोलमा, पूनम, छेवांग, सुरेश करदो और लोबजंग ने दावेदारी पेश की है।

### डॉक्टर बिशन शाशनी का दावा सबसे मजबूत

**डॉक्टर** बिशन शाशनी का दावा सब से मजबूत दिखता है। क्योंकि डॉक्टर बिशन शाशनी लंबे समय से कांग्रेस से जुड़े रहें हैं और सेवा निवृत्ति से पहले बतौर डॉक्टर लंबे समय तक स्पीति में अपनी सेवाएं दी है। इसलिए स्पीति की हर गांव तक उन की पहचान है। स्पीति घाटी का कोई गांव ऐसा नहीं जिसे बिशन शाशनी ने अपने कदमों से नहीं नापा है। पिछले विधानसभा चुनावों में भी बिशन शाशनी वर्तमान विधायक के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चले थे और जीत का रास्ता तय किया था। यहां ये बता दें कि लाहौल स्पीति के विधानसभा चुनाव में जीत हार का फैसला स्पीति घाटी ही तय करता है ।डॉक्टर बिशन शाशनी का स्पीति घाटी में मजबूत पकड़ है इसीलिए उन का अध्यक्ष पद पर दावेदारी मजबूत दिख रही है।

### 12 साल से अध्यक्ष रहे ग्यालसन

ग्यालसन ठाकुर पिछले 12 सालों से अध्यक्ष पद पर रहें हैं और एक बार फिर उन्होंने दावेदारी पेश की है। उनके कार्यकाल में कांग्रेस ने विधान सभा चुनाव में जीत भी हासिल किया है। मृदुभाषी और सब को साथ लेकर चलते हैं और संगठन का अच्छा ख़ासा तजुर्बा भी है।

### पंचायत चुनावों में कांग्रेस को जीत दिलाना रहेगा चुनौती

**अन्य** सभी उम्मीदवार युवा हैं और लंबे समय से कांग्रेस से जुड़े हुए हैं।अब इन में से जो भी अध्यक्ष बनेगा ये तो समय ही बताएगा लेकिन जो भी अध्यक्ष बनेगा उसके लिए पहली चुनौती पंचायत चुनावों में कांग्रेस को जीत दिलाने की होगी। पिछले एक साल से जिला लाहौल स्पीति विधान सभा में कांग्रेस का संगठन नहीं है ऐसे में पंचायत चुनावों में उम्मीदवारों का चुनाव करना और जीत हांसिल करना नवनिर्वाचित अध्यक्ष के लिए किसी अग्नि परीक्षा से कम नहीं होगी।

# मणिकर्ण घाटी में 8 किलोग्राम चरस की खेप बरामद, एक काबू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

कुल्लू जिला पुलिस ने मणिकर्ण घाटी में चरस की बड़ी खेप पकड़ने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस जानकारी के अनुसार जिला के मणिकर्ण थाना के तहत छलाल गांव में एक नेपाली युवक से 8 किलो 410 ग्राम चरस बरामद हुई है।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। चरस के साथ पकड़े व्यक्ति की पहचान हिमाल मगर पुत्र रामधन मगर निवासी नेपाल के रूप में हुई है। पुलिस को गश्त के दौरान यह सफलता मिली है। उधर, पुलिस अधीक्षक कुल्लू मदन लाल कौशल ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि नेपाली मूल के व्यक्ति को चरस के साथ गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि आगामी कार्रवाई जारी है और आरोपी से चरस तस्करी को लेकर पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि चरस की यह खेप इस साल की सबसे बड़ी खेप है और नशा माफिया को किसी भी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा।

### चरस का आरोपी, 3 दिन के रिमांड पर

**पतलीकूहल।** डोभी-फोजल रोड पर चरस बरामदगी के मामले में गिरफ्तार आरोपी रवि कुमार, निवासी बस्तौरी (डाकघर भेखली), को बुधवार को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे तीन दिन का पुलिस रिमांड मिला है। एसपी मदन लाल ने इसकी पुष्टि की है।इससे एक दिन पहले, मंगलवार को पुलिस थाना पतलीकूहल के तहत गश्त के दौरान पुलिस टीम ने झकड़ी गांव के समीप तलाशी अभियान चलाया था। इसी दौरान आरोपी के कब्जे से 394 ग्राम चरस/कैनाबिस बरामद की गई। पुलिस अब रिमांड अवधि के दौरान तस्करी के नेटवर्क की जांच करेगी।

# 4, 5 व 9 को बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड लि. कुल्लू की ओर से जारी जानकारी के अनुसार बिजली उपमंडल नगवाईं के अंतर्गत 11 केवी गड़सा फीडर की आवश्यक मरम्मत व रखरखाव के कार्य तथा उच्च ताप की लाइन में पुराने खराब हो चुके पोलों को बदलने के कारण 5 दिसंबर और 9 दिसंबर को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इसके अलावा 11 केवी गड़सा फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों हुरला, खडीसेरी, खडान, बहुगुणा, थरास, मथोगी, जैरू ब आस पास के क्षेत्रों में 5 तथा 9 को बिजली कि आपूर्ति सुबह 10 बजे से शाम के 6 बजे तक बाधित रहेगी। वहीं, हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लि. कुल्लू की ओर से जारी जानकारी के अनुसार 11/0.415 केवी, 630 केवीए सब-स्टेशन लोअर बदाह की एलटी लाइनों की मुरम्मत व नाएं पोल लगवाने के कारण 4 दिसंबर को प्रातः 10 से शाम 5 बजे तक या काम के पूरा होने तक, बदाह, लोअर बदाह आदि क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

# संविदा श्रमिकों को समझाए मजदूरी, औद्योगिक संबंध व सामाजिक सुरक्षा संहिताओं के प्रमुख प्रावधान



जागरूकता कार्यक्रम के दौरान एनएचपीसी चरण दो के पदाधिकारी।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

भारत सरकार द्वारा 21 नवंबर से चारों नई श्रम संहिताओं को लागू किए जाने की अधिसूचना जारी होने के बाद एनएचपीसी पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-दो में संविदा श्रमिकों के लिए व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

मणिकर्ण और बरशैणी स्थित डैम साइट, सैंज पावर हाउस परिसर और नगवाईं प्रशासनिक कार्यालय में अब तक पांच जागरूकता सत्र आयोजित किए जा चुके हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य श्रमिकों को नई श्रम संहिताओं के प्रावधानों, उनके महत्व तथा बदलावों से मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करना है। सत्रों के दौरान कर्मचारियों को चारों श्रम संहिताओं—मजदूरी संहिता, औद्योगिक संबंध संहिता, सामाजिक सुरक्षा संहिता तथा व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्यस्थिति संहिता—के प्रमुख पहलुओं से अवगत कराया गया। एक और दो दिसंबर को मनिकरण व बरशैणी में आयोजित सत्रों में परियोजना के उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) अरविंद कौशिक ने श्रमिकों को नई संहिताओं से मिलने वाले लाभों पर विशेष जोर दिया। उन्होंने बताया कि सरल अनुपालन प्रक्रिया, समय पर वेतन भुगतान, मजबूत सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था और कार्यस्थल पर बेहतर सुरक्षा मानक इन संहिताओं की प्रमुख विशेषताएं हैं।

# भुंतर में 7.63 ग्राम चिट्टे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** पुलिस थाना भुंतर की टीम ने बुधवार को लिंक रोड बड़ा भुइन में गश्त के दौरान नशा तस्करी के मामले में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से 7.63 ग्राम हेरोइन/चिट्टा बरामद कर उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान तरसेम सिंह (39) पुत्र परम पाल सिंह, निवासी गांव और डाकघर पिपली, तहसील व जिला फरीदकोट (पंजाब) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी के विरुद्ध थाना भुंतर में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। नियमानुसार प्रारंभिक कार्रवाई पूरी कर ली गई है और अब यह पता लगाने के लिए आगे की जांच की जा रही है कि बरामद नशा उसने कहां से खरीदा और किसे बेचने की योजना थी।

# काजा को स्वच्छ रखना हम सबकी जिम्मेदारी : शिखा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा



काजा में स्वच्छता अभियान के तहत कूड़ा ठिकाने लगाते हुए।

अतिरिक्त उपायुक्त काजा एवं सदस्य सचिव विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण काजा शिखा ने बताया कि स्वच्छता अभियान के तहत काजा शहर में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

इसमें एडीसी ऑफिस, एसडीएम ऑफिस, सिविल हॉस्पिटल, काजा मॉनेस्ट्री, पुलिस लाइन, बस स्टैंड, काजा बाजार व काजा नाला सहित आसपास के क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया गया और स्थानीय लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि स्वच्छता अभियान के तहत विभिन्न प्रकार के प्लास्टिक सहित लगभग 250 किलो कूड़ा एकत्रित किया गया है। इसका पृथक्करण कर उचित निपटान किया जाएगा। काजा में विशेष कर सर्दियों में कूड़ा एकत्रीकरण की समस्या बनी रहती है इसलिए उन्होंने लोगों से आग्रह किया गया कि कूड़ा-कचरा सड़क व खुले में न फेंके और साडा द्वारा निर्धारित स्थान पर ही कूड़ा डालें, ताकि कचरे को पृथक्करण करने में भी आसानी हो।

### सीसीटीवी कैमरे किए गए हैं स्थापित

**उन्होंने** कहा कि साडा द्वारा निर्धारित जगह पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं, ताकि इधर-उधर कचरा फेंकने वालों पर निगरानी की जा सके और यदि कोई व्यक्ति निर्धारित स्थल के अलावा सड़क या इधर-उधर कूड़ा फेंकते हुए पाया गया तो उसका चालान किया जाएगा और जुर्माना भी लगाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि अपने दैनिक जीवन में प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करें ताकि पर्यावरण के साथ-साथ काज़ा शहर को भी स्वच्छ व सुंदर रखा जा सके साथ ही उन्होंने अपने आस-पास सफाई बनाए रखने की आदत डालने पर बल भी विशेष बल दिया।

अतिरिक्त उपायुक्त शिखा ने बताया कि सफाई अभियान शहर को स्वच्छ व साफ-सुथरा रखने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है, जो कि पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि स्वच्छता के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस दौरान काज़ा ग्राम पंचायतवासी, नंबरदार, व्यापार मंडल, होमस्टे और होटल एसोसिएशन, सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों सहित अन्य लोगों ने सफाई अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया।

# लाहौल में फील्ड कर्मियों को विंटर प्रिपेयर्डनेस किट बांटी



डीसी केलांग फील्ड कर्मियों को विंटर प्रिपेयर्डनेस किट का वितरण करते हुए।

अनंत ज्ञान ब्यूरो केलांग

लाहौल-स्पीति जिला की उपायुक्त किरण भड़ाना ने बुधवार उपायुक्त कार्यालय प्रांगण केलांग में आगामी शीतकालीन सत्र के दृष्टिगत विभिन्न विभागों के फील्ड कर्मियों को विंटर प्रिपेयर्डनेस किट का वितरण किया।

यह पहल भारी हिमपात एवं अत्यधिक ठंड के दौरान भूमि स्तर पर कार्यरत कर्मियों की सुरक्षा एवं कल्याण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है । जिला प्रशासन ने इन किटों के माध्यम से आवश्यक सेवाओं की निरंतरता बनाए रखने पर जोर दिया है। इसमें लोक निर्माण विभाग, विद्युत बोर्ड ,जल शक्ति विभाग एवं पुलिस जैसे आवश्यक सेवाओं से जुड़े फील्ड कर्मियों को विशेष रूप से लक्षित किया गया । विंटर प्रिपेयर्डनेस किटों में विंटर जैकेट,थर्मल सनो ग्लव्स,गर्म टोपी, स्नो बूट, ट्राउजर, नेक रैप, ऊनी मोजे, गेटर्स, स्पाइक्स, हेड टॉर्च, स्नो गॉगल्स उपकरण जैसी वस्तुएं शामिल हैं, जो लाहौल-स्पीति के ऊंचाई वाले हिमप्रधान क्षेत्रों की कठिन परिस्थितियों के अनुकूल हैं । ये किटें सड़क अवरुद्धि, हिमस्खलन एवं लंबे समय तक बर्फबारी के दौरान कर्मियों को सुरक्षित रखने में सहायक सिद्ध होंगी। उपायुक्त किरण भड़ाना ने वितरण के दौरान कहा कि जिला प्रशासन शीतकाल में फील्ड में काम करने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है, ताकि वे बिना रुकावट के सेवाएं प्रदान कर सकें। यह पहल जिले के आपदा प्रबंधन योजना के अनुरूप है, जो हिमपात एवं सर्दी संबंधी जोखिमों से निपटने के लिए तैयार की गई है। केलांग स्थित उपायुक्त कार्यालय से संचालित यह कार्यक्रम जिला स्तर पर शीतकालीन तैयारियों को मजबूत करेगा।

**संस्कृति** — स्पीति घाटी में नजर उतारने की अनोखी परंपरा है, पीड़ित की खूब बुराई कर नजर दोष का किया जाता है निवारण

# पैसे देकर उड़वाया जाता है अपना ही मजाक

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

अनंत ज्ञान स्पैशल

**काजा।** शीत मरुस्थल स्पीति घाटी की पुरातन संस्कृति आज भी एक उदाहरण है, उनके लिए जो आधुनिकता और विकास की दौड़ में इतना आगे निकल गए हैं कि कहीं न कहीं उनकी पुरातन संस्कृति और पुरानी मान्यताएं पीछे रह गईं हैं। यूं तो नजर लगना और नजर दोष का निवारण करना जैसे वाक्यों से सभी परिचित हैं और प्रदेश के हर गावं में अब भी इन बातों पर विश्वास किया जाता है ओर उसके लिए हर संभव उपाय किए जाते हैं।

स्पीति में भी नजर दोष या नजर लगना जैसी बातों पर विश्वास किया जाता है और उसके निवारण के लिए बेहद अनोखा उपाय किया जाता है। स्पीति में अगर किसी व्यक्ति को कोई गंभीर समस्या हो जाए या फिर कोई शारीरिक तकलीफ या कोई असाध्य बीमारी हो जाए और हर मुमकिन कोशिश के बाद भी कोई हल न निकले, तो ऐसे में बौद्ध भिक्षुओं यानी लामाओं को घर बुला कर उक्त समस्या के निवारण के लिए गुजारिश की जाती है। समस्या के समाधान के लिए बौद्ध भिक्षुओं के द्वारा अपने ज्ञान और पवित्र पोथी का अनुसरण कर उक्त व्यक्ति के लिए समाधन तय किया जाता है। बौद्ध भिक्षु को पोथी पर उक्त व्यक्ति की समस्या का कारण अगर नजर दोष निकला, तो ऐसे में लामा उक्त व्यक्ति को या फिर उनके परिजनों को मिखा निकालने के बारे में कहते हैं। स्पीति की बोली में मिखा का मतलब नजर लगना होता है और मिखा के निवारण के लिए एक व्यक्ति को मसखरा बनना होता है और उसे उक्त व्यक्ति के नज़र दोष निवारण के लिए पूरे गांव का चक्कर लगा कर आना होता है।

### 'मसखरे' को अपनी बुराई करवाने के लिए देते हैं पैसे

**मसखरा** जब गावं में घूम-घूम कर पीड़ित व्यक्ति की बुराई करता है, तो ऐसे में रास्ते में मिलने वाले गावं के अन्य लोग भी मसखरे को अपनी बुराई करवाने के लिए पैसे देते हैं और जो भी पैसा देता है वो उसकी बुराई इतने मतेदार तरीके से करता है कि सामने वाले को बुरा भी नहीं लगता और उनकी नजर भी उतर जाती है। मसखरा जब बुराई करता है, तो वह कभी-कभी व्यंग्य विनोद के साथ-साथ ऐसे शब्दों का भी प्रयोग कर देता है, जो शब्द थोड़े आपत्तिजनक भी होते हैं, मगर गांव में कोई भी मसखरे की बात का बुरा नहीं मानता, बल्कि उसे मनोरंजन के तौर पर देखा जाता है।

### क्या करता है 'मसखरा'

**मसखरा** नजर दोष से पीड़ित व्यक्ति के साथ-साथ मजाक-मजाक में उसके परिजनों की भी उतनी बुराई करता है और ऐसा माना जाता है कि समाज के लोगों के सामने पीड़ित व्यक्ति की ओर उसके परिजनों की बुराई करने से नजर दोष समाप्त हो जाता है।

### मसखरा?

मसखरा फटे पुराने वस्त्र धारण कर अपने चेहरे पर कालिख या कुछ और रंग पोत कर या फिर अजीबोगरीब सूरत बनाकर एक लकड़ी के टुकड़े को जिसे मसखरा अपना घोड़ा कहता है, उसको लेकर पूरे गावं का चक्कर काटता है और इस दौरान जो भी व्यक्ति रास्ते में मसखरे से मिलता है, तो ऐसे में मसखरा उक्त व्यक्ति की जम कर बुराई करना शुरू कर देता है, बल्कि बहुत ही मजाकिया अंदाज में कहता है और ये सिलसिला पूरे गांव का चक्कर काटने तक चलता रहता है।

### 'मसखरा' एक प्रकार से समाज का होता है आईना

**मसखरा** एक प्रकार से समाज का आईना होता है ओर वो सिर्फ वहीं बातें बोलता है, जो अक्सर लोग किसी के बारे में पीठ पीछे बातें करते हैं। वो लोगों की ईर्ष्या, जलन और किसी की तरक्की से उत्पन्न होने वाली परेशानी को खुल कर जाहिर करता है ओर वो बिलकुल समाज के आईने की तरह होता है, जो दिखता है उसी को वो व्यक्त करता है।

### खत्म हो रही है 'मसखरा' बनने और नजर उतारने की परंपरा

**आज** के समय में अब कोई भी मसखरा बनने को तैयार नहीं है बस वहीं लोग बचे हैं, जो पहले से मसखरा बनते आए हैं, अब नई युवा पीढ़ी को इन सब बातों में ज्यादा दिलचस्पी और विश्वास नहीं है। बदलते वक्त के साथ स्पीति घाटी में भी बदलाव हो रहा है। आज के समय में घाटी में लगभग सभी लोग शिक्षित हो चुके हैं, ऐसे में पुरानी परंपराओं का साथ छूटना भी उसमें शामिल है।

# जागरूकता आधारित प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाया उत्साह

**अनंत ज्ञान, आनी।** राजकीय महाविद्यालय आनी स्थित हरिपुर में रेड रिबन क्लब, साइंस सोसाइटी एवं एनएसएस इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में विश्व एड्स दिवस 2025 के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय एड्स जागरूकता कार्यक्रम का समापन 2 दिसंबर को गरिमामय वातावरण में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो. नरेंद्र पॉल ने दीप प्रज्वलन के बाद अपने संबोधन में कहा कि एड्स के विरुद्ध लड़ाई केवल स्वास्थ्य का नहीं, बल्कि जागरूक समाज निर्माण की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों से जागरूकता को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। रेड रिबन क्लब सदस्य प्रो. पुष्पा गुलेरिया ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया, जबकि क्लब अध्यक्ष मनीषा देवी ने एचआईवी/एड्स पर प्रभावशाली वक्तव्य दिया। मंच संचालन शिवानी शर्मा और अजय कुमार ने किया। कार्यक्रम में दिव्यांशी नेगी और देश राज द्वारा एचआईवी/एड्स आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण और तथ्यात्मक जानकारी का प्रदर्शन किया। तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत रील मेकिंग, नारा लेखन, रंगोली निर्माण और क्विज़ प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए गए। मूल्यांकन डॉ. संगीता नेगी और प्रो. विनोद कुमार ने किया। रील मेकिंग में तमन्ना ठाकुर प्रथम रहीं, जबकि नारा लेखन में भूमिका धीमान ने बाजी मारी। रंगोली में मनीषा, अनामिका और आरती की टीम प्रथम रही। क्विज़ में ऐशले, चांद किशोर और छ्याल सिंह की टीम विजेता रही। कार्यक्रम में विजेताओं व प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। अंत में संयोजक प्रो. विजय कुमार ने सभी अतिथियों, निर्णायकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। आयोजन ने परिसर में जागरूकता, सहभागिता और सामाजिक उत्तरदायित्व का सकारात्मक संदेश स्थापित किया।

## न्यूज ब्रीफ

### मौसम की बेरुखी की मार झेल रहे किसान सिरमौर में नहीं हो रही गेहूं की बिजाई

**एसपी जैरथ, नाहन।** मौसम की बेरुखी के चलते किसानों की चिंताएं बढ़ने लगी है। जिला सिरमौर में कई जगह किसान गेहूं की बिजाई नहीं कर पा रहे हैं तो कई जगह बारिश न होने के कारण फसल पर विपरीत असर पड़ रहा है। कृषि विभाग के मुताबिक जिला सिरमौर में 25000 हेक्टेयर भूमि में गेहूं की बिजाई का लक्ष्य रखा गया है। मीडिया से बात करते हुए जिला कृषि उपनिदेशक डॉक्टर राजकुमार ने बताया कि पिछले कुछ समय से बारिश न होने के चलते जिला सिरमौर के कई इलाकों में किसान गेहूं की बिजाई नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिला सिरमौर में छह विकासखंड है जिसमें से तीन विकासखंड मैदानी इलाके में आते हैं जबकि तीन विकासखंड मिड और हायर हिल्स में शामिल है। सिंचाई की सुविधा न होने के चलते मिड और हायर हिल्स में अभी तक करीब 85% ही गेहूं की बिजाई का कार्य हो पाया है जबकि मैदानी इलाकों में 100% गेहूं की बिजाई का कार्य पूर्ण हो चुका है। उन्होंने बताया कि मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक दिसंबर माह में बारिश की संभावना बताई जा रही है और किसान इस महीने भी गेहूं की बिजाई कर सकते हैं। उन्होंने सलाह देते हुए कहा कि यदि बारिश नहीं होती है तो पहाड़ी इलाकों में किसान कॉन्टिनेंट फसल के रूप में जनवरी माह में आलू जबकि मैदानी इलाकों में सरसों और चना की बिजाई कर सकते हैं ताकि मौसम के कारण होने वाले नुकसान से बचा जा सके।

### बैंक खाते से ऑनलाइन उड़ा लिए 41 हजार

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** कंडाघाट के बाशा बगेटू के एक व्यक्ति के खाते से 41 हजार राशि ऑनलाइन उडाने का मामला सामने आया है। इससे पीड़ित व्यक्ति से न किसी ने ओटीपी मांगा और न उन्होंने कोई ठगों का व्हाट्सअप लिंक ओके किया। इसके बावजूद खाते से 41 हजार निकल गए। यह ठगी का आरोप नरायण दत्त ने लगाया है। उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस थाना कंडाघाट और साइबर क्राइम में की है। शिकायत के मुताबिक उन्होंने साइबर क्राइम, कंडाघाट पुलिस थाना और बैंक शाखा को दी। शिकायत में कहा कि यह राशि न स्वयं निकली और न ही किसी को गूगल पेमेंट की है। साइबर जांच से पता चला की यह राशि तीन अलग - अलग नंबर के खातों में गई है और करीब 14 हजार रुपए भी होल्ड पर लगाए है। बैंक शाखा प्रबंधक रजनीश रावत ने यह शिकायत आने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि इसकी सूचना उन्होंने उच्चाधिकारीयों को दी है। यह जांच की जा रही है कि यह राशि कैसे ट्रांसफर की है , क्या किसी ने इनके फोन का गलत इस्तेमाल किया है या इनसे साइबर ठगी हुई।

### एनएसएस स्वयंसेवक अनुशासन, सेवाभावना से राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाएं: मनकोटिया

**प्रेम कुमार, कंडाघाट।** कंडाघाट डिग्री कॉलेज में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर शुरू हुआ। इसके उद्घाटन सत्र में बुधवार को कॉलेज सभागार परिसर में समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य डॉ. मदन लाल मनकोटिया मुख्यातिथि और शिक्षक अभिभावक संघ के प्रधान हरीश बतौर उपस्थित रहे। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो पंकज और प्रो संगीता कुमारी ने स्वागत के साथ इस शिविर के उद्देश्यों की जानकारी दी। स्वयंसेवकों ने देशभक्ति से प्रेरित एनएनएस गीत प्रस्तुत किया। स्वयंसेवक अंजलि ने एनएसएस के महत्व और सात दिवसीय शिविर में आयोजित होने वाली गतिविधियों बारे विस्तृत जानकारी दी। हेमलता ने विकसित भारत संकल्प 2047 एवं युवाओं का योगदान विषय पर प्रकाश डाला। कनिष्का ने यूथऑफ माई भारत विषय पर विचार रखे। प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में स्वयंसेवकों को अनुशासन, सेवा भावना तथा राष्ट्रनिर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया और इस शिविर के महत्व तथा समाज सेवा की वास्तविक भावना पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा चिट्टे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान में बढ़ चढ़कर भाग लेने और शिविर दौरान दौरान समाज में इस बारे में जागरूकता फैलाने पर बल दिया। उद्घाटन सत्र के बाद स्वयंसेवकों ने परिसर सौंदर्यीकरण, स्वच्छता अभियान तथा पोस्टर मेकिंग गतिविधियों में स्वयं सेवकों ने भाग लिया। इनके बनाए गए पोस्टरों से कॉलेज परिसर को सजाया गया।

### राजगढ़ स्कूल में मनाया विश्व प्रदूषण नियंत्रण दिवस

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** पीएमश्री राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल राजगढ़ के यूथ एंड इको क्लब, द्वारा विश्व प्रदूषण नियंत्रण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर क्लब प्रभारी प्रवीण शर्मा प्रवक्ता गणित ने बच्चों को इस दिवस पर विस्तृत रूप से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह दिवस 1984 की भोपाल गैस त्रासदी जिसमें जहरीली गैस मिथाइल आइसोसाइनेट के रिसाव के कारण दो तथा 3 दिसंबर की रात को खोए हुए अनेक लोगों और स्थाई रूप से घायल हुए हजारे लोगों को श्रद्धांजलि देने तथा लोगों को प्रदूषण के प्रति जागरूक करने के लिए मनाया जाता है। प्रदूषण हमारे स्वास्थ्य और हमारे ग्रह के लिए एक भयानक खतरा है। प्रदूषण एक ऐसा दुश्मन है जो सीमाओं को नहीं जानता तथा हमारी जलवायु को प्रदूषित कर देता है। अगर हम लोग समय रहते पर्यावरण के प्रति जागरूक न हुए तो इस ग्रह पर कुछ समय बाद जीवन समाप्त हो सकता है। प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए हमें प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण ,प्लास्टिक का प्रयोग न करना और अधिक से अधिक पेड़ों को लगाना चाहिए। इस अवसर पर स्कूल में तीन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया भाषण प्रतियोगिता में आयुषी ने प्रथम स्थान, सेजल ने द्वितीय स्थान, कशिश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में धीरज ने प्रथम ,आयुषी व काव्यांजलि ने द्वितीय, महक व कृतिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नारा लेखन प्रतियोगिता में हर्षिका ने प्रथम , विपाक्षी ने द्वितीय स्थान तथा वंश व श्रुति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में कार्यकारी प्रधानाचार्य श्री दिलीप सिंह जी ने बच्चों को प्रदूषण के प्रति जागरूक होने के बारे में संदेश दिया।

### हिमालयन क्वीन को सोलन रेलवे स्टेशन पर रोकने की मांग, रेल मंत्री को लिखा पत्र

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पूर्व अध्यक्ष नगर परिषद सोलन कुल राकेश पंत ने रेल मंत्री को पत्र लिख कर पर्यटन और यात्रियों की सुविधा हेतु कालका-शिमला रेल मार्ग पर चलने वाली हिमालयन क्वीन को सोलन रेलवे स्टेशन पर रोकने की मांग की है। पंत ने कहा कि कालका से शिमला आने -जाने वाली हिमालयन क्वीन ट्रेन नं. 52455 और 42456 (डाउन) पहले सोलन में भी आते जाते रुकती थी। पर करीब एक साल पहले सोलन स्टेशन पर इसका रोकना बंद कर दिया है। इस कारण सोलन पहुँचने और गाड़ी से जाने वाले यात्रियों को बहुत परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि रेल मंत्री के ध्यान यह बात लाने के लिए पत्र भेजा गया है। पंत ने कहा कि सोलन जिला का मुख्यालय है। यहाँ पर केन्द्रीय सरकार के दफ्तर तो हैं ही अपितु एशिया की प्रसिद्ध फोरेस्ट्री एवं हॉर्टिकल्चर का विश्व-विद्यालय भी है। सोलन के आस-पास बहुत सारे अन्य विश्व-विद्यालय भी है तथा शिक्षा के संस्थान भी हैं।इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए सोलन में भी इस रेलगाड़ी को 2-3 मिनट के लिए पहले की तरह जनहित में रोका चाहिए।

## सभी विभाग सर्दी के मौसम की समय रहते आवश्यक तैयारियां करें पूर्ण : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान, नाहन**

उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा ने आज उपायुक्त कार्यालय में जिला के सभी विभाग प्रमुखों के साथ बैठक आयोजित कर सर्दियों की तैयारियों का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिला के सभी उपमंडलाधिकारी व खंड विकास अधिकारियों ने वर्चुअल माध्यम से बैठक में भाग लिया।

उन्होंने जिला के अधिकारियों को हिमस्खलन और भारी बर्फबारी वाले क्षेत्रों में मानव संसाधन, मशीनरी और अन्य आवश्यक सामग्री की अग्रिम तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग मौसम की चुनौतियों के लिए तैयार रहें तथा आवश्यक तैयारियों को समय रहते पूर्ण कर लें।

उन्होंने बताया कि उपमंडल संगडाह के अन्तर्गत आने वाले धार्मिक पर्यटन स्थल चूडधार में संभावित बर्फबारी व सर्दीयों के मौसम के चलते धार्मिक यात्रा व अन्य पर्यटन गतिविधियों को अस्थाई रूप से बंद कर दिया गया है। उन्होंने उपमंडलाधिकारी संगडाह को निर्देष दिए कि वह चूडधार जाने वाले यात्रियों व ट्रैकर्स पर कड़ी नजर रखें तथा इस बारे स्थानीय स्तर पर आवष्यक जागरूकता लाने के प्रयास करें।

उन्होंने सभी उपमंडलाधिकारीयों को सर्दियों की तैयारियों और प्रतिक्रिया के दौरान कुशल समन्वय के लिए उपमंडल स्तर पर नोडल अधिकारी नामित करने के निर्देष दिए तथा नामित नोडल अधिकारीयों के नाम दूरभाष सहित जिला आपदा प्रबंधन को उपलब्ध करने के लिए कहा।

# ड्राई स्पेल से सोलन अस्पताल में बढ़े सर्दी, खांसी, बुखार के मामले

## रोजाना उपचार को पहुंच रहे हैं 80 से 100 तक मरीज

**आर मोहन चौहान, सोलन**

प्रदेश में पिछले करीब डेढ़ महीने से चल रहे ड्राई स्पेल से लोग सूखी खांसी, गला खराब और बुखार से पीड़ित होने लगे हैं। ड्राई स्पेल से सोलन जिला भी अछूता नहीं है। जिला मुख्यालय में सुबह शाम की ठंडक और दिन की गर्मी से लोग बीमार पड़ रहे हैं। खासकर बुजुर्ग और बच्चे सूखी खांसी, गला खराब जैसी बीमारियों की जकड़ में है। ड्राई स्पेल के चलते क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में रोज सूखी खांसी, गला खराब और छाती जाम के सैंकड़ों मरीज इलाज को पहुंच रहे हैं। चिकित्सकों की माने तो इन बीमारियों का मुख्य कारण शुष्क मौसम और ठण्ड है। दिन और रात के तापमान में काफी अंतर होने के कारण भी लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। ऐसे में संक्रमण से बचाव भी जरूरी हो जाता है। सावधानी के लिए भीड़भाड़ वाली जगहों में मास्क पहना जा सकता है।



सोलन अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचे लोग।

### हल्के में न लें वायरल को वरना होगी परेशानी

**वायरल** से कारण लोगों में खांसी, सांस की तकलीफ या सांस लेने में कठिनाई, थकान, मांसपेशियों-शरीर में दर्द, सिरदर्द, गले में खराश, नाक बंद या नाक बहने जैसी समस्या देखी जा रही है। ऐसे में लोगों को इस बीमारी से सतर्क रहने की जरूरत है। तीन से चार दिन तक बीमारी ठीक न होने पर नजदीकी अस्पताल में चिकित्सा जांच जरूरी है। वायरल होने पर गर्म पानी का सेवन और ठंड और गर्मी से बचाव जरूरी है।

### मौसम में बदवाल से सोलन अस्पताल में लगातार बढ़े वायरल के मामले

**मुख्यालय** से ठंडा गर्म मौसम होने के कारण वायरल के मामलों में बढ़ोतरी हुई है। क्षेत्रीय अस्पताल सोलन की मेडिसन ओपीडी में रोजाना 80 से 100 मरीज सर्दी, खांसी बुखार से पीड़ित उपचार को पहुंच रहे है। बीते कुछ माह से कम बारिश होने के चलते सूखी ठंड भी पड़ रही है, जिसके चलते लोग वायरल की चपेट में आ रहे है। आमतौर पर अस्पताल में वायरल के 30 से 35 मरीज रोजाना ओपीडी में पहुंचते थे तो इन दिनों यह संख्या बढ़कर दोगुनी से अधिक हो गई है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ की माने तो इसका एक कारण सूखी ठंड भी है। मेडिसिन ओपीडी की बात करें तो कुल ओपीडी में 60 प्रतिशत मरीज ऐसे होते है जो सर्दी, खांसी, बुखार से पीड़ित हो। पिछले कुछ दिनों से क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में मरीजों की खासी भीड़ देखी गई। फीस व दवा काउंटर पर लोगों की लंबी लाइन लग गई थी।

अस्पताल की जनरल और मेडिसिन ओपीडी में पहले के मुकाबले सर्दी, खांसी, जुखाम से पीड़ित मरीज उपचार को आ रहे हैं। ड्राई स्पेल और ठंडे-गर्म मौसम से वायरल की बीमारियों पनपती है। ठंड बचाव को गर्म कपड़े पहने। जहां तक हो सके गर्म पानी का सेवन ही करें। भीड़ भाड़ में मास्क पहनना हितकारी होगा।

**डॉ. राकेश पंवर, एमएस, सोलन अस्पताल।**

## हिमाचल का दुर्भाग्य है जिसे सनातन विरोधी सीएम मिला : मेला राम शर्मा

**अनंत ज्ञान, नाहन**



सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को सनातन और हिंदू विरोधी बताया है। उन्होंने कहा कि यह देवभूमि हिमाचल प्रदेश का दुर्भाग्य है कि इस प्रदेश के मुख्यमंत्री ने स्कूल में पढ़ रहे विद्यार्थियों द्वारा राधे–राधे जी बोलने पर भी आपत्ती जताई है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा संस्कारित बच्चों द्वारा राधे–राधे जी कहने पर आपत्ति जताना न केवल सनातन और हिंदू धर्म का घोर अपमान है अपितु देवभूमि हिमाचल प्रदेश की समस्त सनातनी जनता की भावनाओं को भी ठेस पहुंची है। मेलाराम शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री की इस करतूत की राष्ट्र के अनेक महान संत महात्माओं ने भी कड़े शब्दों में निंदा की है और देवभूमि हिमाचल के इस मुख्यमंत्री को सनातन और हिंदू विरोधी बताया है।

## जिला सोलन में 124 प्राइवेट स्कूल के मापदंड कसौटी पर

### मान्यता रिन्यू करवाने के लिए अभी तक नहीं किया आवेदन

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जिला सोलन के 124 प्राइमरी व मिडल निजी स्कूलों पर मान्यता की तलवार लटक गई है। इन स्कूलों द्वारा मान्यता रिन्यू करने के सभी मानदंडों को पूरा नहीं किया गया है, जिस कारण अभी भी इनकी मान्यता रिन्यू नहीं हो पाई है। प्रारंभिक शिक्षा विभाग द्वारा इन्हें अब नोटिस दिए जा रहे हैं कि वे अपनी मान्यता को लेकर तय सभी मानदंडों को पूरा करें ताकि आगामी कार्रवाई की जा सके। अगर वे मापदंड पूरा नहीं करेंगे तो उनकी मान्यता रद भी हो सकती है।

बता दें कि जिला सोलन में करीब 224 प्राइमरी व मिडल निजी स्कूल हैं। इन स्कूलों को प्रारंभिक शिक्षा विभाग की ओर से प्रत्येक वर्ष अपनी मान्यता रिन्यू करवाने के लिए आवेदन करना होता है। इसके लिए जहां स्कूलों को फीस जमा करवानी होती है, वहीं अन्य सभी मानदंडों को भी पूरा करना होता है। हालांकि इस वर्ष जिला के निजी स्कूल मान्यता रिन्यू को लेकर दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। कुल 224 स्कूलों में से अब तक केवल 100 स्कूलों की मान्यता रिन्यू हो पाई है। इसको देखते हुए अब शिक्षा विभाग ने कड़ा संज्ञान लिया है और इन बाकि बचे 124 स्कूलों को मान्यता रिन्यू करवाने को लेकर नोटिस दिए जा रहे हैं। उन्हें समय रहते सभी मानदंडों को पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। यदि वे इन मानदंडों को पूरा नहीं करते हैं तो उनकी मान्यता रद भी हो सकती है।

**जिला के प्राइवेट प्राइमरी व मिडल स्कूल शिक्षा विभाग की कसौटी पर खरा नहीं उतर रहे हैं**

**यह मानदंड हैं तय:** निजी स्कूलों को जहां प्रत्येक वर्ष ऑनलाइन आवेदन करने के साथ 500 रुपए रिन्यूल फीस जमा करवानी होती है। इसके साथ ही प्रारंभिक शिक्षा विभाग द्वारा तय मानदंडों के अनुसार स्कूल के रिकॉर्ड को खंगाला जाता है। इसमें 100 से कम सं या वाले स्कूलों में 30 बच्चों पर 1 टीचर और 100 से अधिक सं या वाले स्कूलों में 40 बच्चों पर 1 टीचर का प्रावधान है।

जिला सोलन में कुल 124 स्कूलों की मान्यता रिन्यू नहीं हुई है। इन स्कूलों को नोटिस भेजे जा रहे हैं और उन्हें तय मानदंडों को पूरा करने के लिए कहा जा रहा है। यदि समय रहते स्कूल मानदंडों को पूरा नहीं करेंगे तो उनकी मान्यता रद भी हो सकती है।

**मोहिंदर चंद पिरटा, उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा विभाग सोलन।**

## टीम हेमिप्टेरा ने इंटर-कॉलेज एंटोमोलॉजी क्विज जीती; कीट फोटोग्राफी प्रतियोगिता में पायल प्रथम

**अनंत ज्ञान, सोलन**

डॉ यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के कीट विज्ञान विभाग के एंटोमोलॉजी क्लब द्वारा इंटर-कॉलेज एंटोमोलॉजी क्विज़ प्रतियोगिता और कीट फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के घटक महाविद्यालयों और अन्य संस्थानों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक जिज्ञासा को बढ़ावा देना और कीट विज्ञान के मूलभूत ज्ञान को सुदृढ़ करना था। क्विज प्रतियोगिता में औद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय थुनाग एवं नेरी, औद्यानिकी महाविद्यालय, नौणी, वानिकी महाविद्यालय, नौणी और शूलिनी विश्वविद्यालय सहित छह टीमों ने भाग लिया। विशेषज्ञ निर्णायकों द्वारा पाँच चुनौतीपूर्ण चरणों—बहुविकल्पीय प्रश्न, ऑडियो विजुअल, तकनीकी स्पेलिंग बी और रैपिड–फायर—में प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया गया। कड़े मुकाबले के बाद औद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय थुनाग की टीम हेमिप्टेरा—गौरव, फिजा भलैक, वर्षा ठाकुर और मोनिका राज—ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। औद्यानिकी महाविद्यालय, नौणी की टीम कोलीओप्टेरा (सिमरन, अखिल, लक्ष्य और अपूर्वा) उपविजेता रही। कुलपति ने सभी टीमों के उत्साह और खेल भावना की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान कीट/एंटोमोलॉजी फोटोग्राफी प्रतियोगिता के परिणाम भी घोषित किए गए। पायल (MSc द्वितीय वर्ष, कीट विज्ञान) ने कीट विविधता को दर्शाती अपनी उत्कृष्ट फोटोग्राफ के लिए प्रथम पुरस्कार जीता। सुस्मिता (पीएचडी तृतीय वर्ष, कीट विज्ञान) द्वितीय स्थान पर रहीं, जबकि वर्निका (पीएचडी द्वितीय वर्ष, सांख्यिकी) ने अपने रचनात्मक कार्य के लिए तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता ने कीट व्यवहार एवं पारिस्थितिकी को समझने में दृश्य दस्तावेज़ीकरण के महत्व को रेखांकित किया।


अव्वल रहे खिलाड़ी वीसी प्रो. राजेश्वर चंदेल के साथ।

## राजकीय महाविद्यालय सोलन और द इंडियन मुनीम एकेडमी के बीच एमओयू

**अनंत ज्ञान, सोलन**

राजकीय महाविद्यालय ने द इंडियन मुनीम एकेडमी जोकि आईटी पार्क चंडीगढ़ का एक उपक्रम है, के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह एमओयू विद्यार्थियों में तकनीक आधारित स्टार्टअप, शोध, नवाचार एवं कौशल विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया है।

इस सहयोग के तहत दोनों संस्थान प्रौद्योगिकी आधारित स्टार्टअप्स के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करेंगे। राजकीय महाविद्यालय सोलन के साथ टीमा की उन्नत तकनीकी प्रयोगशालाओं का उपयोग कर सकेंगे तथा अपने प्रोटोटाइप के अनुसंधान एवं विकास के लिए विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे। एमओयू के अंतर्गत विद्यार्थियों को टीमा द्वारा चलाए जा रहे स्टार्टअप इनक्यूबेशन में इंटर्नशिप का अवसर भी मिलेगा, जिससे उन्हें व्यावहारिक अनुभव एवं उद्योग आधारित कौशल हासिल होंगे। इसके अतिरिक्त, टीमा विद्यार्थियों को प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सहायता भी प्रदान करेगा। एमओयू पर हस्ताक्षर डॉ. मनीषा कोहली, प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय सोलन, और श्रेय अग्रवाल टीमा, द्वारा किए गए। इस कार्यक्रम का संयोजन डॉ. योगेश कुमार, संयोजक, आर एंड डी सेल, तथा प्रो. वंदना गुप्ता, विभागाध्यक्ष, वाणिज्य विभाग, द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रो. मंजू, प्रो. अंकुर, प्रो. जीना गुप्ता, प्रो. आई. डी. शर्मा, तथा प्रो. विवेक उपस्थित रहे और इस पहल का स्वागत किया।


द इंडियन मुनीम एकेडमी के साथ एमओयू के दौरान कॉलेज प्रिंसिपल व अन्य।

### राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ का यूथ फेस्टिवल में शानदार तरीके से प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजगढ़ डिग्री कॉलेज की टीम ने यूथ फेस्टिवल रंगमंच में शानदार प्रदर्शन किया। टीम ने राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में आयोजित ग्रुप–4 यूथ फेस्टिवल में नाटक, स्किट और माइम श्रेणी में भाग लिया। राजगढ़ महाविद्यालय पहली बार इस प्रतिष्ठित हिमाचल प्रदेश यूथ फेस्टिवल ग्रुप 4 में शामिल हुआ द्य प्रतियोगिता में राजगढ़ डिग्री कॉलेज की स्किट टीम ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति से सभी का ध्यान आकर्षित किया और द्वितीय उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के छात्रों की इस उपलब्धि से कॉलेज परिसर में उत्साह का माहौल है।

आयोजन समिति के संयोजक डॉ पंकज शर्मा ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों के समर्पण की प्रशंसा की और नीतेश शर्मा का विद्यार्थियों की प्रतिभा तराशने हेतु धन्यवाद किया।

## नाहन चौगान में फिर से शुरू होगा राकेश मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट

**अनंत ज्ञान, नाहन**

ऐतिहासिक शहर नाहन के चौगान मैदान में चल रही राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में हिमाचल की सभी जिलों के प्रतिभागी अपना दम कम दिख रहे है जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे है। वही हिमाचल फुटबॉल एसोसिएशन यह भी निर्णय लिया है कि। बीते लंबे समय से शहर की पहचान राकेश मेमोरियल फुटबॉल प्रतियोगिता को फिर से शुरू करने के प्रयास किया जा रहे हैं।

इस प्रतियोगिता के शुरू होने से नाहन शहर में वो फुटबॉल का गोल्डन पीरियड फिर से देखने को मिलेगा जिसको लेकर खिलाड़ियों में उत्साह है। मीडिया से बात करते हुए हिमाचल प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन के महासचिव दीपक शर्मा ने बताया कि पिछले कई वर्षों से नाहन में राकेश मेमोरियल फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन नहीं हो पाया है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर की टीमें खेलने के लिए यहां पहुंचती थी। कभी संसाधनों की कमी तो कभी आयोजन समिति के अभाव में यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट इतिहास के पन्नों में सिमटता चला गया। राकेश मेमोरियल प्रतियोगिता से शहर को पहचान मिली थी , कई खिलाड़ी यहां से निकलकर राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचे। अब फिर से इस टूर्नामेंट को शुरू करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं ताकि नाहन के फुटबॉल का नाम फिर से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमक सके।

## प्रदेश में बढ़ रही महिला हिंसा चिंता का विषय : जनवादी महिला समिति

**अनंत ज्ञान, नाहन**

अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति देश और प्रदेश में बढ रही महिला हिंसा पर गहरी चिंता व्यक्त की है। समिति का कहना है कि देश और प्रदेश की सरकारें महिला हिंसा को रोकने में असफल हो चुकी है। उल्टा देश की मोदी सरकार और उनके नेता लगातार महिलाओं के साथ हो रही यौन हिंसाओं में शामिल हो रहे। मोदी सरकार तथा आरएसएस लगातार भाजपा में शामिल अपराधिक छवि के लोगों को संरक्षण देने काम कर रहे है। प्रेस जो जारी बयान में अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की पूर्व राज्य अध्यक्ष संतोष कपूर , जिला कमेटी सिरमौर की सचिव अमिता चौहान , जिला कमेटी की कोषाध्यक्ष आशा शर्मा , उपाध्यक्ष जिला कमेटी सेवती कमल और लोकल कमेटी नाहन की सचिव फरजाना ने बताया कि चुरहा से भाजपा के विधायक हंस राज पर लगे आरोप और उनको दिया जा रहा संरक्षण सबके सामने जग जाहिर हो रहा है। प्रदेश में मुख्य विपक्षी दल भाजपा अपराध के खिलाफ न्याय दिलाने के लिए न बोल कर उनको बचाने में मदद कर रही हैं। भाजपा और मोदी सरकार ने बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का जो नारा दिया है वो अब ऐसा लग रहा है कि देश और प्रदेश की बेटियों को भाजपा के नेताओं से बचाओ की तरफ बढ़ रहा है।

पिछले कई महीनों से प्रदेश में लगातार महिलाओं के साथ हो रही हिंसा में भाजपा नेताओं के नाम सामने आ रहे हैं। देश में मोदी सरकार सारे अपराधिक छवि वाले नेताओं बाबाओं को संरक्षण दिया है और अब हिमाचल की बारी आ रही है। यह दिखाता है कि आरएसएस भाजपा की असली मानसिकता क्या है। महिला समिति मांग करती है कि चुराह के विधायक हंस राज की जमानत याचिका एक दम तत्काल प्रभाव से रद्द हो तथा उनको विधानसभा में रहने का भी कोई हक नहीं है। सदस्यता भी रद्द हो तथा पीड़िता को न्याय दिलाया जाएं।

**सम्मान** सोलन में प्रगतिशील अन्नदाता किसानों को मिला गौरव सम्मान

## साईं एक्वा के एमडी कार्तिक शर्मा की पहल बनी प्रेरणा

**अनंत ज्ञान, सोलन**

प्रदेश के अन्नदाता किसानों को सम्मान देने के उद्देश्य से सोलन में एक भव्य गौरव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संजीव कुमार ( डीपीओ आईडीपी ) ने किया, जबकि समापन सत्र के मुख्य अतिथि डॉ. राजेंद्र ठाकुर (डीपीएम जायका) रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वाधीन चंद्र गौड़, शिव कुमार ठाकुर, डॉ. टेक सिंह चौहान (एसएमएस), डॉ. अरुण शर्मा (डीएओ), डॉ. इशान मेहता (एसएमएस), डॉ. अंजलि काटोच (एसएमएस), डॉ. उमेश ठाकुर ( बी पी एम जायका), डॉ. राजेश मिन्हास ( एडीओ), डॉ. संदीप शर्मा (सोलन), डॉ. विकास शर्मा (धर्मपुर), जयपाल (एपीओ), मदन लाल ( एपीओ), धीरज कुमार (एपीओ), दीप कुमार एफइओ और संदीप कुमार (एफइओ) विशेष रूप से मौजूद रहे। इस कार्यक्रम का आयोजन साईं एक्वा एवं मशीन द्वारा किया गया, जबकि टेक्साज कंपनी ने इसमें सहयोग प्रदान किया। समारोह में सोलन, शिमला, सिरमौर, किन्नौर और कुल्लू जिलों से आए प्रगतिशील किसानों को नकद राशि और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का केंद्र बिंदु साईं एक्वा कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर कार्तिक शर्मा रहे, जिन्होंने किसानों को सिर्फ सम्मान ही नहीं दिया बल्कि उन्हें वैज्ञानिक खेती के लिए प्रेरित भी किया। कार्तिक शर्मा ने बताया कि बीते दो वर्षों में उनकी कंपनी लगभग 200 किसानों को सम्मानित कर चुकी है। उनका मुख्य उद्देश्य कृषि क्षेत्र में वैज्ञानिक क्रांति लाकर किसानों की आय बढ़ाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम भविष्य में भी लगातार आयोजित किए जाएंगे ताकि किसानों में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार हो। मुख्यअतिथि डीपीएम जायका डॉ राजेंद्र ठाकुर ने किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित किया। जबकि संजीव कुमार डीपीओ ने कृषि उत्पादन बढ़ाने को आधुनिक मशीनों और तकनीक को अपनाने की सलाह दी।

टेक्साज कंपनी के रीजनल हेड आशीष कुमार ने कहा कि हिमाचल के किसान बेहद मेहनती हैं, लेकिन उनकी मेहनत को निजी स्तर पर वह पहचान नहीं मिल पाई जिसकी वे हकदार थे। साईं एक्वा द्वारा उठाया गया यह कदम सराहनीय है, जिसने किसानों को सम्मान और नई पहचान दी है।

इस मौके पर सुरेश कुमार, आशा, मोहन लाल, पूरन चंद, रघुवीर सिंह, शौकत अली, सोम दत्त शर्मा, दयाल सिंह, हुकम चंद धीमान, यशवंत बेनल, कनिष्क शर्मा, धर्म दास कौशल, धर्म सिंह, अमित सिंह, अंकुश ठाकुर, कमल ठाकुर, भूपिंदर सिंह, जय सिंह, दीपक कुमार, देवन कुमार, गोपाल चंद, कमलेश चंद, हेम राज, कृष्ण कुमार, लीला दत्त शर्मा, खेम सिंह, सतीश कुमार, दीपक शांडिल, देविंदर शर्मा, परवेश ठाकुर, विजय कुमार, राजेश कुमार वर्मा, अमर सिंह, बलवंत सिंह, रंजीत सिंह, मनोज कुमार, कुलदीप सिंह, विक्रम, निखिल और मदन को गौरव सम्मान से नवाजा गया।


सम्मानित किए गए प्रगतिशील किसान।

## न्यूज ब्रीफ

### नरेश मारकंडा की लगातार तीसरी सफलता

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सीनियर एडवोकेट नरेश मारकंडा लगातार तीसरी बार इंडियन काउंसिल ऑफ आर्बिट्रेशन (आईसीए), नई दिल्ली की गवर्निंग बॉडी के सदस्य निर्वाचित हुए। उन्हें 5500 से अधिक मतदाताओं वाले इंडिविजुअल मेंबर्स कॉन्स्टीटूएंसी से चुना गया। आईसीए की स्थापना 1965 में भारत सरकार और फिक्की की पहल पर राष्ट्रीय स्तर की मध्यस्थता संस्था के रूप में हुई थी। इसका उद्देश्य व्यावसायिक विवादों का मैत्रीपूर्ण, त्वरित और कम खर्चीले तरीके से समाधान करना है। आईसीए एशिया-प्रशांत क्षेत्र के प्रमुख आर्बिट्रेशन केंद्रों में से एक है और हर साल 4500 से अधिक घरेलू व अंतरराष्ट्रीय मामले निपटाता है। संस्था समय-समय पर एडीआर से संबंधित कोर्स और फोरम का आयोजन करती है।

### बच्चों व वयस्कों को वितरित किए पुरस्कार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के ग्रीड में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर तीन दिवसीय उत्सव का आयोजन किया गया। इस वर्ष का थीम था 'सामाजिक प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए दिव्यांग-अनुकूल समाजों का निर्माण।' 3 दिसंबर को आयोजित भव्य कार्निवल और प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि सचिव अनुराधा एस. चगती और विशिष्ट अतिथि देवजीत सरकार उपस्थित रहे। प्रतिभागियों ने यूनिफाइड भजन, बॉलीवुड मैशअप डांस, भांगड़ा जैसी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। 1 दिसंबर को मेडिकल एवं आईक्यू आकलन शिविर आयोजित किया गया, जबकि 2 दिसंबर को स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एथलेटिक मीट हुई। कार्यक्रम में बच्चों और वयस्कों के लिए पुरस्कार और स्मृति चिन्ह वितरित किए गए। इस आयोजन ने दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने और उनकी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया।

### भीम ऐप ने डिजिटल भुगतान बनाया आसान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़, 3 दिसंबर 2025: एनपीसीआई भीम सर्विसेज लिमिटेड (एनबीएसएल) द्वारा विकसित भीम पेमेंट्स ऐप ने कैलेंडर वर्ष 2025 में आठ नई सुविधाएँ लॉन्च की हैं। इनमें यूपीआई सर्कल, स्प्लिट एक्सपेंस, स्पेंड्स एनालिटिक्स, फैमिली मोड, यूपीआई लाइट ऑटो-टॉप अप, फॉरेक्स पेमेंट्स, प्रीपेड रिचार्ज और रिवार्ड्स शामिल हैं। जनवरी और अक्टूबर 2025 के बीच मासिक लेनदेन 38.97 मिलियन से बढ़कर 135.90 मिलियन हुआ, जिसका मूल्य 20,026 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। नई सुविधाओं से छोटे-टिकट और साझा खर्चों में सुविधा बढ़ी है। एनबीएसएल की एमडी और सीईओ ललिता नटराज ने कहा कि ये फीचर्स उपयोगकर्ताओं के रोजमर्रा के डिजिटल भुगतान अनुभव को आसान, सुरक्षित और सहज बनाते हैं।

### गौरमे इंवेस्टमेंट्स ने चंडीगढ़ में लॉन्च किया यूके की नंबर 1 पिज्जोरिया पिज्जा एक्सप्रेस

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** गौरमे इंवेस्टमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड (जीआईपीएल) ने ट्राइसिटी में यूके की नंबर 1 पिजेरिया पिज्जा एक्सप्रेस का उद्घाटन किया। यह



रेस्तरां अब नेक्सस एलांते मॉल, चंडीगढ़ में मेहमानों के लिए खुल गया है। यह भारत में पिज्ज़ाएक्सप्रेस का 37वां रेस्तरां है और ब्रांड की 60 साल पुरानी विरासत को उत्तर भारत के यात्रा प्रिय और डाइनिंग प्रेमी ग्राहकों तक पहुंचाता है। पंजाब में मोहाली और लुधियाना में पिज्ज़ाएक्सप्रेस के पहले खुले रेस्तरां को ग्राहकों ने बहुत पसंद किया, जहां ब्रांड की ऑथेंटिसिटी, फ्रेशनेस और अनूठी शैली की खूब सराहना हुई। जीआईपीएल के चेयरमैन रमित भारती मित्तल ने बताया कि पिज्ज़ाएक्सप्रेस अब 13 देशों में एक वैश्विक रूप से लोकप्रिय डाइनिंग अनुभव बन चुका है। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ में इसका शुभारंभ ब्रांड की गुणवत्ता, आइकॉनिक मेन्यू और ब्रिटिश पहचान को शहर की डाइनिंग संस्कृति के साथ जोड़ने का महत्वपूर्ण कदम है। यह लॉन्च उत्तर भारत में ब्रांड के विस्तार की रणनीति का हिस्सा है।

## मुख्यमंत्री सैनी ने 'दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना' की दूसरी किस्त की जारी

# 7,01,965 लाभार्थी बहनों के खातों में डाली 148 करोड़ रुपए की राशि

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 'दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना' की दूसरी किस्त जारी की। बुधवार को किस्त जारी होने के साथ ही 7,01,965 लाभार्थी बहनों के खातों में लगभग 148 करोड़ रुपए की राशि का लाभ पहुंचा है। मुख्यमंत्री बुधवार को यहां आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर सामाजिक न्याय अधिकारिता अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं अंत्योदय (सेवा) मंत्री कृष्ण कुमार बेदी भी उपस्थित रहे।

### टेक्नोलॉजी से पारदर्शिता



**मुख्यमंत्री** ने कहा कि इस योजना का लाभ 23 वर्ष या इससे अधिक आयु की वे सभी महिलाएं ले सकती है, जिनके परिवार की वार्षिक आय एक लाख रुपये से कम है। इस योजना का विशेष पहलू यह है कि परिवार की सभी पात्र महिलाएं इस योजना का लाभ ले सकती है। इस योजना का लाभ पाने के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और ऑनलाइन है। आवेदन 'लाडो लक्ष्मी मोबाइल ऐप' के माध्यम से किसी भी स्थान से किसी भी समय सरलता से किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने निर्णय लिया है कि अब इस योजना का लाभ 3 माह के अंतराल में दिया जाएगा और 3 माह की राशि का एक साथ भुगतान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह योजना सिर्फ आर्थिक सहायता का माध्यम नहीं, बल्कि महिलाओं के सामाजिक सशक्तिकरण और आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में एक मजबूत पहल है। उन्होंने कहा कि गत 25 सितंबर को 'दीन दयाल लाडो लक्ष्मी' ऐप का शुभारंभ पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी के 109वें जन्मदिवस के अवसर पर किया था। उसके बाद 1 नवंबर को पात्र महिलाओं को पहली किस्त जारी कर उन्हें लाभ प्रदान किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस ऐप पर गत 30 नवंबर तक 9 लाख 592 महिलाओं ने आवेदन किया है। इनमें से 7 लाख 1 हजार 965 महिलाएं पात्र पाई गई हैं। इनमें से 5 लाख 58 हजार 346 महिलाओं ने अपना आधार केवाईसी पूरा कर लिया है। जबकि, 1 लाख 43 हजार 619 महिलाओं का वेरिफिकेशन पेंडिंग है। उन्होंने कहा कि जिन महिलाओं का आधार केवाईसी का अंतिम चरण अभी भी बकाया है, उनसे निवेदन है कि वे जल्द से जल्द इसे पूरा कर लें। जैसे ही यह प्रोसेस पूरा होगा, उन्हें भी इस योजना का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि आवेदन पूरा होते ही 24 से 48 घंटे में सारी वेरिफिकेशन प्रक्रिया पूरा कर ली जाती है और पात्र पाई गई महिलाओं को एसएमएस द्वारा सूचित कर दिया जाता है। इस एसएमएस में उनसे निवेदन किया जाता है कि वे आवेदन के अंतिम चरण में इसी ऐप पर दोबारा जाकर अपना लाइव फोटो खींचकर अपलोड करें। जैसे ही आधार डेटाबेस के माध्यम से ई- केवाईसी हो जाती है, उसके बाद सेवा विभाग इस योजना को आईडी जारी कर देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना के लिए महिलाओं का बहुत अच्छा रिस्पॉन्स आ रहा है और प्रतिदिन औसतन 3 से 4 हजार महिलाओं की ओर से आवेदन किया जा रहा है। हरियाणा सरकार की यह पहल न सिर्फ सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करती है, बल्कि 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के संकल्प को भी मजबूती देती है।

## किसानों ने फिर खोला मोर्चा, 19 जिलों में रेलवे ट्रैक पर देंगे धरना

**अनंत ज्ञान, पटियाला**

मांगों को मनवाने के लिए पंजाब सरकार के खिलाफ किसानों ने मोर्चा खोल दिया है। किसान मजदूर मोर्चा (भारत) पंजाब चैप्टर ने एलान किया है कि वह सूबे के 19 जिलों में 26 स्थानों पर 5 दिसंबर को दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक दो घंटे तक सांकेतिक रेल रोको धरना देंगे। यह विरोध बिजली संशोधन बिल-2025 के मसौदे को रद्द कराने, प्रीपेड मीटर हटाकर पुराने मीटर लगाने, भगवंत मान सरकार द्वारा सार्वजनिक संपत्तियों की जबरन बिक्री के विरुद्ध तथा अन्य मुद्दों के संबंध में किया जा रहा है।

किसानों ने सरकार को चेतावनी दी है कि अगर मांगों को जल्द पूरा न किया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। जिसके गंभीर परिणामों की जिम्मेदार सरकार खुद होगी। किसानों की ओर से रेल रोको आंदोलन जिन जगहों पर किया जाएगा, उनमें ये जिले शामिल हैं। जिला अमृतसर: दिल्ली-अमृतसर मुख्य रेल मार्ग पर देविदासपुरा और मजीठा स्टेशन, जिला गुरदासपुर: अमृतसर-जम्मू कश्मीर रेल मार्ग पर बटाला रेलवे स्टेशन, गुरदासपुर रेलवे स्टेशन और डेरा बाबा नानक रेलवे स्टेशन, जिला पठानकोट: परमानंद फाटक, जिला तरनतारन: तरनतारन रेलवे स्टेशन, जिला फिरोजपुर: बस्ती टैंकांवाली, मलांवाला और तलवंडी भाई, जिला कपूरथला: डडविंडी के पास (सुल्तानपुर लोधी), जिला जालंधर: जालंधर कैंट, जिला होशियारपुर: टांडा (जम्मू कश्मीर और जालंधर रेल मार्ग) और पुराना भुंगाला रेलवे स्टेशन, जिला पटियाला: शंभू और बाड़ा (नाभा), जिला संगरूर: सुनाम शहीद ऊधम सिंह वाला, जिला फाजिल्का: फाजिल्का रेलवे स्टेशन, जिला मोगा: मोगा रेलवे स्टेशन, जिला बठिंडा: रामपुरा रेलवे स्टेशन, जिला मुक्तसर: मलोट और मुक्तसर, जिला मालेरकोटला: अहमदगढ़, जिला मानसा: मानसा रेलवे स्टेशन, जिला लुधियाना: साहनेवाल रेलवे स्टेशन, जिला फरीदकोट: फरीदकोट रेलवे स्टेशन व जिला रूपनगर (रोपड़): रोपड़ रेलवे स्टेशन शामिल हैं।

## राज्यसभा सांसद राजिंद्र गुप्ता ने की केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से भेंट

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



राज्यसभा सांसद राजिंद्र गुप्ता ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। बैठक के दौरान पंजाब से जुड़े कई महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। गडकरी ने बताया कि दिल्ली-कटरा एक्सप्रेसवे पहले से ही पंजाब राज्य के खनौरी से जुड़ा हुआ है। इस मौके पर गुप्ता ने भवानीगढ़ और मालेरकोटला के एग्ज़िट एवं एंट्री प्वाइंट्स को जोड़ने में हो रही देरी का मुद्दा उठाया, जबकि संगरूर एवं मालेरकोटला जिलों को जोड़ने का अधिकांश कार्य लगभग पूरा हो चुका है।

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए श्री गडकरी ने आश्वस्त किया कि वे स्वयं सांसद राजिंदर गुप्ता के साथ साइट का निरीक्षण करेंगे, ताकि मालेरकोटला को मार्च 2026 के अंत तक सड़क नेटवर्क से जोड़ा जा सके और इसे पूर्ण रूप से क्रियाशील बनाया जा सके। शेष कार्य अगले तीन महीनों में पूरा कर दिया जाएगा। यह सड़क नेटवर्क क्षेत्र के लाखों नागरिकों को राहत देगा और यात्रा समय व लागत में उल्लेखनीय कमी लाएगा।

**पंजाब के महत्वपूर्ण सड़क मुद्दों पर हुई विस्तृत चर्चा**

## दृष्टिबाधित खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय समर्थन की मांग

**अनंत ज्ञान, नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर नेत्रहीन और दृष्टिबाधित खिलाड़ियों की आवश्यकताओं को संसद में उठाया। उन्होंने महिला ब्लाइंड क्रिकेट विश्व कप जीतने वाली टीम को बधाई दी और भारत में लगभग 4.95 मिलियन दृष्टिबाधित नागरिकों के लिए सुरक्षित प्रशिक्षण, संस्थागत समर्थन और व्यापक सार्वजनिक जागरूकता की आवश्यकता पर जोर दिया। शर्मा ने बताया कि अधिकांश खेल परिसरों में टैक्टाइल पाथवे, कोर्ट मार्किंग, नॉन-स्लिप सतहें और अनुकूलित उपकरण नहीं हैं। प्रशिक्षित कोचों, गाइडों और सहायता कर्मियों की संख्या केवल 1,000 से कम है। उनके निरंतर प्रयासों से दृष्टिबाधित खेल समुदाय में विश्वास और सहभागिता बढ़ी है। भारत में 24 से अधिक सक्रिय ब्लाइंड क्रिकेट टीमें इस खेल के तेजी से बढ़ते विस्तार को दर्शाती हैं।

## भारतीय उच्च शिक्षा का वैश्विक दबदबा बढ़ा इंटरनेशनल छात्रों व फैकल्टी की संख्या में वृद्धि

**अनंत ज्ञान, नई दिल्ली**

राज्यसभा सांसद सतनाम सिंह संधू ने संसद में भारतीय उच्च शिक्षा संस्थानों की ग्लोबल रैंकिंग और अंतरराष्ट्रीय छात्रों व फैकल्टी की बढ़ती संख्या पर चर्चा की। उन्होंने केंद्र सरकार से इस दिशा में उठाए गए कदमों और ग्लोबल रैंकिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विश्वविद्यालयों को मिलने वाली विशेष रिसर्च फंडिंग व स्वायत्तता की जानकारी मांगी।

केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री, डॉ. सुकांत मजूमदार ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय यूनिवर्सिटियों की वैश्विक रैंकिंग में लगातार सुधार हुआ है। QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में 2014-15 में 11 संस्थान शामिल थे, जो अब 54 हो गए हैं। TIMES हायर एजुकेशन (HE) रैंकिंग में भारत के 128 संस्थान सूचीबद्ध हैं, जो 2019 के मुकाबले तीन गुना अधिक हैं। 2025 तक भारत में 72,218 विदेशी छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने SPARC, GIAN और स्टडी इन इंडिया जैसी पहलों के जरिए उच्च शिक्षा का अंतरराष्ट्रीयकरण किया है। SPARC कार्यक्रम के तहत फैकल्टी, रिसर्च स्कॉलर्स और साइंटिस्ट एक्सचेंज के माध्यम से भारत और अन्य देशों के बीच अकादमिक और &D सहयोग को बढ़ावा मिला है। विदेशी यूनिवर्सिटियों के साथ डुअल और जॉइंट डिग्री प्रोग्राम और IIT जैसे संस्थानों के विदेशी कैंपस भारत के शैक्षणिक प्रभाव को बढ़ा रहे हैं। इसके अलावा, रिसर्च और इनोवेशन को मजबूत करने के लिए केंद्रीय सरकार ने ANRF के तहत 50,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया और देशभर के 6,300 संस्थानों को ग्लोबल रिसर्च जर्नल्स तक पहुंच दी। IOE (Institutions of Eminence) पहल के जरिए शीर्ष प्रदर्शन करने वाले सरकारी और प्राइवेट संस्थानों को विशेष आर्थिक सहायता और स्वायत्तता दी जा रही है। डॉ. मजूमदार ने कहा कि इन पहलों से भारत ने ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में 81वें स्थान से 38वें स्थान पर प्रगति की है और 2020-2025 के बीच 1.6 मिलियन रिसर्च पेपर प्रकाशित किए हैं, जो वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक हैं। ये प्रयास भारत को वैश्विक शिक्षा और शोध नेतृत्व की दिशा में अग्रसर कर रहे हैं।

**'स्टडी इन इंडिया' जैसी पहलों से भारत का उच्च शिक्षा क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत**

## देश-विदेश

## कांग्रेस ने पीएम मोदी का चाय बेचते एआई वीडियो किया पोस्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कांग्रेस ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चाय बेचते हुए एक एआई जनरेटेड वीडियो पोस्ट किया है। इसमें पीएम मोदी को चायवाला दिखाया गया है। उनके हाथ में चाय की केतली है, दूसरे हाथ में ग्लास है।



**भाजपा बोली- शर्मनाक, जनता कभी माफ नहीं करेगी**

वीडियो में मोदी को जोर-जोर से 'चाय बोलो, चाय-चाय चाहिए' बोलते दिखाया गया गया है। एआई वीडियो में पीएम रेड कारपेट पर चल रहे हैं। उनके पीछे भारत सहित कई देशों के झंडे लगे हैं। इनमें भाजपा का भी झंडा है। इस एआई वीडियो को कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. रागिनी नायक ने पोस्ट किया है। रागिनी ने वीडियो के कैप्शन में लिखा- 'अब ई कौन किया बे। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने इसे शर्मनाक बताया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में लिखा, 'नामदार कांग्रेस ओबीसी समुदाय से आने वाले कामदार प्रधानमंत्री को बर्दाश्त नहीं कर सकती। जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी।

यह पहली बार नहीं है जब कांग्रेस की तरफ से पीएम का एआई वीडियो शेयर किया गया है। इससे पहले 12 सितंबर को बिहार कांग्रेस ने मोदी और उनकी मां का एक वीडियो पोस्ट किया था। (अनंत ज्ञान)

### वैष्णो देवी से लौटते श्रद्धालुओं की गाड़ी हादसे का शिकार

**एजेंसी, जम्मू।** मां वैष्णो देवी के दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की इनोवा गाड़ी हादसे का शिकार हो गई। यह दुर्घटना नोमाई के पास हुई, जब गाड़ी कटड़ा से यात्रियों को रेलवे स्टेशन छोड़ने जा रही थी और अचानक नियंत्रण बिगड़ गया। हादसे में गाड़ी में सवार पांच लोगों में से तीन श्रद्धालु मामूली रूप से घायल हुए। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायलों को तुरंत सीएचसी कटड़ा पहुंचाया गया जहां उनका प्राथमिक इलाज किया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

## राष्ट्रपति ट्रंप ने सोमालिया के प्रवासियों को बताया 'कचरा'

**एजेंसी, वाशिंगटन**

राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने कैबिनेट बैठक में कहा कि वह अमेरिका में एक भी सोमालियाई प्रवासी को नहीं देखना चाहते। यह लोग कचरा हैं। यह सच में अमेरिका में रहने लायक नहीं हैं। उन्होंने यह टिप्पणी कैबिनेट बैठक में की। सोमालियों के खिलाफ यह गुस्सा व्हाइट हाउस की तरफ से पूरे समुदाय के खिलाफ माना जा रहा है।

द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति को सोमालियों के खिलाफ गुस्सा ऐसे समय पर आया है जब संयुक्त राज्य अमेरिका आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन मिनेसोटा में सोमाली प्रवासियों को बाहर निकालने की योजना तैयार कर रहा है। यह बैठक दो घंटे तक चली। ट्रंप इस अभियान से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों से भी चर्चा की। युद्ध सचिव पीट हेगसेथ ने कहा कि रणनीति तैयार की जा रही है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, एक संघीय अधिकारी ने कहा कि मिनियापोलिस और सेंट पॉल (मिनेसोटा) में एक नया अभियान शुरू होने वाला है। इस अभियान के दौरान सोमाली प्रवासियों को निशाना बनाया जाएगा। यह अभियान सबसे पहले मिनियापोलिस से शुरू होगा।

कैबिनेट बैठक के आखिर में ट्रंप ने यह कहा कि 'मैं उन्हें अपने देश में नहीं चाहता। उनका देश किसी वजह से अच्छा नहीं है। उनके देश से बदबू आती है और हम उन्हें अपने देश में नहीं चाहते।' ट्रंप ने सोमालियाई प्रवासी कम्युनिटी और मिनेसोटा डेमोक्रेटिक रिप्रेजेंटेटिव इल्हान उमर को कचरा कहा। राष्ट्रपति ने कहा उन्हें वहां वापस चले जाना चाहिए जहां से वे आए थे। (अनंत ज्ञान)

## रूस-भारत के रक्षा मंत्रियों के बीच वार्ता आज

**एजेंसी, नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उनके रूसी समकक्ष आंद्रे बेलौसोव के बीच वीरवार को होने वाली वार्ता में एस-400 मिसाइल प्रणाली की खरीद, सुखोई 30 लड़ाकू विमानों के उन्नयन और रूस से अन्य महत्वपूर्ण सैन्य साजो सामान खरीदने में भारत की रुचि एजेंडे में रहेगी। शीर्ष सैन्य अधिकारियों ने बताया कि समग्र ध्यान दोनों देशों के बीच पहले से ही घनिष्ठ रक्षा और सुरक्षा संबंधों को और विस्तारित करने पर होगा, जिसमें रूस से भारत को सैन्य साजो सामान की शीघ्र आपूर्ति सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। बेलौसोव रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे के प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा होंगे। राजनाथ सिंह और आंद्रे बैलोसोव के बीच यह वार्ता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पुतिन के बीच शिखर बैठक से एक दिन पहले होगी। बेलौसोव के साथ बैठक में, भारतीय पक्ष द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर सैन्य साजो सामान की आपूर्ति पर जोर दिए जाने की संभावना है। (अनंत ज्ञान)

## राष्ट्रपति पुतिन और अमेरिकी दूत विटकॉफ के बीच वार्ता पूरी, अब परिणाम का इंतजार

**एजेंसी, मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के बीच वार्ता पूरी हो गई है। यह राजनयिक वार्ता बंद कमरे में कम से कम पांच घंटे तक चली। अब सारी दुनिया को वार्ता के परिणाम का इंतजार है। यह वार्ता अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 28 सूत्री शांति योजना पर केंद्रित रही। ट्रंप ने रूस और यूक्रेन से युद्ध रोकने के लिए यह योजना तैयार की है। क्रेमलिन प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव के अनुसार, पुतिन के साथ उनके सहयोगी यूरी उशाकोव और किरिल दिमित्रीव भी वार्ता में शामिल हुए। इस बैठक को बेहद अहम माना जा रहा है। इस बैठक के संदर्भ में रूस के राजनयिक एंड्री केलिन ने कहा कि रूस की शांति शर्तों को अभी मानना यूक्रेन के हित में है। (अनंत ज्ञान)

## सेना प्रमुख मुनीर अफगानिस्तान के साथ जान-बूझकर बढ़ा रहे तनाव : इमरान

**एजेंसी, लाहौर।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि उनकी नीतियां देश के लिए 'विनाशकारी' साबित हो रही हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए इमरान ने आरोप लगाया कि मुनीर जान-बूझकर अफगानिस्तान के साथ तनाव बढ़ा रहे हैं ताकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खुद को एक 'मुजाहिद' के रूप में पेश कर सकें। इमरान ने दावा किया कि मुनीर की नीतियों ने आतंकवाद को काबू से बाहर कर दिया है और पाकिस्तान में अस्थिरता बढ़ाई है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मुनीर के निर्देश पर उन्हें और उनकी पत्नी को फर्जी मामलों में कैद कर मानसिक यातना दी जा रही है। इमरान का कहना है कि चार हफ्तों से उन्हें जेल में पूरी तरह अलग-थलग रखा गया है और वकीलों व परिवार से मिलने नहीं दिया जा रहा। उनकी बहन उज्मा खान ने हालिया मुलाकात के बाद कहा कि इमरान शारीरिक रूप से ठीक हैं लेकिन मानसिक दबाव में हैं। (अनंत ज्ञान)

## भारतीय रुपया एक डॉलर के मुकाबले 90 के पार

**एजेंसी, नई दिल्ली**



लगातार छठे दिन आई गिरावट रुपया बुधवार को पहली बार अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90 के स्तर को पार कर गया और शुरुआती कारोबार में 6 पैसे टूटकर 90.02 प्रति डॉलर पर पहुंच गया, यानी अब एक डॉलर की वैल्यू 90 रुपए से भी ज्यादा हो गई है। रूपी-डॉलर एक्सचेंज रेट यानी विनमय दर 90.02 हो गया है।

इससे पहले इंटर-बैंक फॉरेन एक्सचेंज मार्केट यानी अंतर-बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 89.96 पर खुला था। कारोबार के दौरान ये 90.15 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर तक लुढ़क गया, लेकिन बाद में कुछ सुधार के साथ 90.02 पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से छह पैसे की गिरावट दर्शाता है।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि बैंकों के उच्च स्तर पर अमेरिकी डॉलर की खरीद जारी रखने और विदेशी पूंजी की निकासी से रुपए पर दबाव बढ़ाया। हालांकि, कमजोर डॉलर और वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने तीव्र गिरावट को कम किया। इससे पहले रुपया मंगलवार को 43 पैसे टूटकर अपने सर्वकालिक निचले स्तर 89.96 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

## भारत में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर हुआ मजबूत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार के नीतिगत सुधारों और तेज प्रशासनिक कदमों ने देश में डिजिटल और मोबाइल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत गति दी है। दूरसंचार क्षेत्र में बैंक गारंटी, स्पेक्ट्रम शुल्क, लाइसेंसिंग और टेलीकॉम टावरों की मंजूरी जैसी प्रक्रियाओं को सरल बनाकर सरकार ने उद्योग के लिए अनुकूल माहौल तैयार किया है।

ग्राहक डेटा को डिजिटल रूप में सुरक्षित रखने की व्यवस्था और विदेशी निवेश के लिए 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति ने भी क्षेत्र में स्थिरता और विस्तार को गति दी है।



संचार एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर ने लोकसभा में बताया कि इन सुधारों के प्रत्यक्ष प्रभाव अब जमीनी स्तर पर दिखाई दे रहे हैं। मार्च 2018 में देश में ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क की लंबाई 17.5 लाख किलोमीटर थी, जो सितंबर 2025 तक बढ़कर 42.36 लाख किलोमीटर हो गई है। इसी अवधि में बेस ट्रांसिवर स्टेशनों की संख्या 17.3 लाख से बढ़कर 31.4 लाख पर पहुंच गई।

डिजिटल पहुंच में ग्रामीण भारत भी तेजी से आगे बढ़ा है। देश के 6,44,131 गांवों में से 6,34,019 गांव अब मोबाइल नेटवर्क के दायरे में आ चुके हैं, जिनमें 6,30,676 गांवों में 4जी सेवाएं उपलब्ध हैं। ब्रॉडबैंड सदस्यता में भी दोगुनी वृद्धि दर्ज की गई है, 2018 के 48 करोड़ उपभोक्ताओं की संख्या अब 98 करोड़ तक पहुंच चुकी है।

## मलेशिया 2014 में लापता यात्री विमान की 30 दिसंबर से फिर करेगा खोज

**एजेंसी, कुआलालंपुर**

मलेशिया सरकार 2014 में लापता हुए मलेशियाई एयरलाइंस के विमान एमएच370 की खोज एक बार फिर शुरू करने जा रही है। परिवहन मंत्रालय ने घोषणा की कि नया गहरे समुद्र का अभियान 30 दिसंबर से शुरू होगा। यह खोज अमेरिकी मरीन रोबोटिक्स कंपनी ओशन इनफिनिटी द्वारा संचालित की जाएगी, जो लगभग 55 दिनों तक समुद्र में अभियान चलाएगी।

सूत्रों के अनुसार, खोज उन क्षेत्रों में केंद्रित रहेगी, जहां विमान का मलबा मिलने की सर्वाधिक संभावना जताई गई है। यह पूरा अभियान मलेशिया और ओशन इनफिनिटी के बीच मार्च 2024 में हुए अनुबंध का हिस्सा है। सरकार ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि यदि विमान का कोई निशान नहीं मिलता है, तो कंपनी को भुगतान नहीं किया जाएगा। एमएच370 ने 8 मार्च 2014 को 227 यात्रियों और 12 क्रू सदस्यों के साथ कुआलालंपुर से बीजिंग के लिए उड़ान भरी थी और कुछ ही देर बाद रडार से रहस्यमय तरीके से गायब हो गया था। 2018 में मलेशिया, चीन और ऑस्ट्रेलिया ने मिलकर दक्षिणी हिंद महासागर में व्यापक खोज अभियान चलाया था, लेकिन कोई ठोस सुराग नहीं मिला। लगातार मांग के बाद सरकार ने अब दोबारा खोज का फैसला किया है। (अनंत ज्ञान)

## मार्केट

## मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

## सेंसेक्स 31 अंक टूटा, निफ्टी 26000 के नीचे

**एजेंसी, मंबई**



आखिरी घंटे में लौटी खरीदारी के बीच आज सेंसेक्स-निफ्टी में सुधार में अच्छी रिकवरी देखने को मिली है। और प्राइवेट बैंक शेयरों की चमक से बाजार को सपोर्ट मिल है। इसके चलते 3 दिसंबर को उतार-चढ़ाव वाले कारोबार में भारतीय इक्विटी इंडेक्स नीचे से सुधर कर सपाट बंद हुए हैं।

कारोबार के अंत में सेंसेक्स 31.46 अंक या 0.04 प्रतिशत गिरकर 85,106.81 पर और निफ्टी 46.20 अंक या 0.18 प्रतिशत गिरकर 25,986.00 पर बंद हुआ है। आज लगभग 1436 शेयर बढ़े, 2553 शेयर गिरे और 144 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। बीएसई मिडकैप इंडेक्स एक फीसदी और स्मॉलकैप इंडेक्स 0.4 फीसदी गिरा है। सेक्टोरल फ्रंट पर, आईटी, मीडिया, प्राइवेट बैंक और टेलीकॉम 0.2-0.6 फीसदी बढ़े हैं, जबकि पीएसयू बैंक इंडेक्स 3 फीसदी गिरा। ऑयल एंड गैस, मेटल, पावर, पीएसयू, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.5-1.5 फीसदी नीचे बंद हुए। (अनंत ज्ञान)

## नौसेना के कार्यक्रम में शामिल होने केरल पहुंचीं राष्ट्रपति मुर्मू

**एजेंसी, तिरुवनंतपुरम**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नौसेना की समुद्री शक्ति और युद्ध क्षमताओं के संचालनात्मक प्रदर्शन के एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बुधवार को तिरुवनंतपुरम पहुंचीं। यह कार्यक्रम नौसेना दिवस समारोह के तहत यहां शंकुमुघम समुद्र तट पर आयोजित किया जा रहा है।

केरल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने मुख्यमंत्री पिनारायी विजयन और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी की मौजूदगी में मुर्मू का हवाई अड्डे पर स्वागत किया। राष्ट्रपति को हवाई अड्डे के तकनीकी क्षेत्र में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और प्रमुख विध्वंसक आईएनएस कोलकाता द्वारा औपचारिक रूप से तोपों की सलामी दी गई। भारतीय नौसेना शाम को तट पर एक विशाल परिचालन प्रदर्शन करेगी।

नौसेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत, एक पनडुब्बी, चार तीव्र हस्तक्षेप नौकाएं और 32 विमान लड़ाकू जेट, निगरानी विमान और हेलीकॉप्टर सहित 19 प्रमुख युद्धपोत इस शो का हिस्सा होंगे। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में वापसी करेंगे गिल



**एजेंसी, रायपुर।** भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल गर्दन की चोट से उबर गए हैं और वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में उप कप्तान के रूप में टीम में वापसी करेंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। गिल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में खेले गए पहले टेस्ट मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। इस कारण वह गुवाहाटी में खेले गए दूसरे टेस्ट और मौजूदा एकदिवसीय सीरीज में नहीं खेल पाए। बीसीसीआई सूत्र ने कहा, ''गिल पूरी तरह से ठीक हो गए हैं और उप कप्तान के रूप में वापसी करेंगे।'' भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पांच मैच की टी20 सीरीज नौ दिसंबर से कटक में शुरू होगी। इसके लिए टीम की घोषणा दिन में बाद में की जाएगी। सूर्यकुमार यादव भारत के नियमित टी20 कप्तान हैं। सूत्र ने इन अटकलों को भी खारिज कर दिया कि बोर्ड के अधिकारी सीनियर खिलाड़ियों विराट कोहली और रोहित शर्मा तथा मुख्य कोच गौतम गंभीर के बीच बढ़ते तनाव पर चर्चा करने के लिए बैठक करने की योजना बना रहे हैं।उन्होंने कहा, ''सीरीज के बीच में कोई बैठक नहीं होगी। हम सीरीज समाप्त होने के बाद देखेंगे कि क्या करना है।'' भारत टेस्ट सीरीज 0-2 से हार गया था। (अनंत ज्ञान)

### एआईटीए ने रोहित का डेविस कप कार्यकाल 2026 तक बढ़ाया

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने बुधवार को रोहित राजपाल को भारतीय डेविस कप टीम का कप्तान फिर से नियुक्त करके उनका कार्यकाल 31 दिसंबर 2026 तक बढ़ा दिया। राजपाल पहले कई डेविस कप मुकाबलों में भारत का नेतृत्व कर चुके हैं। अब वह एक और वर्ष के लिए इस पद पर बने रहेंगे। इसके अलावा आशुतोष सिंह को टीम के कोच के रूप में बरकरार रखा गया है। राजपाल का कार्यकाल बढ़ाए जाने का मतलब है कि भारतीय नेतृत्व में निरंतरता बनी रहेगी। भारत को डेविस कप में आगे बढ़ने के लिए अगले साल के शुरू में एक महत्वपूर्ण घरेलू मुकाबला खेलना है। राजपाल न केवल आगामी क्वालीफायर के लिए बल्कि अपने नए कार्यकाल के दौरान सभी डेविस कप मैचों के लिए भी टीम को तैयार करेंगे। (अनंत ज्ञान)

### स्पेन ने महिला नेशंस लीग का खिताब रखा बरकरार

**एजेंसी, मैड्रिड।** क्लाउडिया पिना के दो गोल की बदौलत स्पेन ने मंगलवार को महिला नेशंस लीग के फाइनल के दूसरे चरण में जर्मनी को 3-0 से हराकर अपना खिताब बरकरार रखा। इन दोनों टीम के बीच फाइनल का पहला चरण गोलरहित बराबरी पर छूटा था। इस कारण दोनों टीमों के लिए दूसरे चरण का मैच महत्वपूर्ण बन गया था। स्पेन ने शुरू से ही मैच पर दबदबा बना दिया था। उसकी तरफ से पिना के अलावा विक्की लोपेज ने भी गोल किया। स्पेन की टीम इस मैच में तीन बार की बैलन डीओर विजेता ऐताना बोनमाटी के बिना उतरी थी जो रविवार को अभ्यास के दौरान चोटिल हो गई थी। (अनंत ज्ञान)

### डब्ल्यूपीएल नीलामी में हरमनप्रीत की राय महत्वपूर्ण रही : झूलन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस की गेंदबाजी कोच और मेंटर (मार्गदर्शक) झूलन गोस्वामी ने कहा कि महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की हाल में हुई नीलामी के दौरान कप्तान हरमनप्रीत कौर की सलाह के कारण ही टीम आक्रामक ऑलराउंडर अमेलिया केर और तेज गेंदबाज शबनम इस्माइल जैसी खिलाड़ियों को अपने से जोड़ने में सफल रही। मुंबई इंडियंस इस लीग की सबसे सफल टीम रही है। उसने 2023 में इसकी शुरुआत के बाद से दो बार खिताब जीता है। नीलामी में हरमनप्रीत की भूमिका के बारे में झूलन ने कहा, ''कप्तान के रूप में नीलामी की योजना बनाते समय हरमन की सलाह हमेशा महत्वपूर्ण होती है। आखिरकार वह इस टीम का नेतृत्व करती हैं और अविश्वसनीय रूप से सफल रही हैं।'' उन्होंने कहा, ''पूरी नीलामी प्रक्रिया में उनकी राय सबसे महत्वपूर्ण रही है। हमारा काम मैदान के अंदर और बाहर उनका समर्थन करना है। नीलामी के दौरान उनकी उपस्थिति से बहुत बड़ा फायदा हुआ'। (अनंत ज्ञान)

## दूसरा वनडेः 359 चेज कर रही साउथ अफ्रीका का स्कोर 146/2

# कोहली और गायकवाड़ ने दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों को खूब धोया

**एजेंसी, रायपुर**

विराट कोहली और ऋतुराज गायकवाड़ के शतकों की बदौलत भारत ने दूसरे वनडे में साउथ अफ्रीका को 359 रन का टारगेट दिया। साउथ अफ्रीका ने 24 ओवर में 2 विकेट खोकर 146 रन बना लिए हैं। ऐडन मार्करम और मैथ्यू ब्रीट्जकी क्रीज पर हैं।

टेम्बा बावुमा 46 रन बनाकर आउट हुए, उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा ने कैच कराया। वहीं क्विंटन डी कॉक को अर्शदीप सिंह ने कैच कराया, वे 8 रन ही बना सके। रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में बुधवार को भारतीय टीम ने लगातार 20वें वनडे में टॉस गंवाया। साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया। टीम इंडिया ने 50 ओवर में 5 विकेट पर 358 रन बनाए।

विराट कोहली (102 रन) ने लगातार दूसरे मैच में शतक लगाया। ऋतुराज गायकवाड ने भी 105 रनों की पारी खेली। उन्होंने वनडे करियर का पहला शतक लगाया। (अनंत ज्ञान)



**कोहली का वनडे में 53वां शतक**

**विराट** कोहली ने 90 बॉल पर शतक पूरा किया। उन्होंने मिडऑन पर बैकफुट पंच करके एक रन लिया और शतक पूरा किया। फिर अपने अंदाज में छलांग लगाई और रिंग चूमकर सेलिब्रेशन किया। कोहली ने वनडे करियर में 53वां शतक लगाया। उनके इंटरनेशनल क्रिकेट में 84 शतक हो चुके हैं।

## इंग्लैंड के खिलाफ गाबा में अपना विजय अभियान जारी रखने उतरेगा ऑस्ट्रेलिया



**एजेंसी, ब्रिस्बेन**

पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच में धमाकेदार जीत दर्ज करने के बाद उत्साह से भरी ऑस्ट्रेलिया की टीम इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से यहां शुरू होने वाले दूसरे दिन रात्रि एशेज टेस्ट क्रिकेट मैच में अपना विजय अभियान जारी रखने की कोशिश करेगी। इंग्लैंड ने 1986 के बाद से गाबा में कोई एशेज टेस्ट नहीं जीता है। वह 2010-11 सीरीज के बाद से ऑस्ट्रेलियाई धरती पर अपनी पहली जीत हासिल करने की तलाश में भी है। ऑस्ट्रेलिया का दिन रात्रि टेस्ट मैच में रिकॉर्ड अच्छा है, लेकिन वह इस बात को भूल नहीं सकता कि वह पिछले साल जनवरी में गाबा में वेस्टइंडीज से आठ रन से हार गया था। गाबा ऐसा मैदान है जहां ऑस्ट्रेलिया की टीम दशकों से लगभग अपराजेय रही है।

पैट कमिंस की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया की टीम की कमान संभालने वाले स्टीव स्मिथ इस मैच में किसी भी तरह की कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं और इसलिए उन्होंने अपनी आंखों के नीचे काली पट्टी बांधने का फैसला किया है ताकि वह दूधिया रोशनी में अच्छी तरह से बल्लेबाजी कर सकें।

उन्होंने इसके लिए बाकायदा वेस्टइंडीज के पूर्व बल्लेबाज शिवनारायण चंद्रपाल से सलाह भी ली है। चंद्रपाल अक्सर आंखों के नीचे काली पट्टी लगाकर खेला करते थे। आमतौर पर दूधिया रोशनी में खेलने वाले फुटबॉलरों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली काली पट्टियां स्मिथ की इस कोशिश का हिस्सा हैं कि वे बदलती रोशनी में इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण का गुलाबी गेंद से अच्छी तरह से सामना कर सकें।

आस्ट्रेलियाई टीम पर्थ में सीरीज के पहले मैच में आठ विकेट से जीत दर्ज करने के बाद मैदान पर उतरेगी। यह मैच दूसरे दिन ही समाप्त हो गया था जहां बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली इंग्लैंड टीम किसी भी तरह की स्थिति में आक्रामक खेल खेलने की अपनी रणनीति पर कायम रही थी। (अनंत ज्ञान)

## भारतीय निशानेबाजों से आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल्स में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

**एजेंसी, दोहा**



इस साल अभी तक बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले भारत के शीर्ष निशानेबाज गुरुवार से यहां शुरू होने वाले एलीट आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल्स में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखकर इस सत्र का शानदार समापन करना चाहेंगे।

सत्र के आखिर में होने वाली इस प्रतियोगिता में भारत के 14 शीर्ष निशानेबाज भाग लेंगे, जिनमें पेरिस ओलंपिक की दो कांस्य पदक विजेता पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर, विश्व चैंपियन सम्राट राणा और विश्व कप में कई पदक जीतने वाली विजेता सुरुचि सिंह शामिल हैं। ये निशानेबाज प्रत्येक स्पर्धा के व्यक्तिगत वर्ग में विश्व के शीर्ष 12 निशानेबाजों के साथ अपनी चुनौती पेश करेंगे। प्रत्येक वर्ग में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक विजेता को क्रमशः 5,000, 4,000 और 2,000 यूरो की आकर्षक पुरस्कार राशि मिलेगी। भारत की दो शीर्ष पिस्टल निशानेबाज मनु और ईशा सिंह 10 मीटर एयर और 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल में जीत की प्रबल दावेदार होंगी। पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में हाल ही में काहिरा में चैंपियन बने सम्राट राणा और कांस्य पदक जीतने वाले वरुण तोमर भाग लेंगे। भारत ने इस प्रतिष्ठित स्पर्धा में दो पदक जीतकर इतिहास रचा था।

पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में पूर्व विश्व चैंपियन रुद्राक्ष पाटिल और पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहे अर्जुन बाबूता को चीन के शेंग लिहाओ और हंगरी के इस्तेवान पेनी की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। अनीश भानवाला भी अपने करियर का सबसे बड़ा पदक जीतने के बाद उत्साह से लबरेज हैं, जबकि महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल निशानेबाज एलावेनिल वलारिवन काहिरा में कांस्य पदक जीतने के बाद अपनी अच्छे फॉर्म को जारी रखने की कोशिश करेंगी। (अनंत ज्ञान)

## न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज पर 96 रन की बढ़त की हासिल

**एजेंसी, क्राइस्टचर्च (न्यूजीलैंड)**



शाई होप ने आंखों में संक्रमण के कारण धूप का चश्मा पहनकर बल्लेबाजी की, लेकिन उन्होंने गेंद को अच्छी तरह से देखा और बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना पहला टेस्ट अर्द्धशतक लगाया, लेकिन इसके बावजूद वेस्टइंडीज की टीम पहली पारी में 167 रन पर आउट हो गई।

न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में 231 रन बनाए और इस तरह से उसने 64 रन की बढ़त हासिल की। न्यूजीलैंड ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 32 रन बनाए हैं और इस तरह से उसकी कुल बढ़त 96 रन की हो गई है। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय कप्तान टॉम लैथम 14 और डेवोन कॉनवे 15 रन पर खेल रहे थे।

न्यूजीलैंड ने सुबह अपनी पहली पारी नौ विकेट पर 231 रन से आगे शुरू की, लेकिन वह इसमें एक रन भी नहीं जोड़ पाया और दिन की तीसरी गेंद पर ही उसकी पारी समाप्त हो गई। इसके बाद जैकब डफी ने 34 रन देकर पांच विकेट लिए। वेस्टइंडीज का स्कोर एक समय छह विकेट पर 157 रन था लेकिन उसने अपने बाकी विकेट केवल 10 रन के अंदर गंवा दिए। यह चारों विकेट डफी ने लिए और इस तरह से अपने टेस्ट करियर में पहली बार एक पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लेने का कारनामा किया। वेस्टइंडीज के केवल चार बल्लेबाज ही दोहरे अंक में पहुंचे। होप (56) के अलावा सलामी बल्लेबाज तेगनारायण चंद्रपाल (52) ने भी अर्धशतक लगाया। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 90 रन की साझेदारी की। (अनंत ज्ञान)

# राजस्व कार्यों में देरी पर जिला प्रशासन सख्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

- **टियोग से नई पहल की शुरुआत, हर उपमंडल में होगी पटवारियों की समीक्षा बैठक**

ठियोग उपमंडल में राजस्व अधिकारियों और फील्ड स्टाफ की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त अनुपम कश्यप ने स्पष्ट कहा कि राजस्व कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी अब स्वीकार नहीं होगी। उन्होंने हर उपमंडल में पटवारियों के साथ नियमित बैठकों की नई पहल शुरू की है, जिसकी शुरुआत ठियोग से हुई।

बैठक में सामने आया कि भूमिहीन आवेदनों की फाइलें पटवारियों तक नहीं पहुंच रही हैं, जबकि वे सीधे उपायुक्त कार्यालय पहुंच रही हैं। इस पर नाराजगी जताते हुए उपायुक्त ने पूछा कि आखिर ऐसी स्थिति क्यों। उन्होंने निर्देश दिया कि सरकारी विभागों के नाम दर्ज भूमि का सही उपयोग न होने पर उसे चिन्हित कर भूमिहीन परिवारों को उपलब्ध करवाने की दिशा में कार्य तेज किया जाए। उपायुक्त ने विशेष आपदा राहत पैकेज-2023 के तहत बन रहे मकानों का निरीक्षण न करने पर पटवारियों से कड़े शब्दों में जवाब मांगा। उन्होंने पाया कि 323 प्रभावित मकानों में से 98 फीसदी का निरीक्षण अभी तक नहीं हुआ है और केवल दो पटवारी ही रोज नामचा में अपनी फील्ड रिपोर्ट दिखा पाए। उपायुक्त ने दो हफ्तों के भीतर सभी निरीक्षण रिपोर्ट जमा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा धारा-118 के अंतर्गत हुए म्यूटेशन की स्थिति, भूमिहीन लोगों का रिकॉर्ड, ततीमा की एंट्री और स्कूलों में मिड-डे मील व शौचालयों की औचक जांच की जिम्मेदारी भी पटवारियों को सौंपी गई। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के मामलों में संवेदनशीलता और तेजी अनिवार्य है।

बैठक में सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि अधिकांश पटवारी अपने-अपने सर्कल के लंबरदारों के नाम तक नहीं बता पाए। उपायुक्त ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए चेतावनी दी कि राजस्व प्रणाली की सबसे अहम कड़ी के बारे में जानकारी न होना चिंता का विषय है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि फील्ड स्टाफ को अपनी ड्यूटी के प्रति सतर्क, सक्रिय और जवाबदेह होना ही होगा।

## हिमाचल में लाल सेब पर घटेगी निर्भरता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

- **प्लम उत्पादन बनेगा नया सहारा**
- **ऑस्ट्रेलिया, इटली और यूरोप से लाई जाएंगी उच्च गुणवत्ता वाली किस्में**

हिमाचल प्रदेश में बागवानी का परिदृश्य बदल रहा है और राज्य अब सेब पर एकतरफा निर्भरता से बाहर निकलकर प्लम उत्पादन को नए आयाम देने की तैयारी में है। बागवानी विभाग के अनुसार प्रदेश में प्लम की उच्च गुणवत्ता वाली किस्मों का बड़े पैमाने पर विस्तार किया जाएगा, जिससे किसानों को अधिक पैदावार और बेहतर आर्थिक लाभ मिल सके। बदलते मौसम और बाजार के रुझानों को देखते हुए विभाग ने प्लम को भविष्य की संभावनाओं वाला फल घोषित किया है।



जानकारी के अनुसार प्रदेश में प्लम उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए बागवानी विभाग ने ऑस्ट्रेलिया, इटली और यूरोप से उच्च गुणवत्ता वाली उन्नत किस्मों के पौधे मंगवाए हैं। इन नई किस्मों की खासियत है कि ये कम तापमान में भी अच्छी पैदावार देती हैं और आकार, रंग तथा गुणवत्ता के लिहाज से बाज़ार में अधिक मूल्य प्राप्त करती हैं। विभाग आने वाले हफ्तों में जिला स्तर पर व्यापक जागरूकता शिविर भी आयोजित करेगा, ताकि किसान इन आधुनिक किस्मों और वैज्ञानिक पद्धति की खेती को समझकर अधिकतम लाभ उठा सकें।

विशेषज्ञ बताते हैं कि प्लम खेती के लिए 15 से 28 डिग्री सेल्सियस तापमान उत्तम माना जाता है और दोमट मिट्टी में इसकी पैदावार सबसे बेहतर होती है। नवंबर से जनवरी तक पौधारोपण का उपयुक्त समय है तथा गर्मियों में 10-12 दिन के अंतराल पर सिंचाई जरूरी है। समय-समय पर छंटाई, प्रति पौधा 20-25 किलो गोबर खाद और रोग प्रबंधन से फल की गुणवत्ता और उत्पादन में गुणात्मक बढ़ोतरी होती है। बागवानी विभाग का मानना है कि यदि किसान वैज्ञानिक तरीके अपनाएं तो आने वाले वर्षों में प्लम उत्पादन प्रदेश की अर्थव्यवस्था में सेब के बराबर महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है।

## हिमाचल कृषि-बागवानी विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक राजपत्र में प्रकाशित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

- **प्रदेश युवा कांग्रेस ने बताई अपनी जीत, सत्य की जीत दिया करार**

हिमाचल प्रदेश के कृषि, बागवानी और वानिकी विश्वविद्यालयों में वाइस-चांसलर नियुक्तियों की पारदर्शिता को लेकर पिछले एक वर्ष से चल रहा युवा कांग्रेस का संघर्ष निर्णायक साबित हुआ है। डॉ. वाईएस परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी में वाइस-चांसलर नियुक्ति की प्रक्रिया पर उठाई गई आपत्तियों में युवा कांग्रेस ने स्पष्ट कहा था कि चयन न तो विश्वविद्यालय अधिनियम 1986 के अनुरूप था और न ही भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के दिशा-निर्देशों के मुताबिक।

इसी तरह की त्रुटियों के कारण हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने पालमपुर कृषि विश्वविद्यालय की नियुक्ति को अवैध घोषित कर रद्द कर दिया था, जिससे नौणी की प्रक्रिया पर सवाल और गहरे हुए। लगातार धरना-प्रदर्शनों, प्रेस वार्ताओं, ज्ञापनों और राजभवन घेराव के बाद यह मसला प्रदेशव्यापी जनचर्चा बन गया।

युवा कांग्रेस के दबाव और तर्कों के बाद विधानसभा ने हिमाचल प्रदेश कृषि, बागवानी और वानिकी विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम को पारित कर दिया, जिसके तहत अब वाइस-चांसलर नियुक्तियां राज्य सरकार की सलाह और अभिमत के आधार पर ही होंगी। अधिनियम की धारा 2, 23, 24 में संशोधन और धारा 55-ए जोड़कर यह सुनिश्चित किया गया है कि भविष्य में नियुक्तियां पूरी तरह नियमबद्ध और पारदर्शी हों तथा किसी भी प्रकार की मनमानी या अवैध प्रक्रिया की संभावना न बचे। यह संशोधन एक दिसंबर 2025 को राजपत्र में जारी होकर लागू हो चुका है। युवा कांग्रेस ने इसे उच्च शिक्षा, छात्रों के अधिकारों और विश्वविद्यालयों की नैतिकता की बड़ी जीत बताया है और कहा है कि यह संघर्ष साबित करता है कि लोकतंत्र में युवाओं की आवाज़ सबसे प्रभावी होती है।

## बागवानों का 130 करोड़ का भुगतान अटका : चेतन बरागटा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



प्रदेश में मंडी मध्यस्थ योजना के तहत खरीदे गए सी-ग्रेड सेब का लंबित भुगतान अब बड़ा विवाद बन गया है। भाजपा नेता चेतन बरागटा ने सरकार से कड़े शब्दों में मांग की है कि बागवानों के 130 करोड़ रुपए तुरंत जारी किए जाएं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 और 2025 में एमआईएस के तहत खरीदे गए सेब का आज तक भुगतान न होना बागवानों के साथ सरासर अन्याय है।

बरागटा ने कहा कि इस सीजन में बागवानों ने मौसम की मार और सरकारी सुस्ती, दोनों का सामना किया। भारी बारिश के कारण सड़कें हफ्तों बंद रहीं, सेब समय पर मंडियों तक नहीं पहुंच पाए और गुणवत्ता गिरने से दाम 1998 जैसे स्तर पर पहुंच गए। इससे बागवानों की आर्थिक कमर टूट गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार एंटी-हेल नेट सहित बागवानी इनपुट पर दी जाने वाली सब्सिडी भी नहीं दे रही, जिससे बागवानों पर अतिरिक्त बोझ बढ़ता जा रहा है। इस बीच जुब्बल-कोटखाई-नावर क्षेत्र के विधायक और शिक्षा मंत्री पर भी बरागटा ने निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब बागवान संकट में हैं, तब मंत्री सिर्फ बधाइयों और कार्यक्रमों तक सीमित हैं। सोशल मीडिया पर सक्रिय दिखने वाले मंत्री जमीनी समस्याओं को लेकर पूरी तरह खामोश हैं।

बरागटा ने मुख्यमंत्री से अपील की कि बागवानों का वैध हक तुरंत चुकाया जाए। उन्होंने कहा कि आज हजारों बागवान सरकार की ओर उम्मीद भरी निगाहों से देख रहे हैं और उनके भुगतान में अब और देरी बर्दाश्त नहीं की जा सकती।

## उपायुक्त कश्यप ने फागू ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बुधवार को फागू स्थित ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ सुरक्षा प्रबंधों की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान पुलिस गार्द, ड्यूटी रजिस्टर, अग्निशमन यंत्र, सीसीटीवी कैमरे और बिजली आपूर्ति की व्यवस्था का बारीकी से परीक्षण किया गया। ईवीएम की सुरक्षा से जुड़े सभी प्रबंध संतोषजनक पाए गए हैं और वेयरहाउस की समूची व्यवस्था सुव्यवस्थित है। निरीक्षण के दौरान उपमंडलाधिकारी ठियोग डॉ. शशांक गुप्ता, नायब तहसीलदार निर्वाचन संजीव शर्मा, इंडियन नेशनल कांग्रेस और भाजपा के प्रतिनिधि तथा निर्वाचन विभाग के अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि समय-समय पर ऐसे निरीक्षण यह सुनिश्चित करते हैं कि ईवीएम की सुरक्षा और रखरखाव में किसी प्रकार की चूक न हो तथा समूचा चुनावी ढांचा पारदर्शिता के साथ काम करता रहे।

## हाईकोर्ट की सख्ती, सुप्रीम कोर्ट का स्टे और सरकार विधानसभा सत्र में उलझी

# अवैध बगीचों पर फिर कार्रवाई की दस्तक

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



फाइल फोटो

- **ननखड़ी से उठी लहर, अब कई इलाकों में हलचल तेज**

**शिमला।** जंगलों में अवैध कब्जों का मामला फिर से गरमा गया है। शिमला जिला की नंनखडी से शुरू हुई कार्रवाई ने दूसरी जगहों पर भी हलचल बढ़ा दी है। जहां-जहां जंगल काटकर बगीचे खड़े कर दिए गए थे, अब वही जगहें दोबारा जांच के दायरे में आ रही हैं। विभागों की भाषा साफ है, जंगल की जमीन दोबारा जंगल ही बनेगी, चाहे कब्जा छोटा हो या बड़ा।

जानकारी के अनुसार वन विभाग, राजस्व अमला और प्रशासन ने अंदरूनी स्तर पर पूरा प्लान तैयार कर लिया है। किस रोड से टीमें उतरेंगी, किन इलाकों में पहले सीमांकन होगा, और कौन-सा रिकॉर्ड कोर्ट में टिक सकेगा। इन सब पर लगातार बैठकें चल रही हैं। हाईकोर्ट की तीखी टिप्पणियों ने दबाव और बढ़ा दिया है। दूसरी तरफ सुप्रीम कोर्ट का स्टे कई जगह कार्रवाई को रोक भी रहा है, जिससे पूरी योजना बार-बार अटक रही है। कागज पर तैयारी पूरी है, पर जमीन पर हर कदम कानूनी दीवारों को देखकर उठाना पड़ रहा है।

इधर, सरकार की दिक्कतें भी कम नहीं हैं। पांच दिसंबर तक धर्मशाला के तपोवन में विधानसभा सत्र चल रहा है और सरकार उसी में व्यस्त है। विपक्ष के सवाल, सरकारी एजेंडों की भीड़ और रोजमर्रा की टकराहटों के बीच सरकार चाहकर भी इस मामले पर ठोस फैसला सामने नहीं ला पा रही। वहीं विभागों को अल्टर्नेटिव हलफनामा दायर करने के निर्देश देने की भी जरूरत है, लेकिन सरकार पंचायत चुनावों के ठीक पहले इस मुद्दे से कोई नुकसान नहीं उठाना चाहती। यही वजह है कि फाइलें तैयार हैं, इरादा भी बना हुआ है, पर सरकारी नोटिंग अभी उसी मोड़ पर अटकी है।

अब पूरा मामला एक ऐसी स्थिति में खड़ा है जहां अदालतों की सख्ती, विभागों की तैयारी और सरकार की मजबूरी तीनों एक साथ दिखाई दे रहे हैं। आगे रास्ता कैसा बनेगा, यह आने वाले कुछ दिनों में तय हो जाएगा, पर अभी इतना साफ है कि जंगलों की जंग सिर्फ फील्ड की नहीं, कानूनी और राजनीतिक गलियारों की भी बन चुकी है।

## शिष्टमंडल ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से की भेंट

- **नावर क्षेत्र के विकास कार्यों पर जताया आभार**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जुब्बल-नावर विधानसभा क्षेत्र के नावर क्षेत्र से आए एक शिष्टमंडल ने बुधवार को शिमला में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से मुलाकात की। शिष्टमंडल ने महाविद्यालय टिक्कर में चार वर्षीय बीएड कोर्स शुरू करने के लिए मिली कैबिनेट मंजूरी तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टिक्कर को सीबीएसई मान्यता दिलाने में शिक्षा मंत्री द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। प्रतिनिधिमंडल ने नावर क्षेत्र की सड़कों के उन्नयन के लिए नाबार्ड और पीएमजीएसवाई योजनाओं के तहत 66 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिलने पर भी आभार व्यक्त किया। साथ ही क्षेत्र में चल रहे अन्य विकास कार्यों पर प्रसन्नता जताते हुए शिष्टमंडल ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के प्रति धन्यवाद प्रकट किया।